दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

वर्ष : 31 | अंक :58
प्रतापगढ़ | सोमवार ,30 दिसम्बर -2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# दक्षिण कोरिया में दुर्घटनाग्रस्त हुआ विमान, कम से कम 176 की मौत

## विमान में छह क्रू मेंबर व 181 यात्री थे सवार

- लैंडिंग गियर में खराबी या विमान से पक्षी के टकराने की आशंका
- दो क्रू मेंबर की बची जान
- जेजू एयर के सीईओ ने घटना पर जताया दुख



**सियोल, (हि.स.)।** दक्षिण कोरिया के मुआन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रविवार को लैंडिंग के समय जेजू एयरलाइन का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से अब तक 151 लोगों की मौत हो चुकी है। इस दुर्घटना में दो लोगों के बचने की खबर है। हालांकि हादसे में मरने वालों की संख्या अधिकृत रूप से फिलहाल सामने नहीं आई है। दुर्घटनाग्रस्त विमान में 175 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति ने घटनास्थल पर पहुंच कर रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया।घटनाक्रम के मुताबिक आज सुबह करीब 9 बजे जेजू एयरलाइन का विमान बैंकॉक से दक्षिण कोरिया के मुआन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर वापस आ रहा था। लैंडिंग का प्रयास विफल रहने पर विमान ने हवाईअड्डे का चक्कर लगाया और दोबारा उतरने की कोशिश की, लेकिन विमान रनवे से उतरते हुए आगे चलकर रनवे के अंत में दीवार से जाकर टकरा गया, जिसके बाद विमान में आग लग गई। दि कोरिया टाइम्स के मुताबिक, विमान दुर्घटना के बाद आपातकालीन राहत दल ने चालक दल के दो सदस्यों को बचा लिया।लेकिन अधिकारियों को विमान में सवार अन्य यात्रियों के जिंदा रहने की उम्मीद नहीं है क्योंकि विमान के पिछले हिस्से को छोड़कर अधिकांश हिस्से गंभीर रूप से जल गए या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारी दुर्घटना के कारण की जांच कर रहे हैं।

जिसमें शुरुआती तौर पर पता चला है कि विमान के लैंडिंग गियर में खराबी थी। हालांकि जांचकर्ताओं को हादसे में विमान से पक्षी के टकराने का भी अंदेशा है। क्योंकि दुर्घटना से पहले इंजन के दाहिने पंख के नीचे आग की लपटें और धुआं निकलते देखा गया। परिवहन मंत्रालय के एक अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि हवाई अड्डे पर नियंत्रण टॉवर ने संभावित पक्षी के हमले की चेतावनी दी गई थी।घटना की जानकारी मिलने पर दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। इसके साथ ही जेजू एयरलाइन ने एक बयान जारी कर उन सभी लोगों से माफी मांगी है, जिनके परिजन इस हादसे में हताहत हुए या उन्हें क्षति पहुंची है। जेजू एयर दक्षिण कोरिया की सबसे बड़ी कम लागत वाली एयरलाइनों में से एक है।जेजू एयर की इस उड़ान में 173 कोरियाई यात्री, दो थाई यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। यह विमान बैंकॉक से दोपहर 1:30 बजे रवाना हुआ और सुबह 8:30 बजे मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने वाला था।

यह 1997 में गुआम में कोरियाई विमान दुर्घटना के बाद किसी कोरियाई यात्री विमान से जुड़ी सबसे बड़ी विमान दुर्घटना है, जिसमें 228 लोगों की मौत हो गई थी।

मन की बात

# संविधान हमारा पथ प्रदर्शक- प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि संविधान हमारा पथ प्रदर्शक है। 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं।मन की बात के 117 वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है।उन्होंने कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं द्वारा सौंपा गया संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए पथ प्रदर्शक और मार्गदर्शक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस एपिसोड में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का विशेष उल्लेख किया और कहा कि अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलता।

उन्होंने कहा कि इसकी विशेषता इसकी विशालता में ही नहीं बल्कि इसकी विविधता में भी है। इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, हजारों परंपराएं, सैकड़ो संप्रदाय, अनेक अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है।

उन्होंने बताया कि इस बार कुंभ के आयोजन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैट बोर्ड का भी प्रयोग किया जा रहा है फोन विराम इसके माध्यम से 11 भारतीय भाषाओं में काम से जुड़ी हुई हर जानकारी हासिल की जा सकेगी।

स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित एनीमेशन सीरीज जेबीटी-भारत हैं हम के दूसरे सीजन के आने की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चों का पसंदीदा कार्यक्रम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन नायकों के बारे में हमें बताता है जिनकी ज्यादा चर्चा नहीं होती। इसका दूसरा सीजन बड़े खास अंदाज में अंतराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव गोवा में लॉन्च हुआ। भारतीय फ़िल्म जगत की महान हस्तियों का भी अपने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जिक्र किया जिनकी इस वर्ष 100वीं जयंती है। उन्होंने राज कपूर, मोहम्मद रफी, अक्कीनेनी नागेश्वर राव गारू और तपन सिन्हा का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज कपूर ने फिल्मों के माध्यम से दुनिया को भारत की सॉफ्ट पावर से परिचित कराया। वहीं रफी साहब ने हर तरह के भावों को अपनी आवाज देकर जीवंत किया है।

# मनमोहन सिंह के अस्थि विसर्जन में नहीं शामिल हुये कोई भी कांग्रेस नेता

- भाजपा ने साधा निशाना



**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के बाद अब उनकी अस्थि विसर्जन पर राजनीति शुरू हो गयी है। दरअसल, कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर पूर्व प्रधानमंत्री के अस्थि विसर्जन का वीडियो साझा किया। इसको लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधा। भाजपा ने दावा किया कि सिंह के अस्थि विसर्जन पर कांग्रेस का कोई भी नेता शामिल नहीं हुआ। बता दें, दिल्ली के गुरुद्वारा मजनू का टीला साहिब के पास यमुना घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री की अस्थियां विसर्जित की गयी।कांग्रेस ने एक्स पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अस्थि विसर्जन का एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो के साथ पार्टी ने लिखा, %आज भारत मां के सपूत और देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी की अस्थियां पूरे विधि-विधान के साथ मजनू का टीला स्थित गुरुद्वारे के पास यमुना घाट पर विसर्जित की गई। हम सभी मनमोहन सिंह जी की देश सेवा, समर्पण और उनकी सहजता को हमेशा याद रखेंगे।भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने इसको लेकर अफसोस जताया कि पूर्व प्रधानमंत्री की अस्थियां विसर्जित किए जाने के समय गांधी परिवार से कोई मौजूद नहीं था। सिरसा ने कहा, %यह हम सभी के लिए दुखद क्षण है। हालांकि, यह सच है कि आज (सिंह की अस्थियां विसर्जित करने के दौरान) गांधी परिवार से कोई भी सदस्य वहां मौजूद नहीं था। आज, जब कैमरा नहीं था, तो कांग्रेस से कोई भी वहां मौजूद नहीं था। यह दुखद बात है। मनमोहन सिंह का बहुत सम्मान किया जाता है।

अरविंद केजरीवाल का दावा

# आप को हराने के लिए वोटिंग लिस्ट में हेरफेर कर रही है भाजपा



**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा मतदाता सूची से हेरफेर कर रही है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने उन्हें हराने के लिए नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र की मतदान सूची में से 5,000 से अधिक नाम हटा दिए हैं। बता दें, केजरीवाल नई दिल्ली सीट से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।केजरीवाल ने मतदाता सूचियों में हेराफेरी को भाजपा का %ऑपरेशन लोटस% बताया। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा और दिल्ली की सीएम आतिशी के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल ने कहा, %भाजपा किसी भी तरह से यह चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है। भाजपा के पास न तो कोई सीएम चेहरा है, न ही कोई उम्मीदवार। पिछली बार उन्होंने दूसरे निर्वाचन क्षेत्र के 11,000 मतदाताओं के नाम हटाने की कोशिश की थी, जहां से हम 5,000 वोटों से चुनाव जीते थे। अगर वे सफल हो जाते, तो हम चुनाव हार जाते। चुनाव कार्यालयों के कर्मचारियों ने नाम हटाने का काम भी शुरू कर दिया था, लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त के हस्तक्षेप के कारण इसे रोक दिया गया।दिल्ली के पूर्व सीएम ने अपने निर्वाचन क्षेत्र से कुछ डेटा साझा करते हुए कहा, %बीजेपी ने 15 दिसंबर से यह %ऑपरेशन लोटस% शुरू किया और पिछले 15 दिनों में करीब 5,000 मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन आए हैं। इसके अलावा, 7,500 नाम जोड़ने के लिए भी आवेदन आए हैं। यह करीब 12 प्रतिशत वोटों की स्पष्ट हेराफेरी है। अगर इस तरह की गतिविधि चल रही है तो चुनाव की क्या जरूरत है? उन्होंने हरियाणा और महाराष्ट्र में ऐसा किया लेकिन हम उन्हें दिल्ली में ऐसा नहीं करने देंगे।अरविंद केजरीवाल ने कहा, ÷भाजपा बेईमानी से चुनाव लड़कर किसी भी तरह से चुनाव जीतना चाहती है... लेकिन, दिल्ली की जनता ऐसा नहीं होने देगी। केजरीवाल ने इस मामले में चुनाव आयुक्त को एक पत्र भी लिखा, जिसमें उन व्यक्तियों (आपत्तिकर्ताओं) का विवरण मांगा गया, जिन्होंने 29 अक्टूबर, 2024 से नाम हटाने के लिए पांच से अधिक आवेदन प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा, %विशेष रूप से, हम या तो उनके ईपीआईसी विवरण या उनके द्वारा दाखिल किए गए फॉर्म 7 की प्रतियां चाहते हैं। मैंने ऐसे व्यक्तियों की सूची संलग्न की है जिन्होंने 29 अक्टूबर से 25 दिसंबर 2024 तक 5 से अधिक फॉर्म दाखिल किए हैं। ये कौन लोग हैं जो इतने बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने के लिए इतने उत्सुक हैं? किसके इशारे पर काम कर रहे हैं? उनके इरादे क्या हैं? चुनावी प्रक्रिया की अखंडता की रक्षा के लिए, मैं दृढ़ता से आग्रह करता हूं

## पत्नी का नाम मतदाता सूची से हटवाने का प्रयास कर रही भाजपा-संजय सिंह



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा उनकी पत्नी का नाम नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची से हटवाने का प्रयास कर रही है। दिल्ली विधानसभा चुनाव फरवरी में प्रस्तावित हैं।पत्नी अनीता सिंह के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा दिल्ली में बसे पूर्वांचली लोगों के नाम हटाने की कोशिश कर रही है। सिंह और उनकी पत्नी पूर्वी उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखते हैं। पूर्वांचली पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग हैं, जो दशकों से दिल्ली में बसे हैं और शहर में मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा हैं।संजय सिंह ने दावा किया कि आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के प्रतिनिधित्व वाली नयी दिल्ली सीट की मतदाता सूची से उनकी पत्नी का नाम हटाने के लिए 25 और 26 दिसंबर को दो आवेदन दायर किए गए थे।

# उत्तर भारत में बारिश के बाद लुढ़का पारा, बढ़ी ठंड



**नई दिल्ली , (आरएनएस)।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में बारिश के बाद ठंड बढ़ गई है। पहाड़ों पर बर्फबारी का असर मैदानी क्षेत्र में साफ दिख रहा है। मौसम विभाग ने शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी किया है।दिल्ली में इस समय कंपकंपी वाली ठंड का अहसास हो रहा है और मौसम विभाग ने आज भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यह अलर्ट मुख्य रूप से दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के लिए है, जहां बारिश, ओलावृष्टि और ठंडी हवाओं के कारण तापमान और भी गिर सकता है। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश, कश्मीर और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी से हालात और भी चुनौतीपूर्ण हो गए हैं।भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक दिल्ली में आज न्यूनतम मौसम 9 डिग्री सेल्सियस रहेगा। वहीं अगले सप्ताह तक मौसम ठंडा और शुष्क बना रहेगा।

उत्तर भारत के कुछ स्थानों में रविवार (29 दिसंबर) से शीतलहर शुरू होने की आशंका है। पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़, राजस्थान के अलग-अलग स्थानों में 29-30 दिसंबर के दौरान देर रात और सुबह के दौरान घने से बहुत घना कोहरा रहने की आशंका जताई जा रही है।राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में इस समय घना कोहरा देखा जा रहा है। खासकर सुबह और शाम के समय कोहरे के कारण ड्राइविंग करना मुश्किल हो सकता है। कोहरे की चादर ने इन राज्यों में ठंड को और बढ़ा दिया है, जिससे सर्दी का अहसास और भी तेज हो गया है। राजस्थान माउंट आबू के तापमान में 8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आज गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है। शनिवार को राज्य के विभिन्न इलाकों में मौसम बिगड़ने की चेतावनी दी गई है। इन इलाकों में बिजली गिरने और तेज हवाओं के साथ बादल गरजने का भी अलर्ट जारी किया गया है।बनारस कोहरे की सफेद चादर में ढका है। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई है।मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में मौसम और भी बिगड़ सकता है और ठंडी हवाएं और बारिश की संभावना बनी रहेगी। इस स्थिति में दिल्ली और एनसीआर सहित अन्य हिस्सों में ठंड बढ़ने की संभावना है, जिससे लोगों को ज्यादा सर्दी का सामना करना पड़ेगा।दिल्ली का मौसम ठंडा रहेगा, जहां न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। रविवार को दोपहर के समय भी बादल छाए रहने की संभावना है, जिससे तापमान में और कमी आ सकती है।

# अजमेर में ख्वाजा गरीब नवाज के 813वें उर्स का हुआ आगाज, बुलंद दरवाजे पर चढ़ाया गया झंडा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दरगाह के खादिम हसन हाशमी ने जानकारी दी। उन्होंने बताया, गरीब नवाज की दरगाह में सदियों से झंडा चढ़ाए जाने की रस्म अदा की जा रही है। इसी के तहत आज भी बुलंद दरवाजे पर झंडा फहराया गया और इसे गौरी परिवार ने पूरा किया है। उन्होंने आगे कहा, यह मन्नत का झंडा है जो लंबे समय से ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में हर साल चढ़ाया जाता है। आज से उर्स की शुरुआत हो चुकी है। हम ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह से यही संदेश देते हैं कि चाहे वह किसी भी धर्म से क्यों न हो। हमारा यही मानना है कि वह यहां आए और अपनी मुराद पूरी करे।दरअसल, ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर झंडे की रस्म को भीलवाड़ा का गौरी परिवार पूरा करता है।

# मुंबई में 16 घंटे एयरपोर्ट पर फंसे रहे 100 यात्री

- इंडिगो पर फूटा गुस्सा; एयरलाइंस ने मांगी माफी



**मुंबई , (आरएनएस)।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इंडिगो एयरलाइंस की एक उड़ान में तकनीकी खराबी के कारण लगभग 100 यात्री 16 घंटे तक फंसे रहे। इस्तांबुल जाने वाली फ्लाइट संख्या 6ई17 में देरी के चलते यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, फ्लाइट को सुबह 6:55 बजे इस्तांबुल के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन तकनीकी कारणों से इसमें देरी होती रही।

एयरलाइंस ने बाद में घोषणा की कि एक वैकल्पिक विमान रात 11 बजे उड़ान भरेगा, लेकिन यह भी संभव नहीं हो सका।

इंडिगो ने इस असुविधा के लिए यात्रियों से माफी मांगी है। एक बयान में एयरलाइंस ने कहा, हमें खेद है कि हमारी उड़ान 6ई17, जो मुंबई से इस्तांबुल जाने वाली थी, तकनीकी मुद्दों के कारण देरी का सामना करना पड़ा। दुर्भाग्य से, समस्या को ठीक करने और इसे गंतव्य तक भेजने के हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद, हमें अंततः उड़ान रद्द करनी पड़ी।सूत्रों के मुताबिक, उड़ान में कम से कम तीन बार देरी हुई और यात्रियों को बार-बार विमान में चढ़ाया और उतारा गया। इससे यात्रियों में आक्रोश फैल गया, खासकर छात्रों के एक समूह ने एयरपोर्ट पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने एयरलाइन से टिकट रिफंड या वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था करने की मांग की।सोशल मीडिया पर भी यात्रियों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। सोनम साइगल नामक एक यात्री ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि उनके भाई 12 घंटे से एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं और इंडिगो स्टाफ का व्यवहार बेहद निराशाजनक है। उन्होंने बताया कि यात्रियों को बार-बार विमान में बैठाया और उतारा गया, लेकिन स्टाफ की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।एक अन्य यात्री, सचिन चिंतलवाड़ ने इस्तांबुल से वॉशिंगटन के लिए अपनी कनेक्टिंग फ्लाइट छूटने की चिंता जताई, जबकि बीरेश कुमार सिंह नामक एक अन्य यात्री ने इंडिगो की सेवाओं को बहुत खराब बताया। इस घटना ने इंडिगो की यात्री सेवाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं और यात्रियों को हुई असुविधा के लिए एयरलाइंस की आलोचना हो रही है।

# अवैध रूप से पत्नी और छह बच्चों के साथ दिल्ली में रह रहा था जहांगीर

- पुलिस ने वापस बांग्लादेश भेजा



**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के रंगपुरी इलाके में अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशी नागरिकों को निर्वासित कर दिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि निर्वासित लोगों में जहांगीर, उसकी पत्नी और उसके छह बच्चे शामिल हैं जो बांग्लादेश के मदारीपुर जिले के केकरहाट गांव के रहने वाले हैं।पुलिस के अनुसार, जहांगीर ने अनधिकृत मार्गों से भारत में प्रवेश करने और उसके बाद अपने परिवार को यहां लाने की बात स्वीकार की है। उसने अपने बांग्लादेशी पहचान पत्र नष्ट कर दिए थे और अपनी मूल पहचान छिपाकर दिल्ली में रह रहा था।पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) सुरेन्द्र चौधरी ने बताया, वसंत कुंज दक्षिण पुलिस थाने की एक टीम को अवैध प्रवासियों की पहचान करने का काम सौंपा गया था। अनधिकृत प्रवासियों को लेकर बढ़ती चिंताओं को दूर करने के लिए शुरू किए गए प्रयासों के तहत पुलिस ने रंगपुरी में 400 परिवारों का घर-घर जाकर सत्यापन किया। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में संदिग्ध व्यक्तियों के पते पर सत्यापन पत्र भेजे गए तथा उनके दस्तावेजों की जांच के लिए एक विशेष टीम भेजी गई।पुलिस उपायुक्त ने बताया कि सत्यापन अभियान के दौरान टीम ने जहांगीर और उसके परिवार की पहचान की, जिन्होंने पूछताछ के दौरान अपने बांग्लादेशी मूल की बात कबूल की। उन्होंने बताया कि निर्वासन प्रक्रिया विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समन्वय से की गई।

# संभल के चंदौसी की प्राचीन बावड़ी में खोदाई के दौरान एक शख्स ने बजाया शंख

- बावड़ी देखने के बहाने शंख बजाकर फरार हुआ व्यक्ति
- मुस्लिम समाज ने की कार्रवाई की मांग



**संभल,(हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के चंदौसी स्थित मुस्लिम बहुल मोहल्ला लक्ष्मणगंज में मिली प्राचीन बावड़ी में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के निर्देशन में रविवार को नवें दिन भी खोदाई और मिट्टी हटाने का काम जारी है। बताया गया कि इसी बीच आज दोपहर बाद एक व्यक्ति बावड़ी देखने के बहाने नीचे उतर गया और उसने शंख बजा दिया। वहां पर खोदाई कर रहे लोग जब तक कुछ समझ पाते वह व्यक्ति वहां से भाग निकला। इसको लेकर जहां मुस्लिम समाज के लोगों ने एएसआई की टीम से आपत्ति जाहिर की और उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की वहीं शंखनाद सुनकर वहां मौजूद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की धड़कनें बढ़ गयीं। उन्होंने इस बारे में बावड़ी में काम रहे लोगों से जानकारी कर उस व्यक्ति की छानबीन-तलाश शुरू कर दी है।हाल ही में लक्ष्मणगंज में मिली प्राचीन बावड़ी में खोदाई के दौरान आज दोपहर में करीब एक बजे कुर्ता पायजमा पहने और पीला गमछा डालकर एक व्यक्ति वहां पहुंचा। वह व्यक्ति बावड़ी देखने के बहाने नीचे उतर गया। इसी दौरान उसने वहां तेज ध्वनि में शंख बजा दिया और फिर बावड़ी से भाग निकला। इससे वहां पर काम रहे लोग भी आवाक रह गए। जब तक उन लोगों को कुछ सूझता, तब तक वह व्यक्ति वहां से गायब हो चुका था। बावड़ी में शंखनाद सुन कर वहां मौजूद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के होश उड़ गए। इसको लेकर मुस्लिम समाज के लोगों ने एएसआई टीम से आपत्ति जताई और आरोपित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

उनका कहना है कि इस तरह का कृत्य करके केवल माहौल बिगाड़ने की मंशा से किया गया है। बताया गया कि व्यक्ति ने वहां मौजूद कुछ लोगों को गृहमंत्री अमित शाह को संबोधित पत्र भी बांटे हैं, जिसमें प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से चंदौसी आगमन के लिए निवेदन किया गया है।

इस बाबत संभल के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि लक्ष्मणगंज में मिली प्राचीन बावड़ी में आज खोदाई के समय किसी व्यक्ति के शंख बजाने की शिकायत मिली है। उसकी तलाश की जा रही है। संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि वह मौके पर पहुंच गए हैं और वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मियों से बातचीत कर जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि शंख लेकर बावड़ी के पास पहुंचे व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

# महाकुंभ में पहली बार आएंगे श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य

## इस बार महाकुंभ में उपस्थित रहेंगे चारों पीठों के शंकराचार्य

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महाकुंभ में पहली बार सनातन की चारों पीठों का मिलन होगा। कुंभ और महाकुंभ से इतिहास में इसे अद्भुत संयोग के रूप में देखा जा रहा है। पहली बार कर्नाटक स्थित श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी भारती तीर्थ ने महाकुंभ का आमंत्रण स्वीकार किया है। श्रृंगेरी पीठ के शिविर के लिए शंकराचार्य मार्ग पर भूमि आवंटित की गई है।

यह पहला अवसर है जब श्रृंगेरी पीठ का शिविर लगेगा। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कुंभ और महाकुंभ में अब तक द्वारका, शारदा और ज्योतिष्पीठ के अलावा पुरी पीठ के शंकराचार्य ही आते रहे हैं।

इस बार विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम में श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य भारती तीर्थ भी आ रहे हैं। वह 29 जनवरी को मौनी अमावस्या



के सबसे बड़े शाही स्नान पर्व पर संगम में शिष्यों, अनुयायियों और संतों के साथ डुबकी लगाएंगे।

महाकुंभ में देश-दुनिया के संतों-भक्तों के कल्याण के लिए विविध अनुष्ठान भी किए जाएंगे। श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य 25 से 30 जनवरी तक शिविर में सत्संग और समसामयिक विषयों पर संतों-भक्तों का मार्ग दर्शन करेंगे।दक्षिणाम्नाय श्रृंगेरी शारदा पीठम के 35वें महंत अभिनव विद्या तीर्थ महास्वामी को वर्ष 1966 में उनकी विजय यात्रा के दौरान गंगा के तट पर स्थित पुरानी धर्मशाला जीर्ण-शीर्ण हालत में सौंपी गई थी।

प्रयाग आने वाले तीर्थयात्रियों के ठहराव के लिए उसका जीर्णोद्धार करवाया गया और वेद छात्रों को प्राच्य शैली में वैदिक शिक्षा प्रदान करने के लिए वर्ष 1970 में एक वेद पाठशाला की स्थापना भी की गई।

> श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य पहली बार महाकुंभ में प्रवास के लिए पधार रहे हैं। पीठ की बसावट के लिए भूमि-सुविधाएं आवंटित कर दी गई है।
>
> **विजय किरन आनंद, कुंभ मेलाधिकारी**

भारतीय चतुर्धाम वेद भवन न्यास ने वर्ष 1990 में वेद भवन महाविद्यालय एवं वेद पाठशाला का प्रबंधन श्रृंगेरी मठ को सौंप दिया। वर्ष 1994 में शंकराचार्य भारती तीर्थ ने प्रयाग यात्रा के दौरान धर्मशाला परिसर में शारदांबा मंदिर और श्रृंगेरी मठ के निर्माण की आधारशिला रखी थी। अब वहां महाकुंभ में उनके आगमन पर संतों-भक्तों के आतिथ्य और सेवा की तैयारियां की जा रही हैं।

## नकली सामान बेचने पर दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** गंगापार की मशहूर बाजार दहियावां में इन दिनों नकली सामानों की बिक्री फर्जी स्टीकर लगाकर बेचने की शिकायत की गई। इस पर अधिकारी ने जाँच के बाद होलागढ़ थाने में एक दुकानदार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया गया कि बाजार निवासी महेंद्र कुमार पुत्र सुभाष चन्द्र किर्लोसकर कम्पनी का स्टीकर नकली सामान पर लगाकर बेंच रहा था। जिसकी शिकायत होने पर ईआईपीआर प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी मुंबई के इंवेस्टिगेटर आफिसर देवेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस बल और सहयोगियों के साथ दुकान पर जाकर जाँच की तो बात सही पायी गयी। अधिकारी ने होलागढ़ थाने मे 27 दिसम्बर को महेंद्र कुमार पुत्र सुभाष चन्द्र के खिलाफ कापीराइट अधिनियम 1957 की धारा 63 के तहत मुकदमा दर्ज कराया। फिलहाल दहियावां बाजार में इस मुकदमा के बाद नकली सामान बेंचने वालों में हड़कंप मच गया है।

# महानगर के 1216 बूथों पर सुनी गई मन की बात, नए बूथ अध्यक्षों का हुआ सम्मान

**प्रयागराज।** भाजपा प्रयागराज महानगर के सभी 15 मंडलों के समस्त 1216 बूथों पर मन की बात का 117वां संस्करण सुना गया। महानगर की नवगठित बूथ कमेटी के साथ भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम में भाग लिया। भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने शिवकुटी मंडल के बूथ संख्या 16 में व्यापार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल के आवास पर और महापौर गणेश केशरवानी ने कीडगंज कैंप कार्यालय पर मन की बात को सुना। इस दौरान शक्तिकेंद्र फाफामऊ बाजार के बूथ संख्या 7 की बूथ अध्यक्ष सुमन श्रीवास्तव, बूथ नंबर 15 की अध्यक्ष अर्चना माली, बूथ नंबर 17 के अध्यक्ष हरिचंद सोनी, बूथ नंबर 4 के अध्यक्ष अखिलेश सिंह, बूथ नंबर 5 अध्यक्ष बृजेश कुमार, बूथ संख्या 6 अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह व बूथ नंबर



14 की अध्यक्ष प्रियंका सिंह का माल्यार्पण कर महानगर अध्यक्ष द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया।

मन की बात में पीएम मोदी ने देशवासियों को आने वाले नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं देते हुए प्रयागराज महाकुंभ का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा। इसलिए हमारा कुंभ एकता का महाकुंभ भी होता है। महानगर के भरद्वाज, विश्विद्यालय, चौक, सिविल लाइन, कीडगंज, मुट्ठीगंज, प्रीतम नगर, राजरूप पुर आदि मंडलों में मन की बात कार्यक्रम मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में आयोजित किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता अवधेश चंद्र गुप्ता, गिरी बाबा, देवेश सिंह, रवि केशरवानी, प्रवक्ता राजेश केसरवानी, मीडिया प्रभारी विवेक, रमेश पासी, कुलदीप मिश्रा, संजय सिंह, अजय सिंह, राकेश भारतीया, आनंद सोनकर, प्रशांत शुक्ला, मनोज कुमार कुशवाहा, नवाब खान, राजेश गोंड, मनु चावला आदि उपस्थित रहे।

# जब से मैं सुना क़ब्र में खुद आते हैं मौला- शहन्शाह मिर्ज़ापुरी



**प्रयागराज।** पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद ए मुस्तफा (सश्वअश्व वश्व) की बेटी जनाबे फात्मा ज़हरा की यौमे पैदाइश पर ज़ायर हुसैन द्वारा क़ायम अन्जुमन गुन्चा ए अब्बासिया की ओर से बख्शी बाज़ार स्थित मस्जिद क़ाज़ी साहब में महफ़िल ए शुआ ए नूर के 72 वें दौर की महफ़िल में शायरों ने एक से बढ़ कर एक अशआर सुना कर वाह वाही बटोरी। रंगीन झालरों व कुमकुमों से सजी मस्जिद में शहीर रालवी की निज़ामत में सजी जश्न की महफ़िल में शहंशाह मिर्ज़ापुरी ने पढ़ा जब से मैं सुना क़ब्र में खुद आते हैं मौला। जीने से ज़्यादा मुझे मरने की खुशी है।। शायर इरफान लखनवी ने पढ़ा करता न खुदा खल्क ज़मीं आसमां ज़हरा। वजहे भी तेरी तखलीक़े बिना ज़ात तेरी है।। शायर हाशिम बांदवी ने अपने तास्सुरात का इज़हार करते हुए पढ़ा- अर्श होता न फर्श और न हम। वजहे तख़लीक़ दो जहां हैं बुतूल।।

बाहरी शहरों से आए शायरों में खादिम शब्बीर नसीराबादी, बाक़र बलियावी, दिलकश ग़ाज़ीपुरी, अहमद सज्जाद लखनवी, मायल चंदौलवी, शहंशाह मिर्ज़ापुरी, बाबर ज़हीर, आमिरुर रिज़्वी, इक़्तेदार सिरसिवी, असग़र दरीयाबादी, जावेद दुल्हीपुरी, आबिद सोनवी आदि शायरों ने मिसरे तरहा पर अपने अशआर सुना कर जमकर वाह वाही बटोरी ज़ाकिर ए अहलेबैत रज़ा अब्बास जैदी ने इस्मत ए ज़हरा की यौमे पैदाइश पर विस्तृत प्रकाश डाला। महफ़िल में मौलाना जवादुल हैदर रिज़्वी, मौलाना अफ़ज़ल अब्बास, मौलाना ज़रग़ाम हैदर, मौलाना आमिरुर रिज़्वी, मौलाना जाबिर अब्बास, मौलाना डॉ रिज़्वान हैदर, काज़िम अब्बास, अहमद जावेद कज्जन, आग़ा मोहम्मद कैसर ,वक़ार हुसैन, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, रिज़्वान जव्वादी, जुलक़रनैन आब्दी, अरशद अली, अमन जायसी, आमिर आदि शामिल रहे।

# आयोजित हुआ प्रदेश भर के दवा व्यवसाइयों का महाकुंभ

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश केमिस्ट संघर्ष समिति के द्वारा गाजीपुर में दवा व्यवसायियों का विशाल समागम हुआ, जिसमें पूरे प्रदेश के अनेक जनपदों के प्रतिनिधित्व ने भाग लिया।

संगठन के संयोजक राजेंद्र सैनी मुख्य अतिथि के रूप में पधारे और दवा व्यवसायियों की समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। ड्रग एक्ट को सभी व्यापारियों को पढ़ने की सलाह दी और उसके नियमों के अनुरूप अपने-अपने जनपदों में संगठन को मजबूत करें ताकि जानकारी के अभाव में किसी भी व्यापारी का अधिकारियों द्वारा शोषण उत्पीड़न ना किया जा सके। संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रवीण वाजपेई ने अपने संबोधन में कहा कि दवा व्यवसाय ही एकमात्र ऐसा व्यापारी है जो 18 घंटे कड़ी मेहनत करके समाज को अपनी सेवाएं देता है। उसके बाद भी उसको वह सम्मान



नहीं मिलता जो एक आईएएस पीसीएस को मिलता है।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रयाग केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष लालू मित्तल ने ड्रग इंस्पेक्टर्स द्वारा दवा विक्रेताओं का लगातार बढ़ता उत्पीड़न पर चिंता व्यक्त की। नारकोटिक्स दबा को लेकर प्रभावित हो रहे व्यापार पर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया और इन नियमों को व्यावहारिक बनाने की अपील की। संघर्ष समिति सदस्य पुनीत सिंगल ने ऑनलाइन व्यापार पर चिंता प्रकट की एवं कार्यक्रम का संचालन किया। संरक्षक अश्विनी राय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अध्यक्ष अजय सराफ ने अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण करके अंगवस्त्र में पहन के स्मृति चिह्न दिया। संयोजक विवाह शंकर सिंह में पूरे पूर्वांचल में इस प्रकार के कार्यक्रमों को प्रत्येक माह आयोजित करने की सलाह दी।

# नए साल में संगठन को नई गति देंगे भाजपा के नए मंडल अध्यक्ष

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भाजपा में इन दिनों संगठनात्मक चुनाव चल रहे हैं। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने जानकारी दी की बूथ गठन के बाद इन दिनों मंडल अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। प्रदेश के चुनाव अधिकारी डा. महेंद्रनाथ पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, सभी पर्यवेक्षकों, क्षेत्रीय सह चुनाव अधिकारियों, जिला चुनाव अधिकारियों, क्षेत्रीय प्रभारियों, क्षेत्रीय अध्यक्षों के साथ क्षेत्रवार जिलों से आए पैनलों पर मंथन कर रहे हैं। जहां किसी नाम पर लगभग एक राय बनने की स्थिति है, उन्हें अंतिम रूप दिया जा रहा है। जहां मंडल अध्यक्षों की नाम पर आम सहमति अभी तक नहीं बनी है उसे होल्ड किया जा सकता है।प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी नए मंडल अध्यक्षों की घोषणा नए साल में करेगी जो नए साल में संगठन को नई गति देने का काम करेंगे आगे बताया कि पहले दिसंबर के अंत तक मंडल अध्यक्षों की सूची आने की संभावना थी लेकिन मंडल अध्यक्षों के नाम पर प्रदेश स्तर पर आम सहमिति एवं स्क्रीनिंग पर समय लग रहा है।

जबकि भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व चुनाव चयन प्रक्रिया का आरंभ अक्टूबर में ही कर दिया गया था सबसे पहले बूथ समिति नामांकन किया गया। पूरे प्रदेश में 162204 बूथो पर नामांकन सफलतापूर्वक कर लिया गया और प्रदेश के कुल संगठनात्मक 98 जिले के 1918 मंडल अध्यक्षों का चुनाव 15 दिसंबर तक सुनिश्चित किया गया था लेकिन अभी तक 60त्न मंडल अध्यक्षों का चयन हो पाया है।

# संगठन अन्याय व भ्रष्टाचार के खिलाफ करेगा संघर्ष तेज

## हल्का की बैठक में कई किसानों ने ली संगठन की सदस्यता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** तहसील के उरूवा ब्लाक अंतर्गत हुल्का गांव सभा में रमेश द्विवेदी के सौजन्य से भारतीय किसान यूनियन किसान की 29 दिसम्बर को बैठक संपन्न हुई। बैठक में किसान हित पर चर्चा की गई और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर संघर्ष तेज करने की रणनीति बनी।

संगठन के मंडल प्रभारी राम शिरोमणि तिवारी की सक्रियता से चौराही क्षेत्र के दो दर्जन ग्राम सभा से आए लोगों ने बैठक में प्रतिभाग किया। भारतीय किसान यूनियन किसान की सदस्यता ग्रहण करते हुए किसान यूनियन संगठन के बैनर तले भ्रष्टाचार, अन्याय, अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया गया। बैठक में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मंजू राज आदिवासी, जिला संगठन मंत्री शिव शंकर सिंह मुन्ना भैया, युवा मोर्चा के ब्लॉक उरूवा अध्यक्ष आयुष तिवारी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आठवें रामगढ़ महोत्सव का विधायक ने किया शुभारंभ

## चलो कुंभ चलें पर केंद्रित कार्यक्रमो का हुआ आयोजन

**प्रयागराज।** यमुनापार के अति प्राचीन प्रसिद्ध रामगढ़ धाम स्थित शिव धाम में 8 वें रामगढ़ महोत्सव व पूषी तेरस मेला का विधिवत शुभारंभ बारा के विधायक डॉ बाचस्पति ने किया। सर्व प्रथम देवाधिदेव रामगढ़ महादेव का शिवाभिषेक महंत नंद लाल दास जी महाराज के नेतृत्व में प्रबन्ध समिति के देखरेख में हुआ।

प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर के मार्गदर्शन में आयोजित 8 वें रामगढ़ महोत्सव में महासचिव सचिन सिंह ने प्रबन्ध समिति के साथ सभी का स्वागत किया। कथा व्यास आचार्य अलोपी ओझा जी महाराज और श्याम दास जी महाराज के द्वारा मंच पूजन संपन्न हुआ। शिव पूजन कर भगवान भोलेनाथ के मुख्य द्वार पर घंटा बांधकर पूषी तेरस के शुभ अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप सिंह तालापार और एसबीएस अकादमी शंकरगढ़ के प्रबंधक सुरेंद्र बहादुर सिंह ने सामाजिक भागीदारी का आह्वाहन किया। तदोपरांत श्री राम



कथा का आयोजन हुआ।

वहीं दूसरे दिन किसान सम्मेलन का आयोजन भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा किया गया। जिसमे क्षेत्रीय किसानों सहित बड़ी संख्या में आस पास के जनपदो के किसान प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग कर किसानो की समस्या व समाधान पर दिन भर चर्चा कर निर्णय लिए। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह व जिलाध्यक्ष लालू पटेल ने सभी का मार्गदर्शन किया। मार्गदर्शक समाज शेखर ने भी प्रतिभाग कर सभी किसानो व कार्यकर्ताओ को चलो कुंभ चले का नारा देते हुए जन सहयोग तथा लोकभागीदारी का आह्वाहन किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से धाम अध्यक्ष इंद्रभान सिंह, उपाध्यक्ष छेदीलाल सिंह, कार्य समिति सदस्य फूल सिंह, हंस राज सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, ग्राम प्रधान मवैया मंगलेश सिंह, ग्राम प्रधान कुड़ी बीरन सिंह, प्रदीप सिंह, प्रवीण, अश्वनी सिंह, सुधीर कुमार सिंह, दीवान सिंह, अजीत सिंह, दिवेश सिंह और क्षेत्रीय कलाकार दीपेश सिंह आदि सदस्य गण मौजूद थे।

# 'वो बदलाव ला सकती हैं' थीम पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली एवं दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायतों के निर्वाचित महिला प्रधानों एवं महिला सदस्यों महिला क्षेत्र पंचायत सहस्यों, नगर निकाय सदस्यों एवं प्रतिनिधियों के साथ ÷वो बदलाव ला सकती है÷ थीम पर केन्द्रित कर तीन दिवसीय प्रशिक्षण 26 से 28 दिसम्बर तक आयोजन जिला ग्राम्य विकास संस्थान, बसनेहटा, प्रतापपुर, प्रयागराज में आयोजित किया गया।

जिसमें जनपद प्रयागराज के कुल 42 महिला प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य महिला आयोग, उततर प्रदेश की सदस्य श्रीमती नीलम प्रभात, डा0 विवेक कुमार, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, मास्टर ट्रेनर श्रीमती क्रान्ती जौहरी एवं वीरेन्द्र कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

संविधान के 73-74वें संशोधन पर सत्र संचालन करते हुए श्रीमती नीलम ने कहा कि इतिहास गवाह है



महिलायें बदलाव की वाहक रही हैं। बदलाव ला सकती हैं, यदि उन्हें सीखने, बाहर निकलने और काम करने का माहौल मिले। नये पंचायती राज वयवस्था में महिलाओं को प्रधान के रूप में, पंचायत सदस्य के रूप में, क्षेत्र पंचायत सदस्य के रूप में, जिला पंचायत के सदस्य के रूप में मौके मिले है उन्हें आगे बढ़कर समाज में नेतृत्व कारी भूमिका करनी है।

तीन दिनों में लोकतान्त्रिक प्रकिया एवं विकेन्द्रीकरण, पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों में महिला प्रतिनिधियों की भूमिका, समता-समानता, विभिन्न विभागों का संस्थागत ढाँचा एवं महिलाओं एवं बच्चों सम्बन्धी भूमिकायें, पॉक्सो एक्ट, महिला भागीदारी एवं जेण्डर बजटिंग, महिला में संचार, नेतृत्व कौशल, टीम निर्माण, तनाव प्रबन्धन व्यक्तित्व विकास आदि मुद्दों पर केन्द्रित कर विभिन्न सत्रों का संचालन किया गया। सत्रों का संचालन श्रीमती क्रान्ती जौहरी, वीरेन्द्र कुमार, डा. विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण के अन्तिम दिन प्रतिभागियों ने महिला सशक्तीकरण, संचार, नेतृत्व कौशल, जेण्डर समानता आदि मुद्दों पर केन्द्रित कर कार्य योजना बनाई।

# 29 और 30 जनवरी को रेलवे चलाएगा स्पेशल ट्रेनें

## 101, 201, 301 नंबर वाली ट्रेनें सफर करेंगी आसान

**प्रयागराज।** पुलिस, प्रशासन के साथ रेलवे ने मौनी अमावस्या पर यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। वीआईपी नंबरों वाली सीरिज की गाड़ियां श्रद्धालुओं के लिए चलाई जाएंगी। उत्तर मध्य रेलवे ने मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर ट्रेनों का शेड्यूल जारी कर दिया है। यह विशेष ट्रेनें 29 और 30 जनवरी दोनों दिन चलेंगी।

मौनी अमावस्या पर अनारक्षित मेला विशेष कानपुर रूट के लिए पहली विशेष ट्रेन 00101 प्रयागराज-कानपुर सेंट्रल प्रयागराज से सुबह पांच बजे चलेगी। यह ट्रेन सूबेदारगंज, सिराथू, खागा, फतेहपुर, बिंदकी रोड होते हुए 10ः15 बजे कानपुर पहुंचेगी। दूसरी ट्रेन 00102 प्रयागराज से दोपहर दो बजे, तीसरी ट्रेन 00103 प्रयागराज से शाम 04ः05 बजे, चौथी ट्रेन 00104 प्रयागराज से शाम छह बजे, पांचवीं ट्रेन 00105 प्रयागराज से शाम 7ः50 बजे, छठवीं ट्रेन 00106 प्रयागराज से रात 8ः25 बजे, सातवीं ट्रेन 00107 प्रशगराज से साढ़े नौ बजे और आठवीं ट्रेन 00108 रात 10 बजे कानपुर के लिए रवाना होगी।

प्रयागराज से नैनी, मिर्जापुर होते हुए पंडित दीनदयाल स्टेशन (मुगलसराय) जाने के लिए आठ विशेष ट्रेनें चलेंगी। ट्रेन नंबर 00201 प्रयागराज जंक्शन से सुबह पांच बजे चलकर नैनी, मेजा रोड, मांडा रोड, विंध्याचल, मिर्जापुर, चुनार होते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर साढ़े आठ बजे पहुंचेगी। दूसरी ट्रेन 00202 प्रयागराज से सुबह साढ़े नौ बजे, तीसरी ट्रेन 00203 प्रयागराज जंक्शन से दोपहर 12 बजे, चौथी ट्रेन 00204 प्रयागराज जंक्शन से दोपहर दो बजे, पांचवीं ट्रेन 00205 साढ़े तीन बजे, छठवीं ट्रेन 00206 प्रयागराज जंक्शन से शाम छह बजे, सातवीं ट्रेन 00207 जंक्शन से साढ़े सात बजे और आठवीं ट्रेन 00208 जंक्शन से रात साढ़े नौ बजे पंडित दीन दयाल जंक्शन के लिए निकलेगी। इसी तरह नौवीं ट्रेन 00209 प्रयागराज जंक्शन से रात 11 बजे, 10वीं ट्रेन 00401 छिवकी स्टेशन से रात साढ़े दस बजे और 11वीं ट्रेन 00402 छिवकी से रात साढ़े आठ बजे चलेगी।

प्रयागराज से झांसी रूट की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए ट्रेन नंबर 00302 प्रयागराज जंक्शन से दोपहर डेढ़ बजे चलेगी। नैनी, शंकरगढ़, बरगढ़, मानिकपुर, चित्रकूट धाम, बांदा, महोबा, कुलपहाड़, मऊरानीपुर, ओरछा होते हुए वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह दूसरी ट्रेन 00501 छिवकी स्टेशन से शाम पौने पांच बजे चलेगी और यह ट्रेन बांदा जंक्शन तक जाएगी। तीसरी ट्रेन 00601 नैनी स्टेशन से सुबह 11 बजकर 25 मिनट पर चलेगी। चौथी ट्रेन 00602 नैनी स्टेशन से शाम छह बजे चलेगी और यह चित्रकूट धाम तक जाएगी। प्रयागराज से मध्य प्रदेश के यात्रियों के लिए आठ ट्रेनें चलेंगी। ट्रेन नंबर 00301 प्रयागराज जंक्शन से सुबह 10ः40 बजे चलेगी। नैनी, शंकरगढ़, बरगढ़, दाभुरा, मानिकपुर, तिकरिया, सतना, मैहर होते हुए कटनी जंक्शन पहुंचेगी। दूसरी ट्रेन 00303 प्रयागराज जंक्शन से शाम 06ः20 बजे चलेगी और सतना तक जाएगी। तीसरी ट्रेन 00304 प्रयागराज जंक्शन से रात सवा आठ बजे, चौथी ट्रेन 00501 छिवकी से दोपहर तीन बजे, पांचवीं ट्रेन 00503 छिवकी से शाम छह बजकर 55 मिनट, छठवीं ट्रेन 00504 छिवकी से आठ बजकर 55 मिनट, सातवीं ट्रेन 00603 नैनी स्टेशन से रात नौ बजे और आठवीं ट्रेन 00604 नैनी से रात 22 बजकर 25 मिनट पर चलेगी।

# सनातन रक्षा के लिए होगी मेरी हर सांस समर्पित-शशिकांत मिश्र

## विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने मिश्र को सौंपा राष्ट्रीय मंत्री का दायित्व




**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री सनातन की रक्षा और धर्म स्थलों के उद्धार और उत्थान को लेकर संकल्पित हैं। विश्व हिंदू परिषद सहित विभिन्न हिन्दू संगठन सनातन धर्म व हिंदुत्व को लेकर सक्रिय हैं। विश्व हिंदू रक्षा परिषद अपने संगठन विस्तार के साथ इस क्षेत्र में सक्रियता बढ़ा रहा है। विश्व हिन्दू रक्षा परिषद ने संगठन का विस्तार करते हुए क्षेत्र के अकोढा निवासी शशिकांत मिश्र (नीरज) को राष्ट्रीय मंत्री व पंकज पाण्डेय को राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया है। प्रयागराज प्रथम आगमन पर मनोनीत पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया।संगठन के लखनऊ मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने मनोनयन पत्र सौंपते हुए पदाधिकारियों को बधाई दी। मौके पर रहे परिषद के अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने उन्हें माल्यार्पण कर सम्मान किया। कहा कि शशिकांत मिश्र का अनुभव और नेतृत्व परिषद के कार्यों को नई दिशा देगा। उनकी नियुक्ति से संगठन को मजबूत आधार मिलेगा और समाज में संगठन की भूमिका और प्रभावी होगी। मनोनयन के बाद शशिकांत मिश्र ने संगठन के प्रति आभार जताया। उन्होने कहा कि मैं राष्ट्रीय मंत्री के इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए संगठन और गोपाल राय का दिल से आभार प्रकट करता हूं। यह मेरे लिए सिर्फ सम्मान नहीं, बल्कि हिंदू समाज और उसकी रक्षा के प्रति मेरी जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ जाएगी। मैं संगठन के प्रति निष्ठा और मूल्यों तथा सिद्धांतों को सम्मान दूंगा। आप सभी के सहयोग और समर्थन के बिना यह संभव नहीं था। मैं संगठन को और मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।मनोनीत पदाधिकारियों का विवेक सिंह, जे पी सिंह, अनुपम शर्मा, आदित्य श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश, बृजेश सिंह, सुधांशु राय, परितोष सिंह, अनिल कुमार, राजकुमार, शालू, सार्थक पाण्डेय, अभिषेक राय सहित दर्जनों लोगों ने जोरदार स्वागत किया।

# टॉवर गिरने से घायल हुए मजदूर की मौत, कई की हालत नाजुक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के जगबंधनपुर गांव में तार खींचते समय हाईटेंशन टावर गिरने से घायल एक मजदूर की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। उसका उपचार एसआरएन अस्पताल में चल रहा था। हादसे में घायल एक अन्य मजदूर की हालत नाजुक बनी हुई है। जगबंधनपुर गांव में शनिवार को हाईटेंशन लाइन खींचते समय टावर गिरने से सात मजदूर घायल हो गए थे। घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दो की हालत गंभीर होने पर स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन) प्रयागराज भेजा गया था।रिंग रोड निर्माण के कारण इन दिनों हाईटेंशन लाइन को भी शिफ्ट करने का काम चल रहा है। जगबंधनपुर गांव में पंद्रह दिन पहले रिंग रोड के आरपार दो टावर बनाए। शुक्रवार से लाइन खींचने का काम शुरू हुआ। शनिवार को काम के दौरान दोपहर दो बजे अचानक टावर गिर गया, जिसकी चपेट आकर पश्चिम बंगाल के सात मजदूर घायल हो गए। मौके पर जुटे स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायलों को सहसों के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बिजली का काम पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से कराया जा रहा है। रविवार को उपचार के दौरान घायल आमिर पुत्र भोंदू निवासी मालदा टाउन पश्चिम बंगाल की मौत हो गई। सलीम की हालत नाजुक बनी हुई है। उसका एक पैर कटकर अलग हो गया है।जगबंधनपुर गांव में निर्माणाधीन रिंग रोड के पास हाईटेंशन लाइन खींचते समय टावर गिरने से घायल सात मजदूरों में मोहम्मद सलीम और आमिर को अधिक चोटे आई थीं। दोनों प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घायल मजदूरों के अनुसार मशीनों से तार खींचने का काम किया जा रहा था। टावर गिरा तो कई मजदूर भागे और टावर की चपेट में नहीं आए। कुछ फंस गए थे। चीख-पुकार मचते ही काफी संख्या में लोग पहुंचे। सलीम के दबे पैर को किसी तरह निकाला गया। पुलिस ने एंबुलेंस की सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अन्य घायलों में पश्चिम बंगाल के जिला मालदा टाउन के कासिम पुत्र इदुवा, अनिरुद्ध सिंह पुत्र सत्तार शेख, अब्दुल पुत्र शेख अख्तर, पुतुल शेख पुत्र भद्दू शेख, सलीम व छोट्टन हैं।

# स्कूली बस की टक्कर से घायल अल्फा चालक की मौत, किशोरी की हालत नाजुक

**▶▶ चालक की पिता की तहरीर पर बस चालक के विरुद्ध केस दर्ज**



लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के लोहदा का मजरा गडरियन का पुरवा गांव के नजदीक स्कूली बस से अल्फा की आमने सामने भिड़ंत हो गई हादसे में अल्फा क्षतिग्रस्त हो गई और अल्फा में सवार चालक सहित चार लोग जख्मी हो गए , हादसा देख मौके पर अफरा तफरी मच गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अल्फा से बाहर निकाल इलाज के लिए कड़ा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जबकि गंभीर रूप से घायल चालक को प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया जहां रास्ते में ही अल्फा चालक की मौत हो गई जबकि अल्फा में सवार एक किशोरी की हालत नाजुक बताई जा रही है , चालक के पिता की तहरीर पर सैनी पुलिस ने बस चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मिली जानकारी के अनुसार फतेहपुर जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र के कबरे निवासी गुलशन बानो पत्नी नफीस अहमद अपने पुत्र मो मोनिस 12 वर्ष व पुत्री शमा परवीन पुत्री नफीस अहमद 18 वर्ष के साथ सैनी कोतवाली क्षेत्र के परास का मजरा मुंगरी गांव रिश्तेदारी में आए थे ।

गुलशन बानो अपने पुत्र व पुत्री के साथ शनिवार को अल्फा में सवार होकर खखरेरू के लिए जा रहे थे , अल्फा जैसे ही कोतवाली क्षेत्र के गड़रियन का पुरवा गांव के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रही स्कूली बस की आमने सामने भिड़ंत हो गई हादसे में गुलशन बानो , शमा परवीन व मो मोनिस जख्मी हो गए जबकि अल्फा चालक मो नौशाद पुत्र मो इस्लाम 35 वर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गया , सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से कड़ा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जबकि गंभीर रूप से घायल चालक मो नौशाद को सिराथू के एक निजी अस्पताल से प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया जहां रास्ते में नौशाद की मौत हो गई , हादसे की खबर पर चालक के घर में कोहराम मच गया , मृतक के पिता मो इस्लाम पुत्र अली हुसैन की तहरीर पर सैनी पुलिस ने बस चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही हादसे में जख्मी शमा परवीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं मृतक की पत्नी शाहनूर बानो ने बताया कि उसके पति अल्फा चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे। मृतक के एक 11 माह की मासूम बेटी अश्लेहन फातमा बेटी है। पति की मौत से शाहनूर बानो का रोरोकर बुरा हाल है।

## निरोधात्मक कार्यवाही में सात गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 1, थाना पश्चिम शरीरा से 02, थाना महेवाघाट से 02, थाना पिपरी से 01, थाना कड़ाधाम से 01) कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

## चार बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, व्यापारी के घर में घुसकर की थी लूट

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा के थाना सेक्टर-20 पुलिस और सीआरटी टीम गौतमबुद्धनगर की लुटेरे बदमाशों के साथ मुठभेड़ में चार बदमाश घायल हुए हैं। उनके कब्जे से लूट की घटनाओं में इस्तेमाल ई- रिक्शा, स्कूटी और चोरी की मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट की, 4 अवैध तमंचे .315 बोर, 5 जिन्दा कारतूस .315 बोर, 6 खोखा कारतूस समेत लूट के 2 लाख 5 हजार रुपये नकद व अन्य सामान बरामद हुआ है।

# कुरान व हदीस ने दिया मां-बाप के साथ अच्छे सुलूक करने की नसीहत

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** असरावे कलां गांव में रविवार को इमाम बारगाह मीर अलीबख्श में मरहूम अमीर रजा के चेहल्लुम की मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को मौलाना सैयद जमीर हैदर रिजवी ने खिताब किया। मजलिस में मौजूद लोगों ने मरहूम के बेटे को उनके बाप का पुरसा दिया।

मजलिस की शुरुआत सोजख्वानी से की गई। सोजख्वानी सैयद नसीम हसन बिसौनवी ने पढ़ी। इसके बाद अयाज अब्बास आदि शायरों ने ताजियाती नज्म पेश की। इमाम ए जुमा करारी मौलाना सैयद जमीर हैदर रिजवी ने मजलिस को खिताब करते हुए फरमाया कि कुरान व हदीस में वालिदैन के साथ हुस्ने सुलूक करने की खुसूसी ताकीद की गई है। अल्लाह तआला ने बहुत सी जगहों पर अपनी तौहीद व इबादत का



हुकुम देने के साथ वालिदैन के साथ अच्छा बरताव करने का हुक्म दिया है।

जिससे मां-बाप की इताअत, उनकी खिदमत और उनके अदब व एहतेराम की अहमियत वाजेह हो जाती है। अल्लाह तआला हम सबको मां-बाप के साथ अच्छा बरताव करने वाला बनाए, उनकी फरमांबरदारी करने वाला बनाए और उनके हुकूक की अदाएगी करने वाला बनाए। मजलिस में करबला के मसायब सुनकर मौजूद अजादार जारो-कतार रोने लगे। मजलिस के बाद मौजूद लोगों ने मरहूम के बेटे को उनके बाप का पुरसा दिया।

# प्रबुद्ध रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए शिक्षक गुणेश त्रिपाठी



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** प्रयागराज के राजर्षि टंडन सेवा केंद्र में आयोजित भारतीय सांस्कृतिक प्रबुद्ध सम्मेलन में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉक्टर गिरीश चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए प्रबुद्ध सम्मेलन कार्यक्रम में कौशांबी के चायल ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय जलालपुर शाना व जूनियर शिक्षक के महामंत्री गुणेश कुमार त्रिपाठी को प्रबुद्ध रत्न सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि जूनियर शिक्षक संघ के प्रांत एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रदेश भर के समस्त जनपदों से हजारों शिक्षक एवं समाज सेवी मौजूद रहे। जिनमे पूरे प्रदेश से 15 लोगों को यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन की आधारशिला प्रयागराज के जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनोद पांडेय ने रखी। बतौर मुख्य अतिथि बी एच यू के पूर्व कुलपति ने सभी को सम्मानित करते हुए निरंतर अपना कार्य करते रहने की अपील की।

# शमसाबाद बाजार तक हो रोडवेज बसों का आवागमन- अजय सोनी



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने परिवहन निगम के अधिकारियों से सिराथू ब्लॉक के शमसाबाद बाजार तक रोडवेज बसों के आवागमन की मांग की है। अजय सोनी का कहना है कि जब रोडवेज की बसों का राह स्थानक स्थल शमसाबाद बाजार तक तय है तो फिर रोडवेज की बसों का आवागमन शमसाबाद बाजार तक क्यों नहीं किया जाता और क्यों शमसाबाद बाजार से दो किमी पहले कनपूरवा बाजार पर ही रोडवेज के यात्रियों को उतार दिया जाता है।

रविवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी अपने कार्यकर्ताओं के साथ सिराथू ब्लॉक के ग्राम शमसाबाद बाजार, भटपूरवा, रामरतन का पुरवा और आसपास के कई गांवो का भ्रमण किया और लोगों से भेंट की। इस अवसर पर लोगों ने बताया कि सिराथु से मंझनपुर और मंझनपुर से सिराथू की ओर जाने वाली रोडवेज की बसें सिराथू ब्लॉक के शमसाबाद बाजार तक आवागमन नही करती। लोगों ने यह भी बताया कि रोडवेज बस परिचालक बसों को कनपूरवा बाजार पर ही रोककर यात्रियों को उतार देता है जिसके चलते कई गांवों जैसे तैयबपुर, शमसाबाद, डीचापर, शमसाबाद बाजार, तेराहरा, कैमा, भटपूरवा, अल्पी का पुरवा, रामरतन का पुरवा, जगदीशपुर, तुलसीपुर, मलाक पिंजरी, डीहवा, चकिया आदि गांवो के यात्रियों को दो से पांच किलोमीटर तक पैदल चलकर अपने घर तक पहुंचना पड़ता है। लोगों का यह भी कहना था कि पहले शमसाबाद बाजार तक रोडवेज बसों का आवागमन होता था परंतु इधर कई सालों से निगम की कारगुजारी से यह ठप्प हो गया है जिसके चलते यात्रियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

इस समय सर्दी के मौसम में शाम जल्दी ढल जाती है और जल्दी अंधेरा छा जाता है, जिससे पैदल यात्रियों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के रास्तों पर तमाम तरह की घटनाएं भी होती हैं। साथ ही स्कूली बच्चों को भी दूर क्षेत्रों के स्कूलो में शिक्षा ग्रहण करने हेतु आसपास के कई गांवों से कनपुरवा बाजार तक पैदल चलकर रोडवेज की बसों को पकड़ना पड़ता है। इसी तरह महिलाओं और खासकर बुजुर्ग लोगों को पैदल चलने में भारी दिक्कत होती है। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने परिवहन निगम के अधिकारियों से रोडवेज की बसों का आवागमन शमसाबाद बाजार तक करने की मांग की है। अजय सोनी का कहना है कि जब परिवहन निगम का शमसाबाद बाजार में बस स्थानक स्थल तय है तो यात्रियों को शमसाबाद बाजार से दो किमी पहले कनपूरवा बाजार में ही क्यों उतार देता है। अजय सोनी ने कहा कि जल्द ही इस संबंध में परिवहन निगम ने समुचित कार्यवाही नहीं की और शमसाबाद बाजार तक रोडवेज बसों का आवागमन शुरू नही किया तो शमसाबाद एवं आसपास के गांवो के लोगों के साथ परिवहन निगम कार्यालय का घेराव किया जायेगा। इस अवसर पर अजय सोनी के साथ मंटू कसेरा, विकास कसेरा, आर्यन कसेरा, संजीत सोनकर, रवि केसरवानी, जुम्मन अली आदि मौजूद रहें।

# जिले को मिली स्पेशल ट्रेन कानपुर का सफर आसान

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** जिले के रेल यात्रियों के लिए राहतभरी खबर है। प्रयागराज में संगम नगरी में हो रहे कुंभ में श्रद्धालुओं की यात्रा में कोई कठिनाई का सामना न करना पड़े इसके लिए प्रयागराज कानपुर सेंट्रल कुंभ स्पेशल सात ट्रेनों का ठहराव अब कौशाम्बी के भरवारी और सिराथू स्टेशन पर भी होगा। इससे प्रयागराज और कानुपर की यात्रा करने वाले यात्रियों को सहूलियत मिलेगी। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि महाकुंभ के लिए रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों की समय सारिणी जारी की है। इसमें कुंभ स्पेशल सात ट्रेन भी शामिल है। ट्रेन नंबर 00101 कानपुर सेंट्रल कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन सोमवार को प्रयागराज से चलकर कानपुर जाएगी जिसमें भरवारी रेलवे स्टेशन सुबह 5.38 बजे और सिराथू 5.58 बजे पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 00104 प्रयागराज कानपुर सेंट्रल कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन मंगलवार को प्रयागराज से चलकर कानपुर जाएगी। जिसमें भरवारी रेलवे स्टेशन सुबह 5.38 बजे और सिराथू 5.58 बजे पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 00105 प्रयागराज कानपुर सेंट्रल कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन मंगलवार को प्रयागराज से चलकर कानपुर जाएगी। जिसमें भरवारी रेलवे स्टेशन शाम 4.45 बजे और सिराथू 5.05 बजे पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 00102 कानपुर सेंट्रल कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन सोमवार को प्रयागराज से चलकर कानपुर जाएगी। जिसमें भरवारी रेलवे स्टेशन रात 8.30 बजे और सिराथू 9 बजे पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 00106 प्रयागराज कानपुर सेंट्रल कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन मंगलवार को प्रयागराज से चलकर कानपुर जाएगी। जिसमें भरवारी रेलवे स्टेशन रात 8.30 बजे और सिराथू 9 बजे पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 00103 कानपुर सेंट्रल कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन सोमवार को प्रयागराज से चलकर कानपुर जाएगी जिसमें भरवारी रेलवे स्टेशन रात 10.06 बजे और सिराथू 10.30 बजे पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 00107 प्रयागराज कानपुर सेंट्रल कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन मंगलवार को प्रयागराज से चलकर कानपुर जाएगी जिसमें भरवारी रेलवे स्टेशन रात 10.06 बजे और सिराथू 10.30 बजे पहुंचेगी।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा ग्राम कंथूआ मे जाकर, थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा ग्राम त्रिलोकपुर मे भ्रमणशील रहकर, थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा ग्राम पुनवार मे जाकर,

थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस टीम द्वारा ग्राम मोगरी मे भ्रमणशील रहकर तथा महिला थाना, थाना चरवा, थाना कोखराज एवं थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र मे भ्रमण कर, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल, पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# चंद्रकांत शुक्ल बने उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष

**▶▶ राजेंद्र यादव जिलामंत्री तो कोषाध्यक्ष बनें सभाशंकर पाण्डेय**

**▶▶ उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ कौशाम्बी की जिला कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न**

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ कौशांबी की जिला कार्यकारिणी का चुनाव रविवार को मंझनपुर के ओसा में स्थित श्री दुर्गा देवी इंटर कालेज में आयोजित किया गया। जिला कार्यकारिणी के चुनाव चुनाव अधिकारी के रूप में मौजूद प्रतापगढ़ के जिलाध्यक्ष आलोक कुमार शुक्ल की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जिसमे सर्वसम्मति से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ कौशांबी का जिलाध्यक्ष नेशनल इंटर कालेज भरवारी के चंद्रकांत शुक्ल को चुना गया, वही जिलामंत्री के पद पर



महेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज आलमचंद्र के शिक्षक राजेंद्र कुमार यादव को चुना गया। जिला उपाध्यक्ष पद के लिए अम्बरीष यादव, शिव भूषण सिंह, राजमणि पाण्डेय, सुभाष चंद्र दूबे, कुलदीप कुमार, कुमारी सविता को चुना गया, संयुक्त मंत्री के लिए सलिल कांत त्रिपाठी, शैलराज सिंह, शाहनवाज आलम, सुरेन्द्र कुमार, राजेश कुमार, आलिया एवं जिला कोषाध्यक्ष सभा शंकर पांडेय व आय व्यय निरीक्षक ओम प्रकाश जिला कार्यकारिणी सदस्य में किरणपाल सिंह, नरेंद्र कुमार पांडे, नीरज कुमार, महेश प्रसाद, धनंजय कुमार मिश्रा, रूपेश कुमार पांडे, अशोक कुमार सिंह, रचना, त्रियुगी नारायण मिश्र, अमित कुमार सिंह, शिवकुमार गुप्त, श्री कृष्णा शुक्ला, प्रांतीय प्रतिनिधि में चंद्रकांत शुक्ला, राजेंद्र कुमार यादव, प्रभाकर द्विवेदी, करुणेश त्रिपाठी, राजमणि त्रिपाठी, रामसुभम त्रिपाठी निर्विरोध निर्वाचित हुए है। निर्वाचित पदाधिकारियों को मौजूद संघ के लोगों ने एक दूसरे को माला पहनाकर बधाई दी।

# अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य समाज का राष्ट्रीय प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न

**▶▶ रीवा मध्य प्रदेश के कृष्ण कुमार गुप्ता बने राष्ट्रीय अध्यक्ष, सुभाष गुप्ता महामंत्री**





लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य समाज की राष्ट्रीय प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव रविवार को विश्वनाथ प्रसाद पीजी कॉलेज मूरतगंज में संपन्न हुआ। अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य समाज के राष्ट्रीय प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव एवं साधारण सभा की बैठक में पूरे देश एवं कई प्रदेश से केसरवानी समाज के पदाधिकारी शामिल हुए। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव के सर्व सम्मति से मध्य प्रदेश के रीवा निवासी कृष्ण कुमार गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए, वही मनौरी निवासी सुभाष चंद्र केसरवानी राष्ट्रीय महामंत्री निर्वाचित किए गए। इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी के दस सदस्यों के नाम की भी घोषणा की गई। अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य समाज के राष्ट्रीय प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव की घोषणा करते हुए चुनाव अधिकारी एडवोकेट विजय कुमार केसरवानी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया।

शंकर लाल केशरवानी मधुकर सभा की अध्यक्षता कर रहे ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दिया और सभा में आए हुए कई जनपद और प्रदेशों से लोगों को धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में एडवोकेट रामबाबू केसरवानी, संगठन के संरक्षक अनिल कुमार उर्फ अन्नू भैया, विशिष्ट अतिथि राजेश केसरवानी, भरवारी के पूर्व चेयरमैन कैलाश चंद्र केसरवानी, पितांबर लाल केशरवानी, नितुल चौधरी, पप्पू, अरविंद केसरवानी,शंकर लाल केसरवानी, जगदीश वैश्य, रामाचल, जीतू, सुशील, सत्य प्रकाश, कैलाश चरवा, सुशील कुमार केसरवानी उर्फ सोनू सहित सैकड़ों केसरवानी समाज के लोग मौजूद रहें।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 45 मरीजों का किया गया सफल उपचार



लोकमित्र ब्यूरो

**सरसवां, (कौशाम्बी)।** कौशाम्बी में प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है। स्वास्थ्य केन्द्रों पर आज आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य स्वास्थ्य मेले के हेतु जिम्मेदारी दी गयी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सरसवां, व पश्चिम शरीरा का मे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुल मैरिज 30 समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है। अन अधिकारियो ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित मरीजों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया। रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में अलग अलग रोगों से पीड़ित कुल 30 मरीजों का सफल उपचार किया गया।वहीं इस दौरान भी किया।इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा लोगों को बीमारी से बचाव के महत्त्वपूर्ण टिप्स भी दिए गए। रविवार को के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया मरीजों का उपचार डॉक्टर गिरिजेश कुमार व उनकी टीम द्वारा किया गया तथा उन्हें निशुल्क दवा वितरित की गई। तथा मरीजों का उपचार कर दवा बांटी गई। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ प्रसून जायसवाल जी ने लोगों को बीमारी से बचाव के महत्त्वपूर्ण टिप्स देते हुए कहा कि बारिश के मौसम में संक्रमण का खतरा अत्यधिक बढ़ जाता है।इसलिए संक्रमण से बचाव के लिए अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखें,घरों में कहीं पर भी पानी एकत्र न होने दें।गन्दगी वाले स्थानों पर डीडीटी दवा का छिड़काव करें।किसी भी प्रकार की चिकित्सीय समस्या होने पर तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर जांच उपरांत ही दवा का सेवन करें। साथ ही मेले मे कुल (49) गोल्डेन कार्ड भी बनाये गये।अधीक्षक डॉ प्रसून जयसवाल डॉक्टर हरिनाथ सिंह लैब टेक्नीशियन नेम सिंह, फार्मासिस्ट शिव सिंह व अनस्टॉप वार्ड बॉय प्रेम कुमार आयुष्मान मित्र मनीष कुमार तेज नारायण मिश्रा, विमल सिंह, नितेश कुमार मौजूद रहें।

लोकमित्र
प्रतापगढ़, सोमवार ,30 दिसम्बर 2024



संक्षिप्त खबरें

## राजा भइया के आशीर्वाद से गांव में तेजी से हो रहा विकास कार्य-विनोद यादव



**कुंडा प्रतापगढ़ ।** बाबागंज विकासखंड के उतफोटो रार ग्राम प्रधान एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष नगर पंचायत हीरागंज विनोद यादव ने राजा भइया के मार्गदर्शन में गांव में गरीबों की मदद करने के साथ-साथ बिजली पानी शिक्षा पर विशेष ध्यान रखें हुए हैं। जरुरतमंदों की मदद करने का निरंतर प्रयास जारी हैं। लोदीपुर गांव से मसवन सियरिया गांव को जोड़ने वाले मार्ग पर पक्की सड़क के निर्माण की रविवार को मंडी परिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। गोगहर ग्राम प्रधान विनोद यादव के अनुरोध पर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विनोद सरोज ने मंडी परिषद को सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजा था। जिस पर रविवार को मंडी परिषद द्वारा 64.40 लाख रुपए स्वीकृत कर दिए गए। मंडी परिषद द्वारा 1650 मीटर लंबी सड़क का निर्माण होगा। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने पर रविवार को ग्राम प्रधान विनोद यादव, मसवन प्रधान चंद्रेश यादव, पूर्वी उत्तर बीडीसी रामसुमेर पाल, बीडीसी शिव बहादुर सरोज, प्रधानाध्यापक मिथुन सरोज आदि ने खुशी जाहिर की और जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भइया और बाबागंज विधायक विनोद सरोज के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कांग्रेसियों ने दी मनमोहन को श्रद्धांजलि

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन पर रविवार को यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैठक कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यकर्ताओं ने देश के आर्थिक उदारीकरण में पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के योगदान को ऐतिहासिक करार दिया। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के.डी. मिश्रा व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर राजू पाण्डेय, मुरधीधर तिवारी, सिंटू मिश्रा, रामू मिश्रा, छोटे लाल सरोज, हृदय नारायण मिश्र, दयाराम वर्मा, गीता सिंह, एबादुररहमान, दारा सिंह, शेरूखां, आशीष कौशल, पप्पू जायसवाल, राजकुमार मिश्र, दिनेश सिंह आदि रहे।

## उदयपुर एसओ के निलम्बन को लेकर अधिवक्ताओं ने की डीजीपी से कार्रवाई की मांग

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर एसओ के कथित वीडियो वायरल को लेकर रविवार को क्षेत्र में चर्चा का माहौल गर्म दिखा। मामले में आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल एवं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह ने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर फौरन कार्यवाही की मांग उठायी है। उदयपुर में तैनात थानाध्यक्ष को लेकर शनिवार की रात एक वीडियो कथित लेनदेन को लेकर वायरल हुआ है। रविवार को इलाके में इस वीडियो को लेकर चर्चा का माहौल चाय पान की दुकानों पर देखा गया। वायरल वीडियो को लेकर आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार व प्रयागराज के अपर पुलिस महानिदेशक भानू भाष्कर के साथ जिले के एसपी डा. अनिल कुमार को पत्र लिखकर इसे प्रदेश पुलिस महकमें में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा करार दिया है। उन्होंने डीजीपी से आरोपी दरोगा के वायरल वीडियो की जांचकराकर उसे तत्काल प्रभाव से निलम्बित किये जाने की भी मांग उठायी है। वहीं लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह ने वायरल वीडियो को लेकर जिले के पुलिस अधीक्षक से अविलम्ब जनहित में न्यायोचित निर्णय लिये जाने का अनुरोध पत्र संयुक्त अधिवक्ता संघ की ओर से भेजा है।

## तेरहमील से मेहंदिया जाने वाले टूटे रास्ते को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**पट्टी प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के तेरहमीलसे मेहंदिया जाने वाले टूटे रास्ते को लेकर आज रविवार को दिन में 3ः00 बजे के आसपास रोड पर खड़े होकर ग्रामीणों पीडब्ल्यूडी विभाग व जिम्मेदार अधिकारियो खिलाफ़ जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी की। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सालों से यह रास्ता टूटा हुआ है। आते-जाते राहगीर आए दिन इस रास्ते पर एक्सीडेंट से घायल होते रहते हैं। कई बार विभाग में शिकायत की गई लेकिन विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अधिकारी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं। इस दौरान अनिल पांडे, संतोष सरोज, सोभनाथ वर्मा, गोलू श्रीवास्तव, हीरालाल समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## फरार वारंटी गिरफ्तार, भेजा जेल

**दुर्गागंज प्रतापगढ़।** रानीगंज थाना क्षेत्र के दुर्गागंज गांव से पुलिस ने एक वारंटी को शनिवार की रात गिरफ्तार कर लिया। उपनिरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी मुकुंद लाल उर्फ फकीरे लाल दुर्गागंज गांव का रहने वाला है। उस पर कोर्ट से वारंट निर्गत था। जिसका मुकदमा संख्या 33/91 धारा 370, 411आईपीसी दर्ज है। वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए उसे दुर्गागंज बाजार से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के ऊपर कोर्ट से गैर जमानती वारंट निर्गत था। जिसे कोर्ट के आदेश पर गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

## अपहरण व पाक्सो एक्ट के से संबंधित वांछित गिरफ़्तार

**पट्टी प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार रघुबंशी के नेतृत्व में थाना प्रभारी आसपुर देवसरा उ0नि0 संतोष सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 योगेन्द्र सिंह ने मय हमराह उ0नि0 अनुपम त्रिपाठी, हे0कां0 जितेन्द्र कुशवाहा, हे0कां0 श्रीप्रकाश द्वारा 01 अभियुक्त सलमान पुत्र अजीज राईन निवासी ग्राम उदईशाहपुर थाना आसपुर देवसरा को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त सलमान पुत्र अजीज राईन को विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मु0अ0सं0 109/2024 धारा 363, 366, 120बी भादवि व 16/17 पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु पेश किया गया।

## गांव की खेल प्रतिभाओं को आगे लाएगा बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी की बैठक सियाराम कालोनी में रविवार को हुई। जिसमें विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्रामीण स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता कराने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में दिया इंडस्ट्री के प्रोपराइटर और समाजसेवी अनुज शुक्ला ने कहा कि बच्चा बैंक का उद्देश्य शिक्षा के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जो भी खिलाड़ी हैं उनकी मदद करके आगे बढ़ाना है। सहयोगी अश्विनी केसरवानी ने कहा कि जनवरी के पहले सप्ताह में खेल प्रतियोगिता कराने पर चर्चा हुई है। जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। अध्यक्षता डॉक्टर मनोज खत्री ने की। संचालन मोहम्मद अनीश ने किया। बैठक में सतेंद्र मोदनवाल, राजकुमार, मंतोष सिंह, दिग्विजय सिंह, उमाशंकर, दद्दन, आरके गुप्ता, आरएम सरोज समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# तेरहवीं कार्यक्रम में खाना बनाने गए हलवाई की करंट से मौत

### ▶▶ खाना बनाने के बाद लघुशंका करने खेत की तरफ गया था हलवाई





**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज (प्रतापगढ़)।** लालगंज कोतवाली इलाके के अमावा गांव में शनिवार रात आयोजित तेरहवीं कार्यक्रम में खाना पकाने गए 56 वर्षीय एक हलवाई की करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।लालगंज कोतवाली के लाल का पुरवा अमावा निवासी सुरेश नारायण तिवारी (56) हलवाई का काम करता था। शनिवार को पड़ोस के अमावा गांव निवासी देशराज मिश्र के यहां आयोजित तेरहवीं कार्यक्रम में वह खाना पकाने गया था। रात करीब आठ बजे सुरेश नारायण तिवारी को लघुशंका महसूस हुई तो वह गांव से बाहर कल्पनाथ वर्मा के खेत में पहुंचा और लघुशंका करने लगा। अंधेरे के कारण उसे खेत में लगे कंटीले तार नजर नहीं आये। उसमें 440 वोल्ट का करंट दौड़ाया गया था। इससे करंट की चपेट में आने से सुरेश नारायण तिवारी की दर्दनाक मौत हो गई । इसकी सूचना मिलते ही कार्यक्रम स्थल पर मातम छा गया। आयोजक ने घटना की सूचना पुलिस के साथ ही मृतक के परिजनों को दी। इसकी सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

**▶▶ जानवरों से फसलों को बचाने के लिए दौड़ाया गया था करंट**

अमावा गांव निवासी कल्पनाथ वर्मा ने अपना खेत बटाही गांव के एक व्यक्ति को दे रखा है। संबंधित किसान ने छुट्टा जानवरों से फसलों को बचाने के लिए खेत के चारों तरफ कंटीले तार लगा रखे हैं। साथ ही उसमें करंट दौड़ा दिया। करंट की चपेट में कोई जानवर तो नहीं आया लेकिन हलवाई सुरेश नारायण तिवारी की उसकी चपेट में आने से मौत हो गई।

**▶▶ करंट का झटका लगने पर हुआ था हंगामा**

अंमावा गांव में उक्त खेत में दौडाए गए करंट से सप्ताह भर पूर्व गांव के एक युवक को करंट का झटका लगा था। इसे लेकर संबंधित किसान और ग्रामीणों के बीच जमकर हंगामा भी हुआ था। ग्रामीणों के मना करने के बावजूद संबंधित किसान ने खेत में करंट दौड़ाना बंद नहीं किया। जिससे बड़ी घटना हो गई। इसे लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**▶▶ घटना के बाद पुलिस ने तेज की कार्रवाई**

अंमावा गांव में करंट से हलवाई की मौत के बाद कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल तेज कर दी है। ग्रामीणों की मानें तो रात में ही पुलिस ने दो लोगों को अपने साथ पूछताछ के लिए ले गई है। फिलहाल अभी तक उक्त मामले में कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।

**▶▶ हलवाई की पारिवारिक स्थिति बेहद दयनीय**

लालगंज कोतवाली लाल का पुरवा निवासी मृतक हलवाई सुरेश नारायण तिवारी के परिवार की माली हालत बेहद खराब है। सुरेश के एक भी बच्चे नहीं हैं। पिता लकवा नामक बीमारी से ग्रस्त हैं तो वहीं पत्नी मंदबुद्धि है। सुरेश नारायण तिवारी की ग़रीबी का आलम यह है कि कच्चा मकान ढहने के बाद वह पड़ोसी के टिन शेड में अपना परिवार लेकर रहता था। सुरेश नारायण की मौत से उसके परिवार के जीवन यापन को लेकर संकट खड़ा हो गया है।

# संगीत सीखने का एकमात्र तरीका, सुनो, सीखो और अभ्यास करो

**▶▶ मशहूर तबला वादक तानसेन श्रीवास्तव ने वॉव एजुकेशन के बच्चों को बताईं संगीत की बारीकियां**

**▶▶ विंटर कैंप का चौथा दिन रहा बच्चों के लिए संगीत और रचनात्मकता का अनोखा संगम**





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** अमेठी रोड चौरा स्थित वॉव एजुकेशन द्वारा आयोजित 8 दिवसीय विंटर कैंप का चौथा दिन बच्चों के लिए अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ। बच्चों को नई दिल्ली से आए मशहूर संगीतज्ञ और तबला वादक तानसेन श्रीवास्तव से मिलने और संगीत की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला।मुलाकात के दौरान श्री श्रीवास्तव ने बच्चों को संगीत के महत्व और उसके प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने कहाकि संगीत सीखने का एकमात्र तरीका, सुनो, सीखो और अभ्यास करो, ही है।शॉर्टकट अपनाकर संगीत को उसकी असली प्रकृति में नहीं सीखा जा सकता। उन्होंने कहाकि संगीत न केवल हमारी आत्मा को शांति देता है बल्कि यह हमारे शरीर और इंद्रियों को भी प्रभावित करता है। उन्होंने संगीत और हमारे जीवन में इंद्रियों की भूमिका के बारे में छात्रों के सवालों का उत्तर दिया और उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वॉव एजुकेशन की यह पहल शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में एक नया मानदंड स्थापित कर रही है।साकेत ग्रुप ऑफ कॉलेजेज़ के संस्थापक अरविंद श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि वॉव एजुकेशन अपने छात्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

इस कैंप के माध्यम से छात्रों को न केवल कौशल और ज्ञान प्राप्त हो रहा है बल्कि वे समाज सेवा, रचनात्मकता और टीम वर्क के महत्व को भी समझ रहे हैं।कैंप के चौथे दिन बच्चों ने कठपुतली निर्माण और कहानी लेखन जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। यह सभी गतिविधियां बच्चों की कल्पनाशक्ति को बढ़ाने और उनके कौशल को निखारने के लिए आयोजित की गई। 25 दिसंबर से 1 जनवरी तक चलने वाले इस 8 दिवसीय विंटर कैंप में बच्चे विभिन्न जीवन-कौशल और रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं।

इनमें गिटार, तबला, हारमोनियम और कीबोर्ड बजाने जैसे संगीत कौशल के साथ-साथ निटिंग (बुनाई), जुम्बा क्लासेस और रोजमर्रा के विज्ञान पर आधारित प्रयोग शामिल हैं। बता दें कि तीसरे दिन छात्रों ने एक स्कैवेंजर हंट में भाग लिया था जिसमें उन्होंने जीवन और पाठ्यक्रम से जुड़े पहेलियों और समस्याओं को हल किया।संस्था की डायरेक्टर श्रीमती उपहार लता ने बताया कि आने वाले दिनों में बच्चे नो गैस कुकिंग, कुकिंग स्किल्स और टेबल एटीकेट्स सीखेंगे। इसके साथ ही 31 दिसंबर को बच्चे गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल, शॉल और अन्य आवश्यक सामग्री वितरित करेंगे।

कैंप के अंतिम दिन 1 जनवरी को एक भव्य न्यू ईयर पार्टी आयोजित की जाएगी, जिसमें बच्चे डांस, कराओके और अन्य मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लेंगे। यह पार्टी छात्रों के लिए कैंप का समापन और उनके द्वारा सीखे गए कौशल का जश्न मनाने का एक शानदार अवसर होगी।

## युवक ने की आत्महत्या, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के युवक के द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के पूरेचन्द्रवारियां राहाटीकर निवासी मेवालाल कोरी का पुत्र राहुल कोरी (26) शनिवार की रात घर से लगभग पांच सौ मीटर दूर नीम के पेड़ में रस्सी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार की सुबह भाई रवि ने राहुल का शव पेड़ में झूलता देखा तो आवाक रह गया। सूचना पर उदयपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवाया। सूत्रों के मुताबिक मृतक ने तीन वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। हालांकि यह रिश्ता छह माह पूर्व टूट गया। घटना को लेकर गांव में तरह तरह की चर्चा का माहौल देखा गया। एसओ उदयपुर राधूबाबू का कहना है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मामले में उचित कार्यवाही की जायेगी। वहीं युवक की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मचा दिखा।

## चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा और आनंद भवन देख खुश हुए बच्चे



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिले के बेलखरनाथ धाम विकासखंड के पीएम श्री कंपोजिट स्कूल गहरी चक के बच्चों का समूह रविवार को शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ प्रयागराज के लिए रवाना हुआ।

खंड शिक्षा अधिकारी बृजेंद्र स्वरूप निगम के निर्देशन और प्रधानाध्यापिका गिरजा शुक्ला के नेतृत्व में शहीद उद्यान पार्क पहुंचे बच्चे देश की आजादी में अहम किरदार निभाने वाले चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा को देखकर दंग रह गए। बच्चे काफी देर तक निहारते रहे और शिक्षकों के साथ फोटो खिंचवाई।

इसके बाद बच्चों का समूह आनंद भवन पहुंचा, जहां कदम -कदम पर जानकारी एकत्रित करने के साथ ही मोबाइल में तस्वीरों को कैद करने से नहीं चूके। इस दौरान विद्यालय की एआरपी प्रभजीत कौर, शिक्षक जितेंद्र यादव, श्याम शंकर तिवारी बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत करने का प्रयास करते रहे। बच्चों का सहयोग शिक्षक प्रदीप शुक्ला, राकेश, धर्मेंद्र, मनोज ने किया।

# प्रधानमंत्री के मन की बात, 2500 बूथों पर सुनी गई

**लोकमित्र ब्यूरो**



**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने कार्यक्रम %मन की बात% के जरिए देश को 117वीं बार संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए देशवासियों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 2025 में 26 जनवरी को संविधान लागू हुए 75 साल पूरे हो रहे हैं। ये हमारे लिए गर्व की बात है। पीएम मोदी ने कहा कि संविधान की वजह से ही आज मैं आपसे बात कर पा रहा हूं। पीएम मोदी ने इस कार्यक्रम में किसान, कैंसर जैसे मुद्दों पर बात की। इसके साथ ही महाकुंभ को लेकर भी बात कही है। पीएम ने इसमें डिजिटल अरेस्ट, स्वामी विवेकानंद, ह्रष्टष्ट, लाइब्रेरी जैसे मुद्दों पर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ ही हफ्ते पहले इजिप्ट में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता का भी जिक्र किया। वहां के बच्चों ने भारत की संस्कृति और दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों को बताने वाली पेंटिंग्स तैयार की थी। पीएम ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी युवाओं की सराहना किया। पीएम मोदी ने कहा कि 2024 में हम फिल्म जगत की कई महान हस्तियों की 100वीं जयंती मना रहे हैं। राज कपूर जी ने फिल्मों के माध्यम से दुनिया को भारत की सॉफ्ट पावर से परिचित कराया। रफी साहब की आवाज में वो जादू था, जो हर दिल को छू लेता था।पीएम मोदी ने अपील करते हुए कहा कि देश के नागरिकों को संविधान की विरासत से जोड़ने के लिए ष्थ्ठ्ठह्यह्लद्बह्लह्वह्लद्बशठ्ठ75.ष्शद्व नाम से एक खास वेबसाइट भी बनाई गई है।जिसमें संविधान की प्रस्तावना पढ़कर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं। अलग-अलग भाषाओं में संविधान पढ़ सकते हैं, संविधान के बारे में प्रश्न भी पूछ सकते हैं।भाजपा प्रतापगढ़ के लिए आज एक गौरव का भी क्षण था। जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में मन की बात का लाइव प्रसारण आज जनपद की सदर विधानसभा के बरियासमुद्र ग्राम बूथ नम्बर 246 में हुआ। जिसमें दूरदर्शन चैनल के पत्रकारों द्वारा उपस्थित लोगों से संवाद किया गया। इसमें जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने मोदी जी द्वारा महाकुंभ और संविधान के लिए किए गए कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम संयोजक युवराज राजेश सिंह रहे।जिला प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ल ने बताया कि लगभग 2500 बूथों पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनी गई ।इस अवसर पर सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, सदस्य विधानपरिषद उमेश द्विवेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह नन्दन, पूर्व सांसद संगमलाल गुप्ता, पूर्व विधायक धीरज ओझा, पूर्व मंत्री अवधेश मिश्र, जिला महामंत्री द्वय राजेश सिंह, पवन गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा रोहित मिश्र,प्रदेश मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा धनंजय शुक्ला, जिला मंत्री रामजी मिश्र, राम आसरे पाल,पूर्व जिला अध्यक्ष के के सिंह, राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट राकेश सिंह, अंशुमान सिंह, विजय मिश्र,शिव शंकर सिंह,विशाल विक्रम सिंह,अशोक मिश्र, जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी, रजत सक्सेना, मुदित सिंह, ओम प्रकाश पांडेय गुड्डू,विक्रम सिंह, पंकज मिश्र,सचिन सिंह, साधु दुबे, पिंकी दयाल, अजय सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं मातृ शक्ति उपस्थित रही।

## अकीदत के साथ मनाया गया हज़रत नो गज बाबा का सालाना उर्स

**लोकमित्र ब्यूरो**



**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत सिटी स्थित हज़रत नो गज बाबा का सालाना उर्स रविवार को अकीदत के साथ मनाया गया। बाद नमाज़ फज्र गुसुल का कार्यक्रम किया गया। साथ ही अल सुबह कुरआन ख्वानी की गई। असर की नमाज के बाद चादर, गागर की रस्म अदायगी की शुरूआत हुई जो देर रात तक चलती रही। उर्स में प्रदेश भर से अकीदतमंद आस्ताने पर पहुंच कर चादर, गागर, शीरनी आदि की नजरो नयाज की। साथ ही देश में अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ की गई। इस दौरान मजार के आसपास मिष्ठान, गुड़ की जलेबी, पकौड़े, खिलौने, चाट पकौड़े सहित अन्य वस्तुओं की दुकानें सजी रहीं। इस मौके पर सपा नेता सद्दाम अहमद माजिद ने पहुंचकर अपने क्षेत्र सिटी के लिए दुआ की और कहा कि उर्स एक सूफ़ी संत की सालगिरह पर मनाया जाने वाला त्योहार है। आयोजक शबनम एडवोकेट ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष मोहम्मद इमरान मोहम्मद अमीर सलमानी मोहम्मद मकदूम मो दानिश मोहम्मद असलम मोहम्मद कैफ मोहम्मद अदनान खान मोहम्मद सैफ मोहम्मद कैफ मोहम्मद अरशद आदि मौजूद रहे।

## शिक्षाविद के निधन से हुई समाज की अपूर्णनीय क्षति -संगमलाल



**घुइसरनाथ धाम प्रतापगढ़-** पूर्व सांसद एवं भाजपा के पिछड़ा वर्ग राष्ट्रीय मोर्चा के महामंत्री संगम लाल गुप्ता ने सांगीपुर क्षेत्र के बिंजहड़ी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक व समाजसेवी कमलापति मिश्र के निधन पर उनके पैतृक आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि समर्पित की। उन्होंने कहा कि स्व मिश्र के निधन से शिक्षा जगत की अपूर्णनीय क्षति हुई है।

स्व मिश्र मृदुभाषी और सादा जीवन उच्चविचारधारा के व्यक्ति थे।समाज उनका सदैव श्रृणी रहेगा। इसी क्रम में दीवानगंज बाजार निवासी व्यापारी गौरी शंकर अग्रहरी के निधन पर उनके आवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। पूर्व सांसद ने शाहबरी निवासी व भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता रहे स्व अनिल सिंह के पुत्र हिमांशु सिंह का बिहार माध्यमिक शिक्षा चयन आयोग में चयन होने पर उन्हें शुभकामना दी। भैंसना निवासी राम सजीवन वर्मा के घर पर पहुंचकर पूर्व सांसद ने परिजनों से मुलाकात की व जन चौपाल को भी संबोधित किया। सांसद ने चौपाल में ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि वह उनके हर सुख दुख में साथ रहेंगे भले ही वह सांसद नहीं है लेकिन सरकार तो भाजपा की है, ऐसे में आम जनता की समस्याओं के निदान का सिलसिला जारी रहेगा। डबल इंजन की सरकार में बिना भेदभाव के जो विकास हो रहा है उसको और भी आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहेंगे।इस दौरान भाजपा नेता ओमप्रकाश पांडेय,राजकुमार मिश्र,अजय बर्मा,पवन बर्मा आदि रहे।

संक्षिप्त खबरें

## आज से शुरू होगा ख्वाजा कड़क शाह अब्दाल का उर्स मेला

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम में लगने वाला 730 वा उर्स मेला सोमवार से शुरू होगा, दरगाह के मुतवल्ली वली अशरफने बताया कि ख्वाजा कड़क शाह अब्दाल का 730 वा उर्स सोमवार से शुरू होगा, तीन जनवरी को गागर जुलूस उठेगा और छः जनवरी को उर्स का समापन होगा। उर्स मेले में क्षेत्रीय लोगों सहित गैर जनपदों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते है।

### खाकी की मौजूदगी में सम्पन्न होगा उर्स मेला

सिराथू, कौशाम्बी। नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम में लगने वाले उर्स मेला में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है । क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि मेले की सुरक्षा व्यवस्था हेतु एक निरीक्षक, बीस उपनिरीक्षक, 57 कांटेबल व 15 महिला कांस्टेबल की तैनाती की गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण केसरवानी ने बताया कि उर्स मेले को लेकर साफसफाई के साथ अलाव की पर्याप्त व्यवस्था सहित पानी की टैंकर आदि की व्यवस्था की गई है।

## अनियंत्रित बाइकों की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल



**चायल, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के सैयद सरावां गांव के समीप रविवार की दोपहर दो अनियंत्रित बाइकों के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये जबकि पीछे बैठी महिला बाल बाल बच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पाकर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।चरवा क्षेत्र के बाबातारा गांव निवासी महेंद्र कुमार एक महिला के साथ रविवार की दोपहर बाइक से मनौरी बाजार सामान खरीदने गया था। सामान खरीदने के बाद वह घर लौट रहा था।इसी दौरान सामने से आ रहे अनियंत्रित बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दानियाल पुर गांव निवासी मानू पुत्र भोला और महेंद्र कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए जबकि महिला को चोट नहीं लगी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी पाकर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## चोरों ने दीवार में सेंध कर नकदी समेत एक लाख के जेवरात किया पार

**चायल, (कौशाम्बी)।** एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के इंगुआ उर्फ काठगांव में शनिवार रात घर के पिछले हिस्से की दीवार में सेंध कर अंदर घुसे चोरों ने नकदी समेत एक लाख के जेवरात पार कर दिया। सुबह घर का सामान बिखरा देख परिजनों के होश उड़ गए। महिला ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। इंगुआ उर्फ काठगांव निवासी रामदास अपने बेटे गोपुन के साथ सऊदी अरब में रहकर नौकरी करता है। घर पर महिलाएं रहती हैं। शनिवार रात वह लोग खा पीकर घर के अगले हिस्से में सो रही थी। इसी दौरान रात में चोर घर के पिछले हिस्से की दीवार में सेंध कर अंदर घुस गए। चोरों ने कमरे में रखी आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा दस हजार रुपया नकद समेत लगभग एक लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात को पार कर दिया। सुबह कमरे का सामान बिखरा देख परिजनों के होश उड़ गए। उन्होंने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

## अरुण केशरवानी बने भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष



**कड़ा, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम चेयरमैन प्रतिनिधि व वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अरुण केशरवानी को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का कौशाम्बी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रविवार को प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित होटल यश पदम में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित प्रांतीय व्यापारी उद्यमी समागम -संवाद -समाधान व भामाशाह सम्मेलन में कौशाम्बी जिलाध्यक्ष के रूप में अरुण केशरवानी के नाम की घोषणा की गयी।इस बात की जानकारी जैसे ही अरुण केशरवानी के समर्थकों व जनपद के व्यापारियों को हुई उनमें खुशी की लहर दौड़ गयी।नव नियुक्त जिलाध्यक्ष को शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी है।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान




**कौशाम्बी।** आज एबीवीपी मंझनपुर नगर के कार्यकर्ताओं ने विकासार्थ विद्यार्थी द्वारा प्रत्येक रविवार को होने वाले कार्यक्रम में संडे फार मंझनपुर के अंतर्गत नगर में मंझनपुर शिव मंदिर परिसर में सफाई किया एवं नगर में स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त का संदेश दिया इस दौरान एबीवीपी के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# प्रतिबंधित गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक कमलेश कुमार हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त, चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मनोज कुमार तिवारी निवासी सरैया मजरा रामपुर धमांवां थाना सैनी को ग्राम अंतू का पुरवा से 750 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

### ▶▶ सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए तीन गिरफ्तार

कौशाम्बी। जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक योगेश कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर अजय कुमार, रावेन्द्र कुमार निवासीगण भानीपुर थाना कड़ाधाम, ताहीर हुसैन, निवासी जहाँनपुर थाना कड़ाधाम को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से मालफड़ 1280 रुपये तथा जामातलाशी से 720 रुपये व 52 अदद तास के पत्ते बरामद हुआ।

### ▶▶ अवैध तमंचा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक सुनील कुमार व उपनिरीक्षक नितेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर हसनपुर उस्मानपुर साहु बाबा के बाग से साहिल निवासी पुरखास थाना सराय अकिल को 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

### ▶▶ दस वारण्टी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना संदीपनघाट पुलिस शिवशंकर पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अब्दुल अमीन उर्फ पप्पू, आसमा बेंगम, अमीन निवासीगण आलम चन्द्र तकिया थाना संदीपनघाट तथा वारंटी बेद प्रकाश विश्वकर्मा निवासी छीतापुर थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंहमय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अर्जुन कुमार निवासी कानेमई थाना सैनी व वारंटी जुगराज लोध निवासी अजमतपुर थाना सैनी तथा आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित वारंटी बच्छराज निवासी वार्ड नं0 06 कस्बा अझुवा थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक अंशुमान मिश्रा मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी विश्वनाथ पासी निवासी अहिरारा थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक अतुल श्रीवास्तव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी मनोज कुमार निवासी ग्राम बालक मऊ थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया। थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक रणजीत सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी लवकुश भुजवा निवासी अकबरपुर थाना कड़ाधाम, सत्येन्द्र कुमार निवासी असदपुर सिपाह पोस्ट जहगीराबाद थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार किया गया।

### ▶▶ अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना कौशाम्बी पुलिस उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा दानी निवासी ग्राम गढ़वा मजरा कोसम इनाम थाना व जनपद कौशाम्बी को 07 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक चन्दन सिंहमय हमराह पुलिस बल द्वारा हंसराज सरोज उर्फ पाण्डेय निवासी ग्राम म्योहर थाना करारी को 17लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## एडवांस लेकर टाइल्स मिस्त्री अधूरा काम छोड़कर गायब, मकान मालिक के पैसे वापस मांगने पर धमकी

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के चकसैनी गांव में प्रधान प्रतिनिधि के आवास में काम कर रहा टाइल्स मिस्त्री एडवांस लेकर अधूरा काम छोड़कर गायब हो गया, प्रधान प्रतिनिधि के पैसा वापस मांगने पर टाइल्स मिस्त्री धमकी दे रहा है, प्रधान प्रतिनिधि ने मामले की लिखित शिकायत सैनी पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के चकसैनी गांव निवासी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विशुन कुमार पटेल पुत्र हरिश्चंद्र ने रविवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके मकान का निर्माण हो रहा है जिसमें टाइल्स लगाने हेतु थोन गांव के एक टाइल्स मिस्त्री को कुल एक लाख 16 हजार रुपए सैनी गांव के एक व्यक्ति के माध्यम से दे दिया। विशुन कुमार का आरोप है कि टाइल्स मिस्त्री काम अधूरा छोड़कर गायब हो गया। जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो धमकी दे रहा है, मामले में विशुन ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

## श्री राम अधीन रामदास शर्मा स्कूल में ग्रामीणों ने सुनी प्रधानमंत्री मन की बात



लोकमित्र ब्यूरो

**सैनी, (कौशाम्बी)।** प्रधानमंत्री मन की बात का 117वां एपिसोड का आयोजन रविवार को विकास खंड कड़ा के दौलतपुर कसार में स्थित श्री राम अधीन रामदास शर्मा इंटर कॉलेज ने प्रधान संघ अध्यक्ष व भाजपा नेता अनिल शर्मा द्वारा विद्यालय परिसर में प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया । जिसमे मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं व विद्यालय के शिक्षक व छात्रों ने प्रधानमंत्री मन की बार को सुना । मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल के आखिरी रविवार को 117वीं बार मन की बात की। पीएम ने संविधान दिवस और महाकुंभ का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब हम कुंभ में भाग लें, तो समाज में विभाजन और नफरत की भावना को खत्म करने का संकल्प लें। इस दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष व भाजपा नेता अनिल शर्मा ने मौजूद लोगो को बताया कि अगले महीने 13 तारीख से प्रयागराज में महाकुंभ भी होने जा रहा है। इस समय वहां संगम तट पर जबरदस्त तैयारियां चल रही हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें।

## वृद्धा ने पड़ोसी पर लगाया मारपीट का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में घर के दरवाजे पर बैठी एक वृद्धा को पड़ोस का रहने वाला एक व्यक्ति गाली गलौज देने लगा, वृद्धा के विरोध करने पर पड़ोसी महिला ने वृद्धा के साथ मारपीट कर धमकी देने लगी, पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय कस्बे की रहने वाली उर्मिला पत्नी राम स्वरूप ने रविवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि शनिवार को वह अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी तभी पड़ोस का रहने वाला एक व्यक्ति गाली गलौच देने लगा जिसका विरोध करने दबंग ने पत्नी ने उसके साथ मारपीट कर धमकी देने लगी, वृद्धा ने दबंग पर कार्यवाही की मांग की है।

## फाइनेस कंपनी के संचालक पर दस लाख ठगी का आरोप केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के अलीपुर जीता गांव के एक व्यक्ति ने डंपर खरीदकर एक फाइनेस कंपनी से फाइनेस कराया था जिसके बाद लगातार किस्त जमा करने के बाद फाइनेस कंपनी के संचालक ने डंपर मालिक के साथ ठगी करते हुए दस लाख हजम कर गया और किस्त जमा नहीं किया जब डंपर मालिक ने एनओसी मांगी तो मामले की जानकारी सदर कोतवाली पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने फाइनेस कंपनी के संचालक के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।कड़ा धाम थाना क्षेत्र के अलीपुर जीता गांव के एहसान खां पुत्र वहीद खां ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह रहबर ट्रेडर्स के नाम से बालू, गिट्टी , सरिया, सीमेंट का थोक व फुटकर व्यापार करता है। एहसान खां ने बताया कि वह 6 साल पहले श्रीराम फाइनेस कंपनी से एक चौदह चक्का व तीन माह बाद बड़े भाई रहबर खां के नाम से 12 चक्का डंपर फाइनेस कराया था। जिसकी मासिक किस्त फतेहपुर शहर के हरिहर गंज निवासी आलोक कुमार मिश्रा पुत्र देव नारायण ले जाता था। एहसान खां के मुताबिक 14 चक्का डंपर की पूरी किस्त जमा करने के बाद फाइनेस कर्मचारियों द्वारा तीन साल पहले एनओसी दे दी गई जबकि 12 चक्का डंपर की पूरी किस्त जमा करने के बाद एनओसी नहीं दी गई। एहसान खां का आरोप है कि फाइनेस कंपनी के मैनेजर व कर्मचारियों की मिलीभगत से किस्त जमा नहीं की गई और भाई रहबर खां से कागजों पर धोखाधडी कर हस्ताक्षर करवा लिया और दस लाख रुपए की ठगी कर ली गई। एहसान खां की शिकायत पर पुलिस ने फाइनेस कंपनी के मैनेजर सहित कर्मचारियों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

## श्री विष्णु महायज्ञ समापन, भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



लोकमित्र ब्यूरो

**अजुहा, (कौशाम्बी)।** निष्काम भाव से ईश्वर की भक्ति करना ही सच्ची भक्ति है, प्रभु का सच्चा भक्त वही है जो भगवान से ही प्रेम करता है। सच्चे हृदय से उन्हें याद करता है। बदले में उनसे संसार की कोई भी वस्तु नहीं मांगता।

यह बात ग्राम विकास खंड कड़ा के भैरावा में स्थित श्री ओंकारेश्वर मंदिर परिसर में चल रहे नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ कथा के अंतिम दिन आचार्य कल्लू दूबे ने कही। कथा समापन के बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें कई गांवों के श्रद्धालु प्रसाद पाने पहुंचे।

श्री विष्णु महायज्ञ कथा समापन के बाद आचार्य द्वारा विधि विधान से हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया जहां बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अर्जुन सिंह, शत्रुघ्न सिंह, राम सजीवन मौर्य, राम किशुन, आशीष मौर्य, शिवराम मिश्रा, गोपीलाल मौर्य सहित ग्रामीण मौजूद रहें।

## खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु आवेदन करे प्रतिभागी

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु प्रतिभागी के आवेदन लिए जा रहे है। क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रविदा अधिकारी सौरभ आर्य ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड मूरतगंज के कृष्णा डोली ग्राउंड में दो व तीन जनवरी को एवं विकास खंड कड़ा लोहदा में उच्च प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय के पास चार व पांच जनवरी को आयोजित किया जाएगा। जिसमें सब जूनियर , सीनियर , महिला , पुरुष वर्ग खेल में प्रतिभाग करें सकते है। प्रतिभागी अपने आधार कार्ड के साथ सुबह नौ बजे उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स , कबड्डी , वालीबाल आदि का आयोजन किया जाएगा।

## पति ने दहेज की खातिर नव विवाहिता को घर लाने से किया इंकार

### ▶▶ दहेज में डेढ़ लाख रुपए और पल्सर बाइक की कर रहा मांग

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के लोधऊर गांव में पति ने दहेज की मांग पूरी न होने पर नव विवाहिता को ससुराल से विदा कराने से इंकार कर दिया। ससुरालियों ने उसकी बहुत मिन्नतें की मगर उसका दिल नहीं पसीजा। नवविवाहिता ने पिता के साथ पुलिस चौकी जाकर पति समेत ससुरालियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

संदीपन घाट थानाक्षेत्र के छोटी धन्नी गांव निवासी इरफान अहमद ने बताया कि उसने 25 नवम्बर 2024 को अपनी बेटी यास्मीन की शादी पिपरी थानाक्षेत्र के लोधऊर गांव निवासी फैयाज अहमद पुत्र वहाज उद्दीन के साथ की थी। विवाह में उसने अपने हैसियत के मुताबिक दान दहेज भी दिया था। शादी के बाद से ही पति समेत ससुरालीजन कम दहेज मिलने का उलाहना देने लगे। वह दहेज में डेढ़ लाख रुपये नकद और पल्सर बाइक की मांग करने लगे।दूसरे दिन मायके जाते समय युवक ने नवविवाहिता से कहा कि अब बाइक और पैसे लेकर ही ससुराल आना। यास्मीन ने मायके पहुंचते ही परिजनों को मामले की जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। उन्होंने किसी तरह बाइक खरीद लिया लेकिन पैसों का इंतजाम नहीं कर सके।फैयाज दो दिसंबर को पत्नी को बुलाने के लिए ससुराल पहुंचा। पत्नी से जानकारी मिलने के बाद कि बाइक खरीद लिया है। डेढ़ लाख रुपए का अभी इंतजाम नहीं हो सका है। इतना सुनते ही वह नाराज हो गया और पत्नी को घर ले जाने से इंकार करते हुए लौट गया।पति के लालची व्यवहार से निराश होकर नवविवाहिता ने पिता के साथ पुलिस चौकी लोधऊर जाकर आरोपी पति समेत ससुरालियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## शिकायत वापस न लेने पर महिला से मारपीट व धमकी, केस दर्ज

**सैनी, (कौशाम्बी)।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कुबरी घाट की रहने वाली एक महिला पड़ोसियों की शिकायत कर घर वापस लौटी तो पड़ोसियों ने शिकायत वापस लेने को कहा, पीड़िता के मना करने पर पड़ोसियों ने पीड़िता के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे , पीड़िता की शिकायत पर कड़ा धाम पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कुबरी घाट की रहने वाली पूनम निषाद पुत्री राम सुमेर ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि शुक्रवार को पड़ोसियों की शिकायत के लिए कड़ा धाम थाना गई थी ,

## बिजली के खंभे में करंट उतरने से महिला की मौत



मृतक की फोटो फाइल जगरानिया

लोकमित्र ब्यूरो

**बारा/ चम्पहा बाजार, (कौशाम्बी)।** कौशाम्बी थाना क्षेत्र के बनी खास ग्राम पंचायत में करंट लगने से जगरानिया दिवाकर पत्नी तीरथ दिवाकर की मौके पर मौत हो गई है। आपको बतादें कि महिला अपने घर से गेहूं के खेत में खाद डालने गई थी। खाद डालकर वापस आते समय रोड के किनारे खेत में बांधे कटीली तार को डाक कर घर वापस जा रही थी कंटीली तार बिजली के खंभे से बंधी थी तभी बिजली के खंभे से करंट उतरकर कटीली तार में पहुंच गया था जानकारी न के कारण महिला तार को डाक कर निकल रही थी तभी करंट की चपेट में आने से महिला तार में फंस गई। इसके बाद महिला की आवाज बंद हो गई करंट लगने के आधे घंटे तक महिला तड़पती रह गई। इसके बाद मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जैसे ही इसकी सूचना घर में पहुंची तो परिवार के लोग रोते हुए घटनास्थल पर पहुंच गए गांव में लोगों की भीड़ भी जमा हो गई। इसकी सूचना पूर्व सदर विधायक लाल बहादुर को मिली तो वह भी मौके पर पहुंच गए और थाना कौशाम्बी थाना पुलिस मौके वारदात पर पहुंची थाना प्रभारी उर्मिला सिंह अपने हमराहियों के साथ पहुंचकर शव का पंचनामा कराके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया घटना की जानकारी होते ही क्षेत्रीय लेखपाल और बिजली विभाग के कर्मचारी को हुई सभी मौके पहुंचे। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग के लापरवाही से ऐसी घटना हुई है।

## फार्मर रजिस्ट्री एवं किसान आईडी हेतु कैंप का हुआ आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** शासन के निर्देश के क्रम में ग्राम पंचायत कादीराबाद पंचायत भवन में फार्मर रजिस्ट्री एवं किसान आईडी हेतु कैंप में निरीक्षक प्रभारी राजस्व लेखपाल कृपा शंकर मिश्रा मौजूद रहे फार्मर रजिस्ट्री आफ किस आईडी हेतु कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने उपस्थित होकर फर्म रजिस्ट्रेशन किस आईडी बनवाने का कार्य किया जिसमें पहुंचे किसानों का दस्तावेज लेकर ऑनलाइन रजिस्ट्री की गई। राजस्व लेखपाल कृपाशंकर मिश्र द्वारा किसानों को जागृत किया गया और लाभार्थियों को बताया गया की रजिस्ट्री करवाना किस आईडी बनवाना जरूरी हैं। निरीक्षक प्रभारी राजस्व लेखपाल कृपा शंकर मिश्रा व प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह व कोटेदार विद्यासागर आदि लोग आदि लोग मौजूद रहें।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 141 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## सम्पादकीय

# कांग्रेस को गहन विचार-विमर्श करना चाहिए

मुमकिन है, इसके पीछे प्रमुख कारण अडानी के खिलाफ राहुल गांधी के लगातार हमले और उनकी कुछ दूसरी नीतियां रही हों। फिर भी वह वक्त अब निर्णायक मोड़ पर है, जब कांग्रेस को बन रहीं विपरीत परिस्थितियों पर गहन विचार-विमर्श करना चाहिए।इंडिया गठबंधन के अंदर कांग्रेस से अलगाव का रुझान और आगे बढ़ा है। अब नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि कांग्रेस गठबंधन का नेता बने रहना चाहती है, तो उसे यह स्थान मेहनत से कमाना पड़ेगा। अब्दुल्ला ने ईवीएम में हेरफेर को लेकर %रोने की प्रवृत्ति' से कांग्रेस को बाहर आने की सलाह भी दी और कहा कि उसे चुनाव नतीजों को स्वीकार करना सीखना चाहिए। इसके पहले गठबंधन के नेता के रूप में कांग्रेस या राहुल गांधी की हैसियत को ममता बनर्जी, शरद पवार और लालू प्रसाद यादव से प्रत्यक्ष एवं शिवसेना (उद्धव) और डीएमके से परोक्ष चुनौती मिल चुकी है। मुमकिन है कि इस प्रवृत्ति के पीछे प्रमुख कारण अडानी ग्रुप के खिलाफ राहुल गांधी के लगातार हमले और उनकी कुछ दूसरी नीतियां रही हों। इसके बावजूद वह वक्त अब निर्णायक मोड़ पर है, जब पार्टी को बन रहीं विपरीत परिस्थितियों पर गहन विचार-विमर्श करना चाहिए। यह तथ्य है कि कांग्रेस गठबंधन के अघोषित नेता के रूप में अपनी जिम्मेदारी को नहीं निभा पाई। लोकसभा चुनाव में आश्चर्यजनक अच्छे नतीजों के बाद तो वह जननायक परिघटना का ऐसे शिकार हुई कि उसे लगा अब राहुल गांधी की लहर चल रही है।इसका असर हरियाणा और महाराष्ट्र में सीट बंटवारे के दौरान उसके हठी रुख में नजर आया। संसद में किस मुद्दे को कितनी तरजीह देनी है, इस पर गठबंधन में आम सहमति बनाने की कोशिश के बजाय खुद मुद्दे तय कर लेने का उसका रुख भी इसी परिघटना से प्रभावित लगा है।राहुल गांधी ने बिना आज की सियासी हकीकतों को समझे जातीय पहचान की राजनीति को जिस तरह अपने एजेंडे में प्रमुखता दी है, उसका उलटा असर चुनावों के साथ-साथ संभवतः अन्य दलों के साथ कांग्रेस के रिश्तों पर भी हुआ है। फिर चुनावी राजनीति में रहते हुए खुद को इसके ऊपर दिखाने की कोशिश कभी कारगर नहीं होती। इसलिए यह अनिवार्य हो गया है कि कांग्रेस वर्तमान सामाजिक एवं राजनीतिक समीकरणों के प्रति बेहतर समझ बनाए और उसके अनुरूप अपना रुख तय करे। वरना, नरेंद्र मोदी विरोधी विपक्षी एकता की जो संभावना बनी थी, वह बिखर जाएगी।

**हमारा मकसद अपने बच्चें को एक अच्छा इंसान बनाना होना चाहिए, सफल तो वह स्वंय हो जायेगा ।**

# संभाल कर जाएं हॉस्पिटलों द्वारा फ्री लगने वाले मेडिकल कैम्प में



**अशोक भाटिया**

देश में कई संस्थाए फ्री मेडिकल चेकअप गरीब जनता के लिए भलाई के लिए लगाती है और इन केम्पों से केम्प में भाग लेने वाली गरीब जनता को बहुत लाभ भी मिलता है । इन केम्पों से गरीब जनता को फ्री जाँच ,डाक्टरी सलाह , इलाज वगेरह मिल जातें है । कई केम्पों में तो बड़ें बड़ें ऑपरेशन भी फ्री में हो जाते है । पर हाल ही में गुजरात के अहमदाबाद में एक बड़ा स्वास्थ्य घोटाला सामने आया है, जिसमें फर्जी तरीके से मेडिकल चेकअप लगाकर व आयुष्मान कार्ड बनाकर लोगों के ऑपरेशन किए गए। इस घोटाले के कारण दो लोगों की मौत हो गई और सात लोगों की जिंदगी भी खतरे में पड़ गई।बताया जाता है कि गुजरात के कई ख्याति हॉस्पिटल ने कई हेल्थ चेकअप कैंप लगाए थे, जिनमें से कुछ मेहसाणा के बोरीसाणा गांव में आयोजित किए गए थे। इन कैंपों में डॉक्टरों ने लोगों को यह बता दिया कि उनके दिल में समस्याएं हैं और उन्हें एंजियोप्लास्टी की आवश्यकता है। इसके बाद, सात मरीजों को ऑपरेशन किया गया और उनमें से दो की ऑपरेशन के बाद मौत हो गई। जब मरीजों के परिजनों ने इस घटना पर हंगामा किया, तो यह मामला सामने आया।चूँकि प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना (क्ष्द्धछ्ठ्ठ), जिसे आमतौर पर आयुष्मान भारत योजना के नाम से जाना जाता है, का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा देना है। लेकिन अब यह योजना इन हॉस्पिटलों के घोटाले का शिकार हो गई है, जिसमें कई लोगों के जीवन से खेला गया।अहमदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक गिरोह के 8 लोगों को गिरफ्तार किया है, जो 1500 रुपये लेकर 15 मिनट में किसी का भी आयुष्मान कार्ड बना देते थे। इस गिरोह में अस्पताल मालिक, डॉक्टर और आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अधिकृत वेंडर शामिल थे। यह गिरोह लोगों का स्वास्थ्य चेकअप कैंप लगाकर, उन्हें फर्जी बीमारियों का शिकार बताकर अस्पताल में भर्ती कर देता था। इसके बाद, अगर मरीज के पास आयुष्मान कार्ड था, तो उसे तुरंत ढ्ढष्टह्र में भर्ती किया जाता था और ऑपरेशन कर दिया जाता था। यदि मरीज के पास कार्ड नहीं था, तो उसे इमरजेंसी के नाम पर कार्ड बनवाया जाता था, और फिर ऑपरेशन कर दिया जाता था। इसके बाद, सारे बिल सरकार को भेजकर पैसा निकाल लिया जाता था।अब तक इस गिरोह ने लगभग 3000 आयुष्मान कार्ड बनाए हैं और इसके जरिए प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत 16 करोड़ रुपये निकाल चुका है। जांच में यह भी सामने आया कि ख्याति हॉस्पिटल का मालिक, अस्पताल के डॉक्टर, और कुछ एजेंसी के कर्मचारी इस गिरोह में शामिल थे। इस मामले के पर्दाफाश के बाद, पुलिस ने ख्याति अस्पताल को ब्लैकलिस्ट कर दिया है और इस घोटाले में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

आयुष्मान योजना के तहत, सरकार गरीबों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज देने का वादा करती है। यह योजना उन लोगों के लिए है जो खाद्य सुरक्षा योजना या किसी अन्य सरकारी योजना में रजिस्टर्ड होते हैं। आमतौर पर आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया काफी सरल होती है। अगर किसी का नाम सरकारी योजना में दर्ज होता है, तो केवल आधार कार्ड की कॉपी अपलोड करने से कार्ड बन जाता है। लेकिन इस घोटाले में, एजेंसी और अस्पताल के मालिक ने इस प्रक्रिया का गलत तरीके से फायदा उठाया।दरअसल गरीबों को आयुष्मान कार्ड बनाने में दिक्कत न हो, इसलिए आवेदन करने की प्रक्रिया बेहद साधारण है। अगर किसी का नाम खाद्य सुरक्षा योजना या गरीबों के लिए चलने वाली किसी भी योजना के तहत दर्ज है, तो आयुष्मान पोर्टल पर जाकर सिर्फ आधार कार्ड की कॉपी अपलोड करनी पड़ती है। अगर डेटा मैच हो गया तो तुरंत आयुष्मान कार्ड बन जाता है। लेकिन अगर किसी का डेटा मैच न हो या फिर उसका नाम किसी योजना में रजिस्टर न हो तो ऐसे लोगों को अपने डॉक्यूमेंट के वेरिफिकेशन के लिए आयुष्मान कार्ड सेंटर जाना होता है।डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का काम सरकार ने प्राइवेट एजेंसीस को दे रखा है। गुजरात में ये काम श्ठ्ठह्यद्दह्-ष्टश्वद्बह्वठ्ठद्बष्ड्डह्लद्बश्ठ् क्का ह्। स्त्र्रुस्र के पास है। ख्याति हॉस्पिटल के मालिक ने इस एजेंसी के साथ सांठगांठ कर रखी थी।

जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं होता था, उन्हें भर्ती करने के बाद सबसे पहले इस एजेंसी के पास उनके दस्तावेज भेजे जाते थे। इसके बाद 15 मिनट में आयुष्मान कार्ड बनकर आ जाता था। बात इतनी ही नहीं जिन लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाता वे शारीरिक रूप से स्वस्थ होते। इसके बाद आयुष्मान योजना के तहत ऑपरेशन किया जाता था। क्राइम ब्रांच के ज्वाइंट कमिश्नर शरद सिंघला बताते है कि उन्होंने आरोपियों की कहानी का सच जानने के लिए अपना आयुष्मान कार्ड बनाने को कहा तो आरोपियों ने 15 मिनट में ज्वाइंट कमिश्नर का आयुष्मान कार्ड बनाकर दे दिया।गुजरात पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की जांच में यह मामला सामने आया। अहमदाबाद के ज्वाइंट कमिश्नर शरद सिंघला ने अपने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आरोपियों से संपर्क किया और उन्हें 15 मिनट में कार्ड तैयार कर दिया गया। इस घटना के बाद, पुलिस ने इस गिरोह के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी। इसके अलावा, आयुष्मान कार्ड बनाने वाली कंपनी श्ठ्ठह्यद्दह्-ष्टश्वद्बह्वठ्ठद्बष्ड्डह्लद्बश्ठ् क्का ह्। स्त्र्रुस्र के कर्मचारियों ने भी भ्रष्टाचार के तहत कार्ड बनाने का काम किया था।इस घोटाले के खुलासे के बाद, केंद्र सरकार को आयुष्मान योजना के पोर्टल को अपडेट करने की जरुरत है सुनिश्चित किया जाए भविष्य में ऐसे मामलों को रोका जा सके। इसके अलावा, गुजरात के सभी अस्पतालों का ऑडिट करना जरुरी है इस घोटाले ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि भ्रष्टाचार करने वाले लोग किसी भी योजना का फायदा उठा सकते हैं और इसके जरिए आम लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर सकते हैं।मरीजों के परिजनों ने बताया कि अस्पताल ने बिना किसी अनुमति के ऑपरेशन किया और इसके लिए उनसे अतिरिक्त पैसे भी वसूले। एक मरीज के बेटे ने बताया कि उनके पिता का ऑपरेशन बिना उनकी सहमति के किया गया और 14 हजार रुपये अलग से वसूले गए। इस पूरे मामले के दौरान, अस्पताल के मेडिकल प्रशासन से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने जवाब देने से इंकार कर दिया और कहा कि वे जांच के दौरान पुलिस से ही बात करेंगे।यह घोटाला यह साबित करता है कि आयुष्मान योजना का उद्देश्य नेक था, लेकिन भ्रष्टाचार और लालच ने इसे बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया। सरकार को इस प्रकार के मामलों पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए, ताकि गरीबों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधाएं सही मायने में उन्हें मिल सकें।

अगर किसी को इस योजना में गड़बड़ी का सामना हो या कोई भी योजना का दुरुपयोग देखे, तो उन्हें इसकी सूचना सरकार को देनी चाहिए। गुजरात का तो यह कांड तो केवल एक उदहारण है , ऐसे कांड देश के किसी भी शहर में हो सकते है ।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

# एक्सल बार डेडलिफ्ट्स से आपकी पकड़ हो सकती है मजबूत, जानें इसे करने का तरीका

एक्सल बार डेडलिफ्ट्स एक खास एक्सरसाइज है, जो आपकी पकड़ को मजबूत बना सकती है। इस एक्सरसाइज में मोटे बार का उपयोग होता है, जिससे उंगलियों और हाथों की मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है।यह एक्सरसाइज न केवल हाथों की पकड़ को मजबूत बनाती है, बल्कि शरीर के अन्य हिस्सों को भी ताकतवर बनाती है।आइए आज के इस लेख में एक्सल बार डेडलिफ्ट्स एक्सरसाइज से जुड़ी अहम बातें जानते हैं।एक्सल बार डेडलिफ्ट करने के लिए सबसे पहले सही वजन चुनें, जो आपके लिए उपयुक्त हो। अपने पैरों को कंधे की चौड़ाई पर रखें और घुटनों को थोड़ा मोड़ें।अब अपने हाथों से एक्सल बार को पकड़ें और धीरे-धीरे खड़े होते हुए इसे ऊपर उठाएं। ध्यान रखें कि आपकी पीठ सीधी रहे और सिर आगे की ओर झुका न हो।जब आप पूरी तरह खड़े हो जाएं, तो कुछ सेकंड रुककर फिर धीरे-धीरे वापस नीचे आएं।एक्सल बार डेडलिफ्ट करने से कई फायदे होते हैं।

इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि इससे आपकी ग्रिप स्ट्रेंथ यानी पकड़ने की ताकत बढ़ती है, जो रोजमर्रा के कामों में सहायक होती है।इसके अलावा, यह एक्सरसाइज आपके कंधे, पीठ और पैरों की मांसपेशियों को भी मजबूत बना सकती है।नियमित रूप से इस एक्सरसाइज का अभ्यास करने से आपका शरीर संतुलित रह सकता है और चोट लगने का खतरा कम हो सकता है।इस एक्सरसाइज के दौरान कुछ सावधानियां बरतना जरूरी होता है, ताकि चोट लगने का खतरा न रहे। सबसे पहले, सही वजन चुनें, जो आपके शरीर के लिए उपयुक्त हो। बहुत ज्यादा या बहुत कम वजन उठाने से बचें।अपनी पीठ को सीधा रखें, ताकि रीढ़ पर अनावश्यक दबाव न पड़े और संतुलन बना रहे। अगर किसी भी प्रकार का दर्द महसूस हो, तो तुरंत रुक जाएं और डॉक्टर की सलाह लें।

अगर आप एक्सरसाइज में बदलाव चाहते हैं तो सिंगल आर्म डेडलिफ्ट या स्नैच ग्रिप डेडलिफ्ट्स जैसी विविधताएं आजमाएं। ये एक्सरसाइज अलग-अलग मांसपेशियों पर काम करती हैं और नई चुनौती देती हैं।इसके अलावा, आप इन्हें स्क्वाट या बेंट ओवर रो जैसी अन्य एक्सरसाइज के साथ जोड़ सकते हैं, ताकि पूरे शरीर का विकास हो सके और कसरत में विविधता आ सके।इन बदलावों से आपकी पकड़ की ताकत भी बढ़ेगी और एक्सरसाइज का मजा भी दोगुना होगा।

## सरोकार

# नया साल सिर्फ़ जश्न नहीं, आत्म-परीक्षण और सुधार का अवसर भी



**-प्रियंका सौरभ**

एक नया साल एक नई शुरुआत है। यह एक नए जन्म की तरह है। नया साल शुरू होते ही हमें लगता है कि हमें अपने जीवन में बदलाव करने, नई राह पर चलने, नए काम करने और पुरानी आदतों, समस्याओं और कठिनाइयों को अलविदा कहने की ज़रूरत है। अक्सर हम नई योजनाएँ और नए संकल्प बनाने लगते हैं। हम उत्साहित, प्रेरित और आशावान महसूस कर सकते हैं, लेकिन कभी-कभी आशंकित भी होते हैं। कवियों और दार्शनिकों ने अक्सर दोहराया है कि भविष्य में जो कुछ भी करना है, उसमें जीवन ने जो सबक हमें सिखाया है, उसे लागू करना ज़रूरी है। लेकिन यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल है।लोग एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हैं। संदेश, ग्रीटिंग कार्ड और उपहारों का आदान-प्रदान नए साल के जश्न का अभिन्न अंग है। मीडिया कई नए साल के कार्यक्रमों को कवर करता है, जिन्हें दिन के अधिकांश समय प्राइम चैनलों पर दिखाया जाता है। जो लोग घर के अंदर रहने का फ़ैसला करते हैं, वे मनोरंजन और मौज-मस्ती के लिए इन नए साल के शो का सहारा लेते हैं।नया साल सिर्फ़ जश्न मनाने का समय नहीं है, बल्कि आत्म-परीक्षण और सुधार का अवसर भी है। अतीत की गलतियों से सीखते हुए हमें अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए। आइए हम अपने लक्ष्यों को स्पष्ट करें और उन्हें प्राप्त करने की योजना बनाएँ। आइए हम नकारात्मकता को पीछे छोड़ें और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएँ। आइए हम ज़रूरतमंदों की मदद करके समाज के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी निभाएँ। आइए हम आत्म-विकास के लिए प्रयास करते रहें और नई चीज़ें सीखते रहें। लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनते हैं और मौज-मस्ती से भरी



गतिविधियाँ करते हैं जैसे गाना, खेलना, नाचना और पार्टियों में जाना। नाइट क्लब, मूवी थिएटर, रिसॉर्ट, रेस्टोरेंट और मनोरंजन पार्क हर उम्र के लोगों से भरे हुए हैं। आने वाले साल के लिए नए संकल्पों की योजना बनाने की सदियों पुरानी परंपरा आम है। कुछ सबसे लोकप्रिय संकल्पों में वज़न कम करना, अच्छी आदतें विकसित करना और कड़ी मेहनत करना शामिल है। आज के समय में, जब पर्यावरण के मुद्दे एक गंभीर चिंता का विषय हैं, तो पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तरीकों से नए साल का जश्न मनाना हमारी जिम्मेदारी बन जाती है। पटाखों का उपयोग कम करना, पेड़ लगाना और जल संरक्षण इस दिशा में सकारात्मक क़दम हो सकते हैं।नया साल हमें अतीत की कड़वाहट को भूलकर नए रिश्ते शुरू करना सिखाता है। आइए हम एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सद्भावना व्यक्त करें। आइए हम उन लोगों को सही रास्ते पर लाने का प्रयास करें जो अपना रास्ता भूल गए हैं। भगवद गीता में भगवान कृष्ण की शिक्षाएँ हमें याद दिलाती हैं कि हमें अपना काम करना चाहिए और परिणाम भगवान पर छोड़ देना चाहिए। नया साल सिर्फ़ कैलेंडर बदलने के बारे में नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन को एक नई दिशा देने का अवसर है। यह नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने का समय है। आइए हम सब मिलकर इस नए साल को अपने और समाज के लिए बदलाव का साल बनाएँ। अब, सभी चमक-दमक के बीच, नए साल का दिन कुछ गंभीर सोच-विचार का भी समय है। हाँ, हम आत्मनिरीक्षण के बारे में बात कर रहे हैं-पिछले साल को पीछे देखते हुए और यह पता लगाते हुए कि हमने क्या सीखा है। क्या हमने आखिरकार मकड़ियों के डर पर विजय प्राप्त की? क्या हमने उन लोगों के साथ पर्याप्त समय बिताया जो सबसे ज़्यादा मायने रखते हैं? यह कुछ हद तक हमारे जीवन की मुख्य घटनाओं को स्क्रॉल करने और यह सोचने जैसा है, ÷वाह, क्या मैंने वाकई ऐसा किया?÷ एक पेड़ लगाएँ, अपने भविष्य के लिए एक पत्र लिखें, या बोर्ड गेम का लुत्फ़ उठाएँ। इसे अपने लिए अनोखा बनाएँ और हर साल इसका इंतज़ार करें। अब, इस तरह से आप एक परंपरा की शुरुआत कर सकते हैं! नए साल के दिन सोच-समझकर उपहार देकर प्यार फैलाएँ। यह क़ीमत के बारे में नहीं बल्कि इशारे के पीछे की भावना के बारे में है। एक हस्तलिखित नोट, एक व्यक्तिगत ट्रिंकेट, या एक हार्दिक संदेश दुनिया भर में अंतर ला सकता है जब आप उन लोगों के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हैं जो सबसे ज़्यादा मायने रखते हैं। अक्सर, हम या तो इसे महसूस नहीं करते या इसे स्वीकार करने से इनकार करते हैं और एक ऐसी कहानी लिखने की कोशिश करते हैं जो पहले ही ख़त्म हो चुकी है। ऐसे समय में हमें याद रखना चाहिए कि कभी-कभी क़लम को नीचे रखना ठीक होता है। बंद दरवाज़े से जूझना ठीक नहीं है। इससे चिपके रहने से आप दूसरी तरफ़ की खिड़की को देख नहीं पाते। जैसा कि माइंडफुलनेस प्रैक्टिशनर कहते हैं, सबसे बड़ी सच्चाई यह है कि नए सिरे से शुरुआत करने के लिए आपके पास मौजूद पल से बेहतर कोई समय नहीं है। नए साल की सुबह, सबसे अच्छी स्थिति में, केवल सही सेटिंग ही बना सकती है; बाकी, जैसा कि वे कहते हैं, सब आपके भीतर है। हालाँकि, आप नए साल के दिन 2025 को धूम मचाने का फ़ैसला करते हैं, इसे यादगार बनाते हैं। ऐसे नाचें जैसे कोई देख नहीं रहा हो, ऐसे हँसें जैसे यह अब तक का सबसे अच्छा मज़ाक हो और अपने दोस्तों को ऐसे गले लगाएँ जैसे आपने उन्हें एक दशक से नहीं देखा हो। क्योंकि अंदाज़ा लगाइए क्या? 2025 आपका चमकने का साल है। तो, आइए इसे यादगार बनाएँ, इसे यादगार बनाएँ और इसे ख़ास बनाएँ! नई शुरुआत के जादू के लिए चीयर्स!

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### किसी से कुछ कह भी नहीं सकता.....


मैं कभी तुम्हारे जैसा हो नहीं सकता,
मैं चाहकर भी तुम्हें खो नहीं सकता।
तुम मेरे बगैर आराम से रह सकते हो,
मैं तेरे बिना सुकून से सो नहीं सकता।
तुम्हें हंसते हुए देख खुश हो जाता हूं,
मैं किसी के सामने रो ही नहीं सकता।
तुमने बेवजह अपने रास्ते बदल लिए,
मैं तुम्हें कोई भी दोष दे नहीं सकता।
तुम्हारे दिए सब ज़ख्म मेरे दिल में हैं,
मैं इन्हें किसी को दिखा नहीं सकता।
जिंदगी में तुम्हारे पनाह की चाहत थी,
मैं तेरे बिना मुस्कुरा भी नहीं सकता।
तुमने बता दिया अपना दर्द ज़माने को,
मैं किसी से कुछ कह भी नहीं सकता।



**भारतेन्द्र कुमार त्रिपाठी**
**शिक्षक, प्रयागराज**

### नये साल की इतनी आशा

नये साल की इतनी आशा
मिटे त्रास और मिटे निराशा
सुख ही सुख बरसे हर घर में
रहे न मन में दुख या निराशा
सबके लिये समय शुभ आये
हो खुशियों से भरी विपाशा
नयी चाह की नये राह पर
नयी जीत की बस प्रत्याशा
तंग हाथ से भी यारों में
बँटे गुड़ भले बँटे बताशा
बीती बातों को भूले हमें
ऐसे हमने खुशी तलाशा



**साधना सिंह**
**गोरखपुर**

### नई भोर का स्वागतम

मिटे सभी की दूरियाँ, रहे न अब तकरार।
नया साल जोड़े रहे, सभी दिलों के तार।।
बाँट रहे शुभकामना, मंगल हो नववर्ष।
आनंद उत्कर्ष बढ़े, हर चेहरे हो हर्ष।।
माफ करो गलती सभी, रहे न मन पर धूल।
महक उठे सारी दिशा, खिले प्रेम के फूल।।
गर्वित होकर जिंदगी, लिखे अमर अभिलेख।
सौरभ ऐसी खींचिए, सुंदर जीवन रेख।।
छोटी सी है जिंदगी, बैर भुलाये मीत।
नई भोर का स्वागतम, प्रेम बढ़ाये प्रीत।।
माहौल हो सुख चैन का, खुश रहे परिवार।
सुभग बधाई मान्यवर, मेरी हो स्वीकार।।
खोल दीजिये राज सब, करिये नव उत्कर्ष।
चेतन अवचेतन खिले, सौरभ इस नववर्ष।।
आते जाते साल है, करना नहीं मलाल।
सौरभ एक दुआ करे, रहे सभी खुशहाल।।
हँसी-खुशी, सुख-शांति हो, खुशियां हो जीवंत।
मन की सूखी डाल पर, खिले सौरभ बसंत।।



**-डॉ सत्यवान सौरभ**

## राशिफल

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज किसी समस्या को हल करने में आपका सहयोग सकारात्मक रहेगा। आस-पड़ोस की सामाजिक गतिविधियों में आपका वर्चस्व रहेगा। प्रॉपर्टी से संबंधित कोई काम हल होगा। |
| वृष | आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों को आज बहुत अधिक मेहनत की जरूरत है। आज आप लेनदेन को स्थगित रखेंगे तो आने वाली किसी समस्या से बच जायेंगे । इस राशि के लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपकी कोई ऑफिशियल यात्रा संभव है। |
| मिथुन | आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है । आज कार्यों को सुचारु रूप से करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी। हालांकि सही समय पर उचित निर्णय लेने से आपकी काफी समस्याएं हल भी हो जाएंगी। इस समय कोई नया कार्य शुरू न करें, आज के कामों को ही व्यवस्थित करने पर ध्यान देंगे । ऑफिस में आपका प्रभुत्व बना रहेगा। |
| कर्क | आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को हल्का-फुल्का और खुशनुमा बनाये रखेगा साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी जो लोग आपके विरोधी हैं आज ऑफिस में के काम में आपकी राय मागेंगे। सरकारी विभाग के लोगों की नौकरी में सुखद परिवर्तन आयेगा। ट्रान्सफर से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी। |
| सिंह | आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज जल्दबाजी में कोई भी फैसला न लें, न ही दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करें। संतान की कोई नकारात्मक गतिविधि का पता चलने से आपकी चिंता बढ़ सकती है जिसे आप किसी की सहायता से सुलझा लेंगे। परिस्थितियों को गुस्से में हल न करें, धैर्य रखेंगे तो सब जल्दी ही ठीक हो जायेगा । |
| कन्या | आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपका खुशनुमा दिन बीतेगा। मित्रों के साथ हास-परिहास और मनोरंजन का मौका मिलेगा। अगर प्रॉपर्टी के सेल-परचेज संबंधी कोई योजना बन रही है तो उस पर तुरंत अमल करें। लाभदायक योग बन रहे हैं। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगें। |
| तुला | आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज स्टूडेंट अपनी योग्यता से कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। पारिवारिक और व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना रहेगा। किसी भी काम को जल्दी पूराकरने की सोच रखें। बच्चे की गलती से निराशा हो सकती है। आवेश में आने की बजाय सहजता से मामला सुलझाने की कोशिश करें। |
| वश्चिक | आज का दिन आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। कारोबार में कुछ न कुछ चुनौतियां रहेंगी, हालांकि आपकी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। रुकी हुई पेमेंट मिलने से आर्थिक पक्ष सामान्य रहेगा। लवमेट एक-दूसरे के लिए उचित सामंजस्य और सहयोग की भावना रखें। |
| धनु | आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुये है। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज व्यक्तिगत काम के समय आप घबराने की बजाय परिस्थितियों का समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे और इसमें आप सफल भी होंगे। परिवारिक सदस्य की किसी उपलब्धि से घर में उत्सव का माहौल रहेगा। |
| मकर | आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। घर के कामों में आपका पैसा लग सकता है। कोई भी फैसला शांति से लें। आज बातचीत करने में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है। आज आपके किसी उच्च्च अधिकारी से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आपका कोई नया काम शुरू हो सकता है। |
| कुम्भ | आज का दिन आपके लिये खास होने वाला है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सम्मान दिलाएगा। पारिवारिक संबंधों में गहराई और अपनापन आपको महसूस हो सकता है। आज किसी समारोह के होने कारण से आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है जिसे आप बखूबी पूरा भी करेंगे । |
| मीन | आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में दौड-धूप करेंगे। इस राशि के छात्र जो तैयारी कर रहे हैं, उन्हें सफलता जल्द मिलेगी। आज दान पुण्य के कार्यो में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज आपकी बातों से दोस्त प्रभावित होंगे। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। बिजली व्यापारियों को आज अधिकतम लाभ होगा। |



# किशोरी की बरामदगी को लेकर स्वर्ण आर्मी ने किया थाने का घेराव एवं धरना-प्रदर्शन



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** ढाई महीने पहले अपहृत की गई किशोरी की बरामदगी के लिए स्वर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं में थाने का घेराव किया। साथ ही थाने के बाहर सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया।महेशगंज थाना क्षेत्र के गांव बोधी का पुरवा के रहने वाले एक व्यक्ति की 15 वर्षीय बेटी को गांव का ही किशोर अंकित सरोज उर्फ गोलू पुत्र बंशीलाल सरोज भगाकर कर ले गया था। इस पर परिजनों की शिकायत पर महेशगंज पुलिस ने आरोपी किशोर के खिलाफ बीएनएस एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया था। लेकिन ढाई महीने बाद भी किशोरी की बरामदगी न होने पर स्वर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को थाने का घेराव किया। स्वर्ण आर्मी के राष्ट्रीय महासचिव शिवम सिंह की अगुवाई में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक आरोपी की गिरफ्तारी और अपहृत किशोरी को बरामद नहीं किया जाता वह लोग धरना प्रदर्शन करेंगे। यह कहते हुए कुंडा जेठवारा मार्ग पर थाने के सामने धरने पर बैठ गए। करीब दो घंटे बाद सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर पहुंचे तो स्वर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं ने पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इसमें अपहृत की गई किशोरी को एक सप्ताह में बरामदगी,आरोपी का एनकाउंटर और कुर्की की कार्रवाई आदि मांगे शामिल थी। इस दौरान जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा, संतोष मिश्रा ,रवि द्विवेदी, प्रशांत तिवारी ,राज शुक्ला समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस और पीएसी रही तैनात

स्वर्ण आर्मी द्वारा महेशगंज थाने का घेराव करने की पूर्व सूचना मिलने पर महेशगंज थाने पर रविवार को महेशगंज और बाघराय की पुलिस फोर्स के अलावा पीएसी बल के जवान भी सड़क पर तैनात रहे। इस दौरानस्वर्ण आर्मी के कार्यकर्ता थाने के सामने ही धरना प्रदर्शन करते रहे। एलआईयू इंस्पेक्टर अतुल पांडे और तहसीलदार कुंडा भी मौके मौजूद रहे।

# अमृतलाल गौतम बने बसपा के रानीगंज विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष



लोकमित्र ब्यूरो

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों के तहत मुख्य मंडल प्रभारी के आदेश पर अमृतलाल गौतम को बहुजन समाज पार्टी प्रतापगढ़ जिले के विधानसभा क्षेत्र रानीगंज का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। श्री गौतम वर्तमान में नगर पंचायत सुवंशा के नगर अध्यक्ष थे। नए पद पर उनके मनोनयन से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। यह जानकारी बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सुशीलकुमार गौतम एडवोकेट ने दी।

# बड़े लोग बुद्धिमान होते हैं,जो समय पर देते हैं जबाब- स्वामी लक्ष्मणाचार्य जी



लोकमित्र ब्यूरो

**बिहार प्रतापगढ़।** विकासखंड बिहार के ग्रामसभा नेवादा टेकी पट्टी, बिहार, में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम/ समापन दिवस के अवसर पर कथाव्यास श्री श्री 1008 जगतगुरु स्वामी लक्ष्मणाचार्य जी महाराज का मुख्य यजमान पूर्व डीएसपी विनोद कुमार सिंह व उनकी पत्नी कुसुम सिंह ने आरती सहित अभिनन्दन किया। इस दौरान उनके अनुज यशवंत बहादुर सिंह पूर्व प्रधान तथा पूरे परिवार ने व्यास जी का माल्यार्पण करके अभिवादन किया। कथा के अन्तिम दिवस कथाव्यास ने सुदामा चरित्र तथा परीक्षित मोक्ष का विशद विवेचन किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि देश समाज में चारित्रिक गुणवत्ता से परिपूर्ण,धनधान्य बुद्धि कौशल में प्रवीण लोग बड़े लोगों की श्रेणी में स्थान प्राप्त करते हैं। बड़े लोग बेहद बुद्धिमान किस्म के भी होते है,जो समय की अनुकूलता को देखते हुए किसी भी बात का तर्कपूर्ण जवाब दिया करते हैं। ऐसे लोग ही सही मायनों में बड़े लोगों की श्रेणी के काबिल व्यक्ति होते हैं। इस अवसर पर जनपद के गणमान्य व्यक्तियों के अतिरिक्त बाराबंकी, लखनऊ, फतेहपुर तथा आसपास के जिलों के श्रद्धालु बी एन सिंह स्मारक शैक्षणिक संस्थानों के समस्त स्टाफ के अतिरिक्त अ.भा. क्ष. क.प. के जिला अध्यक्ष रामलखन सिंह, अनिरुद्ध सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता देवेश सिंह चौहान, इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक हरेन्द्र सिंह, अमेरिका में कार्यरत वरि.इंजी. योगेन्द्र सिंह , सी डी आर आई लखनऊ के विभागाध्यक्ष डा.बी.एन. सिहं सहित कई प्रोफेसर मौजूद रहे।

# राजा भइया ने राज भवन बेंती में जनता की समस्यायों का किया निस्तारण



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया बीते कई दिनों से जनता दरबार में जनता की समस्याओं को सुनकर निस्तारण कर रहे हैं।

रविवार को भी राज भवन बेंती में आयोजित जनता दरबार में प्रदेश भर से आए हुए लोगों की समस्याओं को सुनकर गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण करने के लिए अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, कुंडा चेयरमैन प्रतिनिधि शिव कुमार तिवारी भगवन, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, कुंडा प्रमुख संतोष सिंह, पूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, लवलेश तिवारी बऊवा प्रधान जहानाबाद, सज्जन शुक्ला प्रधान,रंग बहादुर सिंह कुंडा,शिवम मिश्रा, हनुमान प्रसाद पांडेय, एडवोकेट पंकज त्रिपाठी, विनीत पांडेय रामनगर, आजाद सिंह परसीपुर दिव्यांशु गुप्ता बाबूगंज, विनय मिश्रा बाबा हथिगवां, मनोज सिंह कानांवा, अन्नू सिंह टिकरिया, सुमित तिवारी फूलमती समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना, रुपेंद्र शुक्ला राजापुर सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# रंजिश में युवती को पीटकर किया घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के बाबा का पुरवा बदगवा निवासी आराधना यादव (22)पुत्री छब्बेलाल को पुरानी रंजिश के चलते उसके पड़ोस की ही कुछ युवतियों ने मारपीट करके घायल कर दिया। इससे उसके दाहिने हाथ में फैक्चर हो गया। घायल युवती ने महेशगंज थाने में तहरीर दी तो पुलिस ने उसे इलाज के लिए सीएचसी महेशगंज में भर्ती कराया।

# वारंटी को किया गिरफतार, भेजा जेल

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के हीरागंज निवासी लाल सिंह पुत्र बूटी सिंह को 2008 में मऊआइमा जनपद प्रयागराज में हुए हत्या के प्रयास के मुकदमे के संबंध में जारी वारंट के आधार पर महेशगंज पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक अंशु सिंह सेंगर मय हमराह मौजूद रहे।

# अटेवा नायक विजय बन्धुजी का सपना, पुरानी पेंशन की पुन: बहाली एवं निजीकरण वापस हो-ज्योति शिखा मिश्रा

## ▶▶ मीडिया एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच,उप्र द्वारा शहर के एक मैरिज हाल मे मीडिया सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता जिला संरक्षक डा.विनोद त्रिपाठी तथा संचालन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र विमल ने किया। सम्मान समारोह में सदस्यता के मामले में वर्ष 2024 मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ज्योति शिखा मिश्रा प्रदेश सहप्रभारी महिला प्रकोष्ठ अटेवा उत्तर प्रदेश ने कहा कि एन.एम.ओ.पी.एस.राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बन्धुजी का पहला और अंतिम सपना है कि पुरानी पेंशन की बहाली तथा निजीकरण वापस हो आज धीरे धीरे देश की सभी सरकारी संस्थाओं का निजीकरण होता जा रहा है। जो बहुत ही दुर्भाग्य की बात है। सी.पी.राव जिलाध्यक्ष ने कहा कि मीडिया देश की प्रमुख स्तम्भों मे एक है।आज लाखों कर्मचारियों के मुद्दे को जन जन तक पहुंचाने मे इलेक्ट्रॉनिक तथा प्रिंट मीडिया का बहुत बडा योगदान है।संगठन की मजबूती के लिए पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया।



विनय प्रताप सिंह जिला महामंत्री ने बताया कि पेंशन आंदोलन को आगे बढाने के लिए मीडिया ने अपनी लेखनी से बहुत तेजी से धार दी है। पार्वती विश्वकर्मा जिला संयोजिका ने कहा कि किसी भी संस्था या आंदोलन को सफल बनाने मे महिलाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान होता है।अतः अटेवा की ताकत महिलाएं है।अध्यक्षता करते हुए मण्डलीय महामंत्री डा.विनोद त्रिपाठी ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एंव भारतीय लोकतंत्र के प्रमुख स्तम्भ को सैल्यूट किया।

अटेवा के संघर्षो और पुरानी पेंशन की बहाली हेतु मीडिया ने सदैव प्रमुखता दी है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे सुरेन्द्र विमल ने बताया कि हमें अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति सचेत रहते हुए अपने मुद्दे और आंदोलन को मजबूती प्रदान करना है।कार्यक्रम मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्लाक प्रथम विहार, द्वितीय लक्ष्मणपुर, तृतीय आसपुर देवसरा की कार्यकारिणी, जनपद के लगभग 20 पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को शिक्षिका सुश्री लीलावती, फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल पाण्डेय, वरिष्ठ शिक्षक राकेश कन्नौजिया, आई टी सेल के वेद प्रकाश सरोज, राजेन्द्र वर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, उदय सिंह विजय शंकर गुप्ता,संजय यादव, सोशल मीडिया प्रभारी विश्व दीप सिंह ने विचार ब्यक्त किया।

# निधन पर कायस्थ सभा ने जताया शोक व्यक्त



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** कुंडा के गांधी नगर निवासी आशीष श्रीवास्तव के इकलौते पुत्र मानित श्रीवास्तव (अंश) की विगत 23 दिसंबर को नोएडा में मार्ग दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया। इस कारण कुंडा में कायस्थ सभा द्वारा शोक सभा आयोजित की गई। इसमें सभा के सदस्य तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा 2 मिनट का मौन रखा गया एवं ईश्वर से प्रार्थना की गई कि शोक संतप्त परिजनों को असीम धैर्य प्रदान करें। इस अवसर पर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष - डॉ विकास चन्द्र, ब्लॉक अध्यक्ष बाबागंज - प्रवीण श्रीवास्तव, संगठन मंत्री - अवनींद्र कुमार, संरक्षक - रंजीत श्रीवास्तव, अवनीश रंजन श्रीवास्तव एडवोकेट, राजेन्द्र प्रसाद, श्रीकांत पाल,राकेश श्रीवास्तव समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दौरे पर बिहार ब्लॉक के मीरा देवी इंटर कॉलेज पहुंचे शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी




## ▶▶ कहा-गांव में बुनियादी स्तर पर हर समस्याओं का होगा समाधान

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** बिहार ब्लॉक के विद्यालयों के दौरे के दौरान लोदीपुर देवरपट्टी स्थित मीरा देवी इंटर कॉलेज में पहुंचे शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी का विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार त्रिपाठी ने माल्यार्पण करके जोरदार स्वागत किया। शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी ने मीरा देवी इंटर कॉलेज के सभी स्टाफ के साथ परिचय एवं वार्ता भी किया और उनकी समस्याएं भी सुना। इस दौरान शिक्षक एमएलसी ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति के दुःख सुख में शामिल होने का प्रयास करना चाहिए। लोगों को अपने साथ जोड़ने के लिए किसी पार्टी या संगठन की आवश्यकता नहीं है। हमारे लिए हर व्यक्ति सम्मानित है। उन्होंने कहा कि समय रहते हमें बूथ स्तर तक मजबूत टीम तैयार कर लेना चाहिए। सभी का सम्मान करते हुए सबके लिए हमेशा उपलब्ध रहने का प्रयास किया जाना चाहिए। गांव के लिए बुनियादी स्तर पर समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहना चाहिए। इस दौरान विद्यालय के संचालक अजय कुमार त्रिपाठी, रामकुमार यादव, शिवमूर्ति यादव, रमेश कुमार , सुरेश मोदनवाल , बबलू यादव, अमित पाल आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

# आचार्य किशोर कुणाल की मृत्यु आध्यात्मिक सामाजिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति-मनीष पांडेय

**अयोध्या ।** पटना महावीर मंदिर न्यास के सचिव पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं अयोध्या राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य रहे आचार्य किशोर कुणाल 74 वर्ष की आयु में हृदयाघात के कारण हुए निधन पर हिंदू महासभा द्वारा शोक व्यक्त किया गया है हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा है कि पूर्व आईपीएस अधिकारी अचार किशोर कुणाल की मृत्यु सामाजिक राजनीतिक धार्मिक व आध्यात्मिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है, प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत होने के पश्चात उन्होंने अपना जीवन समाज सेवा और आध्यात्मिक सेवा के लिए न्योछावर कर दिया राम जन्मभूमि वाद में भी वे एक पक्षकार थे, आचार्य किशोर कुमार ने अनेक पुस्तक लिखी जिसमें प्रमुख रूप से दमन दक्षों का तथा अयोध्या राम जन्म भूमि विवाद से संबंधित अयोध्या रिविजिटेड प्रमुख है


# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए स्कूल के संचालक एवं प्रधानाचार्य सम्मानित



**खेमीपुर प्रतापगढ़।** रॉयल हाई पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रंजीत जयसवाल और प्रधानाध्यापक डॉक्टर आमिर वसीम को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सिंघानिया एजुकेशन कांक्लेव प्रयागराज की तरफ से सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रहे विद्यालय के संचालक व प्रधानाध्यापक व अध्यापक को सम्मानित करने के लिए प्रयागराज के होटल कन्हा श्याम में सम्मान समारोह के रूप में किया गया था। बता दे कि कुंडा क्षेत्र के रॉयल हाई पब्लिक स्कूल में पढ़ रहे विद्यार्थियों को अच्छी उत्कृष्ट शिक्षा दे रहे विद्यालय के संचालक रंजीत जयसवाल रविवार को प्रयागराज के होटल कन्हा श्याम में सिंघानिया एजुकेशन कॉन्क्लेव ग्रुप की तरफ से सम्मानित किया गया।इस मौके पर सिंघानिया ग्रुप के डायरेक्टर बृजेश करिया उपस्थित रहे। प्रदेश व जिले के वह विद्यालय संचालक जो शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा योगदान दे रहे हैं उनके लिए खास तौर पर सिंघानिया ग्रुप की तरफ से सम्मान समारोह किया गया था।

# पर्यटन के जरिए अयोध्या में दिखेगा दस का दम

## 2025 में तकरीबन 6 करोड़ के प्रोजेक्ट से झूम उठेगा रामनगरी का पर्यटन



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** अयोध्या में विराजमान होने वाले रामलला की कृपा 2025 में इस धरा पर बरसेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने आराध्य की नगरी को पर्यटन की दृष्टि से विश्व के मानचित्र पर दर्शाने के लिए तकरीबन 6 करोड़ का प्रोजेक्ट धरातल पर उतारेंगे। इसके लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने सभी 10 प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार कर ली है। इनमें चौराहों को सुसज्जित करने के रामायण के प्रसंगों से जुड़ीं मूर्तियां व द्वार बनने हैं। प्रोजेक्ट के पूरा होते ही अयोध्या के पर्यटन में और चार चांद लग जाएंगे। सभी प्रोजेक्ट का काम परिक्रमा मार्ग पर ही प्रस्तावित है। भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद अयोध्या में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ये श्रद्धालु राम मंदिर, हनुमामगढ़ी के अलावा अन्य मंदिरों में दर्शन पूजन करने के बाद पर्यटन स्थलों पर भी जाते हैं। इसमें दर्शननगर स्थित सूर्यकुंड सबसे अव्वल है। इसके बाद गुप्तार घाट, लता चौक व राम की पैड़ी समेत अन्य स्थलों पर भी पर्यटकों की काफी भीड़ होती है। शासन-प्रशासन की मंशा है कि अयोध्या पहुंचने वाला हर एक श्रद्धालु यहां 5 से 6 दिन अवश्य बिताए। इस लिहाज से अयोध्या को सजाने का कार्य किया जा रहा है।

प्रोजेक्ट की लागत व प्रस्तावित स्थल 1-शंख:* यह मूर्ति परिक्रमा मार्ग पर दीनबंधु चिकित्सालय के तिराहे पर लगाई जानी है। प्रोजेक्ट की लागत 40.43 लाख है। परियोजना में आरसीसी फाउंडेशन व एफआरपी मटेरियल से बनी मूर्ति के साथ रोटरी का विकास व सुधार कार्य प्रस्तावित है।2-कलश:इस मूर्ति का निर्माण जनौरा तिराहा पर किया जाना है। प्रोजेक्ट की लागत 40.43 लाख है। परियोजना में आरसीसी फाउंडेशन व एफआरपी मटेरियल से बनी मूर्ति के साथ रोटरी का विकास व सुधार कार्य प्रस्तावित है।3-व्हील आफ लाइफ: प्रस्तावित मूर्ति का निर्माण परिक्रमा मार्ग नाका हनुमानगढ़ी तिराहा पर किया जाना है। प्रोजेक्ट की लागत 15.75 लाख रुपये है। परियोजना में आरसीसी फाउंडेशन व एफआरपी मटेरियल से बनी मूर्ति के साथ रोटरी का विकास व सुधार कार्य प्रस्तावित है।4-सूर्य:इस मूर्ति का निर्माण परिक्रमा मार्ग दर्शन नगर में किया जाना है। प्रोजेक्ट की लागत 46.63 लाख रुपये है। परियोजना में आरसीसी फाउंडेशन व एफआरपी मटेरियल से बनी मूर्ति के साथ रोटरी का विकास व सुधार कार्य प्रस्तावित है।5-चक्र: इसकी प्रस्तावित मूर्तिकला का निर्माण परिक्रमा मार्ग रामघाट चौराहे पर किया जाना है। प्रोजेक्ट की लागत 15.74 लाख रुपये है। परियोजना में आरसीसी फाउंडेशन व एफआरपी मटेरियल से बनी मूर्ति के साथ रोटरी का विकास व सुधार कार्य प्रस्तावित है।

6-परिक्रमा :प्रस्तावित मूर्तिकला का निर्माण परिक्रमा मार्ग अचारी का सगरा पर किया जाना है। प्रोजेक्ट की लागत 44.14 लाख रुपये है। परियोजना में आरसीसी फाउंडेशन व एफआरपी, सीएनसी आदि जैसे मिश्रित सामग्रियों से बनी मूर्ति के साथ रोटरी का विकास व सुधार कार्य प्रस्तावित है।7-ओम: प्रस्तावित मूर्ति का निर्माण परिक्रमा मार्ग सहादतगंज चौराहे पर किया जाना है। प्रोजेक्ट की लागत 41.80 लाख है। परियोजना में आरसीसी फाउंडेशन व एफआरपी मटेरियल से बनी मूर्ति के साथ रोटरी का विकास व सुधार कार्य प्रस्तावित है।8-रिंग- प्रस्तावित मूर्ति का निर्माण परिक्रमा मार्ग फतेहपुर तिराहा की ओर किया जाना है। प्रोजेक्ट की लागत 40.48 लाख रुपये है। परियोजना में आरसीसी फाउंडेशन व एफआरपी मटेरियल से बनी मूर्ति के साथ रोटरी का विकास व सुधार कार्य प्रस्तावित है।9-तिलक द्वार: प्रस्तावित द्वार परिक्रमा मार्ग हनुमान गुफा पर किया जाना है। प्रोजेक्ट की लागत 1.89 करोड़ रुपये है। गेट के लिए पाइल, आरसीसी,पाइलकैप, और कालम के साथ माइल्ड स्टील फ्रेम्ड ट्रस स्ट्रक्चर प्रस्तावित है।

# भाजपा ने नेताओं ने सुनीं पीएम मोदी की मन की बात



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - भाजपा नेताओं ने रविवार को जिले के सभी मंडलों के बूथों में पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 117वां संस्करण सुना। इस दौरान लोगों भाजपा सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी गई।भरतकूप मंडल के बूथ संख्या 340 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के उन्नयन के लिए दृढसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। नए उत्तर प्रदेश में नौजवानों को नई पहचान मिल रही है। प्रदेश में 1.60 लाख से अधिक युवाओं को शिक्षा विभाग में नियुक्ति मिल चुकी है। पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि मलेरिया की बीमारी 4000 वर्षो से मानवता के लिए बड़ी चुनौती रही है। आजादी के समय भी यह हमारी सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक थी, किंतु पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में इस चुनौती का दृढ़ता से मुकाबला किया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2015 से 2023 के बीच मलेरिया के मामलों में और इससे होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत की कमी आई है। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गो के कल्याण के लिए योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। भाजपा सरकार में प्रदेश के भीतर बेहतर कानून व्यवस्था के कारण सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है। प्रदेश में निवेश होने से रोजगार सृजित हो रहे है। प्रदेश में बेरोजगारी दर घटकर 2.4 प्रतिशत हो गई है।इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अर्जुन शुक्ला, शिवशंकर सिंह, भाजपा नेता सुरेश अनुरागी, जिला उपाध्यक्ष हरिओम करवरिया मुन्ना, बृजेश पाण्डेय, भाजपा नेता शक्ति प्रताप सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

# पवन बने प्रदेश उपाध्यक्ष और रोहित बने सह संयोजक

**चित्रकूट**-अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 64वां प्रांतीय अधिवेशन झांसी में हुआ। जिसमें प्रांतीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। जिसके तहत चित्रकूट के पवन त्रिपाठी को एक बार फिर परिषद का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार यहां जिला संयोजक पद की जिम्मेदारी सम्भाल चुके रोहित पाण्डेय को एसएफएस का प्रदेश सह संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा विजय केशरवानी, पूजा पाण्डेय, शनि अग्रहरि व दीपक त्रिपाठी को प्रांत कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों के जनपद आगमन पर स्थानीय कार्यकताओं ने स्वागत किया।

# शैक्षणिक भ्रमण के लिए बच्चों को किया रवाना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मऊ, चित्रकूट**- महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा के निर्देशन में रविवार को पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय टिकरा मऊ के 30 बच्चों को एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के तहत बस को रवाना किया गया।

बस को खंड शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य व ग्राम प्रधान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।मऊ के खंड शिक्षा अधिकारी कृष्णदत्त पाण्डेय ने बताया कि स्कूल शिक्षा के महानिदेशक द्वारा निर्धारित स्थानों के अनुसार बच्चे एनटीपीसी बारा संग्रहालय प्रयागराज, कंपनी बाग, तारामंडल, आनंद भवन, चंद्रशेखर आजाद पार्क, म्यूजियम इलाहाबाद विश्वविद्यालय, हाथी पार्क, लोक सेवा आयोग सहित अन्य जगहों को भ्रमण कर यात्रा वृतांत लिखेंगे। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया जाएगा। बताया कि इससे बच्चों में लेखनी से लेकर यात्रा, निबंध इत्यादि में सुधार होगा तथा उनका पर्यावरण, भूगोल विज्ञान तथा ऐतिहासिकता के साथ मानसिक तथा सार्वभौमिक विकास होगा। प्रधानाध्यापक राजबली ने बताया कि भ्रमण के लिए रवाना किए गए 30 बच्चों को टी-शर्ट, स्वेटर, टोपी, बैग, पेन, डायरी आदि प्रदान किया गया। साथ ही सभी को 50-50 रुपये की धनराशि भी दी गई है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सुनीता देवी, माता समूह की अध्यक्ष निर्मला देवी, सहायक अध्यापक कृष्ण कुमार, चरण सिंह, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# संगोष्ठी कर किसानों को औषधीय खेती करने के लिए किया प्रेरित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - आरोग्य भारती चित्रकूट व छत्रपति साहू महाराज कृषि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित उद्यमिता जागरूकता का कार्यक्रम सुगंध सुरस विकास केंद्र कानपुर के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में सुरस विकास बोर्ड कानपुर के भक्ति विजय शुक्ला ने हुए बताया कि किसानों अपने खेतों में वन औषधि व सुगंधित पौधों की खेती कर अपनी आय को दोगुना कर सकते है। कानपुर के प्रांतीय वन औषधि आयाम प्रमुख उजागर सिंह ने हरिशंकरी वाटिका व औषधीय गार्डन वाटिका के गुणधर्म, उपयोग व वन औषधि के लौकिक व पारलौकिक महत्व को बताया। प्रांतीय सदस्य रमाकांत, डॉ सुधा सिंह और बैजनाथ



ने बताया कि स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ ग्राम और स्वस्थ राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम की संरचना की गई है।

बताया कि आरोग्य भारती का कार्य 28 प्रांतों में चल रहा है और देश में आरोग्यता प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि आरोग्य भारती व वन औषधि सुरस विकास बोर्ड ऐसे कार्यक्रमों से कृषकों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया है। जिससे किसान अधिक से अधिक इसका लाभ ले सकेंगे।इस मौके पर कृषि महाविद्यालय के प्रबंधक व आरोग्य भारती के संरक्षक हरिशंकर, जिला सचिव प्रांतीय सदस्य मधुमेह प्रबंधन प्रमुख डॉ बैजनाथ, महर्षि वाल्मीक एफपीओ के अध्यक्ष नाथू पटेल, वन औषधि आयाम के जिला संयोजक विनोद पांडेय, वैद्य रामहरि रैकवार आदि मौजूद रहे।

# खेत देखने जा रहे किसान को पिकअप ने रौंदा, मौत

**चित्रकूट ब्यूरो**- मामूली बारिश के बाद साइकिल लेकर घर से अपने खेत देखने जा रहे किसान को तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने रौंद दिया। जिससे मौके पर ही किसान की मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार भरतकूप थाना क्षेत्र के महादेवन रसिन गांव के निवासी शिवचरण पटेल (65) पुत्र रुद्र प्रसाद रविवार को बारिश होने के बाद अपने खेत देखने के लिए साइकिल लेकर घर से निकले थे। इस दौरान रास्ते में फतेह गंज की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप भार वाहन ने उन्हें रौंद दिया। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे भरतकूप थाना प्रभारी प्रवीण सिंह दुर्घटना को अंजाम देने वाली गाड़ी को कब्जे में ले लिया और शिवचरण को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# स्वस्थ जीवन व दीर्घ आयु के लिए हुए संगोष्ठी का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** -आयुष ग्राम ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष आचार्य डॉ मदन गोपाल वाजपेयी की अध्यक्षता में रविवार को '100 वर्ष तक स्वस्थ कैसे रहें" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें स्वस्थ व निरोगी रहते हुए दीर्घ आयु प्राप्त करने पर चर्चा की गई।संगोष्ठी में आचार्य डॉ मदन गोपाल वाजपेयी ने कहा कि सत्वसार व्यक्ति भी दीर्घायु होता है। सत्वसार व्यक्ति की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि सतोगुण से सम्पन्न व्यक्ति ही सत्वसार होता है। सतोगुण की वृद्धि केवल जप, प्राणायाम, ईश्वर की आराधना, सत्साहित्य का अध्ययन, चिंतन, सत्संग, सद् आचरण से ही होती है। उन्होंने आगे कहा कि मानव जिस प्रकार का चिंतन करता हैं, जिस प्रकार का आहार ग्रहण करता हैं, जिस प्रकार का साहित्य पढ़ता हैं तथा जिस प्रकार के लोगों के बीच में रहता हैं, उसके भीतर उसी प्रकार के गुण विकसित होने लगते हैं। ऋषिकुल परिसर आयुर्वेद विश्वविद्यालय हरिद्वार के प्रो अनूप कुमार गक्खड़ ने बताया कि कलियुग में मनुष्य की आयु 100 वर्ष मानी गई है तथा आयुर्वेद में 100 वर्ष तक स्वस्थ रहने का विधान बताया गया है।

आयुर्वेद का प्रमुख उद्देश्य स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना है इसलिए आयुर्वेद में रोग उत्पन्न करने वाले कारकों पर प्रकाश डाला गया। कहा कि रोग उत्पन्न करने वाले कारकों बचाव करके 100 वर्ष तक स्वस्थ रहना संभव है। बताया कि रोग उत्पन्न करने वाले कारकों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हमारा आहार है। कहा कि अन्न शुद्ध, काल शुद्ध एवं भाव शुद्ध आहार का सेवन करने पर हम 100 वर्ष तक स्वस्थ रह सकते हैं। बताया कि अन्न शुद्ध मतलब अन्न एक वर्ष और अधिकतम दो वर्ष पुराना होना चाहिए। काल शुद्ध मतलब जिस ऋतु में आहार उत्पन्न होता है, उसका सेवन उसी ऋतु में करना चाहिए। भाव शुद्ध मतलब भोजन शुद्ध एवं पवित्र मन से रुचिपूर्वक बनाना चाहिए और वह ईमानदारी पूर्वक अर्जित किया होना चाहिए। बताया कि यदि भोजन क्रोध में बनाया गया है, तो भोजन करने वाले को भी अकारण क्रोध आएगा। यदि भोजन बेईमानी से अर्जित किया गया है, तो वह निश्चित रूप से मन को गलत कार्यो की ओर ले जायेगा जो अंततः रोग का कारण बनेगा। उन्होंने सदाचारण पर भी जोर दिया। बताया कि रोगों का एक अन्य प्रमुख कारण अधारणीय वेगों को रोकना भी बताया। साहित्याचार्य रंजन प्रसाद शुक्ल ने बताया कि आयुर्वेद आयु का ज्ञान प्राप्त करने का विज्ञान है और आयुर्वेद में बताए गए सिद्धांतों का पालन करके कोई भी व्यक्ति 100 वर्ष तक जीवित रह सकता है। डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि आयुर्वेद में प्रातः काल ब्रह्ममुहूर्त में उठ कर योग, प्राणायाम, जप, पूजन व स्वास्थ्यप्रद आहार करते हुए 100 वर्ष तक जीवित रहने विधान बताया गया है।

डॉ वेद प्रताप वाजपेयी ने कहा कि आयुर्वेद स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा का विधान बताता है तथा रोगी के रोग के शमन का विधान बताता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ वेद प्रताप वाजपेयी ने किया।संगोष्ठी में आयुष ग्राम गुरुकुलम की प्राचार्य सीमा विश्वकर्मा, आचार्य शिवसागर सिंह, आचार्य भानु प्रताप वाजपेयी, आयुष ग्राम (ट्रस्ट) के प्रबन्धक बाल्मीकि द्विवेदी, कार्यपालन अधिकारी आलोक कुमार, गीतांजलि, डॉ सीताराम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बढ़ती ठंड में बाजारों में नही जले अलाव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** विकास खंड बहरिया क्षेत्र के बाजारों में अभी तक प्रशासन की ओर से कहीं भी अलाव नही जलाये गये हैं । बाजारों या चौराहों पर दुकानदार इधर-उधर से अलाव की व्यवस्था कर लेते हैं लेकिन राहगीरों के लिये अलाव न जलने के कारण इस कोहरा और ठंड में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है । इस सम्बंध में नायब तहसीलदार नवल किशोर ने बताया कि हमने अपने क्षेत्र के सभी कानूनगो और लेखपालों को आदेशित किया है कि ठंड से बचाव के लिये अपने-अपने क्षेत्र के बाजारों में अलाव की व्यवस्था करे । जिस क्षेत्र में अभी तक अलाव नही जले हैं वहां की मैं जांच करुंगा ।

# पुस्तक मेले में लेखक व कवियों का जमावड़ा, समापन आज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस स्थित एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज में आयोजित दस दिवसीय प्रयागराज पुस्तक मेला 2024 सफलता के साथ संपन्न हो रहा है। पाठ्य पुस्तकों के साथ धार्मिक, वेद, विज्ञान, साहित्य, और अन्य विषयों पर आधारित 80 स्टॉल लगाए गए हैं। विशेष रूप से बच्चों के लिए बुक वाला प्रयागराज, फ्यूचर सॉल्यूशन प्रयागराज,

और रितेश बुक एजेंसी जैसे स्टॉलों पर हिंदी-अंग्रेजी साहित्य की व्यापक मांग देखी गई।

मेले में फूड बॉक्स फाउंडेशन द्वारा शहद, नमकीन, और फ्रेम की बिक्री आकर्षण का केंद्र रही। वहीं, अगरबत्ती, धूपबत्ती, और कंठी माला के स्टॉल भी लोकप्रिय रहे। इस कार्यक्रम में मिस्बाह इलाहाबादी, राजेंद्र मिश्रा, गीता सिंह, जीवनी यादव, रुस्तम साबरी, मखदूम पुरी इलाहाबादी, शिवाजी यादव, और खुर्शीद जैसे प्रख्यात कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## समापन समारोह आज

**प्रयागराज।** फोर्सन बुक्स और बुक वाला द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस मेले का समापन समारोह 30 दिसंबर को सायं 4 बजे होगा। समापन के अवसर पर साहित्य, संस्कृति, और शिक्षा के इस अनूठे आयोजन के अंतर्गत कवि सम्मेलन, मुशायरा, और बज्म-ए-शाम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अजीत कुमार सिंह, सचिव, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. भावना शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, टीबी सप्रू जिला चिकित्सालय, उपस्थित रहेंगी।

# पौष माह की अमावस्या मेले के तहत एएसपी ने की पुलिस कर्मियों की ब्रीफिंग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - पौष मास सोमवती अमावस्या मेले के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि ने रविवार को मेला ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करते हुए मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।ब्रीफिंग के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने सभी पुलिस कर्मियों से कहा कि सभी अपने ड्यूटी स्थान पर समय से होकर सतर्कतापूर्वक कार्य करें। किसी भी अधिकारी व कर्मचारी द्वारा ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा सभी लोग ड्यूटी के दौरान श्रद्धालुओं से विनम्रतापूर्वक व्यवहार करते हुए मेल को सकुशल संपन्न कराएं। बताया कि मेले के दृष्टिगम पूरे मेला क्षेत्र को पांच जोनों व 15 सेक्टर में बांटा गया है। जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा आठ पुलिस क्षेत्राधिकारी, 14 थाना प्रभारी निरीक्षक, 16 निरीक्षक, 135 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, 366 मुख्य आरक्षी व आरक्षी,

78 महिला आरक्षी, चार उपनिरीक्षक यातायात, 40 मुख्य आरक्षी व आरक्षी यातायात, एक पीएससी कंपनी, एक प्लाटून, एक फ्लड पीएसी, पांच उपनिरीक्षक एलआईयू, 22 मुख्य आरक्षी व आरक्षी एलआईयू, एक एसचेक टीम, दो डॉग स्क्रायड, एक बीडीडीएस, छह फायर टेण्डर, तीन क्रेन की ड्यूटी लगाई गई है।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी कार्यालय/लाइन्स अरविन्द वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## विद्यार्थी परिषद ने पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर शोक व्यक्त कर दी श्रद्धांजलि

**चित्रकूट** -अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चित्रकूट-कानपुर प्रांत के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।संगठन मंत्री रामजी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह एक बहुत बड़े अर्थशास्त्री थे। जिन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को गहरे संकट से निकालकर एक नई राह पकड़ाई थी। जिनकी वजह से देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई। डॉ मनमोहन सिंह का देश के विकास में सराहनीय योगदान है। डॉ मनमोहन सिंह वित्त मंत्रालय में सचिव, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमंत्री के सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष के पद पर रहकर देश की सेवा की थी। 1991 से राज्यसभा के सदस्य रहे डॉ मनमोहन सिंह ने दो बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा की।

# एडीजी जी आर पी ने किया रेलवे-स्टेशन का निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** महाकुंभ प्रयागराज को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत राजकीय रेलवे पुलिस के अपर पुलिस महानिदेशक प्रकाश डी. ने पुलिस उप महानिरीक्षक रेलवे प्रयागराज राहुल राज व पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन के साथ जनपद में स्थित मीरजापुर व विन्ध्याचल रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। उन्होंने तैयारियों व सुरक्षा मानकों का जायजा लेने के बाद यात्रियों के सुखद व मंगलमय यात्रा से सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उन्होंने देखा कि महाकुंभ प्रयागराज के अवसर पर ट्रेन से यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं हेतु रेलवे द्वारा विशेष सुविधाओं का प्रबन्ध किया गया है तथा पर्याप्त सुरक्षा बल की ड्यूटी लगायी गयी है । इसी क्रम में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीसीटीवी व पब्लिक एड्रेसिंग सिस्टम की व्यवस्था भी की गयी है। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देश दिए कि आरक्षण हेतु एक अतिरिक्त काउंटर की स्थापना की जाय, पुरुषों एवं महिलाओं के लिए अलग अलग प्रसाधन की व्यवस्था करायी जाय, सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाय तथा पर्व की दृष्टि से जो भी कार्य चल रहे हैं उनको समय से पहले पूर्ण करा लिया जाय।

# जिलाधिकारी व कुलपति ने निर्माणाधीन विंध्य विश्व विद्यालय का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जनपद के मड़िहान तहसील अन्तर्गत निर्माणाधीन विंध्य विश्वविद्यालय के निर्माण प्रगति का जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व कुलपति प्रो. शोभा गौर ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए मजदूरों की संख्या बढ़ाने तथा कार्य में तेजी लाकर ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्ग, बाउंड्री वाल, प्रशासनिक भवन, कुल सचिव आवास तथा एकेडमिक भवन के प्रथम तल को मई 2025 तक पूरा करने का निर्देश कार्यदाई संस्था लोक निर्माण को दिया गया। इस दौरान टाईप-4 आवासीय स्थल, आडिटोरियम, ब्वायज एवं गर्ल्स हास्टल के निर्माण प्रगति का निरीक्षण मौके पर भ्रमण कर किया गया। पूरे विश्व विद्यालय को बनाए गए नक्शा पर देखकर जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि उप जिलाधिकारी मड़िहान युगान्तर त्रिपाठी से समन्वय स्थापित कर मजदूरों की संख्या बढाये ताकि कार्य ससमय पूरा करते हुए जुलाई 2025 से पठन-पाठन प्रारम्भ किया जा सके।

निरीक्षण के समय विन्ध्याचल मंडल के अपर आयुक्त/ कुलसचिव, डा. विश्राम, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग (भवन निर्माण) के अतिरिक्त अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अखिलेश मिश्र को मिला पत्रकार श्री सम्मान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन का 24 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। पूरे देश के पत्रकारों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कई ख्याति प्राप्त कवियों ने कविता पाठ भी किया। एसोसिएशन के राष्ट्रीय संरक्षक प्रभु नारायण पाण्डेय ने एसोसिएशन के शुरुआती समय के संघर्ष और गठन की बात बताई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी पत्रकार संगठनों से पत्रकार हित में एक मंच पर आने का आह्वाहन किया। स्थापना दिवस पर पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पत्रकारों को मेडल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में मीरजापुर के आइडियल इंडिया न्यूज के ब्यूरो चीफ अखिलेश मिश्र को मेडल, स्मृति चिन्ह व पत्रकार श्री के मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

# छह बिछड़े दंपति फिर हुए एक

**मीरजापुर।** जनपद में चलाये जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र को छह दंपत्तियों को जो विभिन्न कारणों से अलग अलग रह रहे थे पुनः एक साथ रहने को सहमत कराने में सफलता मिली है। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 6 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया । ये विवाहित दम्पत्ति छोटे मोटे विवाद और गलतफहमियों के कारण मामले को पुलिस में ले गए थे जिसे परिवार परामर्श केन्द्र में भेजा गया और प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग के फलस्वरुप दंपत्ति एक साथ रहने का निर्णय लिए और विवाद समाप्त किए। समस्त कार्यवाही के दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र महिला उप निरीक्षक-रीता यादव, निरीक्षक शशि तिवारी, महिला आरक्षी कविता एवं सपना, ओपी सुनीता देवी सहित सदस्यगण डा. कृष्णा सिंह मौजूद रहीं।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# भाजपा ने नेताओं ने सुनीं पीएम मोदी की मन की बात



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - भाजपा नेताओं ने रविवार को जिले के सभी मंडलों के बूथों में पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 117वां संस्करण सुना। इस दौरान लोगों भाजपा सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी गई।भरतकूप मंडल के बूथ संख्या 340 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के उन्नयन के लिए दृढसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। नए उत्तर प्रदेश में नौजवानों को नई पहचान मिल रही है। प्रदेश में 1.60 लाख से अधिक युवाओं को शिक्षा विभाग में नियुक्ति मिल चुकी है। पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि मलेरिया की बीमारी 4000 वर्षों से मानवता के लिए बड़ी चुनौती रही है। आजादी के समय भी यह हमारी सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक थी, किंतु पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में इस चुनौती का दृढ़ता से मुकाबला किया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2015 से 2023 के बीच मलेरिया के मामलों में और इससे होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत की कमी आई है। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। भाजपा सरकार में प्रदेश के भीतर बेहतर कानून व्यवस्था के कारण सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है। प्रदेश में निवेश होने से रोजगार सृजित हो रहे है। प्रदेश में बेरोजगारी दर घटकर 2.4 प्रतिशत हो गई है।इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अर्जुन शुक्ला, शिवशंकर सिंह, भाजपा नेता सुरेश अनुरागी, जिला उपाध्यक्ष हरिओम करवरिया मुन्ना, बृजेश पाण्डेय, भाजपा नेता शक्ति प्रताप सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

# पवन बने प्रदेश उपाध्यक्ष और रोहित बने सह संयोजक

**चित्रकूट**-अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 64वां प्रांतीय अधिवेशन झांसी में हुआ। जिसमें प्रांतीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। जिसके तहत चित्रकूट के पवन त्रिपाठी को एक बार फिर परिषद का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार यहां जिला संयोजक पद की जिम्मेदारी सम्भाल चुके रोहित पाण्डेय को एसएफएस का प्रदेश सह संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा विजय केशरवानी, पूजा पाण्डेय, शनि अग्रहरि व दीपक त्रिपाठी को प्रांत कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों के जनपद आगमन पर स्थानीय कार्यकताओं ने स्वागत किया।

# शैक्षणिक भ्रमण के लिए बच्चों को किया रवाना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मऊ, चित्रकूट**- महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा के निर्देशन में रविवार को पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय टिकरा मऊ के 30 बच्चों को एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के तहत बस को रवाना किया गया।

बस को खंड शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य व ग्राम प्रधान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।मऊ के खंड शिक्षा अधिकारी कृष्णदत्त पाण्डेय ने बताया कि स्कूल शिक्षा के महानिदेशक द्वारा निर्धारित स्थानों के अनुसार बच्चे एनटीपीसी बारा संग्रहालय प्रयागराज, कंपनी बाग, तारामंडल, आनंद भवन, चंद्रशेखर आजाद पार्क, म्यूजियम इलाहाबाद विश्वविद्यालय, हाथी पार्क, लोक सेवा आयोग सहित अन्य जगहों को भ्रमण कर यात्रा वृतांत लिखेंगे। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया जाएगा। बताया कि इससे बच्चों में लेखनी से लेकर यात्रा, निबंध इत्यादि में सुधार होगा तथा उनका पर्यावरण, भूगोल विज्ञान तथा ऐतिहासिकता के साथ मानसिक तथा सार्वभौमिक विकास होगा। प्रधानाध्यापक राजबली ने बताया कि भ्रमण के लिए रवाना किए गए 30 बच्चों को टी-शर्ट, स्वेटर, टोपी, बैग, पेन, डायरी आदि प्रदान किया गया। साथ ही सभी को 50-50 रुपये की धनराशि भी दी गई है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सुनीता देवी, माता समूह की अध्यक्ष निर्मला देवी, सहायक अध्यापक कृष्ण कुमार, चरण सिंह, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# संगोष्ठी कर किसानों को औषधीय खेती करने के लिए किया प्रेरित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - आरोग्य भारती चित्रकूट व छत्रपति साहू महाराज कृषि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित उद्यमिता जागरूकता का कार्यक्रम सुगंध सुरस विकास केंद्र कानपुर के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में सुरस विकास बोर्ड कानपुर के भक्ति विजय शुक्ला ने हुए बताया कि किसानों अपने खेतों में वन औषधि व सुगंधित पौधों की खेती कर अपनी आय को दोगुना कर सकते है। कानपुर के प्रांतीय वन औषधि आयाम प्रमुख उजागर सिंह ने हरिशंकरी वाटिका व औषधीय गार्डन वाटिका के गुणधर्म, उपयोग व वन औषधि के लौकिक व पारलौकिक महत्व को बताया। प्रांतीय सदस्य रमाकांत, डॉ सुधा सिंह और बैजनाथ



ने बताया कि स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ ग्राम और स्वस्थ राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम की संरचना की गई है।

बताया कि आरोग्य भारती का कार्य 28 प्रांतों में चल रहा है और देश में आरोग्यता प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि आरोग्य भारती व वन औषधि सुरस विकास बोर्ड ऐसे कार्यक्रमों से कृषकों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया है। जिससे किसान अधिक से अधिक इसका लाभ ले सकेंगे।इस मौके पर कृषि महाविद्यालय के प्रबंधक व आरोग्य भारती के संरक्षक हरिशंकर, जिला सचिव प्रांतीय सदस्य मधुमेह प्रबंधन प्रमुख डॉ बैजनाथ, महर्षि वाल्मीक एफपीओ के अध्यक्ष नाथू पटेल, वन औषधि आयाम के जिला संयोजक विनोद पांडेय, वैद्य रामहरि रैकवार आदि मौजूद रहे।

# खेत देखने जा रहे किसान को पिकअप ने रौंदा, मौत

**चित्रकूट ब्यूरो**- मामूली बारिश के बाद साइकिल लेकर घर से अपने खेत देखने जा रहे किसान को तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने रौंद दिया। जिससे मौके पर ही किसान की मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार भरतकूप थाना क्षेत्र के महादेवन रसिन गांव के निवासी शिवचरण पटेल (65) पुत्र रुद्र प्रसाद रविवार को बारिश होने के बाद अपने खेत देखने के लिए साइकिल लेकर घर से निकले थे। इस दौरान रास्ते में फतेह गंज की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप भार वाहन ने उन्हें रौंद दिया। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे भरतकूप थाना प्रभारी प्रवीण सिंह दुर्घटना को अंजाम देने वाली गाड़ी को कब्जे में ले लिया और शिवचरण को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# स्वस्थ जीवन व दीर्घ आयु के लिए हुए संगोष्ठी का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** -आयुष ग्राम ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष आचार्य डॉ मदन गोपाल वाजपेयी की अध्यक्षता में रविवार को '100 वर्ष तक स्वस्थ कैसे रहें' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें स्वस्थ व निरोगी रहते हुए दीर्घ आयु प्राप्त करने पर चर्चा की गई।संगोष्ठी में आचार्य डॉ मदन गोपाल वाजपेयी ने कहा कि सत्वसार व्यक्ति भी दीर्घायु होता है। सत्वसार व्यक्ति की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि सतोगुण से सम्पन्न व्यक्ति ही सत्वसार होता है। सतोगुण की वृद्धि केवल जप, प्राणायाम, ईश्वर की आराधना, सत्साहित्य का अध्ययन, चिंतन, सत्संग, सद् आचरण से ही होती है। उन्होंने आगे कहा कि मानव जिस प्रकार का चिंतन करता हैं, जिस प्रकार का आहार ग्रहण करता हैं, जिस प्रकार का साहित्य पढ़ता हैं तथा जिस प्रकार के लोगों के बीच में रहता हैं, उसके भीतर उसी प्रकार के गुण विकसित होने लगते हैं। ऋषिकुल परिसर आयुर्वेद विश्वविद्यालय हरिद्वार के प्रो अनूप कुमार गक्खड़ ने बताया कि कलियुग में मनुष्य की आयु 100 वर्ष मानी गई है तथा आयुर्वेद में 100 वर्ष तक स्वस्थ रहने का विधान बताया गया है।

आयुर्वेद का प्रमुख उद्देश्य स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना है इसलिए आयुर्वेद में रोग उत्पन्न करने वाले कारकों पर प्रकाश डाला गया। कहा कि रोग उत्पन्न करने वाले कारकों बचाव करके 100 वर्ष तक स्वस्थ रहना संभव है। बताया कि रोग उत्पन्न करने वाले कारकों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हमारा आहार है। कहा कि अन्न शुद्ध, काल शुद्ध एवं भाव शुद्ध आहार का सेवन करने पर हम 100 वर्ष तक स्वस्थ रह सकते हैं। बताया कि अन्न शुद्ध मतलब अन्न एक वर्ष और अधिकतम दो वर्ष पुराना होना चाहिए। काल शुद्ध मतलब जिस ऋतु में आहार उत्पन्न होता है, उसका सेवन उसी ऋतु में करना चाहिए। भाव शुद्ध मतलब भोजन शुद्ध एवं पवित्र मन से रुचिपूर्वक बनाना चाहिए और वह ईमानदारी पूर्वक अर्जित किया होना चाहिए। बताया कि यदि भोजन क्रोध में बनाया गया है, तो भोजन करने वाले को भी अकारण क्रोध आएगा। यदि भोजन बेईमानी से अर्जित किया गया है, तो वह निश्चित रूप से मन को गलत कार्यों की ओर ले जायेगा जो अंततः रोग का कारण बनेगा। उन्होंने सदाचारण पर भी जोर दिया। बताया कि रोगों का एक अन्य प्रमुख कारण अधारणीय वेगों को रोकना भी बताया। साहित्याचार्य रंजन प्रसाद शुक्ल ने बताया कि आयुर्वेद आयु का ज्ञान प्राप्त करने का विज्ञान है और आयुर्वेद में बताए गए सिद्धांतों का पालन करके कोई भी व्यक्ति 100 वर्ष तक जीवित रह सकता है। डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि आयुर्वेद में प्रातः काल ब्रह्ममुहूर्त में उठ कर योग, प्राणायाम, जप, पूजन व स्वास्थ्यप्रद आहार करते हुए 100 वर्ष तक जीवित रहने विधान बताया गया है।

डॉ वेद प्रताप वाजपेयी ने कहा कि आयुर्वेद स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा का विधान बताता है तथा रोगी के रोग के शमन का विधान बताता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ वेद प्रताप वाजपेयी ने किया।संगोष्ठी में आयुष ग्राम गुरुकुलम की प्राचार्य सीमा विश्वकर्मा, आचार्य शिवसागर सिंह, आचार्य भानु प्रताप वाजपेयी, आयुष ग्राम (ट्रस्ट) के प्रबन्धक बाल्मीकि द्विवेदी, कार्यपालन अधिकारी आलोक कुमार, गीतांजलि, डॉ सीताराम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बढ़ती ठंड में बाजारों में नही जले अलाव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** विकास खंड बहरिया क्षेत्र के बाजारों में अभी तक प्रशासन की ओर से कहीं भी अलाव नही जलाये गये हैं । बाजारों या चौराहों पर दुकानदार इधर-उधर से अलाव की व्यवस्था कर लेते हैं लेकिन राहगीरों के लिये अलाव न जलने के कारण इस कोहरा और ठंड में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है । इस सम्बंध में नायब तहसीलदार नवल किशोर ने बताया कि हमने अपने क्षेत्र के सभी कानूनगो और लेखपालों को आदेशित किया है कि ठंड से बचाव के लिये अपने-अपने क्षेत्र के बाजारों में अलाव की व्यवस्था करे । जिस क्षेत्र में अभी तक अलाव नही जले हैं वहां की मैं जांच करुंगा ।

# पुस्तक मेले में लेखक व कवियों का जमावड़ा, समापन आज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस स्थित एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज में आयोजित दस दिवसीय प्रयागराज पुस्तक मेला 2024 सफलता के साथ संपन्न हो रहा है। पाठ्य पुस्तकों के साथ धार्मिक, वेद, विज्ञान, साहित्य, और अन्य विषयों पर आधारित 80 स्टॉल लगाए गए हैं। विशेष रूप से बच्चों के लिए बुक वाला प्रयागराज, फ्यूचर सॉल्यूशन प्रयागराज,

और रितेश बुक एजेंसी जैसे स्टॉलों पर हिंदी-अंग्रेजी साहित्य की व्यापक मांग देखी गई।

मेले में फूड बॉक्स फाउंडेशन द्वारा शहद, नमकीन, और फ्रेम की बिक्री आकर्षण का केंद्र रही। वहीं, अगरबत्ती, धूपबत्ती, और कंठी माला के स्टॉल भी लोकप्रिय रहे। इस कार्यक्रम में मिस्बाह इलाहाबादी, राजेंद्र मिश्रा, गीता सिंह, जीवनी यादव, रुस्तम साबरी, मखदूम पुरी इलाहाबादी, शिवाजी यादव, और खुर्शीद जैसे प्रख्यात कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## समापन समारोह आज

**प्रयागराज।** फोर्सन बुक्स और बुक वाला द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस मेले का समापन समारोह 30 दिसंबर को सायं 4 बजे होगा। समापन के अवसर पर साहित्य, संस्कृति, और शिक्षा के इस अनूठे आयोजन के अंतर्गत कवि सम्मेलन, मुशायरा, और बज्म-ए-शाम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अजीत कुमार सिंह, सचिव, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. भावना शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, टीबी सप्रू जिला चिकित्सालय, उपस्थित रहेंगी।

# पौष माह की अमावस्या मेले के तहत एएसपी ने की पुलिस कर्मियों की ब्रीफिंग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - पौष मास सोमवती अमावस्या मेले के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि ने रविवार को मेला ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करते हुए मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।ब्रीफिंग के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने सभी पुलिस कर्मियों से कहा कि सभी अपने ड्यूटी स्थान पर समय से होकर सतर्कतापूर्वक कार्य करें। किसी भी अधिकारी व कर्मचारी द्वारा ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा सभी लोग ड्यूटी के दौरान श्रद्धालुओं से विनम्रतापूर्वक व्यवहार करते हुए मेल को सकुशल संपन्न कराएं। बताया कि मेले के दृष्टिगम पूरे मेला क्षेत्र को पांच जोनों व 15 सेक्टर में बांटा गया है। जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा आठ पुलिस क्षेत्राधिकारी, 14 थाना प्रभारी निरीक्षक, 16 निरीक्षक, 135 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, 366 मुख्य आरक्षी व आरक्षी,

78 महिला आरक्षी, चार उपनिरीक्षक यातायात, 40 मुख्य आरक्षी व आरक्षी यातायात, एक पीएससी कंपनी, एक प्लाटून, एक फ्लड पीएसी, पांच उपनिरीक्षक एलआईयू, 22 मुख्य आरक्षी व आरक्षी एलआईयू, एक एसचेक टीम, दो डॉग स्क्वायड, एक बीडीडीएस, छह फायर टेण्डर, तीन क्रेन की ड्यूटी लगाई गई है।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी कार्यालय/लाइन्स अरविन्द वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# विद्यार्थी परिषद ने पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर शोक व्यक्त कर दी श्रद्धांजलि

**चित्रकूट** -अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चित्रकूट-कानपुर प्रांत के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।संगठन मंत्री रामजी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह एक बहुत बड़े अर्थशास्त्री थे। जिन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को गहरे संकट से निकालकर एक नई राह पकड़ाई थी। जिनकी वजह से देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई। डॉ मनमोहन सिंह का देश के विकास में सराहनीय योगदान है। डॉ मनमोहन सिंह वित्त मंत्रालय में सचिव, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमंत्री के सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष के पद पर रहकर देश की सेवा की थी। 1991 से राज्यसभा के सदस्य रहे डॉ मनमोहन सिंह ने दो बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा की।

# एडीजी जी आर पी ने किया रेलवे-स्टेशन का निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** महाकुंभ प्रयागराज को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत राजकीय रेलवे पुलिस के अपर पुलिस महानिदेशक प्रकाश डी. ने पुलिस उप महानिरीक्षक रेलवे प्रयागराज राहुल राज व पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन के साथ जनपद में स्थित मीरजापुर व विन्ध्याचल रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। उन्होंने तैयारियों व सुरक्षा मानकों का जायजा लेने के बाद यात्रियों के सुखद व मंगलमय यात्रा से सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उन्होंने देखा कि महाकुंभ प्रयागराज के अवसर पर ट्रेन से यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं हेतु रेलवे द्वारा विशेष सुविधाओं का प्रबन्ध किया गया है तथा पर्याप्त सुरक्षा बल की ड्यूटी लगायी गयी है । इसी क्रम में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीसीटीवी व पब्लिक एड्रेसिंग सिस्टम की व्यवस्था भी की गयी है। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देश दिए कि आरक्षण हेतु एक अतिरिक्त काउंटर की स्थापना की जाय, पुरुषों एवं महिलाओं के लिए अलग अलग प्रसाधन की व्यवस्था करायी जाय, सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाय तथा पर्व की दृष्टि से जो भी कार्य चल रहे हैं उनको समय से पहले पूर्ण करा लिया जाय।

# जिलाधिकारी व कुलपति ने निर्माणाधीन विंध्य विश्व विद्यालय का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जनपद के मड़िहान तहसील अन्तर्गत निर्माणाधीन विंध्य विश्वविद्यालय के निर्माण प्रगति का जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व कुलपति प्रो. शोभा गौर ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए मजदूरों की संख्या बढ़ाने तथा कार्य में तेजी लाकर ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्ग, बाउंड्री वाल, प्रशासनिक भवन, कुल सचिव आवास तथा एकेडमिक भवन के प्रथम तल को मई 2025 तक पूरा करने का निर्देश कार्यदाई संस्था लोक निर्माण को दिया गया। इस दौरान टाईप-4 आवासीय स्थल, आडिटोरियम, ब्वायज एवं गर्ल्स हास्टल के निर्माण प्रगति का निरीक्षण मौके पर भ्रमण कर किया गया। पूरे विश्व विद्यालय को बनाए गए नक्शा पर देखकर जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि उप जिलाधिकारी मड़िहान युगान्तर त्रिपाठी से समन्वय स्थापित कर मजदूरों की संख्या बढाये ताकि कार्य ससमय पूरा करते हुए जुलाई 2025 से पठन-पाठन प्रारम्भ किया जा सके।

निरीक्षण के समय विन्ध्याचल मंडल के अपर आयुक्त/ कुलसचिव, डा. विश्राम, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग (भवन निर्माण) के अतिरिक्त अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अखिलेश मिश्र को मिला पत्रकार श्री सम्मान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन का 24 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। पूरे देश के पत्रकारों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कई ख्याति प्राप्त कवियों ने कविता पाठ भी किया। एसोसिएशन के राष्ट्रीय संरक्षक प्रभु नारायण पाण्डेय ने एसोसिएशन के शुरुआती समय के संघर्ष और गठन की बात बताई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी पत्रकार संगठनों से पत्रकार हित में एक मंच पर आने का आह्वाहन किया। स्थापना दिवस पर पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पत्रकारों को मेडल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में मीरजापुर के आइडियल इंडिया न्यूज के ब्यूरो चीफ अखिलेश मिश्र को मेडल, स्मृति चिन्ह व पत्रकार श्री के मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

# छह बिछड़े दंपति फिर हुए एक




**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जनपद में चलाये जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र को छह दंपत्तियों को जो विभिन्न कारणों से अलग अलग रह रहे थे पुनः एक साथ रहने को सहमत कराने में सफलता मिली है। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 6 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया ।

ये विवाहित दम्पत्ति छोटे मोटे विवाद और गलतफहमियों के कारण मामले को पुलिस में ले गए थे जिसे परिवार परामर्श केन्द्र में भेजा गया और प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग के फलस्वरुप दंपत्ति एक साथ रहने का निर्णय लिए और विवाद समाप्त किए। समस्त कार्यवाही के दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र महिला उप निरीक्षक-रीता यादव, निरीक्षक शशि तिवारी, महिला आरक्षी कविता एवं सपना, ओपी सुनीता देवी सहित सदस्यगण डा. कृष्णा सिंह मौजूद रहीं।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# आधी सड़क बनाकर ठेकेदार लापता, वाहनों की भारी आमद के चलते नहीं बन पा रही है सड़कः अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी






**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज कस्बे के गोविंदपुर वलौली से लेकर सेमरपहा रोड तक के नवीनीकरण के लिए सरकार ने ढाई करोड रुपए स्वीकृत किए थे। नवंबर माह में गोरखपुर के ठेकेदार के द्वारा सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराया गया था। पीडब्ल्यूडी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गोरखपुर के ही पीके सिंह कंस्ट्रक्शन को सड़क नवीनीकरण का ठेका मिला था। ठेकेदार ने गोविंदपुर वलौली से लेकर अटल चौक गांधी चौराहे तक सड़क बनाया था एउसके आगे की सड़क को बिना बनाये ही ठेकेदार ने काम रोक दिया है जबकि गांधी चौराहा अटल चौक से सेमरपहा तक की सड़क में कोतवाली पुलिस कार्यालयए न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूलए कोल्ड स्टोरए अस्पताल आदि कई संस्थाएं हैं। सड़क पूरी तरह से ध्वस्त पड़ी है ।सड़क में गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं। लोगों का चलना दूभर है। एक ओर सड़क खराब होने के चलते जहां रोज गड्ढों में फंसकर भारी वाहन ट्रक खराब हो जाते हैं वहीं दुर्घटना के भी सबब बन रहे हैं। राहगीर सड़कों पर गिरकर चोट खा रहे हैं। इसके अलावा जितनी सड़क ठेकेदार के द्वारा बनाई गई है एवह भी मानक पर खरी नहीं उतरी है और महीना भी नहीं बीता है कि फिर से सड़क में गड्ढे हो गए हैं। तारकोल और गिट्टी उखड़ गई हैं। भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंहए पूर्व प्रधान उमेश सिंहएव्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा एजिला अध्यक्ष रोहित सोनीए व्यापारी देवी कुमार गुप्ताए शिवम गुप्ताए रमाशंकर बाजपेईए उमाशंकर बाजपेईए राकेश कुमार बाजपेई आदि लोगों ने कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग योगी सरकार की आंखों में धूल झोंक रहा है और भ्रष्टाचार में लिप्त है।

पीडब्ल्यूडी विभाग की शिकायत जिलाधिकारी के तहसील दिवस में की जाएगी। वही पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता पीके सिंह राणा का कहना है कि भारी वाहनो के लगातार आमद के चलते निर्माण कार्य रुका पड़ा है। बिना वाहनों के रुके सड़क की मरम्मत नहीं हो पा रही है। डायवर्जन के लिए प्रशासन से कहा गया है।

## केसी गुप्ता ने प्रयागराज महाकुंभ के बाल्हेश्वर रायबरेली शिविर के लिए भेजी 15 कुंतल खाद्य सामग्री

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज नगर के समाजसेवी और चाय के व्यापारी केसी गुप्ता ने पूर्व की तरह इस बार भी प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में बाल्हेश्वर धाम रायबरेली शिविर संगम के लिए 15 कुंतल खाद्य सामग्री भेजी है। बताते चले कि बाल्हेश्वर धाम के प्रभु श्री राम जानकी मंदिर के महंत श्री 108 सर्वेश्वर दासजी व्यास कई वर्षो से महाकुंभ में अपना शिविर लगाते हैं ,जहां पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन आदि की सुविधा उपलब्ध रहती है। शिविर की जानकारी देते हुए केसी गुप्ता ने बताया कि श्री बाल्हेश्वर रायबरेली शिविर संगम का कैंप लोअर संगम मार्ग ,खाक चौक सेक्टर 21 कार्यालय गंगा प्रासाद थाने के बगल में लगता है। शिविर में रायबरेली से जाने वालों के लिए सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध रहतीहैं। महंत श्री व्यास जी ने लोगों से



महाकुंभ में पहुंचकर त्रिवेणी में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ प्राप्त करने के साथ-साथ महाकुंभ मेले का भी आनंद उठाने की अपील की है। लालगंज के लोगों ने इस पुण्य कार्य की सराहना की है।

## मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के लोधवा मऊ में एक चक्की कारखाने पर काम कर रहे 62 वर्षीय मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। चक्की का मालिक जब रात 9:00 बजे कारखाने पहुंचा तो मजदूर चोटहिल अवस्था में खून से लतपथ पड़ा मिला। बिना पुलिस सूचना के चक्की मालिक ने 108 एम्बुलेंस पर लादकर मजदूर को अनन-फनन जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान घायल मजदूर ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आपको बता दे कि, घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के लोधवा मऊ गांव की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार को शाम लगभग 7:00 बजे चक्की मालिक केतार लाल पुत्र अहोरवा ने मजदूर किरशन (62) पुत्र गुर प्रसाद को चक्की पर छोड़कर अपने घर खाना खाने चला गया था, रात लगभग 9:00 बजे जब वह खाना खाकर चक्की पर वापस लौटा तो मजदूर चोटहिल अवस्था में घायल जमीन पर पड़ा कराहता मिला। आनन-फनन चक्की मालिक केदार लाल ने मजदूर को 108 एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र रामू ने महराजगंज पुलिस को घटना की लिखित जानकारी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर मृतक किरशन (62) निवासी लोधन का पुरवा की पुत्र वधू ने भी रविवार दोपहर लगभग 12:00 बजे पुलिस को दूसरी तहरीर देकर हत्या की आशंका जताई, और मामले में कार्यवाही की मांग की है। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि, चिकित्सालय की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणो का पता चल सकेगा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम और महाकुंभ में दर्शन लाभ का लिया संकल्प

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आलमपुर बूथ पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना और प्रधानमंत्री के द्वारा महाकुंभ की चर्चा से उत्साहित होकर प्रयागराज जाने का संकल्प लिया। भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कार्यकर्ताओं से मन की बात कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने महाकुंभ से पहले प्रयागराज की अपनी यात्रा की विस्तृत चर्चा की और उत्तर प्रदेश की व्यवस्थाओं को लेकर सराहना भी किया। वास्तव में प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में महाकुंभ का जो चित्रण प्रस्तुत किया है, निश्चित रूप से वह विश्व स्तरीय है। उनके द्वारा की गई चर्चा में महाकुंभ को एकता में अनेकता की मिसाल बताया गया। प्रधानमंत्री ने महाकुंभ में पहुंच रहे लाखों संत, करोड़ों लोग और हजारों खाड़ो को भी चर्चा की। उनके द्वारा



कहा गया कि महाकुंभ का संदेश एक हो पूरा देश, गंगा की अविरल धारा ना बंटे समाज हमारा के संदेश को लेकर भी कार्यकर्ताओं के बीच भारी उत्साह रहा। प्रधानमंत्री ने महाकुंभ की चर्चा करते हुए कहा कि इस बार डिजिटल तरीके, नेविगेशन, क्यूआर कोड, ए आई चौट बोर्ड के माध्यम से वहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को महाकुंभ की जानकारी मिलेगी। संपूर्ण महाकुंभ एआई पावर कैमरा से सुसज्जित रहेगा। प्रधानमंत्री ने महाकुंभ को विश्व का पहला धार्मिक और सद्भाव का कार्यक्रमबताया। प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नायकों की भी चर्चा की। फिल्म जगत के राज कपूर मोहम्मद रफी जैसे नायकों की सौवी जयंती की भी चर्चाकी। भारत की संस्कृति, पेंटिंग, फिटनेस ,खेल , कृषिसहित आयुर्वेद जैसी विधाओं का भी उन्होंने उल्लेख किया। आयुष्मान भारत के तहत कैंसर के इलाज में हो रही आसानी की भी चर्चा की। इसके अलावा उड़ीसा के कालाहांडी की सब्जी क्रांति की भी चर्चा करते हुए उन्होंने किसानों से समूह खेती करने का आह्वान किया। अंत में प्रधानमंत्री ने कहा कि संकल्प शक्ति और सामूहिक प्रयास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने भी बूथ पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना है। वही युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निखिल पांडे, गेगासो मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे, महामंत्री विकेस द्विवेदी ने भी प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना है।इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक श्याम दीक्षित, आशुतोष दीक्षित, पंकज कुमार, राम शंकर, राजेश निर्मल ,दुर्गा दत्त शुक्ला, प्रकाश बाजपेई, अमित दीक्षित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में पैरेंट-टीचर मीटिंग का किया गया आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में पैरेंट-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और स्कूल पधारे सम्मानित अभिभावकों द्वारा मां सरस्वती का विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन संपन्न कर उनका आशीष प्राप्त किया गया। पैरेंट-टीचर मीटिंग के इस सुअवसर पर स्कूल प्रांगण में आए हुए अभिभावकों के सम्मान में स्वयं प्रधानाचार्य जी उपस्थित रहे। विद्यालय आए हुए अभिभावकों से जब स्कूल के तथा स्कूल के शिक्षण कार्य और उनके पाल्यों की शिक्षा के संबंध में जानकारी हासिल की गई तो उन्होंने पूर्ण संतुष्टि व्यक्त की। गार्जियन अपने पाल्य की द्वितीय आवधिक परीक्षा की परीक्षा पुस्तिका तथा परिणाम की जानकारी प्राप्त करने की उत्सुकता से युक्त बड़ी संख्या में स्कूल पधारे और अपने पाल्य की कॉपियां एवं परीक्षा परिणाम देखकर बहुत खुश दिखाई दिए। पैरेंट और टीचर ने आपस में मिलकर बच्चों की प्रगति के बारे में एक दूसरे से जानकारी प्राप्त की। अंत में प्रधानाचार्य जी ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी अभिभावकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

## भरोसा हो तो कृष्ण और सुदामा जैसा ~ नवलेश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** बामदेव ऋषि की तपोभूमि शहर के कटरा रोड स्थित एक मैरिज हाल में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सांतवे दिन रविवार को आचार्य नवलेश महाराज ने श्रोताओं को समझाते हुए यह बताया कि भरोसा हो तो कृष्ण और सुदामा की तरह। एक ही गुरु के दोनों शिष्य थे, बालसखा थे और भरोसेमंद थे। जो लोग यह जानते हैं कि भक्त सुदामा दरिद्र थे उनकी जानकारी गलत है, सुदामा दरिद्र नहीं थे, निर्धन थे। भागवत की कथा महिमा में यदि विवेक साथ न दे तो हम सही अर्थ नहीं समझ सकते। इसलिए आवश्यक है कि अर्थ को ज्ञान से न जोड़ कर देखें। ऐसा जिस दिन हम अपने मन में विचार कर लेंगे उसी दिन सुदामा जी का सही मूल्यांकन कर सकते हैं, जो स्वयं ब्रह्म का मित्र हो, वह दरिद्र कैसे हो सकता है। भक्त और ज्ञान परंपरा में सुदामा बहुत अग्रणी है।

श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन भागवत रन कथा व्यास नवलेश दीक्षित ने श्रोताओं को बताया कि



जीवन में सुख और दुख एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। सुख की घड़ी में व्यक्ति भगवान को भूल जाता है, यदि भगवान को याद रखना है, तो परिस्थितियों में दुख का होना अति आवश्यक है। यही तो आपके जीवन की कसौटी है। यह वह मानक है जो आपके भीतर भक्त होने का प्रमाण देता है, इसलिए घबराना नहीं चाहिए, इसको भी जीवन का यह एक रंग समझ कर रंग जाना चाहिए और उसे अच्छे से जी लेना चाहिए। कथा महत्व में नाम की महिमा का उल्लेख करते हुए आचार्य नवलेश महाराज ने बताया कि भगवान में भगवान के लिए नाम की बड़ी महिमा है, नाम जब से वेद द्रवित होते हैं। यहां तक कि भक्ति के अधीन हो जाते हैं, उन्हें यदि अपने वश में करना है तो उनके नाम का जाप करना ही सर्वोत्तम उपाय है और कलयुग में तो सबसे श्रेष्ठतम उपाय में से एक है नाम जाप करना। श्रीमद् भागवत कथा के अनेक प्रसंगों का आचार्य नवलेश महाराज ने बड़ा ही मार्मिक व्याख्यान दिया और श्रोताओं को भाव विभोर करने पर विवश कर दिया। उनका कहना था कि यही कथा की विशेषता है एक लाइन पर तो समूचा पंडाल ही झूम उठा की करुणा करके करुणा निधि रोये। मैरिज हाल में श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य आयोजक जितेंद्र शर्मा उनकी सहधर्मिणी अंकित शर्मा उर्फ बल्ली हैं। धार्मिक भावनाओं के भाव से परिपूर्ण यह जोड़ी अपने माता-पिता मेवाराम जी को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रोता आते हैं। भजनों की शानदार प्रस्तुति पर लोग खूब झूमती भी हैं और ज्यादातर लोगों का यह कहना है कि इस कलिकाल में जीवन संवारने का यह सबसे उत्तम रास्ता है। कथा विश्राम में पधारे सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी और नगर पंचायत अध्यक्ष मालती बासू, विक्की अग्रवाल, संजय अग्रवाल, डॉ. सीताराम राजीव अग्रवाल यह सभी अतिथिगण उपस्थित रहे, भगवान की मंगल आरती और दिव्य प्रसाद का वितरण किया गया।

## कराटे में ब्लैक बेल्ट के लिए आवेदन शुरू

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिला कराटे संघ रायबरेली के तत्वाधान में कराटे ब्लैक बेल्ट के लिए आवेदन मांगा गया है। कराटे एसोसिएशन रायबरेली के अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि ऐसे बच्चे जिन्होंने ब्राउन बेल्ट का एग्जाम पास किया है या ऐसे बच्चे जो इस बार ब्राउन बेल्ट का एग्जाम देंगे आवेदन करने के लिए पात्र होंगे। आवेदन करने के लिए सभी बच्चों के पास येलो बेल्ट से लेकर ब्राउन बेल्ट तक के सर्टिफिकेट, जन्म प्रमाण पत्र या आधार कार्ड की फोटोकॉपी तथा मेडिकल सर्टिफिकेट होना अनिवार्य होगा। आवेदन की प्रक्रिया कराटे एसोसिएशन रायबरेली के अंतर्गत काम करने वाले सभी कोचों के माध्यम से पूरा किया जाएगा तथा कोचो को निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित समय के अंदर सभी पात्र बच्चों का आवेदन पूर्ण कर लिया जाए।

## शौर्य सभा में पदाधिकारियों से संगठित रहने का आह्वान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** कालिंजर में रामलीला मैदान पर बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद की संयुक्त शौर्य सभा का आयोजन रविवार को हुआ। जिला संयोजक बजरंग दल केपी प्रजापति ने अध्यक्षता की। महेन्द्र कुमार शम्भू विभाग सह संयोजक बजरंग दल चित्रकूट भी मौजूद रहे। विश्व हिन्दू परिषद के नगर संयोजक सोनू चौरसिया व बजरंग दल के प्रखंड संयोजक पुष्पेन्द्र द्विवेदी ने आयोजन किया। सभी कार्यकर्ताओं को कहा कि जितने भी धार्मिक स्थल हों, प्रत्येक शनिवार व मंगलवार सभी कार्यकर्ता दर्शन करें और समाज के पिछड़े व्यक्तियों का सहयोग करें। एकता बनाकर चलें, समाज में अच्छे कार्य करें। कार्यक्रम में विभव श्रीवास नगर संयोजक नरैनी बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद पदाधिकारी उपस्थित रहे। डॉ. बुद्धविलास द्विवेदी, अतुल सुल्लेरे, योगेंद्र द्विवेदी, राजेन्द्र श्रीवास, शरद तिवारी, रवि गुप्ता, अरविन्द शास्त्री, सुरेश तिवारी, दददू यादव, हर्ष पाण्डेय, राजा कुशवाहा, आशीष पाण्डेय, दीपक सोनी, शैलेश खरे, अरुण कुमार शर्मा अध्यक्ष बी पैक्स कालिंजर, सोनू पटेल आदि सभी उपस्थित रहे।

## पंचायतीराज निदेशक ने किया कालिंजर दुर्ग का भ्रमण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नरैनी।** पंचायती राज निदेशक ने कालिंजर किला का भ्रमण कर खूब सेल्फी ली। भगवान नीलकंठेश्वर का विधि विधान से पूजन अर्चन करते हुए जलाभिषेक किया। इस दौरान अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

प्रदेश सरकार के पंचायती राज निदेशक अटल कुमार राय शुक्रवार शाम कालिंजर पहुचे। वहां कटरा स्थित लोक निर्माण विभाग के डाक बंगला में रात्रि विश्राम किया। शनिवार को कालिंजर दुर्ग के महलों की वस्तु कला देखी। कोटितीर्थ आदि सरोवरों और महलों में भ्रमण करते हुए वास्तु कला देखी। इसके साथ ही भगवान नीलकंठ की पूजा कर आशीर्वाद लिया। डीपीआरओ राजेंद्र कुमार खण्ड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार



,कटरा कालिंजर ग्राम प्रधान राजेन्द्र कुमार साथ रहे।

## गरीब लड़की की शादी का साक्षी बनेगी रोटी बैंक सोसाइटी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** शहर के एक होटल में रविवार को रोटी बैंक सोसाइटी के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगठन को मजबती प्रदान करने को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ ही एक गरीब लड़की की शादी में सोसाइटी के पदाधिकारियों ने सहयोग करने का आश्वासन दिया। कहा कि संगठन हमेशा गरीबों की मदद के लिए आगे रहता है। सोसाइटी के अध्यक्ष और मंत्री के द्वारा कई अहम फैसले लिए गए।

बैठक के दौरान अंसार अहमद सिद्दीकी ने संगठन के कार्यो की सराहना की। कार्यक्रम अध्यक्ष चंद्रमौलि भारद्वाज को सर्वसम्मति से सह संरक्षक नियुक्त किया गया।



उन्होंने हरसंभव सहायता करने का वादा किया।

सुनील सक्सेना ने संगठन के बारे में बताया और सभी को संगठित होकर कार्य करने की सलाह दी। सभी का आभार व्यक्त किया। प्रमोद रेखा द्विवेदी ने सभी हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सब आपस में है भाई भाई, को बताया। कहा कि सभी लोग एकजुट होकर गरीबों की सहायता करें। बैठक में मोहम्मद सलीम उपाध्यक्ष, मोहम्मद इदरीश सचिव, इरफान खान कोषाध्यक्ष, मोहम्मद अज़हर महामंत्री,मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी,अख़्तर किरमानी सोशल मीडिया प्रभारी, तबस्सुम फ़ात्मा महिला अध्यक्ष, तरन्नुम फ़ात्मा महिला उपाध्यक्ष,प्रीति शिवहरे महिला संगठन मंत्री, रिया खान महिला महामंत्री, रिचा रैकवार महिला सोशल मीडिया प्रभारी,सद्दू अली वरिष्ठ प्रवक्ता,मोहम्मद हामिद शाखा प्रमुख गूलर नाका, मोहम्मद याकूब शाखा प्रमुख मढिया नाका, इरफान खान चाँद शाखा प्रमुख खाईपार,राहुल अवस्थी शाखा प्रमुख क्योटरा, पवन कुमार पांडेय शाखा प्रमुख बरईमानपुर,अलीमुददीन, सद्दाम हुसैन, संतोष कुमार, नसीर खान, खुर्शीद खान, नज़ाकत अली शम्मी, अब्दुल शफ़ीक़ कल्लू, डॉ. राकिब फ़ारूक़ी, हमज़ा, शिवम गुप्ता, अंश गुप्ता, राज गुप्ता, प्रेम माली, शाहिद खान,सद्दाम, रिज़वान खान, आमिर मोहम्मद, शफ़ीक़ अहमद, रेणुका गुप्ता, सबीहा नूरानी, फरज़ाना बेगम, अल्विया, नाज़नीन, राबिया खान, अनम खान, फूलकली आदि मौजूद रहे। मासिक बैठक का संचालन फरहत ने किया।

इस दौरान समस्या और सुझाव भी बैठक में रखे गए। विशिष्ट अतिथि के रूप में अंसार अहमद सिद्दीकी समाजसेवी, तुलसीदास श्रीवास अध्यक्ष उप्र दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ, अकील खान, रहीम भाई रहे।

## शोकसभा कर जदयू ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** शहर में अशोक स्तंभ तले जनता दल यूनाइटेड महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल के नेतृत्व में जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी के निधन पर शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी। दो मिनट का मौन रखकर आत्मशांति की ईश्वर से प्रार्थना की।

जदयू पदाधिकारियों ने स्व. मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्प अर्पित किए। प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे।

वह अपने देश के लिए समर्पित व्यक्तित्व एवं निष्ठावान कार्यशैली के प्रणेता रहे। लंबी बीमारी के बाद ऐसे नेता का निधन निश्चित रूप से हमारे देश के लिए एक कमी होने का कारण बना। यदि देखा जाए तो अर्थशास्त्री के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री ने अपने अनुभव और ज्ञान से भारतवर्ष की अर्थव्यवस्था के लिए



अपने कुशल नेतृत्व से सदैव अभिसिंचित किया। इस दौरान रजनी द्विवेदी, अनिल तिवारी, दिलीप द्विवेदी, राहुल द्विवेदी, नवीन कुमार मिश्र के साथ जेडीयू के तमाम लोग उपस्थित रहे।

### पूर्व प्रधानमंत्री को दी गई श्रद्धांजलि

बबेरू। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर सांसद बाँदा चित्रकूट कृष्णा देवी शिवशंकर सिंह पटेल ने कार्यालय व आवास मे शोक सभा सम्पन्न हुई। बांदा-चित्रकूट सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर सिंह पटेल ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने वित्तीय सुधार के लिए हमेशा याद किये जायेंगेद।

भारत की मजबूत वित्तीय स्थिति के लिए डॉ. सिंह के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र पटेल, पूर्व प्रधान कमल यादव, शिक्षक मइयादीन यादव, अंकित सिंह, जीतू पटेल, मनीष पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

## विशाल शौर्य यात्रा ने कस्बे में किया भ्रमण



**बबेरू।** कस्बे के तहसील परिसर से बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद द्वारा विशाल शौर्य यात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गो से होते हुए कमासिन रोड मुख्य चौराहा व बांदा रोड, तिंदवारी रोड होते हुए तहसील में समापन हुआ। मुख्य अतिथि प्रान्त संयोजक बजरंग दल आचार्य अजीतराज, जिलाध्यक्ष चन्द्र मोहन बेदी, पूर्व जिला मन्त्री पुष्पेन्द्र सिह, अविनाश गुप्ता, कुलदीप शर्मा, मोहित, मुकेश गुप्ता, केपी प्रजापति, अंशुमल सुशान्त कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। यात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल भी मौजूद रहा।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सकुशल घर वापसी का बनाया फुल प्रूफ प्लान

## महाकुम्भ 2025 की अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था के लिए यूपी पुलिस ने सात चक्रीय सुरक्षा घेरा बनाया

- कुम्भ मेला पुलिस के लिए आउटर कॉर्डन का काम करेगी प्रयागराज पुलिस
- कमिश्नरेट पुलिस प्रयागराज में अब 44 की जगह होंगे 57 थाने
- 13 अस्थाई पुलिस थाने और 23 चौकिया स्थापित की जा रहीं, 8 जोन और 18 सेक्टर भी बनाए गए
- पैरामिलिट्री फोर्स, पीएसी, बम निरोधक दस्ता और अन्य फोर्स रहेगी तैनात

**लोकमित्र ब्यूरो**
**महाकुम्भनगर।** मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत महाकुम्भ में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना है। योगी सरकार ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगमता से मेले तक पहुंचाने के साथ ही उन्हें सकुशल घर वापसी का फूल प्रूफ़ प्लान तैयार कर लिया है। महाकुम्भ 2025 की अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस ने मजबूत सात चक्रीय सुरक्षा घेरा बनाया है जिसमें प्रयागराज पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रयागराज पुलिस कुम्भ मेला पुलिस के लिए आउटर कोर्डन का काम करेगी। इस आउटर कोर्डन को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए प्रयागराज पुलिस ने अपनी अवस्थापना सुविधाओं एवं जनशक्ति में वृद्धि करते हुए शहर और ग्रामीण क्षेत्रो में अस्थाई पुलिस थाने और चौकियां स्थापित की हैं। इसके अलावा पीएसी, एनडीआरएफ, सेंट्रल आर्मड पुलिस फोर्स, बीडीडीएस, एएस चेक टीम मुस्तैदी से तैनात रहेगी। कुम्भ मेले के दौरान मेला क्षेत्र के अलावा शहर और ग्रामीण क्षेत्रो के लिए पुलिस फ़ोर्स रिज़र्व में भी रहेंगी।
कमिश्नरेट पुलिस प्रयागराज में अब 44 नहीं, बल्कि 57 थाने होंगे। रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, एयरपोर्ट और अन्य मार्गो से आने वाले श्रद्धालुओ को सुरक्षित मेला क्षेत्र तक पहुंचाने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस ने नए अस्थाई थाने और चौकियां स्थापित की हैं। पुलिस कमिश्नर प्रयागराज तरुण गाबा ने बताया की 13 अस्थाई पुलिस थाने और 23 चौकियां स्थापित की जा रही हैं। इसके अलावा पैरामिलिट्री फोर्स, पीएसी, बम निरोधक दस्ता और अन्य फ़ोर्स भी तैनात रहेगी। प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस के शहरी और ग्राणीण क्षेत्रों में लगभग 10 हज़ार पुलिस फोर्स तैनात की जा रही है।

### प्रमुख मार्गों पर थाने और चौकियां स्थापित

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नर प्रयागराज ने बताया कि कुम्भ मेला क्षेत्र की तरफ़ जाने और वापसी के विभिन्न मार्गों को चिन्हित किया गया है। इन्हीं मार्गों पर प्रमुख रूप से अस्थायी थाने और चौकियां स्थापित की गई हैं और अन्य पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे, साथ ही बड़ी तादात में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके। साथ ही 8 जोन और 18 सेक्टर भी बनाए गए हैं, जिनमें क्रमशः अपर पुलिस अधीक्षक तथा पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी प्रभारी बनाए गए हैं।

### प्रयागराज कमिश्नरेट के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्थाई/अस्थाई पुलिस संरचना

जोन- 8
सेक्टर-18
अस्थाई थाने- 13
स्थाई थाने- 44
अस्थाई चौकियां- 23
सीएपीएफ- 21 कंपनी, 2 रिज़र्व कंपनी
पीएसी-5 कंपनी
एनडीआरएफ-4 टीम
ए एस चेक-12 टीम
बीडीडीएस-4 टीम

# अवध प्रांत अध्यक्ष एवं प्रांत मंत्री के रूप में प्रो नीतू सिंह एवं पुष्पेंद्र बाजपेई पुनर्निर्वाचित

## अभाविप के चार–दिवसीय अधिवेशन का हुआ शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), अवध प्रांत के चार-दिवसीय 64वें प्रांत अधिवेशन की शुरुवात सीतापुर शिक्षण संस्थान में हो गई है। अधिवेशन के प्रथम दिवा पर उद्घाटन सत्र के साथ ही पिछले सत्र की कार्यकारिणी को भंग किया गया। इसके पश्चात चुनाव अधिकारी गोंडा के डॉ. रूप नारायण सिंह ने विद्यांत हिंदू पी.जी कॉलेज की प्रो. नीतू सिंह और पुष्पेंद्र बाजपेई को अभाविप अवध प्रांत के प्रांत अध्यक्ष और प्रांत मंत्री के रूप में पुनर्निर्वाचित किया। प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई ने अपने प्रतिवेदन में बताया कि पिछले सत्र में अभाविप अवध प्रांत के कार्यकर्ताओं ने कुल 4 लाख 71 हज़ार 121 सदस्यों को जोड़ा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, अवध प्रांत के इस चार-दिवसीय प्रांत अधिवेशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही, प्रांत अध्यक्ष प्रो. नीतू सिंह, प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई, स्वागत समिति अध्यक्ष प्रियंका गुप्ता, स्वागत समिति मंत्री नवीन अग्रवाल एवं नगर मंत्री अलखकांत श्रीवास्तव द्वारा किया गया। यह अधिवेशन 29 से 31 दिसंबर तक सीतापुर के रस्यौरा स्थित सीतापुर शिक्षण संस्थान में आयोजित किया जा रहा है। अधिवेशन की शुरुआत 28 दिसंबर को सायं सीतापुर के प्रख्यात चिकित्सक डॉ महेश प्रसाद मेहराय के नाम से आयोजित प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुई, जिसे डॉ अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश पाण्डेय द्वारा किया गया था।

# मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर ने जीता उद्घाटन मैच

## तीन दिवसीय आमंत्रण वॉलीबाल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्रीय वॉलीबाल स्टेडियम सोरांव पार्ती के खेल मैदान पर सोरांव यूथ क्लब के सौजन्य से डिस्ट्रिक्ट वालीबाल एसोसिएशन,(डीवीए), प्रयागराज के तत्वावधान में आयोजित की जाने वाली आमंत्रण वॉलीबाल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य उरुवा राजू समदरिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात फीता काटकर विधिवत किया। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष के.बी.एल.श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि को बैच लगाकर एवं महासचिव आर.पी.शुक्ला ने बुके व अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर और वशिष्ठ सेवा संघ इंटर कॉलेज महेवा कलां के बीच खेला गया। जिसमें मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर ने वशिष्ठ सेवा संघ इंटर कॉलेज महेवा कलां को 25 - 21 व 25 - 19 अंको से हराकर प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग का उद्घाटन मैच जीत लिया। प्रतियोगिता में असफाक अली, संतोष भास्कर, रवि वर्मा, आकाश कुमार आदि ने निर्णायक की भूमिका अदा की। जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज के संरक्षक श्याम कांत शुक्ला लहरी भइया ने प्रतियोगिता के ट्रॉफी की लांचिंग की। उक्त अवसर पर अखिलेश द्विवेदी, प्रभाकर चौबे, आशीष द्विवेदी, संतोष शुक्ला, पियूष मिश्रा, डीएम गुरु, बाबा गिरी, राकेश भास्कर, उमा शंकर द्विवेदी, झल्लू प्रजापति, शितलेश द्विवेदी, विवेक शुक्ला, चंचल प्रजापति, कार्तिकेय त्रिपाठी, मौसम कुशवाहा व सिंटू विश्वकर्मा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। कल सुबह 10 बजे से प्रतियोगिता के अगले चक्र के मैच खेले जाएंगे।

# मेले के दूसरे दिन भक्तों का रहा जमावड़ा

## पहडी महादेव के दर्शन से तृप्त हुए हजारों भक्त,प्रशासन व संस्था की टीम व्यवस्था में रही सक्रिय



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** विंध्य पर्वत पर बसा मेजा अर्से से धार्मिक स्थलों का गवाह रहा है मेजा की पहाड़ी पर विराजमान श्री सिद्धेश्वर नाथ महादेव का मंदिर भक्तो की आस्था और धार्मिकता का प्रतीक रहा है। पूसी तेरस के दो दिवसीय मेले में दूसरे दिन बारिश होने के बावजूद भक्त पूरे दिन शिव घोष करते रहे।
मेले के अंतिम दिन सूर्य देव भी खिलखिलाकर भक्तो के साथ शिव दर्शन करते रहे। 20 एकड़ में फैला मेला हुआ हजारों भक्तो को समेटे रहा। मेले मे सजी विभिन्न तरह की दुकानें लोगों को आकर्षित कर रही थी।भोर से ही भक्तों का तांता लगा रहा और बाबा के जयकारे लगते रहे। मेले को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की टीम भी मुस्तैद रही। लोगों का मानना है कि सच्चे मन से दरबार में पहुंचने वाले भक्तों की बाबा बिगड़ी बना देते हैं।
श्री सिद्धेश्वर नाथ पहाड़ी महादेव सेवा संस्थान मेले के आयोजन मे अपनी भागीदारी बनाये रखा। संरक्षक गंगा प्रसाद मिश्र अध्यक्ष नित्या नन्द उपाध्याय ग्राम प्रधान गड़ेवरा अनिल शुक्ल, प्रशासन चौकी इंचार्ज अमित कुमार एवं दीवान राज कुमार राय सहित संस्था की टीम भक्तों के सहयोग में सक्रिय रही। मन्दिर के मुख्य पुजारी बृज विहारी दास और मुख्य सेवादार लाला गोस्वामी भक्तों के दर्शन व पूजन में सक्रिय नजर आए।

# गणतंत्र दिवस परेड शिविर हेतु शुआट्स छात्र का चयन

## सत्यम केसरी बने महाकुम्भ में रासेयो के नोडल अधिकारी

**नैनी(प्रयागराज)।** सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय के छात्र तनिष्क चौधरी का चयन गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली के लिए हुआ। इस आशय का पत्र रा0से0यो0 के क्षेत्रीय निदेशक समरदीप सक्सेना ने जारी किया।
एक अन्य सर्कुलर द्वारा शुआट्स के सत्यम कुमार केसरी, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी को महाकुम्भ-2025 से सम्बंधित गतिविधियों हेतु इस कार्यालय एवं राज्य रासेयो अधिकारी के सहमति के आधार पर नोडल अधिकारी नामित किया गया। सर्कुलर के अनुसार सत्यम कुमार केसरी, उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं प्रयागराज के 03 विश्वविद्यालयों से समन्वय स्थापित कर रासेयो स्वयंसेवकों की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराएंगे।

# अतिक्रमण करने पर लगाया पांच हजार का जुर्माना



**प्रयागराज।** चंद्रलोक चौराहा स्थित एक दुकानदार पर अतिक्रमण करने के लिए पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। अपर नगर आयुक्त अरविंद राय शनिवार रात शहर का औचक निरीक्षण करने निकले। निरीक्षण के दौरान चंद्रलोक चौराहा पर फुटपाथ पर अतिक्रमण मिला। अपर नगर आयुक्त ने पूछताछ की तो बताया कि स्थाई दुकानदार ने ही फुटपाथ पर कब्जा किया है। दुकानदार ने सामने दो ठेले भी लगाए थे, जिसपर पूड़ी-सब्जी बेची जा रही थी। अपर नगर आयुक्त ने दुकानदार पर पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया।

# मंडी समिति में समुचित व्यवस्था नहीं होने से भीग रहा अनाज



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** कृषि उत्पादन मंडी समिति में किसानों व व्यापारियों अनाज रखने की समुचित व्यवस्था नहीं होने से रखा अनाज भीग गए हैं। जिससे लोगों का क्षति हो रही है। वहीं जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने से जलभराव बना हुआ है। जिससे आने - जाने वाले किसानों व व्यापारियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।यमुनापार लापर क्षेत्र के किसानों के हित को देखते हुए और राजस्व के पर्याप्त संसाधन की संभावनाओं को देखते हुए कृषि उत्पादन मंडी समिति 1991 मे स्थापना की गई है । हुआ भी कुछ ऐसा है, कि यमुनापार के ही नही दूर - दराज के किसानों व व्यापारियों कई जिले से व्यवसायी का खरीद - फरोख्त के लिए आते हैं । लेकिन सुगम मार्ग न होने तथा किसानों व व्यापारियों अनाज रखने की समुचित व्यवस्था नहीं पर किसान अपनी उपज मंडी समिति में नहीं आते हैं। क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि रविवार, बुधवार को जमघट लगता है । लेकिन प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार बना हुआ है ।मंडी समिति का आने-जाने वाली सड़क छह वर्ष से टूटी पुलिया का मरम्मत न होने से लोगों को पकड़डियों से होकर परिसर मे अनाज ले कर जाते है । जबकि अगर कोई गल्ला नहीं क्रय होने पर छावनी व गोदाम नहीं होने पर बरसात में रखा अनाज भीग कर सड़ रहा है। वही किसानों के लिए सड़क , बिजली, शौचालय जैसे मूलभूत सुविधा न होने से काफी फजीहत उठानी पड़ती है ।मंडी विकास के लिए पर्याप्त के लिए करोड़ों रुपये की प्रति वर्ष आय होती है । सही दिशा मे प्रयोग न किये जाने से किसान व व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । मंडी परिसर मे किसानों व व्यापारियों के लिए अनाज रखने के लिए कोई गोदाम तो बनाई गई है। लेकिन उसमें ताला लटक रहा है। जिससे वर्षा के होने पर उनके अनाज भीग जाती है ।
यमुनापार के प्रधान मंडी जो अपने उर्वरा के लिए प्रख्यात है ।इसके चलते धान का कटोरा कहा जाता है। चावल के जितनी कोटि यहां सुलभ है शायद ही क्षेत्र मे कही मिले । इस मंडी मे बिहार, झारखंड, राजस्थान, जौनपुर, गाजीपुर, वाराणसी, प्रयागराज तथा मध्यप्रदेश से लोग खरीद करने के लिए आते है । लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के लिए वर्षो से टूटी चारदीवारी की भी मरम्मतीकरण नही कराया गया । जबकि प्रशासनिक उपेक्षा के चलते बदहाली की शिकार बनी हुई है।प्रगतिशील किसान सत्य प्रकाश मिश्रा लेड़ियारी, शंकर दयाल तिवारी प्रधान बहरैचा, विनोद दुबे प्रधान प्रतिनिधि कैथवल, राम बली बिंद ग्राम प्रधान धोबहट, रवि सिंह ग्राम प्रधान लेड़ियारी ,श्याम नारायण बिंद डीही खुर्द, सुनील कुमार कुशवाहा, आदि लोगों का कहना है कि मंडी में पर्याप्त धन मिलने के बावजूद उपेक्षा का शिकार बना हुआ है।मंड़ी समिति सचिव दिलीप सिंह ने बताया कि सड़क पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त है यह न्यायालय मे विचाराधीन होने से काम रूका हुआ है।जल्द ही काम होगा। संपर्क मार्ग न होने की वज़ह से समस्याएं हो रही है। जबकि चार चबूतरा, एक गोदाम,साठ दुकाने है। इस परिसर में आठ वर्ष पूर्व बनाई गई सड़क,नाली का निर्माण किया गया था।
जो कि पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। टूटी चारदीवारी , टीन सेट, चबूतरा तथा सड़क जल निकासी के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

# पांच दर्जन गांवों में पांच से छह घंटे ही बिजली आपूर्ति

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** कड़ाके की ठंड में अगर बिजली की कटौती हो तो स्थिति और खराब हो जाती है।इन दिनों क्षेत्र में यही हो रहा है। सुबह दोपहर व रात में हो रही बिजली की अघोषित कटौती उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। बिजली कटौती से लोगों को पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया है। वहीं दूसरी तरफ बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में व्यवधान खड़ा हो रहा है। लेड़ियारी उपखंड के लेड़ियारी फीटर से जुड़े पांच दर्जन गांवों में विगत एक पखवाड़े से पांच से छह घंटे ही बिजली की आपूर्ति की जा रही है। इससे लोगों को दिनचर्या प्रभावित हो गई है। लोगों कहना है कि गर्मी में तो व्यापक पैमाने पर कटौती की जाती है । लेकिन ठंड के मौसम में जब एसी , कूलर नहीं चलता फिर भी पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं की जा रही है। बिजली पर्याप्त मात्रा में न मिलने के कारण लघु उद्योग धंधे भी प्रभावित हो रहे हैं। जबकि सुबह छात्र पढ़ने उठने के पूर्व बिजली आपूर्ति ठप होने से दिक्कत उठानी पड़ है।

# अर्चित की गेंदबाजी से फोर्ड ए ने जीता उद्घाटन मैच

## भवम की जीत में आदर्श व शादान चमके



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** फोर्ड क्रिकेट क्लब ए ने मोती लाल सर्व समाज कल्याण अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में वर्मा क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से और दूसरे मैच में भवम क्रिकेट क्लब ने भानु प्रताप क्रिकेट क्लब को चार विकेट से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। फोर्ड क्लब के अर्चित सिंह की अचूक गेंदबाजी ( 4 - 1 - 16 - 4 ) व भवम क्लब के आदर्श सिंह ( 26 रन, व 41 रन देकर दो विकेट ) और शादान अब्बास रिजवी के नाबाद शानदार ( 55 रन, 38 गेंद, तीन चौके व एक छक्का ) पारी खेला अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। रविवार को भानु प्रताप मैदान पर पहले मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वर्मा क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 22.5 ओवर में महज 74 रन ( अंश कुशवाहा 37 रन, अर्चित सिंह 4/16, अवहन तिवारी 3/10, हरिओम राय 1/05, सागर 1/08, रोहन 1/09) पर बिखर गई। जवाब में फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब ए की टीम 12.4 ओवर में दो विकेट पर 77 रन ( देवांश कुमार स्वप्निल 26, समर्थ मधुबन 21 रन, सुजीत 1/01, अंश कुशवाहा 1/22 ) पर बना लिए। मैच से पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन के मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के क्रिकेट कोच देवश मिश्रा व विशिष्ट अथिति मोती लाल सर्व समाज कल्याण ट्रस्ट के मुख्य सलाकार उमेश गुप्ता ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया, आयोजन सचिव सचिन प्रकाश सिंह ने मुख्य अतिथियों को माला व स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर दिलीप सिंह, मधु गुप्ता, राजेश कुमार, श्यामू भारतीय आदि उपस्थित रहे।
दूसरे मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब ने 25 ओवर में 134 रन ( वेदांत जायसवाल 50, अमित 17, शिव गौतम 16 रन, अंशुमान व यश पाल 2 -2 विकेट, आदर्श सिंह 2/41, इस्माइल 1/24, अनुराग 1/33 ) पर बनाए। जवाब में भवम क्रिकेट क्लब की टीम ने 23.4 ओवर में छह विकेट पर 135 रन ( शादान अब्बास रिजवी 55 नाबाद, आदर्श सिंह 26, करण वीर सिंह 13 रन, प्रियांशु 2/17, संस्कार 2/19, अंशुमान पटेल 1/20 ) पर बना लिए। दोनों मैचों में हितेश श्रीवास्तव व राम चन्द्र यादव ने अंपायरिंग और राहुल मिश्रा ने स्कारिंग की।

# कोहरे से अरहर, आलू व सरसों की फसलों को नुकसान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** कड़ाके की ठंड , शीतलहर , घना कोहरा बर्फीली हवाओं ने पिछले करीब एक सप्ताह से लोगों को परेशान कर रखा है। ऐसे में किसानों की भी परेशानी कम नहीं है।कोहरा से सरसों, अरहर और आलू की फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके साथ ही कड़ाके की ठंड में सब्जियों की खेती भी प्रभावित है।ऐसे में किसान परेशान है। कड़ाके की ठंड में मजदूरों को कम नहीं मिल पा रहा है । सब्जी की दुकान लगाने वाले हो या खोमचा वाले सबकी जिंदगी पर यह ठंड भारी पड़ रही है । सिंचाई कर रहे किसानों के लिए आफत बन गई है । सरकारी अलाव व्यवस्था नहीं है । ऐसे मौसम में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं । अरहर , आलू सरसों सहित फूल वाली फसलों की भारी क्षति हुई किसानों को लागत डूब गई है । किसानों ने सरकार की ओर से मुआवजा दिलाने की मांग की है । कोहरा और शीतलहर से बच्चे और अभिभावक परेशान है । कोहरा ने स्टेट राजमार्ग पर चल रहे वाहनों की रफ्तार भी धीमी कर दिया है । कोहरे से गेहूं की फसल को फायदा दिख रहा है । आलू की फसल को मामूली नुकसान हो रहा है । कोहरे की बूंदे आलू की फसलों पर गिरती है । गेहूं की फसलों पर भरपूर फायदा लेती है । गोबरा गांव के किसान आशुतोष द्विवेदी का कहना है कि कोहरे से फसल को ना तो फायदा है ना नुकसान है ।
जनवरी में पड़ रहे घने कोहरा के कारण आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है । गलन और कोहरे से फसल को नुकसान पहुंचा है । लगातार पड़ रहे कोहरा के कारण सरसों चना , मटर , आलू की फसलों को नुकसान पहुंचा है । इससे किसान चिंतित है । क्षेत्रीय किसान संतोष कुमार द्विवेदी , शंकर दयाल तिवारी , विनोद कुमार दुबे , शिव मोहन द्विवेदी , सत्य प्रकाश मिश्रा ने कहा कि अगर इसी तरह कोहरा पड़ता रहा तो आगे फसल को भारी नुकसान होगा ।

# पंचायत भवनों में लटक रहे ताले, झोले में सरकार




**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज )।** ग्रामीणों को आय , जाति या अन्य प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील , ब्लाक या जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। इसके लिए शासन ने हर ग्राम पंचायत में लाखों रुपए खर्च कर पंचायत भवन का निर्माण कराया। पंचायत सहायक भी नियुक्त किए गए।लेकिन इसका लाभ आम लोगों को नहीं मिल पा रहा है । अधिकतर ग्राम पंचायत में ताले लटक रहे हैं। ग्राम प्रधान अपने साथ झोले में मोहर और अन्य का कागजात रखते हैं । और जरूरत पड़ने पर किसी का भी प्रमाण पत्र जारी कर देते हैं। मंगलवार को ब्लाक के चार ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों की पड़ताल गई तो ऐसे ही सच्चाई सामने आई।जहां से विकास विभाग की योजनाएं चलाई जा रही है। उन भवन में ही ताला लगता मिला।देईबाध, करपिया, नीबी, चैलारी व बघोल ग्राम पंचायत के लोग अपने कार्य के लिए ब्लाक और तहसील का चक्कर लगाते हैं। ब्लाक में कई ऐसे ग्राम पंचायतें हैं।जहां पंचायत भवन हमेशा बंद रहता है। इससे सरकार की छबि धूमिल हो रही है। एडीओ पंचायत विवेक मिश्रा का कहना है कि पंचायत भवनों का निर्माण ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए कराया गया है । छोटे-छोटे काम के लिए ग्रामीणों को ब्लाक , तहसील व का चक्कर न लगाना पड़े । इसके लिए पंचायत भवनों में व्यवस्थाएं कराई गई है । पंचायत भवन में बंद मिलने पर कार्रवाई की जाएगी ।

# फॉर्मर रजिस्ट्री अथवा किसान कार्ड बनवाने की चर्चा से लोग परेशान

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** सभी खेतिहर किसानों का फॉर्मर रजिस्ट्री अथवा किसान कार्ड बनवाने के एक आदेश की आमचर्चा से लोग परेशान हैं। बताया गया कि यह कार्ड न बनाया गया तो अगली पीएम किसान सम्मान की किस्त नहीं मिलेगी। जिसकी अंतिम तिथि 30 दिसम्बर रखी गई है। इस कार्ड के बनने से यह तो साफ है कि फर्जीवाड़ा करने वालों की अब खैर नहीं होगी। कार्ड बनाने की जिम्मेदारी राजस्व विभाग के लेखपाल, कृषि विभाग के कर्मी, पंचायत विभाग के पंचायत सहायक और सहज जन सेवा केंद्र को दी गयी है। जिसके नोडल अधिकारी जिला के अफसर बनाये गए हैं। कार्ड बनाने के लिए आधार कार्ड, इसमें लिंक मोबाइल नम्बर, नवीन खतौनी आदि लगेगी। इसके बन जाने से खाद, बीज सहित अनेक कृषि उपकरण खरीदने मे अनुदान का जहाँ तत्काल लाभ मिलेगा वहीं पीएम किसान सम्मान निधि भी आसानी से मिल सकेगी।

# कोरांव महोत्सव कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कोरांव(प्रयागराज)।** कोरांव में आयोजित होने वाले कोरांव महोत्सव 2024 -25 गीता ज्ञान एकेडमी कोरांव मे सम्पन्न हुआ। जिसका उद्घाटन रमेश कुमार मिश्र प्रबंधक गीता ज्ञान एकेडमी कोरांव ने किया। इस प्रतियोगिता मे कुल नौ टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमे डैय्या स्टेट रामगढ़, जिला पंचायत दोहथा, ग्राम दर्शनी, युवा क्लब कोरांव, बजरंग दल रामगढ़, आद्या प्रसाद धूस, खीरी थाना, बलापुर क्लब, ज्वाला देवी प्रयागराज टीमें रही। जिसमे पहला सेमिफाइनल युवा क्लब बनाम जिला पंचायत दोहथा व दुसरा सेमिफाइनल ज्वाला देवी बनाम खीरी थाना के बीच हुआ, फाइनल मैच युवा क्लब और खीरी थाना के बीच हुआ, जिसमे युवा क्लब कोरांव की टीम विजेता व थाना खीरी उप विजेता रही निर्णायक मंडल में अवनीश शुक्ला, विकास शुक्ला, आनंद तिवारी जी रहे। आयोजन समिति के सदस्यों मे शशि द्विवेदी जी, रितेश तिवारी, सुमित कुमार पाण्डेय, अखिलेश पाण्डेय, शैलेश सिंह शैलू, आशुतोष सिंह, सत्यम द्विवेदी सत्या, शिवेंद्र द्विवेदी, अमन पाण्डेय, विनीत सिंह, नीरज केशरी व अन्य नगर व क्षेत्र के सम्मानित नागरिक दर्शक के रुप मे उपस्थित रहे।

# भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर

▶▶भारत के रक्षा निर्यात ने पिछले साल के मुकाबले 32.5 फीसदी की छलांग लगाई

▶▶फिलहाल 85 से ज्यादा देशों को हथियार प्रणालियों का निर्यात कर रहा है भारत



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** वित्तीय वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 21,083 करोड़ रुपये (लगभग 2.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर) तक पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 32.5 फीसदी की वृद्धि है। पिछले वित्तीय वर्ष में यह आंकड़ा 15,920 करोड़ रुपये था। हालिया आंकड़े बताते हैं कि पिछले 10 वर्षों में देश का रक्षा निर्यात 31 गुना बढ़ गया है। अब तक का उच्चतम रक्षा निर्यात हासिल करने में निजी क्षेत्र और डीपीएसयू ने क्रमशः 60 फीसदी और 40 फीसदी का योगदान दिया है। भारत फिलहाल 85 से ज्यादा देशों को हथियार प्रणालियों का निर्यात कर रहा है।रक्षा मंत्रालय ने अपनी वर्षांत समीक्षा में कहा है कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान रक्षा निर्यातकों को जारी किए गए निर्यात प्राधिकरणों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में 1,414 निर्यात प्राधिकरणों के मुकाबले वित्त वर्ष 2023-24 में यह संख्या बढ़कर 1,507 हो गई। दो दशकों यानी 2004-24 तक के तुलनात्मक आंकड़ों से पता चलता है कि रक्षा निर्यात में 21 गुना की वृद्धि हुई है। 2004-05 से 2013-14 के दौरान कुल रक्षा निर्यात 4,312 करोड़ रुपये था, जो 2014-15 से 2023-24 की अवधि में बढ़कर 88,319 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 21,083 करोड़ रुपये (लगभग 2.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर) पर पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 32.5 फीसदी अधिक है।रक्षा मंत्री ने विश्वास जताया है कि 2029 तक 50 हजार करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण निर्यात करने का लक्ष्य पूरा हो जाएगा।

राजनाथ सिंह ने कहा कि निजी क्षेत्र और डीपीएसयू सहित हमारे रक्षा उद्योगों ने हाल के वर्षों में सराहनीय प्रदर्शन किया है। रक्षा मंत्रालय ने भारत के रक्षा विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने रक्षा निर्यात में नया मील का पत्थर पार करने पर सभी हितधारकों को बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि सरकार की नीतिगत पहलों और रक्षा उद्योग के सहयोग से भारत ने वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा निर्यात में अहम उपलब्धि हासिल की थी। पिछले वित्त वर्ष में भारत का रक्षा निर्यात लगभग 16 हजार करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था, जो वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में लगभग 3,000 करोड़ रुपये ज्यादा है।भारत का रक्षा निर्यात 2016-17 के बाद से 10 गुना से ज्यादा बढ़ा है।

भारत फिलहाल 85 से ज्यादा देशों को हथियार प्रणालियों का निर्यात कर रहा है। अब पिछले साल के मुकाबले रक्षा निर्यात ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 32.5 फीसदी की छलांग लगाई है। इस वर्ष रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।

भारतीय उद्योग ने वर्तमान में रक्षा उत्पादों का निर्यात करने वाली 100 कंपनियों के साथ डिजाइन और विकास की अपनी क्षमता दुनिया को दिखाई है। पिछले पांच साल के दौरान इस क्षेत्र में हुए सुधारों के अच्छे नतीजे मिल रहे हैं।

**आठ सालों में भारत का रक्षा निर्यात**

| | |
|---|---|
| 2016-17 | 1,521 |
| 2017-18 | 4,682 |
| 2018-19 | 10,745 |
| 2019-20 | 9,115 |
| 2020-21 | 8,434 |
| 2021-22 | 12,814 |
| 2022-23 | 15,920 |
| 2023-24 | 21,083 |

# नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहली फ्लाइट का लैंडिंग टेस्ट सफल



**मुंबई, (हि.स.)।** नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार को कमर्शियल विमान की पहली लैंडिग सफल रही। कमर्शियल विमान को लैंड करते ही वाटर कैनाल से सलामी दी गई। इसे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी विमानन परियोजना के विकास में एक बड़े कदम के तौर पर देखा जा रहा है। एक माह पहले सेना के विमान का सफल लैंडिंग परीक्षण किया गया था। मार्च तक एयरपोर्ट का काम पूरा होने पर यहां से नियमित उड़ान सेवा शुरू कर दी जाएगी।अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण बंसल ने मीडिया को बताया कि नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए यह एक महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा कि इस सफल लैंडिंग के बाद अब हम यह कह सकते हैं कि हम सुरक्षा के तमाम पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इस एयरपोर्ट से परिचालन के एक कदम करीब हैं। उन्होंने इस ऐतिहासिक पल के लिए डीजीसीए और सभी एजेंसियों के प्रति आभार जताया। अरुण बंसल ने कहा कि नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट विश्वस्तरीय विमानन सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में भी काम करता है।अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग का काम अंतिम चरण में है। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम 31 मार्च, 2025 तक पूरा हो जाएगा। यह हवाईअड्डा चालू होने पर यहां से एक साल में 9 करोड़ से ज्यादा यात्री सफर करेंगे। यह हवाई अड्डा लगभग 5945 एकड़ क्षेत्र में बनाया गया है। इस हवाई अड्डे का रनवे 3.7 किमी है, और एक ही समय में 350 विमान पार्क किए जा सकते हैं। नवी मुंबई एयरपोर्ट का संचालन शुरू होने पर मुंबई एयरपोर्ट पर दबाव कम हो जाएगा। इसके साथ नवी मुंबई का विस्तार और तेजी से होगा।

# बर्फबारी के बाद कश्मीर घाटी के मौसम में सुधार, रात के तापमान में मामूली वृद्धि



**श्रीनगर, (हि.स.)।** हाल ही में हुई बर्फबारी के बाद कश्मीर घाटी में मौसम में सुधार हुआ है और रात के तापमान में मामूली वृद्धि हुई है, हालांकि तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है। श्रीनगर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने 3 जनवरी से 6 जनवरी तक बर्फबारी का एक और दौर होने का अनुमान लगाया है। इससे कश्मीर संभाग के कई स्थानों और जम्मू संभाग के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी होने की उम्मीद है।मौसम विभाग ने कहा कि इस दौरान कुछ ऊंचे इलाकों में मध्यम से भारी बर्फबारी की संभावना है और साथ ही कहा कि 1 और 2 जनवरी को भी कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि इस साल के अंत तक कश्मीर घाटी में शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग ने एक एडवाइजरी में कहा है कि बर्फबारी, शून्य से नीचे के तापमान और जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों व ऊंचे इलाकों सहित सड़कों पर बर्फीली स्थिति को देखते हुए पर्यटकों, यात्रियों, ट्रांसपोर्टरों को प्रशासन व यातायात एडवाइजरी का पालन करने की सलाह दी जाती है। श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य हिस्सों में बर्फीली ठंड की स्थिति में कोई कमी नहीं आई है जिससे प्रमुख जल निकाय जम गए हैं, जिससे सामान्य जीवन बाधित हो गया है।शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि में श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुलमर्ग का स्की रिसॉर्ट सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां रविवार को न्यूनतम तापमान में और गिरावट आई और यह शून्य से नीचे 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में बर्फबारी के बाद रविवार को न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 8.0 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग में भी न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 1.8 डिग्री सेल्सियस रहा। काजीगुंड में शून्य से नीचे 0.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। उत्तर कश्मीर के सीमांत कश्मीर जिले कुपवाड़ा में भी रात के तापमान में मामूली सुधार हुआ और यह पिछली रात के शून्य से नीचे 1.2 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से नीचे 1.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# 2047 तक भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना हमारा लक्ष्य - राजनाथ सिंह

▶▶महू में आर्मी संस्थानों के कार्यक्रम में शामिल हुए रक्षा मंत्री

▶▶बोले - ऑफिसर और जवानों को युद्ध कौशल में पारंगत बना रहे ये संस्थान

▶▶महू में डॉ. आंबेडकर के जन्मस्थल पहंचे राजनाथ सिंह, प्रतिमा पर अर्पित किए पुष्प



**इंदौर, (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि 2047 तक भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाया जाए। इस लक्ष्य की प्राप्ति में सेना की भूमिका बेहद अहम है। आप केवल सीमाओं के रक्षक ही नहीं हैं बल्कि आप इस राष्ट्र के निर्माण के अग्रदूत भी हैं। आपके कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। आपको एक तरफ तो हमारी सीमाओं का भार संभालना है और दूसरी तरफ विकसित भारत के निर्माण की नींव भी रखनी है। हमें खुद को हमेशा अलर्ट रहने की आवश्यकता है।रक्षा मंत्री सिंह रविवार को इंदौर जिले के प्रवास के दौरान महू में आर्मी संस्थानों में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महू में एक लंबे समय से आर्मी वॉर कॉलेज, इन्फेंटरी स्कूल और मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलिकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग भी सेवाएं दे रहे हैं। स्थापना के समय से ही ये संस्थान भारतीय सेनाओं के ऑफिसर्स और जवानों को मिलिट्री स्ट्रेटजीस और युद्ध कौशल में पारंगत बना रहे हैं। मैं राष्ट्र के प्रति आप सभी की सेवा के लिए भी आभार प्रकट करता हूं। आपका समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा प्रेरणा का काम करती है। आपका अनुशासन साधना से कम नहीं। देश की उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हमारे दुश्मन बाहरी हों या आंतरिक, हमें उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखनी होगी।दरअसल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को मध्य प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास पर इंदौर पहुंचे हैं। उनके साथ आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी इंदौर आए हैं। वे दोपहर करीब 12 बजे विशेष विमान से इंदौर एयरपोर्ट आए और यहां से सेना की हैलिकॉप्टर द्वारा महू कैंट एरिया पहुंचे। यहां रक्षा मंत्री सिंह ने आर्मी वॉर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में जवानों और अधिकारियों को संबोधित किया। इस दौरान चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ उपेंद्र द्विवेदी भी मौजूद रहे।रक्षा मंत्री ने कहा कि मुझे सबसे ज्यादा जो बात अपील करती है, वह है कर्म के प्रति आपकी निष्ठा। जिस प्रकार से आप, हर चीज से ऊपर उठकर, केवल राष्ट्र सेवा को ही अपना कर्म मानकर, निरंतर लगे हुए हैं, शायद इसी को निष्काम कर्म कहा गया है। आपका यह निष्काम कर्म ही है, जिसने हमारी सेना को एक अलग ही मुकाम पर लाकर खड़ा कर दिया है।

उन्होंने कहा कि यहाँ मैं युवा जोश, और परिपक्व अनुभव के मिश्रण को भी देख पा रहा हूँ। जोश और अनुभव का यह मिश्रण निश्चित रूप से हमारी सेना के लिए और इस देश के लिए भी कई मायनों में महत्वपूर्ण है। वैसे तो आप सभी पूरी दुनिया में चल रही गतिविधियों पर खुद नजर रखते होंगे फिर भी, देश के रक्षा मंत्री होने के नाते, मैं आप सभी से विशेष रूप से यह बात कहना चाहूंगा कि, हमें खुद को हमेशा अलर्ट रखने की जरूरत है। मुझे विश्वास है कि लोहे के समान आपके मजबूत कंधे, इस राष्ट्र के निर्माण का भार बेहद आसानी से वहन करेंगे। मेरी शुभकामनाएं आप सभी के साथ हैं।कार्यक्रम के बाद रक्षा मंत्री सिंह का काफिला आर्मी क्षेत्र से होते हुए दोपहर 1.05 बजे बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली पहुंचा। यहां रक्षा मंत्री ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ ही उनके अस्थि कलश के दर्शन किए।

इस दौरान उन्होंने बाबा साहब के स्मारक के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अस्थि कलश पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि बाबा साहब भीम राव आंबेडकर की महू स्थित जन्म स्थली के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। संविधान की रचना में योगदान के साथ-साथ स्वाधीन भारत की संस्थाओं के निर्माण में बाबा साहेब की भूमिका अतुलनीय रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने बाबासाहेब से जुड़े स्थानों को 'पंच तीर्थ' के रूप में विकसित करने का महती काम किया है। बाबा साहब का योगदान भारत की आने वाली पीढ़ियाँ याद रखेंगी। रक्षा मंत्री दो दिन तक महू में ही रहेंगे। इस दौरान वे आर्मी की सभी यूनिट्स का दौरा करेंगे।

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियां यमुना घाट पर विसर्जित की गईं



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियां रविवार को गुरुद्वारा मजनू का टीला साहिब के पास यमुना घाट पर विसर्जित कर दी गई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के पार्थिव देह का अंतिम संस्कार शनिवार को दिल्ली के कश्मीरी गेट स्थित निगमबोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया था। राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने कहा कि बहुत सम्मान के साथ पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियों को गुरुद्वारा मजनू का टीला के अस्थि घाट पर यमुना नदी में विसर्जित किया गया। यह बहुत भावुक क्षण था। दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार ने गुरुद्वारे में शब्द कीर्तन (गुरु ग्रंथ साहिब का संगीतमय पाठ), पाठ (गुरबानी का पाठ) और अरदास कराए हैं।इस बीच, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर भी कीर्तन और गुरु पाठ के लिए गुरुद्वारा मजनू का टीला पहुंची थीं।

# हिमाचल में थमी बर्फबारी, 400 से ज्यादा सड़कें अवरुद्ध



**शिमला, (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश में दो दिनों की भारी बारिश और बर्फबारी के बाद मौसम खुल गया है। शिमला सहित राज्य के अधिकांश इलाकों में रविवार को धूप खिली और आमजन व पर्यटकों को राहत मिली है। हालांकि मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक शीतलहर का अलर्ट जारी किया है।प्रदेश के छह प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया है। ठंड के प्रकोप ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया है। खासकर किन्नौर, लाहौल-स्पीति, कुल्लू और अप्पर शिमला के इलाकों में ठंड का असर अधिक है। लाहौल स्पीति के ताबो में न्यूनतम तापमान -12.3 डिग्री, कुकुमसेरी में -7 डिग्री,कल्पा में -3.4 डिग्री, भरमौर में -1.7, नारकण्डा में -1.4 डिग्री, मनाली में -0.2 डिग्री, डल्हौजी में 0.4, सराहन में 0.5, कुफ़री में 0.9 और शिमला में 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।भारी बर्फबारी के कारण प्रदेश में 3 राष्ट्रीय राजमार्ग और 400 से अधिक सड़कें अवरुद्ध हो गईं। प्रशासन ने मौसम खुलने के साथ ही इन सड़कों को बहाल करने का काम तेज कर दिया है।

कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर और नारकंडा जैसे इलाकों में बर्फ हटाने के लिए मशीनें लगाई गई हैं। अप्पर शिमला में एनएच-5 नारकण्डा में बर्फबारी से अवरुद्ध है और शिमला से रामपुर के लिए वाहनों की आवाजाही सैंज-लुहरी-सुन्नी सड़क से की जा रही है। इसी तरह देहा-चौपाल स्टेट हाइवे खिड़की के पास अवरुद्ध है।

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की लाहौल घाटी भारी बर्फबारी के कारण बाकी हिस्सों से कट गई है। भारी बर्फबारी के चलते नेशनल हाइवे-तीन और संसारी तिन्दी-तांदी सड़क मार्ग सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद है। सीमा सड़क संगठन द्वारा इन सडक मार्गों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है। घाटी के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित है।भारी बर्फबारी के चलते अप्पर शिमला, कुल्लू और लाहौल-स्पीति में फंसे सैंकड़ों पर्यटकों को रेस्क्यू किया गया। प्रशासन ने सभी सैलानियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया और उन्हें मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी है।मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की रिपोर्ट के मुताबिक कल्पा में 14.9, कुफ़री में 14.5, पूह व मोरंग में 12-12, खदराला में 10, सांगला में 8.5 और केलंग में 8 सेंटीमीटर ताज़ा बर्फबारी दर्ज की गई है।मौसम विज्ञान केंद्र ने 30 और 31 दिसंबर तथा एक जनवरी को प्रदेशभर में मौसम साफ रहने की संभावना जताई है।

# राममंदिर ट्रस्ट के सदस्य पूर्व आईपीएस आचार्य किशोर कुणाल का निधन, बेटे ने की पुष्टि



**पटना, (हि.स.)।** राममंदिर ट्रस्ट के सदस्य रहे पूर्व भारतीय पुलिस सेवा (भापुसे) के पूर्व अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल का रविवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। किशोर कुणाल के निधन की पुष्टि उनके बेटे ने की है।किशोर कुणाल को आज सुबह कार्डियक अरेस्ट हुआ और उन्हें तुरंत महावीर वत्सला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका निधन हो गया। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी किशोर कुणाल अयोध्या मंदिर ट्रस्ट के संस्थापकों में से एक थे। सेवानिवृति के बाद आचार्य किशोर कुणाल सामाजिक कार्यों से जुड़ गए और फिलहाल वे बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष और पटना के चर्चित महावीर मन्दिर न्यास के सचिव थे। महावीर मंदिर न्यास बोर्ड पटना में कई स्कूल और कैंसर अस्पताल का संचालन करता है।किशोर कुणाल राजधानी पटना में ज्ञान निकेतन जैसे चर्चित स्कूल के संस्थापक भी हैं। जब देश में वीपी सिंह की सरकार थी तो उस वक्त आचार्य किशोर कुणाल केंद्र सरकार, विश्व हिंदू परिषद् और बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के बीच मध्यस्थता के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त किए गए थे।किशोर कुणाल का जन्म 10 अगस्त 1950 को हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा मुजफ्फरपुर जिले के बरुराज गांव से की। उन्होंने पटना यूनिवर्सिटी से इतिहास और संस्कृत में ग्रेजुएशन किया। वे 1972 में गुजरात कैडर से भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी बने और पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात हुए। वहां से वे 1978 में अहमदाबाद के पुलिस उपायुक्त बने।

# ओडिशा के कोरापुट में बस पलटने से 3 की मौत, 15 से अधिक घायल

**भुवनेश्वर, (हि.स.)।** ओडिशा के कोरापुट जिले के बैपरिगुड़ा थाना अंतर्गत डकरी घाटी के सुकु नाला के पास रविवार को सुबह एक बस पलट कर खाई में गिर गई।इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई और 15 से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों में छोटे बच्चे भी शामिल हैं। इन सभी को समीप के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें कुछ की हालत गंभीर बताई गई है। मुख्यमंत्री मोहन माझी ने इस हादसे को लेकर दुःख व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों को दो दो लाख रुपये की



अनुकंपा राशि प्रदान करने की घोषणा की है ।पुलिस के अनुसार हादसे के शिकार हुए लोग कटक जिले के निआली क्षेत्र के निवासी हैं। यहां के कुछ परिवारों ने एक बस किराए पर लेकर राज्य के विभिन्न मंदिरों के दर्शन के लिए यात्रा पर थे। बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे। ये लोग कल कालाहांडी में मां मणिकेश्वरी के दर्शन के बाद रविवार को कोरापुट के प्रसिद्ध शैव क्षेत्र गुप्तेश्वर जा रहे थे। बताया गया कि आज सुबह बस जैसे ही डकरी घाटी के करीब पहुंची तो वहां से गुजरते समय वह सुकु नाला के पास पलट कर गहरी खाई में गई। इससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल यात्रियों को वहां से निकाला और उन्हें रामगिरि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और बैपरिगुड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# बोरवेल में गिरे 10 वर्षीय बच्चे की नहीं बच पाई जान, 16 घंटे चला रेस्क्यू



**गुना,(हि.स.)।** मध्य प्रदेश में बोरवेल के खुले गड्ढे ने एक और बच्चे की जान ले ली। यहां गुना जिले की राघौगढ़ तहसील के पिपलिया गांव में शनिवार शाम को बोरवेल के खुले गड्ढे में गिरे 10 वर्षीय बालक की जान नहीं बच पाई। बच्चा करीब 39 फीट की गहराई में फंसा था। जिला प्रशासन, पुलिस और एनडीआरएफ की टीम ने 16 घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाकर रविवार सुबह करीब 9.30 बजे उसे बाहर निकाला। स्वास्थ्य विभाग की टीम उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने इसकी पुष्टि की है।जानकारी के अनुसार, गुना जिले के राघौगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पिपलिया निवासी दशरथ मीना का 10 वर्षीय पुत्र सुमित शनिवार शाम करीब 6.30 बजे पतंग उड़ाते हुए गांव के फूलसिंह मीना के खेत में पहुंच गया, जहां बोरवेल का गड्ढा खुला हुआ था। बच्चा उस बोरवेल में गिर गया। काफी देर तक बालक नहीं दिखा तो परिजनों ने उसकी तलाशी शुरू की। परिजन ग्रामीणों के साथ मिलकर उसे खोज रहे थे, तभी बोरवेल के गड्ढे में बच्चे का सिर नजर आया।। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम गांव पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। राघौगढ़ एसडीएम विकास कुमार आनंद के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम ने दो जेसीबी और पोकलेन मशीन से खुदाई शुरू की। बच्चे तक पाइप के जरिए ऑक्सीजन पहुंचाई गई। इसके अलावा मौके पर डॉक्टरों की टीम और एंबुलेंस की तैनाती की गई और ऑक्सीजन सिलेंडर की भी व्यवस्था कर रखी थी। रात में दो और जेसीबी और बुलवाई गई। रेस्क्यू टीम ने जेसीबी मशीनों से सुबह 4.30 बजे तक बोरवेल के समानांतर 45 फीट गड्ढा खोदा। एनडीआरएफ ने गड्ढे से बोर तक हाथ से टनल बनाई।

## नए साल पर श्री खाटू श्याम मन्दिर में श्री श्याम भक्तों को होगे अलौकिक दर्शन

**लखनऊ।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में श्री श्याम परिवार लखनऊ द्वारा नव वर्ष के आगमन पर आने वाले भक्तों के दर्शन के लिए तैयारी जोरों पर की जा रही है। श्री श्याम परिवार लखनऊ महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि नव वर्ष पर श्री श्याम भक्तों को दर्शन में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं भक्तों के दर्शन के लिए सात अतिरिक्त लाइन के साथ चार एग्जिट प्वाइंट बनाए जा रहे हैं। श्री श्याम बाबा का भव्य आलौकित दरबार सजाया जाएगा । मन्दिर सुबह6 बजे दर्शन के लिए खोल दिया जाएगा। शाम को भजनों के महफिल सजाए जाएगा जिसमें लखनऊ क्षेत्र के भजन गायक मौजूद रहेंगे। भक्तों को जूते चप्पल उतारने के लिए भी अलग स्थान बनाएं गए हैं। मंदिर आने वाले सभी भक्तों को श्री श्याम परिवार की ओर से प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है।

## सीएम योगी ने राष्ट्रपति-उप राष्ट्रपति को दिया महाकुम्भ का निमंत्रण

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना से भी मिले मुख्यमंत्री, प्रयागराज महाकुम्भ का दिया आमंत्रण

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ/नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की और उन्हें महाकुम्भ का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को भी प्रयागराज में होने जा रहे महाकुम्भ-2025 के लिए आमंत्रित किया। सीएम योगी ने विशिष्टजनों को निमंत्रण पत्र के साथ ही महाकुम्भ 2025 के लोगो वाला प्रतीक चिह्न, कलश, महाकुम्भ से जुड़ा साहित्य, नववर्ष का टेबल कैलेंडर व डायरी भेंट की।

13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में होने जा रहे महाकुम्भ में विशिष्टजनों को आमंत्रण देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को दिल्ली पहुंचे थे। शनिवार को उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह से मुलाकात की थी। सीएम योगी ने सभी विशिष्टजनों को महाकुम्भ से संबंधित उपहार भी भेंट किए। रविवार को भी सीएम योगी ने अपने एक्स हैंडल पर विशिष्टजनों से भेंट की तस्वीर पोस्ट करते हुए अमूल्य समय प्रदान करने के लिए उनका आभार भी जताया।

उल्लेखनीय है कि महाकुम्भ प्रारंभ होने में अब कुछ ही समय शेष रह गया है। सीएम योगी और उनके मंत्रीगण विभिन्न राज्यों में जाकर विशिष्ट और आमजनों को महाकुम्भ के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

## महाकुम्भ में आएं अखिलेश, पापों को धोएं और पुण्य कमाएंः ब्रजेश पाठक

[उप मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी के मुखिया को दिया जवाब]

- सपा को न माफ करेगी और न ही दोरंगी चाल स्वीकार करेगी यूपी की जनताः उप मुख्यमंत्री
- बोले-हमारी सरकार ने नागरिक सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाने में हासिल की है सफलता

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को निशाने पर रखा।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने सपा सुप्रीमो के बयानों की निंदा की। अखिलेश के सवाल के जवाब में ब्रजेश पाठक ने कहा कि दुनिया के सनातन धर्म के मानने वालों का महाकुम्भ में स्वागत है। राहुल जी (जर्मनी के सांसद) भी आएं, स्नान करें और पुण्य का लाभ प्राप्त करें। सपा मुखिया अखिलेश यादव को भी आमंत्रित करते हुए पाठक ने कहा कि आप भी आइए, पुण्य प्राप्त कीजिए और पापों को धोइए।

**इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में तेजी से बढ़ रहा उत्तर प्रदेश :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मीडिया से बातचीत में बोला कि सपा मुखिया से कहना चाहता हूं कि उप्र का इंफ्रास्ट्रक्चर विश्व स्तरीय बनकर तैयार हो रहा है। उत्तर प्रदेश में आधा दर्जन एक्सप्रेसवे बनकर तैयार हो चुके हैं और आधा दर्जन पाइपलाइन में हैं, जो शीघ्र ही बनकर तैयार होने वाले हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। पानी, बिजली, सड़क, स्कूल, अस्पताल आदि नागरिक सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाने में हमारी सरकार ने सफलता हासिल की है।

**सपा शासन में सड़क पर घूमते थे हत्यारेः** उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव को अपना शासन याद आता होगा। उस समय बहू-बेटियों की इज्जत-आबरू लूटी जाती थी। हत्यारे सड़क पर घूमते थे। गुंडे, माफिया, बदमाशों ने आमजन का जीवन मुश्किल कर दिया था। यूपी की जनता कभी भी समाजवादी पार्टी को माफ नहीं करेगी। 2027 में उत्तर प्रदेश में फिर से भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी।

### जनता नहीं स्वीकार करेगी सपा की दो रंगी चाल

ईवीएम पर अखिलेश यादव द्वारा फिर से सवाल उठाने पर उप मुख्यमंत्री ने उनकी खिंचाई की। बोले कि समय-समय पर अखिलेश यादव ईवीएम पर सवाल उठाते हैं। जब जीतते हैं तो ईवीएम अच्छी है और हारते हैं तो ईवीएम खराब है। सपा की यह दो रंगी चाल यूपी की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी।

## अखिल भारतीय ब्रह्म समाज की मासिक बैठक में रजत जयंती समारोह की तैयारियां तेज

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** अखिल भारतीय ब्रह्म समाज की मासिक बैठक केंद्रीय कार्यालय मुण्डावीर परिसर पकरी आलमबाग लखनऊ में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीपी अवस्थी ने की। इस मौके पर 2 फरवरी 2025 को होने वाले रजत जयंती समारोह की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। संगठन के महामंत्री देवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि इस भव्य कार्यक्रम में 2500-3000 लोगों की उपस्थिति की संभावना है। समारोह में पाटी पूजन 5 बच्चों का विशेष पूजन किया जाएगा। इस दौरान अवध रत्न सम्मान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 11 प्रतिष्ठित व्यक्तियों का सम्मान दिया जाएगा। समारोह में 50 संस्थापक सदस्यों को विशेष सम्मान और 5 संस्थापक सदस्यों को मरणोपरांत सम्मान। प्रदेश अध्यक्ष विजय त्रिपाठी ने समाज के सभी सदस्यों से तन, मन और धन से कार्यक्रम की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। लखनऊ जनपद इकाई के अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ल ने कहा कि यह आयोजन लखनऊ इकाई द्वारा संचालित है। जनपद के सभी पदाधिकारी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अमूल्य योगदान देंगे। बैठक में कार्यवाहक अध्यक्ष कोमल द्विवेदी, कार्यवाहक महामंत्री मानवेन्द्र पाण्डेय, उपाध्यक्ष दया शंकर पाण्डेय, राम कृष्ण त्रिपाठी, राम कुमार चौबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष गोविन्द मिश्र अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर राम किशोर मिश्र (चच्चू), अच्युतानंद धर द्विवेदी, आशुतोष मणि त्रिपाठी, राम गोपाल पाण्डेय, बबलू दीक्षित, रमा शंकर बाजपेयी, डॉक्टर शशि मिश्र और मीनू तिवारी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। 4 जनवरी 2025 को समता मूलक चौराहा स्थित चटोरी गली में संगम कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें सभी पुरुषों को धोती कुर्ता, पायजामा और महिलाओं को पीली साड़ी में आना होगा। सभी पुरोहितों को अपनी पारंपरिक वेषभूषा में समय पर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया।

## प्रदेश में बनायी गयी 16 लाख से अधिक फार्मर्स आईडी

- सीएम योगी के निर्देश पर अभियान चला अन्नदाताओं की बनाई जा रही आईडी
- प्रदेश सरकार की योजनाओं को लाभ शत-प्रतिशत अन्नदाताओं को देने के लिए चलाया जा रहा अभियान

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के अन्नदाताओं को सरकारी योजनाओं को लाभ दिलाने के लिए व्यापक स्तर पर विभिन्न अभियान चला रही है। इसी के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश भर में अभियान चलाकर फार्मर्स आईडी बनायी जा रही है, जिससे अन्नदाताओं को योजनाओं का लाभ मिलने में पारदर्शिता और तेजी लाई जा सके। वहीं फार्मर्स आईडी बनाने में पूरे प्रदेश में जौनपुर ने बाजी मारी है जबकि रामपुर, अंबेडकरनगर, महराजगंज और पीलीभीत ने टॉप फाइव जिलों में जगह बनायी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की कमान संभालते ही अन्नदाताओं को हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई बड़े कदम उठाये। उसी का नतीजा है कि आज प्रदेश का अन्नदाता खुशहाल के साथ समृद्ध हो रहा है। उनकी आय में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। सीएम योगी के निर्देश पर अन्नदाताओं की डिजिटल आईडी बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश में 2,22,96,269 अन्नदाता निवास कर रहे हैं। ऐसे में उन्हे डिजिटल आईडी मुहैया कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में 28 दिसंबर शाम 6 बजे तक 16,65,233 फार्मर्स आईडी बनायी जा चुकी है। इसी क्रम में जौनपुर जिले ने 28 दिसंबर शाम 6 बजे तक 1,09,048 फार्मर्स आईडी बनाकर पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप जिले में अन्नदाताओं को सरकारी योजनाओं को लाभ देने के लिए फार्मर्स आईडी बनायी जा रही है। इसी का परिणाम है कि जौनपुर फार्मर्स आईडी बनाने में पूरे प्रदेश में पहले पायदान पर है। इसी तरह रामपुर फार्मर्स आईडी बनाने में दूसरे, अंबेडकरनगर तीसरे, महराजगंज चौथे और पीलीभीत पांचवे स्थान पर है। रामपुर जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बताया कि रामपुर में 28 दिसंबर शाम 6 बजे तक कुल 92,026 फार्मर्स आईडी बनायी गयी है। अंबेडकरनगर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि जिले ने 28 दिसंबर तक 66,115 फार्मर्स आईडी बनाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

महराजगंज जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि 66,550 फार्मर्स आईडी बनाकर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि शिविर और अभियान चलाकर फार्मर्स आईडी बनायी जा रही है। पीलीभीत जिलाधिकारी संजय सिंह ने बताया कि जिले ने 50,399 फार्मर्स आईडी बनाकर टॉप फाइव में जगह बनायी है।

- फार्मर्स आईडी बनाने में पूरे प्रदेश में जौनपुर ने मारी बाजी, रामपुर दूसरे तो अंबेडकरनगर तीसरे पायदान पर
- महराजगंज और पीलीभीत ने बनायी टॉप फाइव में जगह, प्रदेश में अब तक 16,65,233 आईडी बनाई गई

बता दें कि फार्मर्स आईडी से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना समेत अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे और निर्बाध रूप से मिल सकेगा। यह पहल किसानों के जीवन स्तर को सुधारने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ऐसे में जिलाधिकारियों, ग्रामीण इलाकों में सहायक कर्मियों और स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से अभियान को गति दी जा रही है।

## चड़दीकला क्लास में हुई खेल प्रतियोगिता

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** केंद्रीय गुरु सिंह सभा आलमबाग गुरुद्वारा साहिब में चड़दीकला क्लास जो कि हर रविवार दशमेश पब्लिक स्कूल में संचालित की जा रही है।जहां हर रविवार सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक बच्चों को गुरमत शिक्षा दी जाती है तथा बच्चों को सिख इतिहास से जोड़ा जाता है।

इसी प्रक्रिया को जारी रखते हुए चढ़दीकला क्लास में साल के आखिरी रविवार को विशेष बनाते हुए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । आज 29/12/24के दिन को विशेष बनाते हुए बच्चों के लिए सुबह 8:00 बजे से 11:00 बजे तक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें बच्चों के लिए क्रिकेट, बैडमिंटन , खो-खो तथा एक विशेष खेल का आयोजन भी किया गया जिसमें बच्चों को अपनी मातृभाषा से जोड़ने के लिए एक गुरुमुखी लिपि(पैंती-अक्षर) दौड़ का भी आयोजन किया गया । विशेष प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी मातृभाषा को कागज पर लिखकर तथा बोलकर दौड़ लगानी थी। इस विशेष दौड़ में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तथा विजय हुए बच्चों को गोल्ड, सिल्वर तथा ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया गया। चढ़दीकला क्लास की टीम ने जहां बच्चों को अपनी मातृभाषा से जोड़ा वहीं उनके शारीरिक विकास पर ध्यान देते हुए बच्चों के साथ पूरी टीम ने मिलकर क्रिकेट ,बैडमिंटन तथा खो-खो खेल प्रतियोगिता में हिस्सा भी लिया। जिसमें सभी वॉलिंटियर्स ने बच्चों के साथ इस प्रतियोगिता को विशेष बनाया।

## मैड्रिड और बर्लिन में आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय पर्यटन उद्योग का अग्रणी व्यापार मेला

- स्पेन और जर्मनी में होगा प्रदेश की समृद्ध विरासत का प्रचार-प्रसार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पर्यटन संपदा और सामर्थ्य को विश्व समुदाय के समक्ष प्रदर्शित कर विदेशी पर्यटकों को उ0प्र0 की ओर आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग स्पेन की राजधानी मैड्रिड में 24 से 28 जनवरी, 2025 तथा जर्मनी की राजधानी बर्लिन में 04 से 06 मार्च, 2025 तक अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन उद्योग मेले में अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज कराने का निर्णय लिया है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि वैश्विक मंच पर प्रदेश में स्थित 12 टूरिज्म सर्किट, ओडीओपी, हस्तशिल्प एवं अन्य विशेषताओं का प्रदर्शन एवं प्रचार प्रसार किये जाने की रणनीति बनाई गयी है। इसके अलावा प्रदेश का गौरवशाली इतिहास समृद्ध विरासत और विशेषताओं की विदेशी पर्यटकों को जानकारी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि इस मेले में भाग लेने का उद्देश्य विदेशी पर्यटकों को उ0प्र0 की ओर आकर्षित करना है। ताकि उ0प्र0 विदेशी पर्यटकों के मामले में भी पूरे देश में पहले स्थान पर स्थापित हो। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय मेले में यह भी बताया जायेगा कि अब उ0प्र0 नये भारत का नया उ0प्र0 है। जहां सुरक्षा के साथ रेल, वायु, वाटर-वे तथा एक्सप्रेसवे की बेहतर कनेक्टिविटी है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन 40 वर्ग मीटर में प्रदर्शनी लगाएगा। यहां 12 टूरिज्म सर्किट के महत्वपूर्ण स्थलों के अलावा हस्तकला, विभिन्न कलाकृतियों और एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) आदि का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा, वीवीआईपी लाउंज, इंटरएक्टिव सेल्फी जोन और डिजिटल माध्यम (जैसे-स्क्रीन, मोबाइल ऐप और ब्रोशर) के जरिए दर्शकों से जुड़ने का प्रबंध होगा। इस आयोजन में टूर ऑपरेटरों और अन्य हितधारकों के साथ बिजनेस-टू-बिजनेस और बिजनेस-टू-कंज्यूमर इंटरैक्शन को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे उत्तर प्रदेश को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित किया जाएगा। जयवीर सिंह ने बताया कि इन आयोजनों में उत्तर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों और विषयों को वैश्विक मंच पर लाया जाएगा, जिनमें महाकुंभ-2025, बौद्ध सर्किट, ईको-पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन और वेलनेस पर्यटन की बढ़ती संभावनाएं शामिल हैं। कार्यक्रम में भगवान बुद्ध की भूमि उत्तर प्रदेश और महाकुंभ-2025 जैसे आकर्षक स्लोगन के माध्यम से दर्शकों का ध्यान खींचा जाएगा। साथ ही, प्रचार सामग्रियां, पर्यटन से जुड़ी फिल्में और उत्तर प्रदेश के पर्यटन मानचित्र वितरित किए जाएंगे। इन आयोजनों का विशेष ध्यान बौद्ध सर्किट, राज्य के सांस्कृतिक उत्सवों और विरासत स्थलों को बढ़ावा देने पर रहेगा। इन आयोजनों में उत्तर प्रदेश का शानदार प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए पर्यटन विभाग ने पेशेवर एजेंसियों से अत्याधुनिक प्रदर्शनी स्पेस डिजाइन, निर्माण और प्रबंधन के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि राज्य के पर्यटन स्थलों की लोकप्रियता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास है। उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपराओं, और विविध पर्यटन अनुभवों को पेश कर एक प्रमुख वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में उभरेगा।

## नगर विकास मंत्री कुंभ क्षेत्र को अलौकिक व अमृतमय बनाने के लिए स्वच्छता कार्यों में करेंगे श्रमदान

- महाकुंभ क्षेत्र में स्वच्छता, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा होगी सर्वोपरि

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा 30 दिसंबर सोमवार को सुबह 7रू30 बजे प्रयागराज महाकुंभ तीर्थ क्षेत्र को अलौकिक व अमृतमय बनाने के लिए नागवासुकी मंदिर से दशाश्वमेध घाट तक चलाये जाने वाले सामूहिक स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग कर और स्वयं अपने हाथों में झाड़ू लेकर स्वच्छता कार्यों में श्रमदान करेंगे।

तीर्थराज प्रयाग हमारी सांस्कृतिक व पौराणिक धरोहर और आस्था का केंद्र है। महाकुंभ 2025 को दिव्य भव्य, स्वच्छ और सुंदर, अलौकिक व अद्वितीय बनाने के लिए स्वच्छता सफाई कार्यो में सभी की सहभागिता हो तथा देश दुनिया में जनजन तक इसका संदेश देने के लिए सामूहिक स्वच्छता श्रमदान महायज्ञ आयोजित किया गया है, जिसका संदेश दूर-दूर तक पूरी दुनिया में जाएगा। उन्होंने सामूहिक स्वच्छता समाधान महायज्ञ में अधिक से अधिक जनता जनार्दन के शामिल होने की अपील की है। प्रयागराज में 13 जनवरी 2025 से महाकुंभ में स्नान पर्व की शुरुआत हो जाएगी।

कुछ ही दिनों में देश दुनिया भर से श्रद्धालु, पर्यटक तीर्थराज प्रयाग के संगम में महाकुंभ का पुण्य लाभ प्राप्त करने तथा यहां की दिव्यता व भव्यता का अलौकिक दर्शन करने और भारत की सांस्कृतिक व पौराणिक महिमा का साक्षी बनने व आस्था के संगम में डुबकी लगाने के लिए आने लगेंगे। यहां पर आने वाले सभी लोगों को सुंदरता का सुखद एहसास दिलाने के लिए तथा धार्मिक कार्यों में कहीं पर भी गंदगी न दिखे, इसके पूरे प्रयास किया जा रहे हैं। लोगों को स्वच्छता कार्यों में सहभागी बनने के लिए जागरूक किया जा रहा, सफाई मित्रों का उत्साहवर्धन किया जा रहा है।

## पावर कारपोरेशन प्रबन्धन न्यायलय के आदेश का कर रहा उल्लंघनः देवेन्द्र पाण्डेय

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/ संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ कि बैठक प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खालिद की अध्यक्षता में तालकटोरा में आहूत की गई जिसका संचालन प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पांडे ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन द्वारा वर्ष 2018 में बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों को उनके गृह तहसील से बाहर स्थानान्तरण करने का आदेश निर्गत किया गया था जिसके खिलाफ संगठन द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी।

जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 4-9-2018 को संगठन के पक्ष में फैसला सुनाते हुए आउटसोर्स कर्मचारियों के स्थानांतरण पर रोक लगा दी गई थी जो आज भी प्रभावी है। पावर कारपोरेशन प्रबन्धन द्वारा 6 वर्ष बाद माननीय उच्च न्यायालय के उक्त आदेश के खिलाफ माननीय न्यायालय में काउंटर दाखिल किया जा रहा है। इसके बावजूद भी पावर कारपोरेशन के चेयरमैन द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों के स्थानांतरण के मौखिक आदेश निर्गत किया जा रहा हैं। जिससे माननीय उच्च न्यायालय के उक्त आदेश का उलंघन हो रहा है। संचालन कर रहे प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि पावर कारपोरेशन प्रबन्धन द्वारा यदि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का उलंघन कर बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया तो संगठन को आन्दोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा,जिसकी सारी जिम्मेदारी पावर कॉरपोरेशन प्रबन्धन कि होगी। बैठक में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र पाण्डेय, कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र बाजपेई,मध्यांचल महामंत्री अरुण यादव,जिलाध्यक्ष शुभम् वर्मा,जिला महामंत्री राकेश पाठक,आर एस सिंह,दिलीप शर्मा, मयंक, मुन्ना, प्रदीप कुमार,राशिद आदि पदाधिकारियों ने बैठक को सम्बोधित किया।

## स्टडी हॉल जूनियर स्कूल ने एकता और पर्यावरण सुरक्षा का जश्न मनाया

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।**स्टडी हॉल जूनियर स्कूल ने अपने वार्षिक विषय ÷ओहाना का अर्थ है परिवार के तहत एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें एकता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया गया। मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्कूल ने यह संदेश दिया कि बच्चों के विकास और पृथ्वी की सुरक्षा में परिवार, स्कूल और समाज की साझेदारी आवश्यक है।

स्कूल की प्राचार्या, सुपर्णा चटर्जी ने ÷ओहाना÷ के गहरे अर्थ को समझाते हुए कहा, ओहाना का अर्थ है परिवार, और परिवार का मतलब है कि कोई पीछे नहीं छूटता। स्टडी हॉल में, हम मानते हैं कि स्कूल और घर मिलकर ऐसे जागरूक और जिम्मेदार बच्चों का निर्माण कर सकते हैं जो अपनी पसंद की जिंदगी जीने के लिए तैयार हों। हम समानता, सामाजिक न्याय, और पर्यावरणीय स्थिरता से युक्त भविष्य की दिशा में काम कर रहे हैं।

कार्यक्रम की जान थी अफ्रीकी नृत्य, गीत, और नाटक, जो पर्यावरण बचाने के विषय पर केंद्रित थे। छात्रों ने अफ्रीका की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करते हुए प्रकृति के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से लड़ने का सशक्त संदेश दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक नाटक था, जिसमें वनों की कटाई के प्रभाव और सामुदायिक समाधान की आवश्यकता को उजागर किया गया। छ्हस्ज्ञ्छ, साक्ष्रक्ष की समावेशी शिक्षा इकाई के छात्रों ने एक प्रेरक प्रस्तुति दी, जो विविधता और सामूहिक प्रयासों की महत्ता को दर्शाती थी।

कार्यक्रम का समापन एक मार्मिक समूह गायन से हुआ, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने एकता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के गीत गाए।

## सीमेंट व्यापारी एसोसिएशन के अभिषेक मसानी अध्यक्ष और आकाश आहुजा कार्यकारी अध्यक्ष बने

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सीमेंट डीलर्स एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नई युवा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने शपथ ली।

इस दौरान संगठन के भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। जिला ईकाई संरक्षक मनीष अग्रवाल, जिला अध्यक्ष अभिषेक मंसानी, जिला वरिष्ठ महामंत्री जिम्मी गर्ग, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल गुप्ता, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष आकाश हूजा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अर्पित जैन जी के साथ संगठन मंत्री महेंद्र गोयल एवं अंकुर जैन और जीएसटी प्रभारी सीए सार्थक जैन, लीगल प्रभारी आई एम पांडे, मल्टीमीडिया संयोजक अंशुल अग्रवाल और परिवहन प्रभारी सागर वर्मा एवं रवि यादव के साथ दस उपाध्यक्ष और दस महामंत्री विजय साहू, सुरेंद्र सचदेव, मुदस्सर नजर, विवेक सिंह, भास्कर गुप्ता, निखिल सिंह, मो.सलाउद्दीन, ज्ञानेन्द्र अवस्थी, अम्बुज कुमार, मनीष यादव, कमल अग्रवाल, डी के मिश्रा आदि को दायित्व देने के साथ शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने पद की शपथ लेते हुए संगठन के विकास और सीमेंट डीलर्स के हितों के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान नई कार्यकारिणी की योजनाओं और नीतियों को लागू करने पर चर्चा की गई। शपथ ग्रहण समारोह में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष श्याम मूर्ति गुप्ता, अजय त्रिपाठी मुन्ना और लखनऊ के विभिन्न सीमेंट डीलर्स ने बड़ी संख्या में भाग लिये। कार्यक्रम के दौरान संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सभी पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से प्रयास करने का भरोसा जताया।

# बांग्लादेशियों ने निगमकर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

## महिला सुपरवाइजर को खींचा, मेयर भड़कीं तो निगम ने 50 झोपड़ियां तोड़ी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार सुबह बांग्लादेशियों ने निगमकर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पर्स और मोबाइल लूट लिए। महिला सुपरवाइजर को पकड़ कर खींचा, कपड़े फाड़ दिए। बवाल की सूचना मिलते ही मेयर सुषमा खर्कवाल मौके पर पहुंचीं। मेयर ने कहा बांग्लादेशी नगर निगम के कर्मचारियों को पीटेंगे और पार्षद प्रतिनिधि पर डंडों से हमला होगा तो मेरे मेयर रहने का क्या मतलब? जेसीपी साहब इनके खिलाफ कार्रवाई करो, नहीं तो धरने पर बैठूंगी। भले ही मेरी सरकार है। इसके बाद निगम की टीम ने इंदिरा नगर थाने के पीछे खाली प्लॉट में बनी 50 झुग्गियां को 2 घंटे में तोड़ दीं। इन झुग्गियों में रहने वाले अपना सामान निकालकर गाड़ियों से ले गए। मौके पर बवाल न हो, इसलिए भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। इससे पहले, नगर निगम टीम सुबह 7 बजे इंदिरा नगर में जोन-7 में घोड़े वाले मंदिर के पास मानस एन्क्लेव के सामने अवैध ठेलों के खिलाफकार्रवाई करने पहुंची थी। ठेलों को हटाने के दौरान विवाद हो गया। अचानक 200 लोग जुट गए और टीम पर हमला कर दिया। निगमकर्मियों ने भाग कर जान बचाई। इस दौरान लोगों ने एक पार्षद प्रतिनिधि को भी डंडों से पीटा। मेयर ने लखनऊ कमिश्नर और डीएम को फोन करके मामले की जानकारी दी। पीएसी भेजने के लिए भी कहा। इस पूरे मामले में भारतीय किसान यूनियन अवध अराजनीतिक से जुड़े राजू गुप्ता ने कहा कि हमारा संगठन इस कार्रवाई का विरोध करता है। नगर निगम के अधिकारियों की शिकायत का पत्र हमने पहले दिया था। लखनऊ नगर निगम कर्मचारियों और बांग्लादेशियों के बीच मारपीट का एक वीडियो सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि पुलिस भी मौके पर मौजूद है, इसके बावजूद बांग्लादेशियों ने मारपीट की। वे लाठी और डंडे लेकर वहां पहुंचे। पहले निगम कर्मियों के साथ बहस हुई। इसके बाद मारपीट की गई। अवैध झुग्गियों का बिजली कनेक्शन काटने पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारी को भी मेयर सुषमा खर्कवाल ने फटकार लगाई। उन्होंने अधिकारी को तारों का जंजाल दिखाया और कहा कि इस तरह से आपका विभाग काम करता है। इस पर बिजली अधिकारी कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। मेयर सुषमा खर्कवाल ने खुद खड़े होकर इन झुग्गियों की बिजली कटवा दी। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यहां प्री-पेड कनेक्शन चल रहा था। जबकि मौके पर अवैध तरीके से कटिया फंसाकर बिजली चोरी की जा रही थी।

# ट्रक की टक्कर में घायल की इलाज दौरान मौत

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** शनिवार देर शाम बंथरा के रतौली गांव के पास ट्रक और बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में घायल रोहित रावत (27 वर्ष) ने इलाज दौरान दम तोड़ दिया। जबकि इस हादसे में रंजीत कुमार धीमान 33 वर्ष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि एक बाइक पर तीन लोग सवार थे। बाइक चला रहा युवक ने हेलमेट नहीं लगाया था।

घटना में रोहित और मोहित घायल हो गए थे। रोहित को मोहनलालगंज सीएचसी ले जाया गया। जहां से ट्रामा 2 रेफर कर दिया गया। जहां रोहित ने शनिवार रात इलाज के दौरान दम तोड़ दी। वहीं मोहित शर्मा का केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में इलाज जारी है। उधर एक साथ गांव में दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत होने से दोनों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। शनिवार देर शाम करीब 7.30 बजे वह गांव के रंजीत कुमार धीमान 33 वर्ष और मोहित शर्मा 24 वर्ष के साथ एक ही बाइक से बनी- मोहनलालगंज रोड स्थित भागू खेड़ा चौराहे से घर की तरफजा रहे थे। तभी चौराहे से बिजनौर की ओर बढ़ते ही करीब 300 मीटर आगे पहुंचने पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक (एचआर 38 एजी 0120) ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी थी।

हादसे में रंजीत की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। रोहित रावत की करीब 10 साल पहले मोहनलालगंज के गौरा गांव निवासी किरन के साथ शादी हुई थी। रोहित अपनी पत्नी किरन के अलावा बेटे पार्थ (8), बेटी अनन्या (6) और बेटे अयान्स (4) के साथ रहकर डीजे संचालन का काम करता था।

## संक्षिप्त खबरें

### साईंधाम ट्रस्ट के सुकार्यों को मुख्यमंत्री ने सराहा



**लखनऊ।** साईं धाम ट्रस्ट के संस्थापक अमित शर्मा व मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल जी को उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पूज्य योगी आदित्यनाथ महाराज जी से लखनऊ में पांच कालिदास मार्ग स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अमित शर्मा ने अपनी संस्था साईं धाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट के विषय में मुख्यमंत्री को जानकारी दी, जिसे सुनकर योगी जी ने उनके सुकार्यों को सराहा और अपनी कृपा दृष्टि प्रदक्त करने का आश्वासन देकर विदा करा।

### खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई शुरू



**लखनऊ।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग 2024-25 के अंतर्गत खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता- विकास खण्ड मोहनलालगंज का आयोजन आज़ाद मैदान कनकहा में किया गया । मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज ओमप्रकाश शुक्ला विंदेश्वरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की और खण्ड विकास अधिकारी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनकी सराहना की। क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द अधिकारी राहुल सिंह की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समन्वयक के रूप में विकास खण्ड के सभी शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशकों एवं पूर्व सैनिक अजीत कुमार प्रबन्धक ए एस डिफेन्स अकैडमी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अद्वितीय योगदान दिया।

### जफरुद्दीन सिद्दीकी पुरस्कार के वितरण का किया स्वागत

**लखनऊ।** 31 दिसंबर मंगलवार को राष्ट्रीय सामाजिक कार्य कर्ता संगठन के संयोजक मोहम्मद अफाक द्वारा इस्लामिक शैक्षिक जागरूकता प्रयासों और सामाजिक कल्याण गतिविधियों के लिए प्रतिष्ठित हस्तियों को इंजीनियर जफरुद्दीन सिद्दीकी पुरस्कार वितरित किया जाएगा। मैं उनके कार्यक्रम का दिल से स्वागत करता हूं इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी मुहम्मद फहीम सिद्दीकी और जियाउल्लाह सिद्दीकी नदवी सचिव अध्यक्ष एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी ने मोहम्मद अफाक का जिक्र करते हुए कहा कि मोहम्मद अफाक हमेशा गरीबों, कमजोरों और असहायों की मदद के लिए अपना प्रयास जारी रखते हैं और मोहम्मद अफाक का नाम उन समाजसेवियों में रहता है जो अपने लिए नहीं बल्कि दूसरों के लिए काम करते हैं. जियाउल्लाह सिद्दीकी ने कहा कि भूखे को खाना खिलाने और नंगे को कपड़े पहनाने का काम हर कोई करता है, लेकिन ऐसे सशख का काम आना जिनका कोई सुनने वाला न हों उस वक़्त ऐसों का सहारा मो आफ़ाक़ ही अपनी कोशिशों से करते हैं उनके लिए अपनी जान जोखिम में डालकर उनकी जरूरत पूरी करते हैं उन्होंने कहा कि मैं मुहम्मद अफाक के लिए प्रार्थना कर रहा हूं की आप को समाज सेवा करने में कोई परेशानी न हो।

### शिविर में बुजुर्गों महिलाओं का हुआ नेत्र जाँच

**लखनऊ।** स्वास्थ्य सहायक उपकरण,कृत्रिम अंग व कंबल वितरण अभियान की श्रृंखला के अंतर्गत नेत्र जाँच शिविर में बुजुर्गों महिलाओं की नेत्र जाँचआज ममता चौरिटेबल ट्रस्ट लखनऊ के तत्वाधान में मिधानी द्वारा प्रायोजित आलमनगर वार्ड पारा लखनऊ में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर एवं नेत्र सहायक की सहायता से सैकड़ों बुजुर्गों,महिलाओं और गरीबो के नेत्र की जांच किया गया। ट्रस्ट के ट्रस्टी राजीव मिश्रा ने बताया कि इसी स्थान में विशाल स्वास्थ्य सहायक उपकरण,कृत्रिम अंग व कंबल वितरण अभियान का आयोजन किया जाना है जिसमें स्वास्थ्य जन- जागरुकता, चिकित्सा शिविर,दिव्याग ट्राई साइकिल,स्टिक,कान की मशीन आदि सहित प्राथमिक दवाइयों का वितरण किया जाना है! उसी में आज हुए नेत्र जाँच के व्यक्तियों,जरूरतमंदो को निःशुल्क चश्मा भी वितरित किया जाना है,संस्थापक ट्रस्टी डॉ राजेश शुक्ला ने बताया कि ट्रस्ट विगत 5 वर्षो से निरन्तर नर सेवा को नारायण सेवा मानकर शिक्षा,स्वास्थ्य,समाज,गरीब,जरूरतमंदों केलिए सेवा समर्पण एवं सहयोग हेतु कृतसंकल्प है,उसी श्रंखला में इस वर्ष भी लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में स्वास्थ्य सहायक उपकरण,कृत्रिम अंग व कंबल वितरण अभियान अंतर्गत नेत्र जाँच शिविर आयोजित कर लाभान्वित करने का अभियान चलाया जा रहा है! ममता ट्रस्ट के एडवोकेट राजेश मिश्रा ने सहयोगियों एवं जरूरतमंदों का हौसला बढ़ाते हुए सबका आभार व्यक्त किया! इस मौके पर कार्यक्रम के सफल संचालन में रेखा सिंह पार्षद ,नागेंद्र सिंह पूर्व पार्षद विजयशंकर शुक्ला दया शंकर सोनी,अमित शर्मा,गोमती शुक्ला,प्रमोद कुमार ,गंगा तिवारी,गुड्डुन मिश्रा,माधुरी मिश्रा,मनीष गुप्ता ,अरविंद सिंह ,जया वर्मा, रामरती, बुधपाल सिंह, शशिलताने किया!

### 8वीं शैल बाला मेमोरियल ओपन चेस टूर्नामेंट

**लखनऊ।** शिवाजी मार्ग स्थित प्रिसिशन चेस एकेडमी में खेले जा रहे 8वें शैल बाला मेमोरियल ओपन चेस टूर्नामेंट के पांचवें चक्र में पहले बोर्ड पर शनि सोनी ने क्वीन पान ओपनिंग से खेल की शुरुआत की। इसके जवाब में पवन बाथम ने किंग्स इंडियन डिफेंस से मोर्चा संभाला। मध्य खेल में शनि ने बढ़त बना ली, लेकिन पवन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बाजी को ड्रा कराने पर मजबूर कर दिया। दूसरे बोर्ड पर प्रणव रस्तोगी और अर्जुन सिंह के बीच सिसिलियन डिफेंस खेला गया। 64 चालों के बाद भी कोई नतीजा न निकलते देख, दोनों खिलाड़ियों ने बाजी ड्रा करने पर सहमति जताई। वहीं, तीसरे बोर्ड पर लक्ष्य निगम ने काले मोहरों से खेलते हुए गौरांश को हराकर पूरा अंक हासिल किया। पांचवें चक्र के बाद अंक स्थिति इस प्रकार हैरू पवन बाथम, प्रणव रस्तोगी, आदित्य सक्सेना, शनि सोनी, लक्ष्य निगम और आरव गुप्ता, सभी 4-4 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं। छठे और अंतिम चक्र में मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद है। यह देखना दिलचस्प होगा कि विजेता कौन बनता है या विजेता का निर्णय टाई ब्रेक के आधार पर होगा।

### संग्राम 1857 ड्राइंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**लखनऊ।** लखनऊ की प्रतिष्ठित एनसीसी बटालियन 67 यूपी वाहिनी एनसीसी के द्वारा संग्राम 1857 ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूल के 170 कैडेटो ने हिस्सा लिया। 67 यूपी वाहिनी एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल पुनीत श्रीवास्तव ने सभी कैडेटो को 1857 संग्राम के बारे में जानकरी दी और मंगल पाण्डे, रानी लक्ष्मीबाई, नानासाहेब, ऊदा देवी की बेहतरीन कलाकृति बनाने वाले कैडेटो को वीरों द्वारा जीवन में किए गए बलिदान के वारे में बताया। कैडेटो को अपने जीवन में क्रांतिकारियों के प्रति सम्मान और देश के प्रति अपने जीवन को बलिदान करने का मौका मिले तो पीछे ना हटते हुए देश पर बलिदान करने का साहस दिखाना चाहिए। ऐसा करने बच्चों को जीवन में और अच्छा करने के लिए कुछ जरूरी जानकारी भी साझा की। कैडेटों द्वारा बनायी गई कलाकृति ने सबको आकर्षित कर वीरों के पराक्रम और बलिदान को याद किया। कैडेटों में काफी उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। इस दौरान बटालियन के सूबेदार मेजर रंजीत कुमार, सूबेदार शैतान सिंह, सूबेदार गिरमान थापा, ट्रेनिंग एनसीओ सीएचएम आनन्द कुमार, हवलदार उद्देश कुमार, हवलदार जयदीप सिंह ने बच्चों को कंट्रोल कर प्रतियोगी कैडिटों को देश के प्रति समर्पण करने में अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया।

### जानकीपुरम विस्तार में गृहकर वसूली शिविर लगा

**लखनऊ।** जानकीपुरम विस्तार संयुक्त कल्याण महासमिति और नवोदय आवासीय कल्याण समिति के अनुरोध पर नगर निगम लखनऊ द्वारा गृहकर वसूली और कर निर्धारण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सेक्टर-8 पानी टंकी पार्क में संचालित हो रहा है। शिविर में नगर निगम की ओर से जोनल अधिकारी-3 अमर जीत यादव, जेडएसओ जितेन्द्र गांधी, कर अधीक्षक सभाजीत और राजस्व निरीक्षक इमरान खान उपस्थित रहे। महासमिति के महासचिव विनय कृष्ण पांडेय, अनिल त्रिपाठी, चंद्र शेखर, आबी. पांडेय, आशा त्रिपाठी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शिविर में विस्तार के निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने हाउस टैक्स का भुगतान किया। इस पहल से क्षेत्र के निवासियों को कर संबंधित प्रक्रियाओं को सरल और सुगम बनाने में सहायता मिली। नगर निगम और समिति के सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। शिविर का उद्देश्य निवासियों को कर भुगतान में सुविधा प्रदान करना और कर निर्धारण से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना था।

## नए साल पर मंदिर और बाजारों में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अलर्ट

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** डीजीपी प्रशांत कुमार ने नए वर्ष पर मंदिरों और बाजारों में महिला सुरक्षा को लेकर विशेष एहतियात बरतने का निर्देश दिया है। उन्होंने नए साल पर होने वाले आयोजनों के दौरान अग्निकांड आदि की घटनाओं से बचने के लिए अग्निशमन विभाग को भी सतर्क रहने को कहा है। साथ ही, नववर्ष की पूर्व संध्या से ही पीएसी बल के साथ फ्लैग मार्च करने का निर्देश दिया है।

डीजीपी ने सभी पुलिस आयुक्त, एडीजी जोन, आईजी रेंज और जिलों के पुलिस कप्तानों को निर्देश दिया कि नववर्ष के आयोजनों को सूचीबद्ध करते हुये हाटस्पाट चिन्हित करके राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जाए और फुट पेट्रोलिंग की जाए। संवेदनशील स्थलों व आयोजन स्थलों, होटलों, क्लब, मनोरंजन गृहों तथा विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, जहां नववर्ष के सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हो, पुलिस प्रबंध कर विशेष सुरक्षा की जाए। महिलाओं के आवागमन के मार्गों पर पेट्रोलिंग की जाए।लूट, चेन स्नेचिंग आदि घटनाओं की रोकथाम के लिए सादे वस्त्रों में महिला पुलिसकर्मियों तथा एंटी रोमियो स्क्वाड को सक्रिय रखा जाए।

शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाए। धार्मिक स्थलों के आसपास सघन चेकिंग की जाए। ड्रोन कैमरा और सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जाए। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित होने पर तत्काल विधिक कार्यवाही करते करें।

# बीकेटी नगर पंचायत में श्मशान पर कब्जा

## ग्रामीणों ने किया हंगामा, सांसद ने डीएम को लेटर लिखा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** बख्शी का तालाब नगर पंचायत क्षेत्र में श्मशान की जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने को लेकर क्षेत्रवासियों ने विरोध किया। रविवार को इस संबंध में क्षेत्रीय लोगों ने बीकेटी थाने पहुंचकर भी विरोध जताया। मोहनलालगंज क्षेत्र के सांसद ने भी जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। जानकारी के मुताबिक बख्शी का तालाब नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड बरगदी मगठ में स्थित गाटा संख्या 212 रकबा 0.0410 है। यह राजस्व अभिलेखों में श्मशान के तौर पर दर्ज है। आरोप है कि इस जमीन पर रामश्री पत्नी राम आसरे रावत द्वारा जबरन कब्जा करके अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसको लेकर रामेश्वर रावत, सुरेश कुमार, सतीश रावत, मनोज कुमार आदि निवासी बरगदी मगठ ने थाने में शिकायत दर्ज कराकर विरोध दर्ज किया है। इस संबंध में वार्ड की बुजुर्ग महिला ने बताया कि नवंबर में उसके बेटे का देहांत हो गया था। तब भी श्मशान पर बेटे का अंतिम संस्कार नहीं करने दिया गया। जबरदस्ती अंतिम संस्कार कराया गया। मोहनलालगंज क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सांसद आरके चौधरी ने जिलाधिकारी लखनऊ, उपजिलाधिकारी बीकेटी और बीकेटी नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी इंद्रभान को नगर पंचायत वार्ड के बरगदी मगठ में स्थित श्मशान की भूमि को अवैध कब्जा कर को हटाने के लिए लेटर लिखा है। निवासियों की समस्या को देखते हुए चकबंदी के बाद रकबे के मुताबिक जमीन की पैमाइश कराकर श्मशान की बाउंड्री वाल, टीन सेड का निर्माण व पानी आदि की व्यवस्था करने के लिए भी कहा गया है।

## मेडिकल कैम्प में 500 लोगों को मिला इलाज, जांच और मुफ्त दवा दी गई

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** सामाजिक संस्था सर्विंग होप फाऊंडेशन ने मेडिकल कैम्प का आयोजन किया। ईदगाह इमाम मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली, लखनऊ पश्चिम के विधायक अरमान खान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।कैम्पबेल रोड पर स्थित न्यू हैदरगंज रिफा कॉलोनी में निशुल्क मेडिकल कैंप में 500 लोगों को मुफ्त दवा और जांच उपलब्ध कराई गई। मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि मानव सेवा करना सबसे बड़ा कार्य है। बदलते हुए मौसम के कारण मरीजों की संख्या बढ़ रही है। बढ़ती हुई जनसंख्या के चलते अस्पतालों में काफी भीड़ होती है। ऐसे में मेडिकल कैंप अस्पतालों के बोझ को कम करने के लिए काफी मददगार साबित हो रहे हैं। समाज के हर वर्ग को बेहतर इलाज मिलना चाहिए। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से लगातार लोगों को इसके लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस्लाम धर्म में बीमार का इलाज करवाना और भूखे को भोजन करवाना बेहद जरूरी कार्यों में शामिल किया गया है। कैंप के आयोजक बधाई के पात्र हैं जो समाज के दर्द को बांट रहे हैं। मरीजों का इलाज करने वाली डॉक्टर तूबा अबरार ने बताया कि कैम्प में बुजुर्ग और ऐसे मरीज आते हैं जो अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते हैं। अधिकतर मरीज बदलते मौसम में लापरवाही के कारण सर्दी- बुखार से ग्रसित पाए गए। बच्चों में हीमोग्लोबिन और विटामिन की कमी देखी गई है। सम्पूर्ण रूप से स्वस्थ रहने के लिए दवा और डाइट दोनों समय से लेना आवश्यक है। मौके पर मरीजों का ब्लड प्रेशर, शूगर, थाईराइड जांच की गई। पश्चिम क्षेत्र से विधायक अरमान खान ने कहा कि सामाजिक कामों में बिना भेदभाव के बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। भोजन, दवा और शिक्षा इस पर सबका बराबर अधिकार है।

## मातृ शक्ति सेवा समिति का स्थापना दिवस मनाया गया

**लखनऊ।** जानकीपुरम विस्तार लखनऊ में मातृ शक्ति सेवा समिति के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और स्कूली छात्राओं को कानूनी अधिकार, स्वावलंबन, स्वरोजगार और स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्क्वाड्रन लीडर राखी अग्रवाल, एडवोकेट विनय कृष्ण पांडेय, उप निरीक्षक शिवानी वर्मा, पिंकी शुक्ला, 'मोनिका यादव और कांति बाजपेयी ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इन वक्ताओं ने महिलाओं और छात्राओं को जागरूकता और सशक्तिकरण के लिए प्रेरित किया।

विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में समिति के इस प्रयास की सराहना की। मातृ शक्ति को जागरूकता और स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्हें समिति द्वारा सम्मानित भी किया गया।

# युवक का गला रेता, खेत में पड़ा मिला, हालत गंभीर






लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मोहनलालगंज के दीवानगंज गांव में युवक का गला रेत दिया गया। गंभीर हालत में युवक खेत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक अरुण लोधी उर्फमुन्नू (43) पर हमला किया गया। अरुण आज सुबह अपने खेत में गेहूं की रखवाली करने के लिए निकला था। कुछ समय बाद गांव वालों ने घरवालों को सूचना दी कि अरुण के गले पर काटने का निशान है। यह सुनकर परिवार वाले घबराए और तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अरुण को तत्काल उपचार के लिए 108 एंबुलेंस से ट्रामा 2 भेजा, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस को पीआरबी द्वारा सुबह करीब 8.00 बजे सूचना मिली थी। हालांकि, अब तक पीड़ित के परिवार वालों ने पुलिस को लिखित तहरीर नहीं दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और इस हमले के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। गला धारदार हथियार से रेता गया था। परिवार वालों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल युवक की गंभीर हालत देख कर ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से युवक का मोबाइल फोन और पैसे भी गायब हैं। पुलिस का मानना है कि हमलावरों ने युवक को लूटने के इरादे से हमला किया है।

### ज्वेलरी शॉप में लूट



लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बाजारखाला इलाके में चोरों ने ज्वेलर्स के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर सोने-चांदी के जेवर लूट ले गए। घटना त्रिवेणी ज्वेलर्स के मालिक सुरेश अग्रवाल के साथी हुई है। घटना शनिवार रात की है। चोर हथौड़ी लेकर दुकान में घुसे थे। वारदात के बाद हथौड़ी मौके पर ही छोड़कर भाग गए। घायल को आइकॉन अस्पताल में भर्ती कराया गया। चोर कितना सामान ले गए अभी इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। पुलिस मौके पर जांच कर रही है।

# मंदिर में चोरी करने वाले दो आरोपी

गिरफ्तार, कुकैरल जंगल से पकड़े गए

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गुडंबा इलाके में मंदिर का दान पात्र चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों शनिवार रात संकटमोचन हनुमान मंदिर का दान पात्र का ताला तोड़कर पैसे चोरी कर लिए थे। घटना के 7 घंटे के अंदर पुलिस ने कुकरैल जंगल से दोनों को गिरफ्तार किया। कंचन नगर कल्याणपुर गुडंबा के रहने वाले लालमणि पाण्डेय (76) ने शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया शनिवार की रात 2 से 4 के बीच मकान के साथ बना हनुमान मंदिर (संकटमोचन हनुमान मंदिर) का दान पात्र का ताला तोड़कर पैसा चोरी कर लिया। पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने तलाश शुरू की। मुखबिर ने रविवार को दोपहर डेढ़ बजे सूचना दी कि दो व्यक्ति दान पात्र लेकर कुकरैल जंगल की तरफसे आ रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम पहुंची। कंचना बिहारी मार्ग से कुकरैल जंगल रास्ते पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान कलाबहादुरपुर सीतापुर के रहने वाले सेवानन्द कनौजिया (22) पुत्र रूपचन्द के रूप में हुई। जबकि एक नाबालिग है। आरोपियों के पास से दानपात्र में रखे 4622 रुपए, दो टूटे हुए ताले व लोहे का सरिया बरामद हुआ।

### बीजेपी नेता को पीटा, पुलिस ने तीन को गिरफ्तार किया

**लखनऊ।** राजधानी के दुबग्गा में दबंगों ने पुरानी रंजिश को लेकर भाजपा कार्यकर्ता को जमकर पीटा। दबंग उन्हें 100 मीटर खींचकर अपने घर के पास ले गए और लाठी-डंडे से पीटा। पीड़ित कार्यकर्ता की तहरीर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। जानकारी के मुताबिक कस्बा के हाता गुलाम सफदर वार्ड निवासी सूरज धीमान भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। वह पूर्व मंडल मंत्री व बूथ अध्यक्ष भी रहे हैं। सूरज धीमान ने बताया कि वह किसी काम से खेत की तरफ जा रहे थे। तभी पीछे से आए दबंगों ने मारपीट शुरू कर दी। दबंगों ने बढ़ौना गांव जाने वाली सड़क स्थित ट्रांसफार्मर के पास से मुझे खींचकर अपने घर की तरफ ले गए। लाठी-डंडे से पीटने लगे। मैं चिल्लाता रहा लेकिन उन्होंने एक नहीं सुनी। किसी तरह से मेरी जान बच पाई। इस मामले पर कस्बा चौकी प्रभारी राज बहादुर ने बताया कि अब तक तीन लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

# चालक को नशीला पदार्थ खिलाकर पिकअप लूटा

**लखनऊ।** रहीमाबाद में जहर खुरानी गिरोह ने एक पिकअप चालक को नशीला पदार्थ पिलाकर उसे बेसुध कर दिया। बेहोशी की हालत में उसे सड़क किनारे फेंक वाहन लेकर फरार हो गए। ट्रांसपोर्टर छेदीलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें बताया कि शुक्रवार को रामा रोड रतापुर गल्ला मंडी से अज्ञात शख्स ने मलिहाबाद के लिए अपना घरेलू सामान पहुंचाने के लिए वाहन बुक किया था। चालक कासिम पिकअप लेकर उस व्यक्ति के साथ मलिहाबाद के लिए रवाना हुआ था। उन्होंने ने बताया कि पुलिस ने कासिम को रहीमाबाद के जिंदौर चौराहे पर बेहोशी की हालत में पाया था। इसके बाद उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहर खुरानी गिरोह के सदस्य ने चालक को बेहोश कर वाहन चुरा लिया है। रहीमाबाद के अतिरिक्त थाना अध्यक्ष अनिल वर्मा ने बताया कि देर रात एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में मिला था। जिसको अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार ज्यादा मात्रा में जहर दिया गया है। पीड़ित को अभी होश नहीं आया है। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# विधायक की पहलः अलीगंज क्षेत्र में सड़क चौड़ी करण हेतु धनराशि हुई स्वीकृति



अलीगंज विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने अलीगंज क्षेत्र के सड़क चौड़ी करना हेतु अलीगंज सरोठ मार्ग चौड़ी करन हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज के क्षेत्रीय विधायक ने जनता की सुविधा हेतु लम्बे समय से मार्ग चौडी करण के लिए ग्रामीणों ने कहा था विधायक ने सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया था शासन ने संबंधित विभाग को भेजकर प्रस्ताव पास करवा कर धनराशि हेतु मंजूरी मिल गयी अलीगंज विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने अलीगंज क्षेत्र के सड़क चौड़ी करना हेतु अलीगंज सरोठ मार्ग चौड़ी करन हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या - 58 लेखा शीर्षक 5054 के तहत राज्य सड़क खंड निधि से अलीगढ़ मंडल के अंतर्गत 4 मार्गो के चौड़ीकरन एवं सुंदरकरण कार्य हेतु धनराशि स्वीकृति की गयी है।

जिसमें धुमरी ब्लाक सरोठ अलीगंज संकीसा मार्ग चौड़ी करन व सौंदर्यकरण हेतु ग्यारह करोड़ इकतालिस लाख उन्हेंत्तर हजार रूपये धनराशि स्वीकृति की गयी है जल्द ही सड़क पर कार्य होगा।

# ब्रह्माकुमारीज़, सेक्टर 46 ने गाड़ीनियाँ ग्लोरी में नववर्ष धूमधाम से मनाया

देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** ब्रह्माकुमारीज़, सेक्टर 46 ने गाड़ीनियाँ ग्लोरी में एक रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से नए वर्ष 2025 का स्वागत किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देना और उन्हें सकारात्मकता एवं आत्म-परिवर्तन के विचारों से प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में श्री रंजन दत्ता रिटायर्ड ह्रूस और सेक्रेटरी, भारत सरकार ने अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य मुकेश (योग भागवताचार्य, डॉ. जसबीर कौर सोनी, पूजा बहन, और वरिष्ठ राजयोग टीचर लीना दीदी ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज की। लीना दीदी ने स्वागत सत्र का आयोजन किया और बताया कि नववर्ष का आगाज एक नए अंदाज में करना है,




जिसमें हमें अपने जीवन के सुंदर सपनों को साकार करना है और अच्छी यादों को संजोना है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें अपने पुराने अनुभवों से शक्ति लेकर अपने जीवन को बेहतर बनाने का संकल्प लेना चाहिए।


ब्रह्माकुमारीज़ ने इस अवसर पर 2025 के लिए सकारात्मकता और आत्म-परिवर्तन के विचारों पर जोर दिया। प्रमुख संदेशों में शामिल थे-

1. आध्यात्मिक जागरूकता- आत्मा की पहचान और उद्देश्य को समझने का समय है, जो शांति और संतोष की ओर ले जाता है।
2. सकारात्मक संकल्प- दिन की शुरुआत सकारात्मक संकल्पों से करनी चाहिए, जैसे मैं शक्तिशाली आत्मा हूं, मैं शांत हूं।
3. ईश्वर पर भरोसा- ईश्वर की योजनाओं पर विश्वास रखना चाहिए, जो कठिनाइयों का सामना करने में मदद करता है।
4. प्रार्थना और ध्यान- नववर्ष की शुरुआत प्रार्थना और ध्यान से करनी चाहिए, जो जीवन में सकारात्मकता लाता है।

**कार्यक्रम की विशेषताएँ:**
कार्यक्रम में एक भावुक आध्यात्मिक गीत ÷तुम को सौंपकर सब चिंता फिकर इस दुनिया से हो गए बेख़बर, मेरी नैया तेरे हवाले÷ ने सभी को भावविभोर कर दिया। इसके बाद लीना दीदी ने एक मेडिटेशन प्रैक्टिस करवाई, जिसमें लोगों को अपने बचपन की सुखद यादों का अनुभव कराया। उन्होंने बताया कि न्यू ईयर रिज़ोल्यूशन एक सीमित घटना नहीं है, बल्कि यह हर दिन हो सकता है।

रेनू बहन ने भी अपने विचार व्यक्त किए, जिसमें उन्होंने बताया कि हमारे विचारों को सकारात्मक और शक्तिशाली बनाना आवश्यक है। उन्होंने मेडिटेशन के माध्यम से सुप्रीम पावर से जुड़ने का महत्व बताया और संकल्पों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। **स्वस्थ और शांत जीवन की दिशा:** श्री राजकुमार सेक्टर 45 क्व्य सेंटर शिक्षक ने कहा कि राजयोग प्रैक्टिस से हम अपने दुःख के संस्कारों को बदल सकते हैं। भागवत आचार्य मुकेश किशन ने भी बताया कि जैसे हम अपने मोबाइल को चार्ज करते हैं, वैसे ही हमें अपनी आत्मा को परमपिता परमात्मा से जुड़कर रोज़ चार्ज करना चाहिए। पूजा बहन ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि हमें भगवान से संवाद करते हुए अपने विचार साझा करने चाहिए और अपने दिनभर के व्यर्थ विचारों पर ब्रेक लगाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी जनसमूह को एक रोचक वर्कशॉप के माध्यम से आत्मा के शांत स्वभाव का परिचय कराया और जीवन में सकारात्मकता के संकल्पों को बल दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रंजन दत्ता (रिटायर्ड ह्रूस) ने ब्रह्माकुमारीज़ के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि यह संस्था समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

# हाईवे पर कार खड़ी कर काटा केक और हुए गिरफ्तार



**मसूरी।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर नो पार्किंग जोन में कार पर केक रखकर काट रहे युवक वरुण निवासी रेवतीकुंज हापुड़ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी कार को भी सीज कर दिया है।सहायक पुलिस आयुक्त सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि शुक्रवार देर रात मसूरी थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मी गश्त कर रहे थे। इस दौरान देर रात ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर डासना टोल बूथ से 300 मीटर आगे दुहाई की तरफ हाईवे पर गलत दिशा में गाड़ी खड़ी करके युवक जन्मदिन का केक काट रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

# गोवंश का कटान करने वाला आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो



**लोनी।** दूध की डेयरी की आड़ में गायों को कम दाम पर खरीदकर कटान करने के आरोपी चंद्रशेखर को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। बंथला नहर मार्ग पर शनिवार दोपहर हुई मुठभेड़ में चंद्रशेखर के पैर में गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया है।लोनी एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पुलिस टीम सिकरानी की पुलिया बंथला मार्ग नहर पर चेकिंग कर रही थी। तभी पुलिस को बाइक सवार आता दिखा। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो बाइक सवार ने पुलिस पर गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली किसी पुलिसकर्मी को नहीं लगी।पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाने वाले बाइक सवार को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के दौरान पता चला कि बाइक पर शेखर जाट उर्फ चंद्रशेखर मूलनिवासी ग्राम मुलसन बागपत का रहना वाला है। एसीपी ने बताया कि चंद्रशेखर ने अपने 2 से 3 साथियों के साथ मिलकर गैंग बना रखा है। गैंग का सदस्य चंद्रशेखर गाय को 10 हजार रुपये से लेकर 30 हजार रुपये में अलग-अलग इलाकों से खरीदता था। इसके बाद अपने साथियों के साथ मिलकर उसका कटान कराता था। कटान के बाद मांस को दिल्ली समेत अन्य इलाकों में बेचता था। इस काम को आसानी से अंजाम देने के लिए चंद्रशेखर ने दिल्ली के मंडोली में दूध की डेयरी भी खोल रखी है। एसीपी ने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में चंद्रशेखर की पुलिस से मुठभेड़ हुई थी। इसके बाद भी चंद्रशेखर जेल से बाहर आने के बाद गोकशी करने लगा था। चंद्रशेखर के कब्जे से पुलिस ने बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।

# 20 पव्वे देशी शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार




लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी अलीगंज के नेतृत्व में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे है अभियान के तहत थाना अलीगंज पुलिस द्वारा 20 पव्वे देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना अलीगंज पुलिस नें चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 20 पव्वे देशी शराब सहित एक अभियुक्त विनोद उर्फ पप्पू पुत्र रमेश चन्द्र निवासी कांशीराम कॉलोनी थाना अलीगंज को ईदगाह रोड अलीगंज से उप निरीक्षक अक्षय सिवाच, कांस्टेबल भूपेश कुमार, कांस्टेबल अमरजीत सिंह, कांस्टेबल पंकज कुमार द्वारा गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

# एसडीएम ने आजमनगर गौशाला का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



अलाव की पर्याप्त रखें व्यवस्था और साफ सफाई पर दे विशेष ध्यानः एसडीएम

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** विकासखंड अलीगंज क्षेत्र की आजमनगर गौशाला का उप जिलाधिकारी अलीगंज द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोवंशों को ठंड से बचने हेतु एसडीएम नें संबंधित केयर टेकारों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विकासखंड अलीगंज क्षेत्र के आजमनगर गौशाला का उप जिलाधिकारी अलीगंज जगमोहन गुप्ता द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी नें गायों के लिए हरे चारा, भूसा, तथा गोवंशों को ठंड से बचाव के इंतजाम को देखा गया साथ ही तिरपाल व पन्नी चारों तरफ लगवाई जिससे हवा अंदर ना आ सके। एसडीएम ने संबंधित कर्मचारियों को आदेशित करते हुए कहा कि अलाव समय-समय पर जलाई जाए। गौवंशों के लिए हरे चारे व भूसा पर्याप्त खिलाये। उपजिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता नें संबंधित कर्मचारी को निर्देश देते हुए गोवंशों के लिए हरे चारे की व्यवस्था के निर्देश दिए साथ ही गौशाला में साफ सफाई के निर्देश दिए साथ ही लापरवाही बरतें जाने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# फंदे पर संदिग्ध अवस्था में लटका मिला पेंटर का शव



लोकमित्र ब्यूरो

**साहिबाबाद।** टीलामोड़ के जावली में किराये पर रहने वाले बदायूं के कुमार गांव निवासी रणजीत चौहान (24) का शव शनिवार सुबह फंदे पर लटका मिला। पड़ोसी ने कमरे की खिड़की से फंदे पर शव लटका देख पुलिस को बुलाया। पुलिस ने शव को डॉक्टरी पुष्टि के लिए भेजा। यहां मृत होने की पुष्टि पर शव को मोर्चरी भेज दिया गया। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों ने भी अब तक ऐसी कोई बात नहीं बताई है, जिससे मौत का कारण पता चल सके। रणजीत चौहान जावली में बीते तीन साल से रहकर पुताई का काम करता था। शनिवार सुबह करीब 9-15 बजे उसके पड़ोसी ने कमरे की खिड़की से देखा तो उसका शव पंखे के कुंडे से मफलर के फंदे पर लटका था। मौके पर पहुंची पुलिस ने नीचे उतारा और अस्पताल भेजा। अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद कमरे से मिले पहचान संबंधी दस्तावेजों के आधार पर पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि मामला सुसाइड का लग रहा है।

# विद्या भारती ब्रज प्रदेश द्वारा आयोजित संकुल स्तरीय समता प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल जीटी रोड एटा के प्रांगण में विद्या भारती ब्रज प्रदेश द्वारा आयोजित संकुल स्तरीय समता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल जीटी रोड, सरस्वती शिशु मंदिर रेलवे रोड, सरस्वती शिशु मंदिर भारती नगर, सरस्वती शिशु मंदिर किला रोड अवागढ़, सरस्वती शिशु मंदिर खना रोड अवागढ़, सरस्वती शिशु मंदिर सुनहरी नगर, सरस्वती शिशु मंदिर निधौली कला, सरस्वती विद्या मंदिर जलेसर के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रतिभागिता की। इन प्रतियोगिताओं में शिशु वर्ग बालक वर्ग की ओर से सरस्वती शिशु मंदिर सुनहरी नगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरस्वती शिशु मंदिर रेलवे रोड को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ ,सरस्वती शिशु



मंदिर भारती नगर तीसरे स्थान पर रहा। शिशु वर्ग बालिका वर्ग की ओर से प्रथम स्थान सरस्वती शिशु मंदिर सुनहरी नगर ने प्राप्त किया। सरस्वती शिशु मंदिर रेलवे रोड दूसरे स्थान पर रहा ।सरस्वती शिशु मंदिर भारती नगर तीसरे स्थान पर रहा। बाल वर्ग में बालकों की ओर से प्रथम स्थान सरस्वती विद्या मंदिर जीटी रोड ने प्राप्त किया। सरस्वती शिशु मंदिर भारती नगर दूसरे स्थान पर रहा। सरस्वती शिशु मंदिर किला रोड अवागढ़ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बाल वर्ग में बालिका वर्ग की ओर से सरस्वती शिशु मंदिर भारती नगर प्रथम स्थान पर रहा। सरस्वती शिशु मंदिर किला रोड अवागढ़ ने दूसरा स्थान प्राप्त किया ।सरस्वती विद्या मंदिर जीटी रोड एटा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। किशोर वर्ग में बालक वर्ग की ओर से सरस्वती विद्या मंदिर जीटी रोड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।सरस्वती विद्या मंदिर जलेसर दूसरे स्थान पर रहा। किशोर वर्ग में बालिकाओं की ओर से सरस्वती विद्या मंदिर जीटी रोड एटा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तरुण वर्ग में बालिकाओं की ओर से सरस्वती विद्या मंदिर जीटी रोड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तरुण वर्ग में बालकों की ओर से सरस्वती विद्या मंदिर जीटी रोड एटा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त शिक्षकों ने भी इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की । जिसमें पुरुष आचार्य वर्ग में से सरस्वती विद्या मंदिर जीटी रोड एटा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरस्वती शिशु मंदिर सुनहरी नगर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया । सरस्वती विद्या मंदिर जलेसर तीसरे स्थान पर रहा। महिला आचार्य वर्ग में से प्रथम स्थान सरस्वती विद्या मंदिर जीटी रोड एटा ने प्राप्त किया, दूसरा स्थान सरस्वती शिशु मंदिर किला रोड अवागढ़ ने प्राप्त किया, तीसरा स्थान सरस्वती शिशु मंदिर रेलवे रोड ने प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र जी, विभाग प्रचारक कुलदीप जी ,मनमोहन राठी , वीरेंद्र प्रताप सिंह ओम द्वारा मेडल पहनाकर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में 388 विद्यार्थी एवं 175 शिक्षकों ने प्रतिभागिता की।

# चकमार्ग की जमीन से हटाया कब्जा, लंबे समय से विवादित थी रास्ते की जमीन

लोकमित्र ब्यूरो

**गोण्डा।** जिले में सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने का अभियान तेज हो गया है। डीएम नेहा शर्मा के सख्त निर्देशों के बाद राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने सदर तहसील के लालनगर कलहंस क्षेत्र में गाटा संख्या 92 पर किए गए अवैध कब्जे को हटाया। चकमार्ग की जमीन पर लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके चलते ग्राम पंचायत इंटरलॉकिंग कार्य नहीं करवा पा रही थी। राजस्व निरीक्षक राजदेव पांडे, लेखपाल जावेद अहमद, और खोरहंसा चौकी इंचार्ज गोपाल सिंह ने मौके पर पहुंचकर पैमाइश की। पैमाइश में स्पष्ट हुआ कि विवादित जमीन सरकारी चकमार्ग की है। पैमाइश के बाद अवैध कब्जा करने वाले लोगों को तत्काल कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए।

निर्देश का पालन करते हुए लोगों ने कब्जा हटा लिया। इसके बाद ग्राम पंचायत ने चकमार्ग पर इंटरलॉकिंग का कार्य शुरू कर दिया है। इस कदम से गांववासियों को आने-जाने में सुविधा होगी। इस कार्रवाई का नेतृत्व गोंडा सदर एसडीएम अवनीश त्रिपाठी और तहसीलदार देवेंद्र यादव ने किया। उन्होंने राजस्व टीम को मौके पर भेजकर अवैध कब्जे को हटवाने के निर्देश दिए थे। राजस्व निरीक्षक राजदेव पांडे ने बताया कि चकमार्ग पर कब्जे के कारण विवाद चल रहा था, जिसे आज समाप्त कर दिया गया है।

चकमार्ग से कब्जा हटने और इंटरलॉकिंग कार्य शुरू होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। अब लोगों को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। प्रशासन द्वारा सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने का अभियान लगातार जारी है, सरकारी योजनाओं के कार्यों में तेजी आ रही है।

# विद्यालय में 11वीं मंडलीय स्काउट गाइड रैली का भव्य उद्घाटन





लोकमित्र ब्यूरो

**एटा/धुमरी।** प्रेमचंद्र शिवधारा देवी इंटर कॉलेज, धुमरी में आज 11वीं मंडलीय स्काउट एंड गाइड रैली का भव्य शुभारंभ हुआ। इस तीन दिवसीय आयोजन 29 दिसंबर से 31 दिसंबर में एटा जिले के स्काउट और गाइड प्रतिभागियों ने भाग लिया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि महेश चंद्र गुप्ता, पूर्व राज्यमंत्री व वर्तमान विधायक बदायूं, ने दीप प्रज्वलन और झंडारोहण के साथ किया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा और नेतृत्व के महत्व पर जोर देते हुए स्काउटिंग के आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी। रैली के दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें शिविर, समूह अभ्यास, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सेवा कार्य शामिल हैं। इस आयोजन में गुमान सिंह यादव, सुखबीर सिंह यादव, धर्मेंद्र सिंह चौहान, डॉ रजत कुमार गुप्ता, शिवांग गुप्ता, पंकज गुप्ता, रणवीर सिंह यादव, आदित्य सिंह आदि लोगों की विशेष उपस्थिति रही।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और रैली की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन कविता पांडेय और विश्णु कुमार पांडेय ने कुशलतापूर्वक किया। यह आयोजन विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास के साथ-साथ समाजसेवा की भावना को बढ़ावा देने का एक सराहनीय प्रयास है।

# दंपती पर जानलेवा हमला करने पर चार पर केस



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** विजय नगर थाना क्षेत्र में रिश्तेदार के घर गए युवक और उनकी साली, साढू और मासूम पर पड़ोसियों ने हमला कर दिया। पीड़ित राजेश कुमार ने महिलाओं सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। भूड़भरत नगर वाल्मीकि बस्ती निवासी राजेश कुमार ने बताया कि वह शुक्रवार शाम घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान आरोपी गौरव, पिंकी, बबीता और राजेश देवी उसके पास पहुंचे। आरोपी अपने ही घर के बाहर खड़े होने का विरोध कर गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर चारों आरोपियों ने राजेश कुमार के साथ मारपीट कर की। एसीपी नगर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# आशियाना पाम कोर्ट सोसाइटी में चुनाव संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र की सबसे पुरानी में से एक व विख्यात आशियाना पाम कोर्ट सोसाइटी में नई कार्यकारिणी का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। मतदान का समय प्रातः 10 बजे से शुरू होकर सायं 4:00 बजे तक रहा। आशियाना पाम कोर्ट से राजेश गुप्ता, सुरेश बिष्ट व अंकुर देशवाल की तीन सदस्यी चुनाव समिति ने बताया कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के अंतर्गत आज का चुनाव बंद पेटी मतदान प्रक्रिया के अंतर्गत मत-पत्रों के माध्यम से सम्पन्न हुआ है एवं उन के अनुरोध पर फेडरेशन ऑफ राजनगर एक्सटेंशन सोसाइटीज (फ्रेंस) के पदाधिकारी मतदान के समय निष्पक्ष पर्यवेक्षक के रूप में मतदान स्थल पर उपस्थित रहे हैं, जिसके लिए सोसाइटी के ओर से वे सभी का आभार प्रकट करते हैं। सोसाइटी की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए कुल नौ कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव की घोषणा उनकी समिति द्वारा की गई थी, जिसके लिए कुल अठारह जनों ने नामांकन किया था, जिनके बीच आज चुनाव हो रहा है। फेडरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सुबोध गुप्ता ने बताया कि सोसाइटी में कुल एकाइयों की संख्या 441 है, जिनमें से 426 वैध मतदाताओं की सूची सोसाइटी समिति से उन्हें प्राप्त कराई गई है व मतदान पूर्ण होने के पश्चात कुल पड़े मतों की गणना 226 रही है, जिनमें प्रत्येक मतदाता ने किन्हीं 9 जन को मतदान करना था।

फेडरेशन अध्यक्ष सचिन त्यागी ने आशियाना पाम कोर्ट सोसाइटी के सभी निवासियों को शांति व सौहार्दपूर्ण रूप से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए बधाई प्रेषित की व बताया कि आशियाना पाम कोर्ट के चुनाव में प्रतिभागी रहे सभी सदस्य सक्षम व प्रभावशाली व्यक्तित्वों के स्वामी हैं, जिसके कारण सोसाइटी निवासी एक सबल कार्यकारिणी को लेकर आश्वस्त हैं। आज सायं मतगणना का आरंभ सोसाइटी की चुनाव समिति द्वारा कराया जाएगा व गणना का अंत होने के पश्चात चुनाव के नतीजे आज ही प्रसारित कर दिए जाएंगे।

फेडरेशन की ओर से निष्पक्ष पर्यवेक्षक के रूप में वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सुबोध गुप्ता, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव व अतुल प्रकाश भटनागर एवं वरिष्ठ सचिव अभिनव त्यागी व मीडिया सह प्रभारी मोनू कुमार त्यागी उपस्थित रहे।

लोकमित्र
• लखनऊ, सोमवार 30 दिसम्बर 2024



संक्षिप्त खबरें

### पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश गिरफ्तार

रामनगर । रविवार भोर पहर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान  एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया जब कि  दूसरा साथी भागने मे सफल रहा। रामनगर कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी रविवार भोर पहर गस्त कर रहे थे तभी सुधियामऊ से रामनगर रोड पर मनौरा गाँव के पास दो लोग एक मोटरसाईकिल पर गैस सलेंडर लिए आते दिखाई पड़े ।पुलिस ने जब उन्हे रोकने का प्रयास किया तो वो भागने लगे। पुलिस  ने जब उनका पीछा किया तो वह पुलिस टीम पर फायर झोकने लगे। बचाव मे पुलिस ने भी फायरिंग की जिसमे एक बदमाश के पैर मे गोली लग गई और वह घायल हो गया।  दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।पकड़े गये घायल बदमाश ने अपना नाम थाना रामनगर के गणेशपुर निवासी अदनान खान बताया।तलाशी के दौरान पुलिस को उसके पास से 1 अवैध तमंचा ,दो खोखा कारतूस,एक गैस सलेंडर व 7150  नगद रुपये व एक बैग जिसमे गुटखा बीड़ी तम्बाखू आदि बरामद हुआ है। पुलिस  ने बताया कि  इनके उपर बाराबंकी व लखनऊ सहित अन्य थानो मे एक दर्जन से अधिक् अलग अलग धाराओ मे आपराधिक मामले दर्ज है। दोनो चोरिया करते थे और रामनगर क्षेत्र में भी कई चोरिया की थी। इसके अन्य साथियो की भी तलाश हो रही है।

### टाटा मैजिक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



**निन्दूरा संवाददाता।** बड्डूपुर कोतवाली क्षेत्र तेज रफ्तार टाटा मैजिक ने बाइक सवार को मारी ठोकर गंभीर रूप से घायल सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर किया रास्ते में मौत हो गई। बड्डूपुर कोतवाली क्षेत्र के तड़वा नानकारी गांव निवासी नईम  30 पुत्र खालिक रविवार को घर से मोटरसाइकिल की सर्विस कराने के लिए नहर कोठी  गया था दुकान से मोबीयल लेने के बड्डूपुर गया था वापस आते समय लखनऊ में अहमदाबाद मार्ग मंगरी पुरवा के निकटतम तेज रफ्तार मैजिक ने बाइक में ठोकर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने लखनऊ रिफर किया परिजनों द्वारा इलाज के लिए लखनऊ ले जा रहे थे रास्ते में मौत हो गई। मौत से घर में मचा कोहराम कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया की कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलती है तो मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### वायरल वीडियो का सच निकला गलत

**अमेठी।** जिले के जगदीशपुर के एक पेट्रोल पंप के वायरल वीडियो का मामला कुछ और ही निकला है,वायरल वीडियो पर पेट्रोल पंप मालिक के अनुसार मेरा सेल्समैन ही शराब के  नशे में था जो ग्राहकों से अभद्रता कर रहा था,तभी वहां पहुंची  जगदीशपुर थाने की पुलिस ने पेट्रोल पंप के सेल्समैन द्वारा अभद्रता करते देखने पर प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर द्वारा सेल्स मैन को दिया चेतावनी देकर दुबारा इस प्रकार की अभद्रता करने पर कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई थी और पेट्रोल पंप मालिक भी सेल्समैन के इस व्यवहार से अनजान थे।

# पत्रकारिता व डिजिटल मीडिया को लेकर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



लोक मित्र संवाद

**पाटन उन्नाव।** तहसील बीघापुर के कस्बा बिहार में पत्रकारिता एवं डिजिटल मीडिया को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें पत्रकारों ने अपने विचार रखे ।

इस अवसर पर पत्रकार जनकल्याण एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के मुख्य संरक्षक यतींद्र नाथ मिश्रा ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के विकास में चार स्तंभों–विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका, और पत्रकारिता–का महत्वपूर्ण योगदान है। इन स्तंभों में से पत्रकारिता का विशेष महत्व है। यह लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करने और समाज में जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका ।पत्रकारिता, जिसे चौथा स्तंभ माना जाता है । इसका मुख्य कार्य सूचना का प्रसार और नागरिकों को जागरूक करना है। पत्रकारिता के माध्यम से तीनों स्तंभों पर नजर रख कर नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करती है । पत्रकारों ने समय-समय पर भ्रष्टाचार व अनियमितताएं और अन्य सामाजिक मुद्दों को उजागर किया है । जिसके प्रभाव से राजनीतिक पार्टियों को सत्ता से बेदखल होना पड़ा है । उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में, पत्रकारिता की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से सूचना का तेजी से प्रसार हो रहा है । जिससे जनता तक त्वरित जानकारी पहुँच रही है।इस अवसर पर सूरज सिंह, शिव वीर सिंह, तहसील अध्यक्ष रज्जन तिवारी  पत्रकार संदीप कुमार मिश्र, दीपू सिंह प्रधान प्रतिनिधि और अन्य क्षेत्रीय पत्रकार सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

### पंचायत भवन में चिकित्सा शिविर का आयोजन




**मसौली बाराबंकी।** पंचायत भवन बड़ागांव में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों महिला और पुरुष स्वास्थ्य जांच कराने के लिए पहुंचे।

आयुर्वेद  चिकित्सक डॉक्टर भरत भूषण शुक्ला, डा0 अखिलेश रावत की ओर से दर्जनों महिला पुरुष लोगों का बीपी शुगर, थाइराइड, मोटापा, पथरी, बवासीर, अस्थमा,लीवर माईग्रेन व अन्य स्वास्थ्य जांच की गयी। जिसके बाद आवश्यकता अनुसार लोगों को उचित परामर्श दिया गया इस मौके पर डॉक्टर भरत भूषण शुक्ला  ने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा भारत की परंपरा का हिस्सा है। जिसके माध्यम से बड़े से बड़े असाध्य रोग भी बिना किसी साइड इफेक्ट के दूर हो जाते हैं। शिविर को सफल बनाने में क्षेत्र के लोगों ने सहयोग दिया।

# समाजसेवी ने निराश्रितों को बांटे कंबल



लोक मित्र संवाद

**बीघापुर,उन्नाव।** पुष्प फाउंडेशन के तत्त्वावधान में  विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव के बुजुर्गों, निराश्रित महिलाओं को कंबल प्रदान कर सम्मानित किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने रविवार को बक्सर में आयोजित निराश्रित, बुजुर्ग सम्मान समारोह में रामनेर, दूलीखेड़ा, लालखेडा, जगतपुर, ऊंचगांव, कोडरा आदि ग्राम पंचायत के लोगो को कंबल प्रदान कर सम्मानित किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष  ने पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारत की संस्कृति आदिकाल से ही सेवा तथा दान की रही है उन्होंने बुजुर्गों निराश्रित लोगो की  सेवा कर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया है। उन्होंने बुजुर्गों निराश्रित लोगो से कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर वह उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं  फाउंडेशन के अध्यक्ष होने के नाते अपने नैतिक दायित्व का निर्वहन करेंगे। समाजसेवी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आशुतोष बाजपेई आंसू ने कहा कि पुष्पेंद्र प्रताप सिंह द्वारा जो क्षेत्र के बुजुर्गों की सेवा का बीड़ा उठाया गया है वह अनुकरणीय है। कार्यक्रम में राजेश प्रधान,सतीश प्रधान, जितेन्द्र पटेल, कन्हैया सिंह आदि  रहे।

### मैकवेल अस्पताल में हुआ, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**अमेठी।** जिले में रविवार को सुबह 11 बजे से मुख्यालय गौरीगंज में लोदी बाबा मंदिर के ठीक सामने मैकवेल अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का डॉक्टर आकांक्षा सिंह द्वारा आयोजन कराया गया ,जहां पर मुख्यालय स्थित ग्रामीण क्षेत्र से कई महिलाओं ने डॉक्टर से मुलाकात की व संबंधित रोगों के बारे में जानकारी लेते हुए इलाज के बारे में परामर्श लिया आकांक्षा सिंह ने बताया कि कुछ महिलाएं ऐसी भी थी जिनका स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद निशुल्क दवाई दी गई और साथ ही साथ उन्हें उचित परामर्श देते हुए रोगों से बचाव के लिए भी अवगत कराया गया यही नहीं डॉक्टर आकांक्षा सिंह ने बताया कि 5 जनवरी 2025 को भी निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर जनपद की महिलाओं को लगातार प्रेरित किया जाएगा कि वह ज्यादा से ज्यादा आकर मैकवेल अस्पताल में अपने रोगों का इलाज करने के साथ-साथ फ्री परामर्श भी ले जिससे आने वाले समय में महिलाओं के अंदर होने वाले गंभीर रूप की बीमारियों से छुटकारा दिलाया जा सके।

# सत्य देव शुक्ला भाकियू भदौरिया के मंडल महासचिव बनाए गए



लोकमित्र ब्यूरो

**रामनगर।** नगर पंचायत रामनगर से चेयर मैन पद के बसपा उम्मीद्वार रहे सत्य देव शुक्ला ने भाकियू भदौरिया संगठन की सदस्यता ग्रहण की। उन्हे अयोध्या मंडल का मंडल महासचिव मनोनीत किया गया है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर हाक़िम सिंह भदौरिया ने कहा कि श्री शुक्ला के आने से संगठन को गतिशीलता मिलेगी। यह संगठन हित में कार्य कर उसे मजबूत बनाएंगे। इस अवसर पर श्री शुक्ला ने कहा कि उनको इस संगठन की रीति नीति पसंद हैं।

यह संगठन अन्याय के खिलाफ लड़ाई में सदैव आगे रहा है इसलिए संगठन में शामिल होकर हक हुकूक की लड़ाई में साथ देंगे। इस अवसर पर ग्राम अध्यक्ष बड़न पुर अकबर अली भी मौजूद रहे।

# दलसराय पंचायत घर के आधुनिकीकरण कार्य को देख डिप्टी डायरेक्टर ने जताई ख़ुशी



- एडीओ पंचायत,प्रधान व सचिव की किया तारीफ

लोकमित्र ब्यूरो

**रामनगर।** डिप्टी डायरेक्टर पंचायती राज ए के शाही ने ब्लॉक रामनगर में हाइवे किनारे की ग्राम पंचायत दलसराय में बने पंचायत घर का निरीक्षण किया।यह पंचायत घर ब्लॉक की 76 ग्राम पंचायतो में से अकेला चुना गया है जो माडल पंचायत घर के रूप मे सुस्ज्जित हो रहा है।

ए डी ओ पंचायत अभय शुक्ला की देख रेख में पंचायत सचिव अमित मौर्य व प्रधान वीरेंद्र कुमार द्वारा इसका कायाकल्प कराया जा रहा है।यंहा मार्डन तकनीक का कम्प्यूटर लैब व मीटिंग हाल बन रहा है। बारिश का पानी नीचे जाने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार हो रहा तथा पूरा कैम्पस सी सी टीवी से लैस हो रहा। शौचालय, बिजली, पानी, पंखा सहित सभी जरूरी निर्माण कार्य हो रहे। परिसर में इंटरलाकिंग भी लगेगी। इसकी भव्यता सुंदर दिखे इसके लिए बीडीओ जितेंद्र कुमार भी दो बार जा चुके है।कार्य जोरो से जारी हैं।इस समय जो कार्य चल रहा कि उसे देखने पंचायती राज के डिप्टी डायरेक्टर आए थे।उन्होने हो रहे कार्यो का निरीक्षण कर गुणवत्रा युक्त कार्य कराए जाने के निर्देश दिए तथा मीटिंग हाल व कम्प्यूटर लैब की तारीफ़ की ।पंचायत घर की हो रही रंगाई पुताई पर भी खुशी जताई। उन्होंने सचिव से कहा कि इसके सभी कार्यो की फोटो उनको हर दिन भेजे ताकि इसकी मानीटरिंग प्रदेश स्तर पर होती रहे और यह ब्लॉक का नंबर वन पंचायत घर बन सके। इस पंचायत घर को मार्डन बनाने पर करीब सात लाख खर्च होंगे।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक हुई आयोजित

**अमेठी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक आयोजित हुई कुशभवनपुर, में 64 वां काशी प्रान्त अधिवेशन  26 से 28 दिसम्बर को संपन्न हुआ। प्रांत सम्मेलन के अंतिम सत्र में प्रांत अध्यक्ष प्रो शुचिता त्रिपाठी ने अमेठी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक शैलेन्द्र यादव को खेलो भारत का प्रांत संयोजक, रोली सिंह, अदित्य प्रताप सिंह एंव विनय तिवारी को प्रांत कार्यकारिणी सदस्य बनाया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला प्रमुख डॉ धनन्जय सिंह एंव नगर अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया और सभी को बधाई दी। बैठक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आगामी कार्यक्रमो की रुपरेखा तैयार किया गया। बैठक में जिला संगठन मंत्री युवराज, डा वीरेन्द्र बहादुर सिंह, सोशल मीडिया जिला संयोजक सुबोध तिवारी, अनिकेत मिश्र, प्रशांत बरनवाल, धीरेन्द्र सिंह, प्रियम त्रिपाठी तथा रुद्र प्रताप सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# मोबाइल नम्बर ब्लॉक करने पर प्रेमी ने गला रेत कर की थी हत्या

- फतेहपुर थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम खेत में मिला था विधवा का शव
- आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल, चाकू बरामद
- लोगों ने महिला की पहचान गांव की ही निवासनी के रूप में की। उसका गला रेता गया था। मृतका के पति की मौत करीब तीन साल पहले हो चुकी थी

लोकमित्र ब्यूरो

**फतेहपुर, बाराबंकी।** विधवा द्वारा प्रेमी का मोबाइल नम्बर ब्लॉक किये जाने से नाराज प्रेमी ने ही चाकू से गला रेत कर विधवा की हत्या की थी। फतेहपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से हत्या में प्रयोग किया गया चाकू भी बरामद हो गया है। शनिवार की शाम को महिला का शव गांव के पास ही खेत में पड़ा मिला था। देवर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। खेत में पड़ा था शव- फतेहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के पास शनिवार की शाम को 40 वर्षीय विधवा का शव खेत में पड़ा मिला था। वह अपने दो छोटे बच्चों के साथ घर में रहती थी। बड़ा बेटा गैर प्रदेश में रह कर काम करता है। ग्रामीणों ने खेत के किनारे महिला को पड़ा देखा था। उसका चेहरा उसी की साड़ी से ढका था। लोगों ने साड़ी हटायी तो महिला की दशा देख मौके से भाग खड़े हुए। लोगों ने महिला की पहचान गांव की ही निवासनी के रूप में की। उसका गला रेता गया था।

मृतका के पति की मौत करीब तीन साल पहले हो चुकी थी। देवर ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी हुआ गिरफ्तार, गया जेल पुलिस ने हत्याकांड की जांच शुरू की तो कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे। विधवा के गांव के ही सर्वेश कुमार वर्मा पुत्र राजेंद्र प्रसाद वर्मा से गहरी दोस्ती की जानकारी हुई तो पुलिस का शक सर्वेश पर बढ़ गया। मौके से सर्वेश गांव से गायब भी था। कुछ ही घंटों बाद कोतवाल डीके सिंह ने तलाश कर उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने विधवा की हत्या की बात कबूल की।

उसकी निशानदेही पर चाकू भी बरामद हो गया है। आरोपी को जेल भेजा गया है। सर्वेस से पीछा छुड़ाना चाहती थी मृतका- विधवा के पति की मौत के बाद उसके व गांव के सर्वेश के बीच गहरी दोस्ती की चर्चा गांव में आम हो गई थी। जिससे विधवा की बदनामी होने लगी थी। उधर विधवा ने सर्वेश को ब्लैकमेल कर उससे रुपये भी ले रही थी। सर्वेस लगातार उसका पीछा कर रहा था। साथ ही फोन पर भी उसे परेशान करता था। बदनामी होने से विधवा ने सर्वेश का नम्बर ब्लॉक कर दिया था। जिससे उसने महिला की हत्या की योजना बनाई थी। पिछले तीन दिनों से वह महिला की हत्या के लिए मौका तलाश रहा था। शनिवार की शाम को वह खेत में लगे यूकेलिप्टस पेड़ों के पीछे छिप गया था।

# राम बारात बैंड-बाजा व डीजे के साथ निकली रामलीला यात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

**मसौली बाराबंकी।** कस्बे के मोहल्ला कटरा राम चबूतरा में आयोजित रामलीला में शनिवार की रात धनुष भंग के बाद रविवार को राम बारात बैंड-बाजा व डीजे के साथ निकाली गई। विभिन्न मार्गो से निकली राम बारात पर भक्तों ने पुष्प वर्षा की। कई स्थानों पर राम कलैवा का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

रंगशाला ओर झांकियां बारात में आकर्षण का केंद्र बनी रही। मसौली के राम चबूतरा पर तीन दिनों तक रामलीला का आयोजन होने के बाद चौथी दिन रविवार को राम बारात रामलीला मैदान से शुरू होकर बुद्धीपुरवा, भूलीगंज, हनुमान मंदिर, कपिल नगर, मोहल्ला बाज़ार,सोनी मोहल्ला,कटरा,होते हुए कार्यक्रम स्थल



पर सम्पन्न हुई। रास्ते में लोगों ने बारात का जगह-जगह स्वागत किया।

महिलाओं ने अपने घरों के सामने आरती उतारी। इससे पूर्व शनिवार की रात कलाकारों ने धनुष यज्ञ की लीला का मंचन किया था, जहां भगवान राम ने शिव का धनुष तोड़ा। धनुष टूटते ही सीता जी ने राम के गले में जयमाला पहना दि। मंचन के दौरान कलाकारों ने हास्य रस भरपूर कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन भी किया। हनुमान मंदिर पर बाबा रामलाल दास ने चारों भाइयों को भौग लगाकर भगवान राम, लक्ष्मण, भरत व सत्रुधन की आरती उतारी।

इस मौके पर विपिन मौर्या, प्रेमनन्द वर्मा,  देवीशंकर सौनी, महामंत्री रविआवस्थी, उदित्य नारायन मौर्य, अमित अवस्थी, विनीत अवस्थी, सतीश सोनी, नीलू अवस्थी, आकाश गुप्ता, आयुष नाग, ओमकार प्रजापति, उमेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायतों में लाखों खर्च, फिर भी छाया अंधेरा

**अमेठी।** जिले की कई ग्राम पंचायतों में विकास की जिम्मेदारी प्रधानों पर होती है, लेकिन जब जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया जाए, तो हालात ग्राम पंचायत मई जैसे बन जाते हैं। लाखों रुपये की लागत से लगाई गईं स्ट्रीट लाइटें महीनों से खराब पड़ी हैं। ठंड और कोहरे के बीच छाया अंधकार न केवल ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा रहा है, बल्कि अराजक तत्वों और चोर-उचक्कों के लिए सुनहरा मौका बन गया है। अधिकांश ग्राम पंचायत में आधे अधिक  स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है, ग्रामीणों का कहना है कि स्ट्रीट लाइटें सिर्फ कागजों में चालू हैं और खंभों पर शोभा बढ़ा रही हैं। हकीकत यह है कि ये महीनों से बंद पड़ी हैं। कुछ दिनों पहले अंधेरे का फायदा उठाकर गौ तस्करों ने गांव में वारदात को अंजाम दिया, लेकिन न तो ग्राम प्रधान ने इस पर कोई ध्यान दिया और न ही ब्लॉक के अधिकारियों ने। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान और सचिव की मिलीभगत से विकास कार्यों के नाम पर केवल धन उगाही होती है। योजनाएं कागजों तक सीमित रह जाती हैं।

# अछेछा में मुख्य नाला की कराई गई सफाई, जरूरी  इंटरलाकिंग सड़क भी बनी



लोकमित्र ब्यूरो

**रामनगर।** ब्लॉक रामनगर की ग्राम पंचायत अछेछा में बड़े दिनों बाद नाला सफाई हो रही है। आधे से अधिक मुख्य नाला साफ हो चुका है। बाकी बचा नाला भी रविवार को साफ हुआ। यह नाला जल निकासी का मुख्य नाला है जो गांव की जल निकासी करता है। यंहा ग्राम प्रधान अब्दुल हमीद ने बंद पड़े नाले की जे सी बी लगाकर ग्राम निधि से सफाई कराई है जो रविवार को भी जारी रही। इस नाले को पूर्वी सिरे पर और आगे तक यदि बनवा दिया जाए तो आम जनता के लिए और हितकारी हो जाए। यंहा मस्जिद के बगल इंटरलाकिंग सड़क बन रही है जिसकी बहुत जरूरत थी। कोलिया नुमा रास्ते में बरसात के समय निकलने में बहुत दिक्कत होती थी।अब सड़क बनने से लोगो को बड़ी सुविधा मिलेगी।हलाकि चुनावी रंजिश में इस सड़क को भी कुछ लोग बनने नहीं दे रहे थे और शिकायत तक करवाए लेकिन बीडीओ ने आकर इसे देखा तो सड़क जरूरी लगी।अब यह जल्द कम्प्लीट हो जाएगी। प्रधान का कहना था कि गाँव के कुछ लोग विकास कार्य में बाधा बनते है मगर जनता सब देख रही है।उन्होंने अब तक बीते कार्यकाल में विकास के कई कार्य किए हैं।

# प्रसूता की मौत पर पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा शव

लोक मित्र संवाद

**शुक्लागंज उन्नाव।** एक वर्ष पहले हुई थी शादी, प्रसव के बाद बिगड़ी तबियत, मायके पक्ष ने पुलिस से की शिकायत गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत बालूघाट चौकी क्षेत्र के प्रेम नगर मोहल्ले में प्रसव के बाद महिला की तबियत बिगड़ गई। जिसके बाद उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मायके पक्ष की शिकायत पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रेम नगर निवासी बबली में पिछले वर्ष बीस दिसंबर को अपने बेटे की शादी हमीरपुर निवासी रचना (26) पुत्री कुंवर बहादुर के साथ की थी। उन्होंने अपनी गर्भवती बहु को प्रसव पीड़ा होने पर राजधानी मार्ग स्थित के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जिसकी जानकारी उन्होंने बहु के मायके पक्ष को दी थी। 25 दिसंबर को रचना ने सामान्य प्रसव से एक बच्चे को जन्म दिया था। बच्चे के जन्म के बाद महिला के मायके से दो लोग आए। वहीं बच्चे के जन्म के कुछ घंटे बाद ही रचना की तबियत अचानक बिगड़ गई, तभी अस्पताल प्रशासन ने अपने हाथ खड़े कर दिए, जिसके बाद महिला को कानपुर स्थित नार्थ स्टार अस्पताल में भर्ती कराया , जहा उसकी मौत हो गई। मृतका की सास ने बताया की उनका बेटा एमआर है, और बहु के इलाज के लिए उधार रुपए लेकर अपनी पत्नी की जान बचाने के लिए जुटा रहा। और जैसे ही बहु की मौत हुई मायके वाले गायब हो गए। और गंगाघाट कोतवाली में पुलिस से शिकायत कर दी। अस्पताल से जैसे ही शव घर पहुंचा, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में बालूघाट चौकी इंचार्ज गजेंद्र सिंह ने बताया कि मृतका की पिता की मौखिक शिकायत पर कार्यवाही हुई है।

# हैदरगढ़ बाराबंकी मार्ग किनारे अवैध निर्माण की शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

**बाराबंकी।** हरख ब्लॉक क्षेत्र के हरख गांव स्थित हैदरगढ़ बाराबंकी सड़क मार्ग किनारे की पटरी पर अवैध निर्माण को लेकर स्थानीय एक युवक ने आईजीआरएस पर शिकायत कर निर्माण कार्य रोकने की मांग की है। उसका कहना है कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा छोड़ी गई भूमि पर निर्माण है। जिससे उसका सहन भी प्रवाहित हो रहा है। हरख ब्लॉक क्षेत्र के हरख गांव निवासी दीपक कुमार अवस्थी पुत्र राममिलन अवस्थी का कहना है कि उनका हैदरगढ़ बाराबंकी संपर्क मार्ग किनारे (राजकीय डिग्री कॉलेज के समीप) स्थित गाटा संख्या 1108 (ख) पर प्लाट है। इसके बैनामा सह खातेदार वीरेंद्र तिवारी पुत्र स्व. शिवमंगल तिवारी है। दोनों लोग



अपनी-अपनी काबिज भूमि पर भवन बनवा रखा है।

मगर उनका कहना है कि वीरेंद्र तिवारी उक्त सड़क मार्ग के किनारे पहले जीना बनवा व लोहे की गुमटी रखकर व्यापार शुरू कर दिया। अब इसी स्थान पर गड्ढा खोदकर पक्का शौचालय निर्माण की फिराक में है। जो पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क किनारे छोड़ी गई सरकारी भूमि के हिस्से में है। इस बाबत प्रधान प्रतिनिधि हरख चट्टान सिंह द्वारा विरोध किया गया। वह जैदपुर थाने में शिकायत कर दिया। पीड़ित का कहना है कि विपक्षी के अवैध निर्माण से उसके सहन की जमीन भी प्रभावित हो रही हैव। इस संबंध में क्षेत्रीय जेई मंगल यादव का कहना है कि यदि सड़क के साइड पर 75 फीट के अंदर निर्माण है तो अवैध है। जिसे गिरा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सूचना मिली है। जिसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पेट को दबा कर आनन-फानन में करा दी गयी डिलीवरी, जिससे हुई नवजात की मौतः जसविंदर सिंह (पीड़ित)

**तिकुनियां-खीरी।** स्वास्थ्य विभाग की ढुलमुल रवैया अपनाने के चलते फर्जी अस्पतालों की पौ बारह है, इन अस्पतालों में अप्रशिक्षित लोग मरीजो का इलाज कर लोगों की जान ले रहे हैं। लेकिन महकमा चंद रुपयों की खातिर कार्रवाई करने में हिचकता रहा। जिसके परिणाम स्वरूप एक नवजात ने यह दुनियां देखने से पहले ही अपनी जान गवां दी। कश्यपनगर गुरुद्वारे के बाबा जसविंदर सिंह ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम बहू को प्रसव कराने को लेकर भीरा जाने की तैयारी में थे कि तभी किसी के बहकावे में आकर कस्बा स्थित इंडियन बैंक के ऊपर संचालित एक बेनाम अस्पताल में पहुंचे जहां पर 14000 रूपये में नॉर्मल प्रसव कराने की बात अस्पताल संचालक से हुई। जसविंदर सिंह का आरोप है कि शनिवार की सुबह करीब 3 बजे पेट को दबा कर आनन-फानन में डिलीवरी करा दी गई जिससे बच्चे की मौत हो गई और मेरी बहू की जान भी बमुश्किल ही बच पायी। पीड़ित ने इस अवैध संचालित अस्पताल को तत्काल सीज किए जाने और अस्पताल संचालक के खिलाफ नवजात की हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। पीएचसी प्रभारी डॉ0 अरविंद पटेल ने बताया कि एक वायरल वीडियो संज्ञान में आया है जिसकी जांच की जा रही है हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि पीड़ित पक्ष की तरफ से अभी उन्हें कोई शिकायती पत्र प्राप्त नही हुआ है।

### दक्षिण खीरी वन प्रभाग की वनरेंज मोहम्मदी से चोरी कर लकड़ी चोरों ने दूसरे जनपद में ले जाकर लगाया स्टाक

**गोलागोकर्णनाथ-खीरी।** दक्षिण खीरी वन प्रभाग की वनरेंज मोहम्मदी के जंगल से निकली लकडी से लदी गाड़ी जनपद सहारनपुर में जाकर खाली हुई आज रविवार को बिक्री होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार आजकल दक्षिण खीरी वन प्रभाग की वनरेंज मोहम्मदी के जंगल की लकड़ी का बड़े पैमाने पर खेल जारी है एक डीसीएम में लादकर चोर लकड़ी को जनपद सहारनपुर में अली टिम्बर पर लगाया है मौसम खराब होने के चलते शनिवार को बिक्री नहीं हो सकी थी पर आज बिक्री होने की प्रबल संभावना है। पहले डीएफओ दक्षिण खीरी वन प्रभाग को आनलाइन खबर दी है बाद में इस गंभीर मामलें की जांच व कारवाई की मांग को लेकर मंगलवार को लखनऊ जाकर पत्रकार प्रधान मुख्य वन संरक्षक उत्तर प्रदेश लखनऊ से मिलकर पूरी जानकारी देने का प्रयास करेंगे।

### फुटपाथ पर भिखारी की मौत, ठंड से मौत की आशंका



**शुक्लागंज, उन्नाव।** शुक्लागंज क्षेत्र के राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर के निकट मदन धर्म शाला के बाहर फुटपाथ पर एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान 48 वर्षीय व्यक्ति के रूप में हुई है, जिसे स्थानीय लोग बच्चा के नाम से जानते थे। शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है और स्थानीय लोग इसे ठंड के कारण हुई मौत मान रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है और पंचायतनामा की कार्रवाई की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा, जिससे मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा। जानकारी के अनुसार मृतक व्यक्ति कुछ साल पहले शुक्लागंज के मामा चाय वाले की दुकान में काम करता था। वह अपनी जीविका के लिए यहां-वहां मजदूरी करता था, लेकिन कुछ समय से उसने फुटपाथ पर ही सोने की आदत डाल ली थी। वह अधिकतर समय मदन धर्म शाला के बाहर और दुर्गा मंदिर के पास देखा जाता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से ठंड ने बढ़त ली थी और हल्की बारिश हो गयी थी जिसके कारण फुटपाथ पर सो रहे लोगों के लिए हालात और भी कठिन हो गए थे। मृतक बच्चा की मौत ठंड लगने से हो सकती है।

# बाल-बाल बचे एसडीएम ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी सीज

▸▸ एक्शन मूड में दिखे एसडीएम राजीव निगम,खनन माफियाओं के ठिकानों पर हुई कार्यवाही तीन ट्रैक्टर और जेसीबी सीज

लोकमित्र ब्यूरो



**निघासन-खीरी।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत एसडीएम राजीव निगम ने अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की है उन्होंने शनिवार रात सिंगाही थाना क्षेत्र के सिसैया गांव के पास छापेमारी की और अवैध खनन कर रहे एक जेसीबी और दो ट्रॉली ट्रैक्टरों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।
बालू भरी ट्रॉली पकड़ी सुबह होते ही एसडीएम ने निघासन कस्बे के मुख्य चौराहे पर बालू भरी जा रही एक ट्रॉली ट्रैक्टर को पकड़ लिया और उसे निघासन कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया इसी दौरान बाल-बाल बचे एसडीएम राजीव निगम जब एसडीएम राजीव निगम निघासन कस्बे में बालू भरी ट्रॉली ट्रैक्टर को पकड़ रहे थे तो वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि एसडीएम बाल-बाल बच गए।
कोई अप्रिय घटना ना घटी ट्रैक्टर ट्रॉली की स्पीड इतनी अधिक थी कि अगर कोई सामने आता तो बड़ा हादसा हो सकता था कार्यवाही की जानकारी दी एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि उन्होंने अवैध खनन में लिप्त तीन ट्रॉली ट्रैक्टर और एक जेसीबी को पकड़ा है।
सभी वाहनों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है और रिपोर्ट खनन विभाग को भेजी जा रही है साथ ही दी चेतावनी एसडीएम ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्यवाही जारी रहेगी और माफिया को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा।

## तेज रफ्तार मैजिक ने बाइक को मारी टक्कर, मौत

**बाराबंकी।** जिले के बड्डूपुर कोतवाली क्षेत्र के टड़वाना गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां तेज रफ्तार मैजिक ने बाइक सवार को ठोकर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। टड़वाना गांव निवासी नईम (30), जो कि खालिक का पुत्र है, अपने बाइक की सर्विस कराने के लिए नहर कोठी गया था। इसके बाद वह बड्डूपुर से मोबाइल खरीदकर वापस लौट रहा था, तभी मंगरीपुरवा के पास तेज रफ्तार मैजिक ने उसकी बाइक को ठोकर मार दी। दुर्घटना में नईम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। रास्ते में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है, और पुलिस मामले की जांच कर रही है। नईम केवल छह माह पहले सऊदी अरब से लौटा था।

## सखी वन स्टाप सेंटर और 112 का गुंडवर्क बिछड़ी महिला को मिलाया परिजन से

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिला प्रोवेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित वन स्टाप सेंटर अमेठी में घरेलू हिंसा ,बाल विवाह, दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़ ,जैसे मामलों को लेकर वन स्टॉप सेन्टर की केंद्र प्रबंधक श्रीमती गायत्री देवी बालिकाओऔर महिलाओं को राहत दिलाने के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं हैं।
केंद्र प्रबंधक श्रीमती गायत्री देवी ने बताया दिनाक - 28/ 12 /2024 को यूपी 112 द्वारा सखी वन स्टाप सेंटर में रात्रि 2 बजे एक अज्ञात महिला को दाखिल किया गया था जो मानसिक रूप से अस्वास्थ्य थी।अगले दिन श्रीमती गायत्री देवी केन्द्र प्रबंधक व श्रीमती ममता यादव केस वर्कर वन स्टॉप सेन्टर द्वारा महिला से पूछ - ताछ की गयी तो महिला कुछ भी नहीं बता पा रही थी महिला बहुत डरी हुई थी। महिला को समझाया गया आप मुझसे अपनी बात बता सकती है तो महिला ने कहा मुझे कुमारगंज पिपरी हलियापुर जाना है हलियापुर चौकी प्रभारी से बात किया गया तो महिला से संबधित कोई जानकारी नहीं मिली तत्पश्चात महिला से पूछा गया तो महिला ने मोबाइल नंबर बताया। मोबाइल नंबर पर सम्पर्क किया गया तो महिला की ननद थी ननद से महिला के बारे में पूछा गया तो महिला की ननद ने मेरी भाभी है तीन दिन से बिना बताये घर से गायब है सब उसको ढूंढ़ रहे है तब महिला की ननद ने महिला का नाम पिंकी सिंह पति नाम अंकुर सिंह ऊर्फ अनुज सिंह गांव का नाम अजीत नगर ठकुराईया थाना कोतवाली नगर चौकी मकन्दरूगंज जनपद प्रतापगढ़ बताया. महिला की ननद रेनू सिंह को बताया गया कि आपकी भाभी जी सखी वन स्टाप सेंटर अमेठी में सुरक्षित है तो महिला के पति दिनांक - 28/12/2024 को समय 5 बजे सखी वन स्टाप सेंटर अमेठी आये पति पत्नी दोनों मिलकर बहुत खुश हुए और 7 बजे वन स्टाप सेंटर अमेठी से अपने साथ प्रतापगढ़ घर ले गये वन स्टॉप सेन्टर के समस्त कर्मचारियों का आभार प्रकट किया।.........इस मौके पर वन स्टॉप सेन्टर की केंद्र प्रबंधक श्रीमती गायत्री देवी,केस वर्कर श्रीमती ममता यादव,एवं 112 की टीम उपस्थित रहे।

## चार मारफीन तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी।** पुलिस टीम ने रविवार को चेकिंग के दौरान चार मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 128 ग्राम अवैध मारफीन बरामद की। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया और शारीरिक परीक्षण के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान संदीप पुत्र छविराज निवासी जफरपुर कटरा थाना रामनगर बाराबंकी, नीरज पुत्र बाकेलाल, अमित कुमार उर्फ छोटू पुत्र बाकेलाल निवासी अजीमाबाद थाना महमूदाबाद सीतापुर और रामसूरत पुत्र स्व. स्वामी दयाल निवासी तकरोही थाना इन्दिरानगर जनपद लखनऊ के रूप में हुई है। कोतवाल धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और आगे भी मादक पदार्थों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## अवधी साहित्य संस्थान द्वारा कवि गोष्ठी का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** रविवार को नगर स्थित डाक बंगले में अवधी साहित्य संस्थान अमेठी की ओर से कवि गोष्ठी का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी एवं गोस्वामी तुलसीदास जी की प्रतिमा पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण तथा श्रेष्ठ रचनाकार सुरेश चन्द्र शुक्ल %नवीन% की वाणी वंदना से हुआ।अतिथियों का स्वागत करते हुए अवधी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि ÷कविता करना अति कठिन,कवि ईश्वर का नाम।कविता की अन्तरा से मिले,मां वीणा पाणि का धाम÷।कवि गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात साहित्यकार प्रेम कुमार त्रिपाठी ने पढ़ा कि भारत की आन बान शान स्वाभिमान बचे,ऐसे किसी नेता में सुभाष हमें चाहिए। रामेश्वर सिंह निराश ने पढ़ा नए साल से याचना कर रहा हूं, सुखी भाव से कामना कर रहा हूं।डॉ केसरी शुक्ला ने पढ़ा की तुम्हारी फीस भरनी है तेरे जूते भी लाने है ,मेरे जूते का क्या है वह अभी चलने के लायक है। रामबदन शुक्ल %पथिक% ने पढ़ा जिनि बाति करा टेउवा,बलम एक पउवा चढाइके।सुरेश शुक्ल नवीन ने पढ़ा की गंगा माई के लहरिया बड़ी जो सजन।ओज कवि अनिरुद्ध मिश्र ने पढ़ा कि राजनीति में शुचिता के पर्याय बन गए मनमोहन,जनहित दूरदर्शिता से अध्याय बन गए मनमोहन। अभिजीत त्रिपाठी ने पढ़ा सच कहता हूं औरों जैसे बिल्कुल नहीं है मेरे पापा, खीर चखी है मेले वाली बिल्कुल वही है मेरे पापा।शिव भानु कृष्ण ने पढ़ा - दिल पर गुजरी है जो ऐसा लिखता हूं मैं। यारों की बस मोहब्बत पर मरता हूं मैं।आशुतोष गुप्त ने पढ़ा ए मेरे हमदम ए मेरे साथी, दिया जो तुम हो तो मैं हूं बाती।जगदम्बा तिवारी मधुर ने पढ़ा भूलना कितना कठिन है,याद आता गांव है राम कुमारी संसृति ने पढ़ा मां बड़ी सी अच्छी होती है।

## देवी-देवताओं को लेकर,सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

▸▸ आरोपी की तलाश में जुटी ईसानगर पुलिस

लोकमित्र संवाद

**लखीमपुर-खीरी।** सोशल मीडिया पर देवी देवताओं को लेकर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्र टिप्पणी करने के मामले में ईसानगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हिंदू धर्म के लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में वांछित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी की तलाश की जा रही है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार एक गैर संप्रदाय के युवक द्वारा अपने अब्दुल लतीफ नाम से ट्विटर/फेसबुक अकाउंट पर हिंदू देवी देवताओं को लेकर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्र टिप्पणी की गई थी। जिसके सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश देखा गया। उक्त मामले में गौरक्षक दल के कार्यकर्ता रिंकू पांडे द्वारा ईसानगर पुलिस को तहरीर दी गई थी। तहरीर के बाद हरकत में आई ईसानगर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल करते हुए उक्त ट्विटर अकाउंट का संचालन करने वाले युवक के खिलाफ धार्मिक उन्माद फैलाने व देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में वांछित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



**क्या कहते है प्रभारी निरीक्षक**

प्रभारी निरीक्षक थाना ईसानगर देवेंद्र कुमार गंगवार ने बताया संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी युवक थाना क्षेत्र के लौकाही गांव का निवासी बताया जा रहा है।

# सीवर कर्मचारियों व सफ़ाई कर्मचारियों व ड्राईवरों की दुर्घटना में मौत होने पर परिजनों को मुआवजा


लोकमित्र ब्यूरो




**गाजियाबाद।** दिल्ली कांस्टीट्यूशन क्लब में दलित आदिवासी शक्ति अधिकार मंच धसम यूनियन के बैनर तले देश में हो रही सीवर सफ़ाई कर्मचारी व सफ़ाई कर्मचारीयो की हो रही मोते व जा रही जाने को लेकर भारत देश के अनेकों राज्यों से यूनियन व समितियों व अन्य संगठनों के पदाधिकारियो दिल्ली कांस्टीट्यूशन क्लब पहुंचे और अपने अपने राज्यों की समस्याओं से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं व प्रोफेसर व आयोग के पधाधिकारी यो को अवगत कराया और दशम यूनियन के पदाधिकारी ने सीवर सफाई कर्मचारी व सफाई कर्मचारियों के लिए अनेक मांगों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं से एक समिति बनाकर सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से पूरे देश में हर राज्य के कर्मचारी की समस्या का समाधान व सीवर में होने वाली कर्मचारियों की मौत को लेकर काफी चिंतित विषय पर चर्चा की गई और जो सुप्रीम कोर्ट के जो आदेश कर्मचारियों के लिए पारित हुआ हुआ है सीवर में डूब कर होने वाली मौत के तुरंत बाद ही परिवार जनों को 30 लाख रुपए का मुआवजा व परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी देने का जो आदेश है।
उसको पूरे देश में हर राज्य की नगर निगम नगर पालिका ग्राम पंचायत नगर पंचायत नगर परिषद में लागू करवाने के लिए राज्य सरकारों को अवगत करा कर उसको लागू करवाना मुख्य बिंदु समिति में रखा गया।
जिसमें उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद से राष्ट्रीय मानव अधिकार भ्रष्टाचार निवारण संगठन भारत के युवा प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश व नगर निगम वाहन चालक संघ गजियाबाद के मिडिया प्रभारी मोहित सूद वाल्मीकि ने सीवर कर्मचारियो व सफ़ाई कर्मचारीयो व ड्राईवरयो की समस्याओं से अवगत कराया और समिती मैं कुछ बिंदु कर्मचारी हित में शामिल कराए और मेन मुद्दा सैलरी को लेकर उठाया ओर साथ में रहे वीरभान वाल्मीकि उत्तर प्रदेश चतुर्थी श्रेणी लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश के उप मंत्री ने भी कर्मचारियों के विषय पर विचार विमर्श और कुछ सुझाव दिए जिसमें कर्मचारी हित में उनकी सुरक्षा को लेकर सुविधाजनक व उनकी सैलरी और सावधानी पूर्वक कार्य करने में उपयोग सुरक्षित सेफ्टी के लिए अन्य उपकरण उपलब्ध कराने को लेकर अपने विचार व्यक्त किया जिसमें संचालन करता व कार्यक्रम आयोजक श्री अशोक टाक जी ने कार्यक्रम में सभी सम्मानित व्यक्तियों को कार्यक्रम में अपने विचार और सुझाव रखने का मौका और समय दिया जिसके लिए उनका सभी राज्यों के पदाधिकारियो ने आभार व्यक्त किया।

# नरहरपुर गांव में आपसी कहासुनी में विवाद, लाइसेंसी पिस्टल से धमकाया

लोकमित्र संवाद



**सफीपुर,उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरहरपुर में दो पक्षों में आपस में कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया जब एक पक्ष ने लाइसेंसी पिस्टल का इस्तेमाल करने की धमकी दी यह मामला रविवार को उस समय सुर्खियों में आया जब विवाद का वीडियो का सोशल मीडिया पर वायरल हो गया वायरल वीडियो में गांव के ही अशोक कुमार तिवारी ने अपनी दादा की लाइसेंसी पिस्टल के साथ दिखाया गया जो दोनो पक्षों के बीच गाली गलौज के बाद आ गया था।
घटना के बाद प्रथम पक्ष में राजनारायण तिवारी और अशोक तिवारी जबकि दूसरे पक्ष मे कौशल किशोर तिवारी और प्रभान शंकर उर्फ मुन्ना तिवारी शामिल थे दोनो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई जिससे स्थित बिगड़ गई इसके बाद गाली गलौज का दौर शुरू हो गया और मामला बढ़ते हुए।
अशोक कुमार तिवारी तक पहुंच गया जिन्होंने अपनी दादा की लाइसेंसी पिस्टल लेकर माहौल को तूल पकड़ा दिया वायरल वीडियो में अशोक कुमार तिवारी को पिस्टल के साथ देखा गया जिससे गांव में अफरा तफरी मच गई सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो होने के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर लाइसेंसी पिस्टल को कब्जे में ले लिया सफीपुर कोतवाली के अधिकारियों ने बताया कि पिस्टल को शस्त्र अधिनियम के तहत जब्त कर लिया और आगामी कार्यवाही की जा रही है।हालांकि इस घटना के संबंध में किसी भी पक्ष द्वारा पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी है।पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो को देखकर कार्यवाही की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।
गांव में इस घटना के बाद स्थानीय लोगो के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।कुछ लोग इस गांव में बढ़ती असमाजिक गतिविधियों का परिणाम मान रहे है।जबकि अन्य इसे सिर्फ एक सामान्य झगड़ा मानते है।पुलिस प्रशासन अब इस मामले की जांच में जुटा है।

## पुलिस का नशा तस्कर के खिलाफ बड़ा एक्शन, नशीले पाउडर समेत युवक गिरफ्तार

▸▸ हैदराबाद पुलिस की कार्रवाई 81 ग्राम नशीले पाउडर समेत एक गिरफ्तार

▸▸ नशीला पदार्थ के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** न्यायप्रिय पुलिस अधीक्षक डॉ गणेश प्रसाद साहा के दिशा-निर्देश पर हैदराबाद पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों और नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत से प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे के कुशल नेतृत्व में युवक को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से 81 ग्राम नशीला पाउडर बरामद करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान उपेन्द्र सिंह उर्फ जीतू पुत्र राजीव सिंह निवासी गांव कपरहा थाना हैदराबाद जिला खीरी के रूप में हुई है जानकारी मुताबिक हैदराबाद पुलिस ने चेकिंग दौरान थाना क्षेत्र के कोट खेरवा गांव की ओर जाने वाले मार्ग के पास व्यक्ति से 81 ग्राम नशीला पाउडर बरामद किया है।
कड़ाई से पूछताछ करने पर नशा तस्कर ने अपना नाम व पता उपेन्द्र सिंह उर्फ जीतू पुत्र राजीव सिंह निवासी ग्राम कपरहा थाना हैदराबाद जनपद खीरी बताया। पुलिस ने नशा तस्कर के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद शिवाजी दूबे ने कहा कि वह पुलिस पार्टी के समेत गश्त दौरान मार्ग की तरफ जा रहा था।
पुलिस टीम को देख कर भागने लगा जिसे कड़ी घेराबंदी करते हुए हिरासत में लिया वही पुलिस ने जामा तलाशी दौरान 81 ग्राम नशीला पाउडर बरामद किया। पुलिस ने मामला दर्ज करके अगली विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए आरोपित को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहा माननीय न्यायालय ने सुनवाई करते हुए आरोपी को सलाखों के पीछे भेज दिया।

## 25 से कम यात्री होने पर नहीं चलेगी बस

**गोण्डा।** जिले में रोडवेज प्रशासन को डीजल की खपत और कमाई में हो रहे नुकसान को देखते हुए बड़ा फैसला लिया गया है। अब 25 से कम सवारी होने पर रोडवेज बसों का संचालन नहीं किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद कुमार ने आदेश जारी करते हुए साफ किया है कि बिना पर्याप्त सवारियों के बसें सड़कों पर नहीं दौड़ेंगी। रिपोर्ट के अनुसार, खाली बसों के संचालन के कारण रोडवेज विभाग को हर महीने लाखों रुपए का नुकसान हो रहा था। डीजल की अत्यधिक खपत और कम कमाई के चलते यह फैसला लिया गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक ने निर्देश दिए हैं कि 50: से कम कमाई होने पर संबंधित बस के चालक और परिचालक की जिम्मेदारी तय की जाएगी और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।25 से कम सवारी होने पर बसों का संचालन प्रतिबंधित। किसी विषम परिस्थिति में विशेष अनुमति के बिना बसों का संचालन नहीं होगा। क्षेत्रीय प्रबंधक ने वरिष्ठ केंद्र प्रभारियों और समयपाल को निर्देश दिया है।

# पुलिस ने अभियान में 27 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में,हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद के थानों द्वारा मुकदमों में वांछित एवं वारंटी अभितों की गिरफ्तारी की गई ,जिसका विवरण यह है कि अवैध शस्त्र के विरुद्ध की गयी कार्यवाही कुल 04 अभियुक्त थाना मुसाफिरखाना एक अभियुक्त मोहम्मद कैफ पुत्र मोहम्मद शकील निवासी ग्राम तकिया जमुवारी थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी । बरामदगी एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर।
थाना बाजार शुक्ल एक अभियुक्त इरफान पुत्र हसमत अली निवासी ग्राम दोलानगर मजरे नीमपुर थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी ।
बरामदगी एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर ,
थाना जायसएक अभियुक्त दिलशेर पुत्र हसन राजा निवासी पूरे सिक्का मजरे उड़वा थाना जायस जनपद अमेठी ।
बरामदगी एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर ।
गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्व पूर्व में भी एक-एक अभियोग अंजीकृत है ।
थाना जगदीशपुर अभियुक्त अजीत सिंह यादव उर्फ छोटू पुत्र आनन्द कुमार यादव निवासी पूरे नेम दूबे मजरे माहेमऊ थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी ।
बरामदगी एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर । उपरोक्त अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया।
**नशा मुक्ति अभियान के तहत की गयी कार्यवाहीः** 140 ग्राम स्मैक व 600 ग्राम गांजा, बरामद, पांच अभियुक्त गिरफ्तार थाना मुसाफिरखाना एक अभियुक्त शाकिर अली उर्फ पुत्ती पुत्र जाबिर अली निवासी तकिया जमुवारी थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी ।बरामदगी 60 ग्राम स्मैक।
थाना जायसएक अभियुक्त शाहे आलम उर्फ शुकरू पुत्र अब्दुल अजीज निवासी मोहल्ला चौधराना थाना जायस जनपद अमेठी।
बरामदगी 25 ग्राम स्मैक।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी कई अभियोग पंजीकृत हैं ।
थाना कमरौली दो अभियुक्त 55 ग्राम स्मैक अभियुक्त इसरार अहमद पुत्र वसीर अहमद निवासी ग्राम सौना थाना कमरौली जनपद अमेठी। बरामदगी 30 ग्राम स्मैक ।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में चार अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त आतिफ उर्फ अत्तू पुत्र मो0 दब्बीर निवासी पूरे दीना पाठक का पूरवा मजरे सिन्दुरवा थाना कमरौली जनपद अमठी ।
बरामदगी 25 ग्राम स्मैक पंजीकृत अभियोग- मु0अ0सं0 191/24 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना कमरौली जनपद अमेठी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में चार अभियोग पंजीकृत हैं। थाना फुरसतगंज एक अभियुक्त राकेश यादव पुत्र रंजीत यादव निवासी ग्राम पूरे भीखन मजरे पीढ़ी थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी बरामदगी 600 ग्राम गांजा व चोरी की 01 स्पलेण्डर मोटरसाइकिल संबंध सासनगर पंजाब प्रान्त। उपरोक्त लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा विधि कार्रवाई कार्यालय में पेश किया गया, जनपद के थानों द्वारा विभिन्न मुकदमा में वांछित 17 अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया।

संक्षिप्त खबरें

## कंबल वितरण का हुआ आयोजन



**अयोध्या।** तूलिका कंस्ट्रक्शन के बैनर तले आज कंबल वितरण का आयोजन किया गया। पिछले दो दिनों से हो रही कड़ी ठंड को देखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से अधिवक्ता तथास्तु सिंह ने गरीबों को कंबल वितरित किए।अधिवक्ता तथास्तु सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ÷हम हर साल यह आयोजन करते आ रहे हैं, पहले हमारे पिताजी इसे आयोजित करते थे। ठंड के मौसम में गरीबों के पास कोई सहारा नहीं होता, इसलिए हम इस पहल के तहत उनकी मदद कर रहे हैं। आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने के आसार हैं, ऐसे में हम कंबल के साथ-साथ ठंड के कपड़े भी वितरित करेंगे ताकि गरीब वर्ग को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।÷इस कार्यक्रम में अधिवक्ता तथास्तु सिंह के अलावा आदर्श चतुर्वेदी, पब्लिक सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, गायत्री ट्रेडर्स के प्रबंधक राहुल श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव और शिवेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला नवविवाहिता का शव

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के जयराज पुर गांव में रविवार सुबह घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में एक नव विवाहिता का शव फंदे से लटकता मिलने के बाद हड़कंप मच गया। मृतका के भाई राजेश मौर्या की सूचना पर नायब तहसीलदार मिल्कीपुर और पुलिस एवं फारेंसिक टीम की मौजूदगी में शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक नव विवाहिता वैशाली ( 25 ) का विवाह इसी वर्ष फरवरी माह में जयराज पुर गांव निवासी सरवन मौर्य के साथ हुआ था। सुबह देर तक सोकर न उठने पर सास ने बहू के कमरे का दरवाजा खोला और बहू को फंदे से लटकता देख जोर-जोर से चीखने चिल्लाने लगी। चीख पुकार सुनकर भारी संख्या में आस-पास के लोग भी इकट्ठा हो गए और मृतका के मायके और पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पति सरवन मौर्य नोएडा में एक निजी कंपनी में काम करता है जो महीने पहले से ही नोएडा में ही है। वैशाली अपने सास ससुर के साथ घर पर ही रह रही थी, बताया गया कि मृतका का एक देवर अयोध्या में रहता है, दूसरा घर पर छोटी सी दुकान करता है जो रात में मवेशियों की देखरेख के लिए खेत में रहता था। सूचना के बाद मृतका के मायके के लोग भी मौके पर पहुंच गए और मृतका के भाई ने मृत्यु का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराने के लिए खंडासा पुलिस को लिखित सूचना दी। जिसके बाद नायब तहसीलदार ने पंचायतनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवायो । हालांकि नव विवाहिता की आत्महत्या के कारणों का अभी कोई सुराग नहीं लग सका है। मृतका मोबाइल फोन का उपयोग करती थी, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया। प्रभारी थानाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह ने कि मृतका मोबाइल फोन कब्जे में लिया गया, छानबीन की जा रही है।

## प्रभात पाण्डेय के परिवार व कांग्रेस पार्टी को न्याय मिलना चाहिए-अजय राय

**अयोध्या ।** कांग्रेस पार्टी के विधानसभा घेराव के दौरान पुलिसिया बर्बरता के कारण हमारे युवा साथी प्रभात पांडेय का दुखद निधन हो गया।
यह हृदयविदारक घटना बेहद निंदनीय है और प्रदेश प्रशासन इसकी पूरी ज़िम्मेदारी से बच नहीं सकता। इस घटना ने पूरे कांग्रेस परिवार को गहरे आघात में डाल दिया है।उक्त बातें उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने लखनऊ से मृतक प्रभात पांडेय के 13वीं संस्कार में गोरखपुर जाते समय नाका बाईपास चौराहे पर कार्यकर्ताओं से कहीं।
उन्होंने कहा निश्चित ही प्रभात एक साहसी, होनहार और जांबाज युवा था। इस तानाशाह सरकार के खिलाफ लड़ते हुए उसने जो शहादत दी है, वह व्यर्थ नहीं जाएगी। हम हर हाल में उन्हें इंसाफ दिलाकर रहेंगे।प्रशासन उक्त घटना को उत्तर प्रदेश सरकार के इशारे पर दूसरा रूप देने में लगा है, पुलिस प्रशासन ने पूछताछ के दौरान 2-2.30 घंटे तक मेरा बयान लिया गया। जो सही बात है, उसे सामने आना चाहिए और प्रभात पाण्डेय के परिवार व कांग्रेस पार्टी को न्याय मिलना चाहिए। पुलिस ने जो-जो चीजें हमसे मांगी हमने उपलब्ध करा दी हैं लेकिन हमें जो सहयोग मिलना चाहिए, वह हमें नहीं मिल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा अभी तक जो चीजें सामने आनी चाहिए, वो केवल घुमाई जा रही हैं। जब मुझे पुलिस द्वारा जूते से दबाया गया तो मुझे लगता है कि हमारे कार्यकर्ता प्रभात पाण्डेय के साथ भी ऐसा ही हुआ होगा।बाईपास पर स्वागत करने वालों में जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव,दिनेश यादव,वेद सिंह, फ्लावर नक़वी, रोहित यादव, फैजान खा, सलमान खा ,अमर यादव, इन्द्रोहन यादव, देवराज यादव, अमर जीत ,राजेश यादव , सत्या यादव आदि प्रमुख रहे।

## अयोध्या महोत्सव में अल्ताफरजा के गानों पर रात भर झूमते रहे श्रोता

**अयोध्या ।**आवारा हवा का झोंका हूं, आ निकला हूं पल दो पल के लिए... गाने के यह बोल जैसे ही मंच से सुनाई दिए तो लोग कुर्सियां छोड़कर खड़े हो गए। चारों तरफ तालियों की गूंज सुनाई देने लगी। भीड़ से भरे पंडाल को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता था कि अल्ताफ रजा को सुनने के लिए लोग आज भी उतने ही बेताब है। अल्ताफ रजा ने आने से जिसके आए बहार, हम वो दीवाने है जो ताजा हवा लेते है, दिल सच्चा , हमें तो लूट लिया, मिल के हुश्न वालों ने गाकर लोगों को पुराने दौर में पहुंचा दिया। इसके बाद एक के बाद एक प्रस्तुति ने लोगों की शाम यादगार बना दी। अयोध्या महोत्सव में चौथे दिन प्रसिद्ध गायक अल्ताफ़ रज़ा ने अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने अपनी ग़ज़ल और गीत की प्रस्तुति से समा बांध दिया,प्रसिद्ध सिंगर को अपने बीच मे पाकर दर्शक काफ़ी उत्साहित दिखे। इस शानदार शाम में अल्ताफ राजा की गहराई और जादुई आवाज ने हर किसी को एक अलग अनुभव दिया, जो लंबे समय तक याद रहेगा। दर्शकों की खुशी और उत्साह ने यह साबित कर दिया कि आज भी अल्ताफ राजा के गाने लोगों के दिलों में बसते हैं।इसके बाद उन्होंने अपनी एक से एक गजलें और गीत सुनाकर पंडाल में मौजूद श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया. तीन घण्टे से ज्यादा चले इस प्रोग्राम में उंन्होने अपनी फेमस गजल ÷हम तो ठहरे परदेसी, साथ क्या निभाओगे÷ से लेकर, तमाम नई पुरानी गजलें और गीत सुनाए. आप भी लुत्फ उठाइये...अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव ने अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर स्वागत किया। इस दौरान अयोध्या महोत्सव न्यास के प्रबंधक आकाश अग्रवाल, प्रबंध निदेशक नाहिद कैफ़ ,संगठन महासचिव अरुण द्विवेदी, महासचिव ऋचा उपाध्याय, संयुक्त सचिव बृजेश ओझा,संगठन सचिव जनार्दन पाण्डेय, उज्ज्वल चौहान, गौतम सिंह, निकिता चौहान, तनु पांडेय, प्रभारी सूर्यांश चोपड़ा ,मीडिया प्रभारी श्री प्रकाश पाठक,आज़ाद सदक,डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी, शिप्रा श्रीवास्तव, शशांक उपाध्याय,सूर्यांश चोपड़ा, अवनीश सिंह,अभिनव दूबे,अनूप द्विवेदी, अंकित श्रीवास्तव, ताहा, अनिकेत जायसवाल , प्रीती श्रीवास्तव, धीरज सिंह , विपिन बिहारी आदि मौजूद रहे

# पर्यटन के जरिए अयोध्या में दिखेगा दस का दम

## 2025 में तकरीबन 6 करोड़ के प्रोजेक्ट से झूम उठेगा रामनगरी का पर्यटन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** अयोध्या में विराजमान होने वाले रामलला की कृपा 2025 में इस धरा पर बरसेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने आराध्य की नगरी को पर्यटन की दृष्टि से विश्व के मानचित्र पर दर्शाने के लिए तकरीबन 6 करोड़ का प्रोजेक्ट धरातल पर उतारेंगे। इसके लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने सभी 10 प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार कर ली है। इनमें चौराहों को सुसज्जित करने के रामायण के प्रसंगों से जुड़ीं मूर्तियां व द्वार बनने हैं। प्रोजेक्ट के पूरा होते ही अयोध्या के पर्यटन में और चार चांद लग जाएंगे। सभी प्रोजेक्ट का काम परिक्रमा मार्ग पर ही प्रस्तावित है। भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद अयोध्या में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ये श्रद्धालु राम मंदिर, हनुमामगढ़ी के अलावा अन्य मंदिरों में दर्शन पूजन करने के बाद पर्यटन स्थलों पर भी जाते हैं। इसमें दर्शननगर स्थित सूर्यकुंड सबसे अव्वल है। इसके बाद गुप्तार घाट, लता चौक व राम की पैड़ी समेत अन्य स्थलों पर भी पर्यटकों की काफी भीड़ होती है। शासन-प्रशासन की मंशा है कि अयोध्या पहुंचने वाला हर एक श्रद्धालु यहां 5 से 6 दिन अवश्य बिताए। इस लिहाज से अयोध्या को सजाने का कार्य किया जा रहा है।

प्रोजेक्ट की लागत व प्रस्तावित स्थल

1-शंख-* यह मूर्ति परिक्रमा मार्ग पर दीनबंधु चिकित्सालय के तिराहे पर लगाई जानी है। प्रोजेक्ट की लागत 40.43 लाख है। परियोजना में आरसीसी फाउंडेशन व एफआरपी मटेरियल से बनी मूर्ति के साथ रोटरी का विकास व सुधार कार्य प्रस्तावित है।

2-कलश-इस मूर्ति का निर्माण जनौरा तिराहा पर किया जाना है। प्रोजेक्ट की लागत 40.43 लाख है। परियोजना में आरसीसी फाउंडेशन व एफआरपी मटेरियल से बनी मूर्ति के साथ रोटरी का विकास व सुधार कार्य प्रस्तावित है।

3-व्हील आफ लाइफ- प्रस्तावित मूर्ति का निर्माण परिक्रमा मार्ग नाका हनुमानगढ़ी तिराहा पर किया जाना है। प्रोजेक्ट की लागत 15.75 लाख रुपये है। परियोजना में आरसीसी फाउंडेशन व एफआरपी मटेरियल से बनी मूर्ति के साथ रोटरी का विकास व सुधार कार्य प्रस्तावित है।



4-सूर्य-इस मूर्ति का निर्माण परिक्रमा मार्ग दर्शन नगर में किया जाना है। प्रोजेक्ट की लागत 46.63 लाख रुपये है। परियोजना में आरसीसी फाउंडेशन व एफआरपी मटेरियल से बनी मूर्ति के साथ रोटरी का विकास व सुधार कार्य प्रस्तावित है।

5-चक्र- इसकी प्रस्तावित मूर्तिकला का निर्माण परिक्रमा मार्ग रामघाट चौराहे पर किया जाना है। प्रोजेक्ट की लागत 15.74 लाख रुपये है। परियोजना में आरसीसी फाउंडेशन व एफआरपी मटेरियल से बनी मूर्ति के साथ रोटरी का विकास व सुधार कार्य प्रस्तावित है।

6-परिक्रमा -प्रस्तावित मूर्तिकला का निर्माण परिक्रमा मार्ग अचारी का सगरा पर किया जाना है। प्रोजेक्ट की लागत 44.14 लाख रुपये है। परियोजना में आरसीसी फाउंडेशन व एफआरपी, सीएनसी आदि जैसे मिश्रित सामग्रियों से बनी मूर्ति के साथ रोटरी का विकास व सुधार कार्य प्रस्तावित है।

7-ओम- प्रस्तावित मूर्ति का निर्माण परिक्रमा मार्ग सहादतगंज चौराहे पर किया जाना है। प्रोजेक्ट की लागत 41.80 लाख है। परियोजना में आरसीसी फाउंडेशन व एफआरपी मटेरियल से बनी मूर्ति के साथ रोटरी का विकास व सुधार कार्य प्रस्तावित है।

8-रिंग- प्रस्तावित मूर्ति का निर्माण परिक्रमा मार्ग फतेहपुर तिराहा की ओर किया जाना है। प्रोजेक्ट की लागत 40.48 लाख रुपये है। परियोजना में आरसीसी फाउंडेशन व एफआरपी मटेरियल से बनी मूर्ति के साथ रोटरी का विकास व सुधार कार्य प्रस्तावित है।

9-तिलक द्वार- प्रस्तावित द्वार परिक्रमा मार्ग हनुमान गुफा पर किया जाना है। प्रोजेक्ट की लागत 1.89 करोड़ रुपये है। गेट के लिए पाइल, आरसीसी,पाइलकैप, और कालम के साथ माइल्ड स्टील फ्रेम्ड ट्रस स्ट्रक्चर प्रस्तावित है। गेट का बाहरी हिस्सा एफआरपी द्वारा निर्माण होगा।

10-सूर्य द्वार प्रस्तावित द्वार 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर सूर्य कुंड के पास बनाया जाना है। प्रोजेक्ट की लागत 1.05 करोड़ रुपये है। गेट के लिए पाइल, आरसीसी,पाइलकैप और कॉलम के साथ माइल्ड स्टील फ्रेम्ड ट्रस स्ट्रक्चर प्रस्तावित है। गेट का बाहरी हिस्सा एफआरपी द्वारा निर्माण होगा।चमकेगा तिलक, सूर्य की तरह रोशन कर देगा द्वार

अयोध्या के राजा श्रीराम से ही जोड़कर दोनों द्वारों का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। तिलक द्वार का तिलक ठीक उसी तरह चमकेगा, जैसे प्रभु राम के मस्तक पर तिलक चमकता था। इस द्वार की डिजाइन उसी तर्ज पर की गई है। सूर्य द्वार का प्रारूप सूर्यवंश का प्रतिनिधित्व करेगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने बताया कि रामनगरी को उसकी गरिमा के अनुरूप ही संजाया - संवारा जा रहा है। जब यह प्रोजेक्ट बनकर तैयार हो जाएगा तो अयोध्या समृद्धतम होने के साथ और अनोखी दिखेगी।

## श्लोक आश्रम बीकापुर द्वारा शुरू किया गया सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक कार्य



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बीकापुर- अयोध्या।** विश्व कल्याण और वसुधैव कुटुंबकम की संकल्पना को साकार करने के लिए बीकापुर में स्थित श्लोक आश्रम ने साधु संतों की सेवा, गरीब दुखियों जरूरतमंदों की मदद करने की अनूठी पहल शुरू की गई है। श्लोक आश्रम के संस्थापक पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवतंस तिवारी सिक्कू पंडित ने इस दौरान गरीबों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार मदद करने की भी संकल्पना व्यक्त की है। उन्होंने सनातन धर्म के प्रचार के लिए श्लोक संकीर्तन दल का भी गठन भी किया है। उन्होंने जानकारी दी है कि श्लोक आश्रम आने वाले दिनों में अयोध्या आने जाने वाले साधु एवं संतों के ठहरने की भी निशुल्क व्यवस्था की जाएगी। श्लोक आश्रम द्वारा श्लोक संकीर्तन दल का गठन किया गया है। जिसका संचालन प्रसिद्ध भजन गायक अवध नरेश सिंह की टीम को आश्रम द्वारा सौंपा गया है। संकीर्तन दल क्षेत्र में होने वाले धार्मिक आयोजनों में आयोजकों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने बताया कि आश्रम में प्रारंभ की गई धार्मिक और सामाजिक गतिविधियां निरंतर जारी रहेगी। इसी क्रम शनिवार को भजन संध्या का आयोजन किया गया। बताया की की आश्रम में लगातार धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियां जारी रहेगी। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अनिरुद्ध तिवारी, संजय तिवारी, सुनील तिवारी, फौजी तिवारी, अर्पित, पूर्व सभासद विनय पांडेय, दिनेश तिवारी, अमित तिवारी, आनंद दुबे पप्पू पांडे, अशोक यादव, लाल जी विश्वकर्मा आदि श्रद्धालु शामिल रहे।

## अयोध्या नगर निगम गौशाला में गायों की हत्या का खुलासा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।**अयोध्या नगर निगम की गौशाला में गायों की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। पार्षद प्रतिनिधि महेन्द्र शुक्ला ने इस गंभीर मुद्दे को उठाते हुए नगर निगम पर आरोप लगाया है कि गौशाला में पंजीकृत गायों की संख्या और वास्तविकता में मौजूद गायों की संख्या में बड़ा अंतर है।

श्री शुक्ला का दावा है कि रजिस्टर में जितनी गायें दर्ज हैं, उनके अनुसार सरकार और नगर निगम से चारा, चूनी और देखभाल के लिए धन लिया जा रहा है। लेकिन वास्तविकता में गौशाला में इतनी गायें मौजूद नहीं हैं। उन्होंने बताया कि हर दिन लगभग 15 से 20 गायें उचित इलाज के अभाव में दम तोड़ रही हैं। इससे भी भयावह तथ्य यह है कि जो गायें बीमार या मरणासन्न स्थिति में होती हैं, उन्हें जिंदा जेसीबी मशीन से गड्ढे में दफन कर दिया जाता है।

गायों की संख्या पूरी करने के लिए गोंडा से लायी जा रही गायें




महेंद्र शुक्ला ने खुलासा किया कि गौशाला में रजिस्टर की संख्या पूरी करने के लिए गोंडा जिले के दुर्जनपुर क्षेत्र से गायों को लाकर गौशाला में डाला जा रहा है।

इसके लिए नगर निगम की गाड़ी रोजाना गोंडा जाती है और वहां से गायें लाकर गौशाला में रखती है। लेकिन ये गायें भी उचित देखभाल के अभाव में बीमार हो जाती हैं और अंततः उन्हें भी जिंदा दफना दिया जाता है।

### मुख्यमंत्री से जांच और कार्रवाई की मांग

पार्षद प्रतिनिधि महेन्द्र शुक्ला ने गौशाला में हो रही गायों की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी पार्षदों से अपील की है कि गौशाला में गायों की हत्या को रोकने और उनके उचित देखभाल के लिए बेहतर व्यवस्थाएं लागू कराने में सहयोग करें। यह मामला न केवल कानून और नैतिकता का उल्लंघन है, बल्कि गायों की सेवा और संरक्षण के उद्देश्य का भी मजाक बनाता है।

## स्वदेशी मेला का उद्देश्य देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है-गिरीशपति त्रिपाठी

**अयोध्या।**अयोध्या स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत राम कथा पार्क अयोध्या में 5 जनवरी से 12 जनवरी 2024 तक स्वदेशी मेला का आयोजन किया गया है। मेला के आयोजन को लेकर मेला स्थल पर रविवार 29 दिसंबर को मंच के सदस्यों एवं स्वदेशी मेला आयोजन समिति द्वारा संयुक्त रूप से भूमि पूजन किया गया। अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी एवं मेला सचिव जयप्रकाश सिंह द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें देशभर के कई कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा मेले में देशभर की स्वदेशी उत्पादों का प्रदर्शनी तथा विक्रय भी किया जाएगा छोटे बच्चों के लिए कुछ झूलों की व्यवस्था भी है भूमि पूजन के बाद स्वदेशी जागरण मंच के राजीव कुमार ने बताया कि मेला के आयोजन का उद्देश्य लोकल उत्पाद को बढ़ावा देना है। अयोध्या में लग रहे स्वदेशी मेले का यह आयोजन स्वावलंबी भारत अभियान के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभिन्न 20 संगठनों के द्वारा संयुक्त प्रयास होगा है मेला सचिव जेपी सिंह ने कहा स्वदेशी वस्तुओं के प्रति लोगों में आकर्षण पैदा करने के साथ-साथ छोटे उद्यमियों को एक प्लेटफार्म मुहैया कराने के अलावे आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना ही स्वदेशी जागरण मंच का मुख्य उद्देश्य है। मेला सहसंयोजक चंद्रशेखर तिवारी ने बताया मेला के दौरान प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताओं सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। जिसके तहत बाल संसद प्रतियोगिता, नेत्र जांच शिविर, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, भाषण व हस्तकला प्रतियोगिता, रंगोली व रक्तदान के अलावे कवि सम्मेलन व भजन संध्या का भी आयोजन किया गया है।इस अवसर पर इंजीनियर रवि तिवारी, सत्येंद्र कसौधन,मेला सह सचिव प्रवीण सिंह,सलिल अग्रवाल, विपनेश पाण्डेय,सांस्कृतिक प्रमुख बृजमोहन तिवारी, विवेक पांडे ,जितेंद्र यादव, राधेश्याम यादव,मेला स्थल सचिव अनिरुद्ध पांडे, पुष्कर दत्त तिवारी, सौरभ मिश्रा, डॉ उपेंद्र मणि त्रिपाठी,आभा सिंह, माता प्रसाद वर्मा,मदनमोहन शुक्ला उपस्थित रहे।

## सभी 400 बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 116 वें संस्करण सुना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** महानगर के सभी 400 बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 116 वें संस्करण सुना गया। राठहवेली बूथ संख्या 139 पर क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव व अन्य भाजपा नेताओं मन की बात को सुना। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने तीन कलश तिवारी मंदिर मणिरामदास छावनी वार्ड में पार्षद अनुज दास, अंकित त्रिपाठी, विनोद जायसवाल, रवि शर्मा के साथ, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने विद्याकुण्ड स्थित अपने आवास पर कार्यक्रम को सुना।

इस दौरान महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से समाज सेवा में लगे सामान्य व्यक्ति से बने विशिष्ट व्यक्तियों की चर्चा पीएम करते हैं। पीएम मोदी समाज व जीवन के हर पहलुओं को दृष्टिगत रखते हुए पूरे देश से अपने मन की बात को साझा करते हैं।



महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि विकास के लिए नयापन स्वीकार करने का सामर्थ्य होना चाहिए। उसमें प्रगतिशील मानसिकता भी होनी चाहिए। बिना भेदभाव सभी के कल्याण का भाव होना चाहिए। इन सभी के साथ सरकार ने सभी वर्गा के उत्थान की दिशा में कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से काम किया है।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि मन की बात एक सारगर्भित कार्यक्रम है जिसमें युवा, महिला, किसान और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हुए व्यक्ति की चर्चा होती है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ से लेकर डिजिटल इंडिया और खेल से लेकर खेती-किसानी सभी पहलुओं पर मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम को तिलक राम मौर्य, शैलेंद्र कोरी, शक्ति सिंह, शशि प्रताप सिंह, स्वप्निल श्रीवास्तव, मुकेश तिवारी, वैश्य विनोद जायसवाल, अरुण श्रीवास्तव, ज्ञानेश्वर चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, अनिल मिश्रा, अभय सिंह, चन्दन कसेरा, आशीष सोनी, कमल गुप्ता, एकता भटनागर, स्मिता तिवारी, पूजा रावत, सुनीता उपाध्याय, सीमा श्रीवास्तव, अशफाक हुसैन जिया, विवेक सिंह मोनू जीशान खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सुना।सीने में उठा तेज दर्द जिसके बाद अयोध्या से चिकित्सकों ने मरीज को भेजा हेयर सेंटर रेफर

समय पर पहुंची 108 एंबुलेंस कर्मियों ने पहुंचाया हायर सेंटर बचाई जान

## वोकेशनल, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर की परीक्षा 08 जनवरी से

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर में संचालित स्नातक वोकेशनल, परास्नातक डिप्लोमा, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। यह परीक्षा 08 जनवरी, 2025 से शुरू होकर 15 जनवरी तक चलेगी। यह परीक्षा दो पालियों में कराई जायेगी जिनमें प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 08 से 11 बजे तक होगी। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 1:30 बजे से 4:30 बजे तक होगी। इस सेमेस्टर परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए परिसर के समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष, निदेशक, समन्वयक को यथा आवश्यक निर्देश प्रदान कर दिया गया है। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के माध्यम से बताया कि आवासीय परिसर के स्नातक वोकेशनल, परास्नातक डिप्लोमा, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं 08 जनवरी, 2025 से दो पालियों में प्रारम्भ हो रही है। इनमें प्रथम व पंचम सेमेस्टर की परीक्षा प्रातः 8 से 11 बजे तक सम्पन्न होगी। वही तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 1:30 से सायं 4:30 बजे कराई जायेगी। इन दिनों में बीलिब, एमलिब, बैचलर ऑफ वोकेशनल में टूरिज्म एण्ड हॉस्पिलिटी, मॉस कम्यूनिकेशन एण्ड जर्नलिज्म, फैशन डिजाईनिंग एवं गारमेंट टेक्नोलॉजी, बैचलर ऑफ फाइन आर्टस, परफार्मिंग आर्ट्स, बीएसडब्ल्यू, एमएफए, एमपीए, डिप्लोमा इन फ्रेंच, पीजी डिप्लोमा फैशन डिजाईनिंग एवं गारमेंट टेक्नोलॉजी, अवधी भाषा, साहित्य और संस्कृति, भोजपुरी साहित्य और संस्कृति, एडवांस पीजी डिप्लोमा इन बायो इंफारमेटिक्स, इन्वारनमेंटल मॉनिटरिंग एण्ड सिमुलेशन, काउंसिलिंग एण्ड गाइडेंस, विमेन स्टडीज, आर्कियोलाजी, और सर्टिफिकेट कोर्स में स्वायल एण्ड वाटर टेस्टिंग पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षा होगी। इन विषयों के परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। विभागाध्यक्षों, निदेशकों और समन्वयकों से अपेक्षा की गई है कि उक्त से अवगत होते हुए छात्र-छात्राओं को भी सूचित करें।

## एंबुलेंस में मरीज की देखरेख करते ईएमटी

**अयोध्या।** सरकार द्वारा चलाई जा रही 108 एंबुलेस सेवा निरंतर अपनी सेवा से लोगो को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रही हैं।

इसी क्रम में अयोध्या के सदर तहसील के दर्शन नगर से 77वर्षीय वृद्ध आर.एन.वेदी को 108एंबुलेंस से लाकर पहले दर्शन नगर स्थिति मेडिकल कॉलेज में परामर्श लिया जिसके बाद डाक्टर ने मरीज को हृदय रोग संबंधित चिकित्सक के पास हायर सेंटर ले जाने की सलाह दिया।

जिसके बाद जनपद की 108 एंबुलेंस संख्या यूपी 32ईजी 4479 के ईएमटी सर्वेश कुमार मिश्रा व पायलट उदयभान ने समय से पहले लखनऊ के किंग जाज मेडीकल कालेज के लॉरी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद मरीज की हालत में सुधार आया। वहीं मरीज



की तबीयत में सुधार देख उनके परिवारजनों ने एंबुलेंस कर्मियों का धुनवाद किया। उक्त जानकारी एंबुलेंस संस्था के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह के जीवन रक्षक कार्य करने वाले हमारे कर्मियों को संस्था द्वारा समय समय पर उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें उत्कृष्ट से सम्मानित किया जाता हैं। वहीं ऐसे कर्मियों के उत्साह वर्धन करने के लिए संस्था अपनी तरफ के अतिरिक्त सरकार की तरफ से भी उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रोत्साहन करने की अपील कर रही हैं।

# सावित्री बाई फूले जयंती को ऐतिहासिक बनाने के लिए अंतिम समीक्षा मीटिंग सम्पन्न

## 3 जनवरी को तिकोनिया पार्क में मनाया जाएगा देश की प्रथम शिक्षिका का जन्मदिन

लोकमित्र ब्यूरो

**सुलतानपुर।** मोस्ट कल्याण संस्थान के प्रधान कार्यालय निषाद भवन, विनोवापुरी में 03 जनवरी 2025 को माता सावित्री बाई फूले जयंती पर आयोजित मोस्ट प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 की तैयारी एवं समीक्षा हेतु वरिष्ठ पदाधिकारियों की मीटिंग की गई।

उक्त अवसर माता सावित्री बाई फूले जयंती पर तिकोनिया पार्क में आयोजित मोस्ट प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 में सात विधाओं में प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिसमें मोस्ट समाज के हाईस्कूल में 85 प्रतिशत और इंटरमीडिएट में 80 प्रतिशत अंक पाने वाले छात्र/छात्राओं को लूसेन्ट सामान्य ज्ञान बुक और मोस्ट प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा एवं 2024 से पूर्व संचालित निःशुल्क मोस्ट पाठशालाओं के संचालकों को माता सावित्री बाई फूले प्रतिमा और 2024 से संचालित



निःशुल्क मोस्ट पाठशलाओं के संचालकों को कुल 9 लेमिनेटेड फ़ोटो और मार्कर डस्टर तथा लिफाफा एवं सावित्री बाई फूले शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा व वर्ष 2024 में मोस्ट के आह्वान पर रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को दीवाल घड़ी और मोस्ट जीवन रक्षक रत्न सम्मान दिया जाएगा तथा साहित्य, कला, विज्ञान, खेल, समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को वीरांगना फूलन देवी की फ्रेम्ड फ़ोटो और मोस्ट सेवा रत्न सम्मान प्रदान किया जाएगा एवं मोस्ट के कार्य/कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करने वालों को एक-एक मोबाइल सेट और मोस्ट रत्न सम्मान दिया जाएगा तथा सामाजिक संगठनों के जिलाध्यक्षों को बाबा साहब की फ्रेम्ड फ़ोटो और अंग वस्त्र व डॉ. अम्बेडकर रत्न सम्मान प्रदान किया जाएगा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के लिये सहयोग करने वाले साथियों को मोस्ट समाज सृजनकर्ता सम्मान दिया जाएगा और मोस्ट रक्षक दल में रजिस्टर्ड 62 सदस्यों को ट्रैक शूट व कार्यक्रम में आये हुये प्रमुख अतिथियों को अशोक की लाठ भेंट कर सम्मानित किया जायेगा।

उक्त अवसर पर मोस्ट संरक्षक भारत राम (से.नि एडीओ), पेरियार समभोले वर्मा, हाज़ी दाऊद खां, निदेशक श्यामलाल ÷गुरूजी÷, एनडी विद्रोही, राम सेवक मौर्या, मोस्ट प्रमुख ज़ीशान अहमद, जनरल सेक्रेटरी व आयोजक राम उजागिर यादव, एडवोकेट संतोष सोनकर ÷फौजी÷, मनोराम वर्मा, जिला प्रमुख गोविंद भगत, जिला संयोजक अधिवक्ता संघ एडवोकेट अशोक आचार्य, ब्लाक प्रमुख रमाकांत यादव, ब्लाक संयोजक राज बहादुर कोरी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# गोमती मित्रों को ना गर्मी की चिंता ना सर्दी का भय, श्रमदान तय



**सुल्तानपुर।** एक वर्ष में 52 रविवार होते हैं और पिछले 12 वर्षों में कोई रविवार ऐसा नहीं बीता जब गोमती मित्र मंडल ने स्वच्छता जागरूकता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन न किया हो, चाहे तपती गर्मी हो, पानी जमा देने वाली ठंड हो या फिर घनघोर बारिश और यही वजह है कि जनपद वासी भी कहने लगे हैं कि गोमती मित्र बनना नहीं है आसान हर मौसम में करना होता है श्रमदान। वर्ष 2024 के आखिरी रविवार को भी गोमती मित्रों ने पूरे उत्साह के साथ सीता कुंड धाम पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाते हुए पूरे परिसर की सफाई की साथ ही सोमवार प्रातः 10:00 बजे उ.प्र. के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देने के लिए सीता कुंड धाम से निकलने वाली ज्ञापन यात्रा की भी तैयारी की। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने सभी को जिम्मेदारी सौंपते हुए जनपद के तमाम स्वयंसेवी संगठनों से ज्ञापन यात्रा में उपस्थित रहने का आवाहन किया, यात्रा संयोजक युवा मंडल के आलोक तिवारी ने सभी को यात्रा मार्ग की जानकारी दी। श्रमदान कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, आलोक तिवारी, राकेश सिंह दद्दू, मुन्ना सोनी, मुन्ना पाठक, डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, दाऊजी कैलाशी, सुजीत कसौधन, अमित पांडा, अर्जुन, अभय, आयुष आदि उपस्थित रहे।

# जयपुरिया स्कूल में विंटर वंडरलैंड का किया गया आयोजन



**सुल्तानपुर।** सर्दी की अवकाश से पहले बच्चों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए उनके बालपन को उपवन बनाने के लिए विंटर वंडरलैंड का आयोजन प्रांगण में ही किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अ.तिथि के रूप में डायरेक्टर नूपुर अग्रवाल संस्था समिति के सभी सदस्य सी.ओ ऑफिस से गौतम पांडे श्रुतकीर्ति ी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं सभी कर्मचारी एवं सहायक सहायिका आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन अनुभवी क्रिएटिव पर्सनालिटी डेवलपर उतस्वी भाटिया के सौजन्य में किया गया। जिसमें उन्होंने तरह-तरह के एक्टिविटी टैलेंट शो, प्ले, रैम्प वाक आदि के द्वारा लोगों में जोश उत्साह आदि को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत गीत एवं जयपुरिया गीत के द्वारा किया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के क्रियाकलाप ग्रैंड फिनाले जैसे सुंदर मनमोहक प्रस्तुति भी दी गई। विद्यालय में इस अवसर पर अभिभावकों, नगर वासियों के लिए कई प्रकार की गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। अंत में क्षेत्रवासी एवं नगर वासी लोगों ने स्कूल के कार्य एवं बच्चों के विकास के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा की विद्यालय छात्रों के ससर्वांगीण किास पर केंद्रित है। अंत में समापन से पूर्व लकी ड्रा के द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया अंत में विद्यालय की असिस्टेंट डायरेक्टर नूपुर अग्रवाल ने अभिभावकों एवं विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिभावक, शिक्षक, छात्र कर्मचारी आदि सभी ने अपना पूर्ण योगदान दिया।

# विराट शिव गुरू महोत्सव का भव्य आयोजन 30 को



**जौनपुर।** वैश्विक शिव शिष्य परिवार के तत्वावधान में विराट शिव गुरू महोत्सव का भव्य आयोजन सुनिश्चित हुआ है जो 30 दिसम्बर दिन सोमवार को प्रात~ 10 बजे से सायं 3 बजे तक चलेगा। यह आयोजन श्री सद्गुरू कबीर मठ ग्राम कोहड़ा निकट कुत्तूपुर तिराहा के प्रांगण में होगा।

इस आशय की जानकारी देते हुये परिवार के सक्रिय सदस्य सुभाष जी ने बताया कि उक्त आयोजन में शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द जी के संदेश %आइये, भगवान शिव को अपना गुरू बनायें% को लेकर शिव शिष्या दीदी बरखा आनन्द जी आ रही हैं। आयोजन समिति ने समस्त शिव भक्तों से उक्त अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महोत्सव को सफल बनाने की अपील किया है।

# सपा नेता हसीब खान ने पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर एवं राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल से की मुलाकात

## मेरठ में शिष्टाचार मुलाकात के दौरान पार्टी की जननीतियों पर की चर्चा





**बलरामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उतरौला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हसीब ने बीते दिन वैवाहिक कार्यक्रम में अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद के शाहिद मंजूर एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव सांसद हरेंद्र मलिक से शिष्टाचार मुलाकात की है। मेरठ में मुलाकात के दौरान सपा नेता ने जिले की विभिन्न समस्याओं को साझा करते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर विचार विमर्श किया है।सपा नेता एवं उतरौला के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ने मेरठ में पूर्व कैबिनेट मंत्री शाहिद मंजूर के आवास पर वैवाहिक कार्यक्रम में देश के वरिष्ठ नेताओं के साथ मुलाकात की है। कार्यक्रम के दौरान सपा नेता ने अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव, सांसद हरेंद्र मलिक सहित प्रांतीय पदाधिकारी के साथ बैठक करके पार्टी की नीतियों पर चर्चा की है। सपा नेता ने जिले की विभिन्न समस्याओं से वरिष्ठ नेताओं के साथ साझा किया है। उन्होंने उतरौला में समाजवादी पार्टी सम्मेलन आयोजन के संबंध में विभिन्न बिंदुओं को साझा किया। शिष्टाचार मुलाकात में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने एवं आने वाले समय में समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया है। सपा नेता हसीब खान ने कहा कि आज प्रदेश में समाजवादी सरकार के दौरान कराए गए कार्य ही जनमानस का सहारा बने हुए हैं ।उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में जो संसाधन की जनमानस को उपलब्ध कराए गए थे। वही आज जनता के सहारा बने हुए हैं।

# जिला उद्योग बंधु की बैठक सीडा सभागार में संपन्न

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ तथा मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम की उपस्थिति में जिला उद्योग बंधु की बैठक सीडा सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए जिससे जनपद का औद्योगिक विकास और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा सीड़ा परिसर में बाउंड्रीवाल, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति आदि विषयों पर चर्चा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# दिव्यांगों में प्रतिभा की कमी नहीं-डॉ रमाकांत

## समेकित शिक्षा से उतरौला तहसील के चिन्हित दिव्यांगों को मिला उपकरण





**बलरामपुर।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत 6 वर्ष से 14 वर्ष के दिव्यांग बच्चों को निशुल्क उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उतरौला तहसील के विकासखंड गैंडास बुजुर्ग के उच्च प्राथमिक विद्यालय में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उतरौला विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर रमाकांत वर्मा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समेकित शिक्षा जिला समन्वय आभा त्रिपाठी ने किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार चौधरी ने किया। उपकरण वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलन से अतिथियों ने किया है । मुख्य अतिथि ने कहा कि दिव्यांग में प्रतिभा की कमी नहीं होती है उन्हें अवसर देना चाहिए इस उपकरण से न केवल वह अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करेंगे बल्कि अपने पैर पर आत्मनिर्भर रहेंगे। उपकरण वितरण कानपुर की एलिमको संस्था के सहयोग से किया गया है। जिला सामन्यक ने चिन्हित दिव्यांगों को व्हीलचेयर ट्राई साइकिल शिक्षण अधिगम सामग्री किट आदि उपकरणों का तिथियां केहाथों वितरण कराया है। खंड शिक्षा अधिकारी ने कानपुर की सामाजिक संस्था अभाव जताते हुए सदैव दिव्यांग हित में ऐसे ही उत्कृष्ट कार्य करते रहने की अपील की है। इस अवसर पर स्पेशल एजुकेटर कमलेश सिंह, सुरेश चौधरी, गोविंद वर्मा, एसपी वर्मा, राजेश कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन आनंद कुमार यादव एवं धर्मेंद्र गोस्वामी ने किया है।

# दो विद्यालयों के बीच विवाद में प्रबंधक ने दी सफाई, सीआरओ का आदेश किया वायरल

**सुलतानपुर।** मॉडल स्कूल तेदुआ काजी और बाबा भोले मां पार्वती मां शोभावती आदर्श महा विद्यालय के बीच भूमि विवाद पर महाविद्यालय के प्रबंधक ने सफाई दी है। उन्होंने मुख्य राजस्व अधिकारी के आदेश की प्रति वायरल करते हुए महा विद्यालय पर लगे आरोपों को निराधार बताया है। गौरतलब हो कि विगत दो दिनों से मॉडल स्कूल तेदुआ काजी के प्रधानाचार्य मो. रफीक का एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें उन्होंने बाबा भोले मां पार्वती मां शोभावती आदर्श महा विद्यालय तेदुआ काजी के प्रबंधक जितेंद्र मिश्र पर मॉडल स्कूल की जमीन पर कब्जे का आरोप लगाते हुए अपने इस्तीफे की पेशकस डीआईओएस से की थी। जिसके बाद अब प्रबंधक जितेंद्र मिश्र ने अपनी सफाई देते हुए कहा है कि तेदुआ काजी स्थित गाटा संख्या 334 ग मेरे निजी स्कूल की जमीन है ,गाटा संख्या 334 मिल जुमला नंबर है। इसी नंबर मे मॉडल स्कूल भी स्थापित है और शेष जमीन ग्राम सभा की है। गाटा संख्या 334 का बिधिवत बंटवारा वर्ष 2018 में हो चुका है साथ ही उनका नंबर मुख्य राजस्व अधिकारी के न्यायालय के आदेश से अलग हो चुका है। उनका कहना है कि गाटा 334 ग उनके विद्यालय के नाम जो अंकित है उससे माडल स्कूल से कोई मतलब व सरोकार नहीं है। उनका यह भी कहना है कि मॉडल स्कूल जाने के लिए कोई मार्ग नहीं था,लेकिन उपजिलाधिकारी उत्तम तिवारी व तहसीलदार घनश्याम भारती के कहने से उन्होंने अपनी स्कूल की खतौनी से मॉडल स्कूल जाने के लिए 25 फिट चौड़ा मार्ग जिसका रकवा 8 विश्वा बनता है रास्ते के लिए दे दिया है। कई बार उनकी ख़ौतनी की राजस्व टीम द्वारा पैमाइश की गयी है, जहां पर निशान देही भी की गयी थी राजस्व टीम द्वारा वहीं पर ही उनके उपलब्ध निर्माण किया गया है। अंतिम पैमाइश के दौरान सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक जटा शंकर भी मौजूद थे। उनकी व मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य मो. रफीक व अन्य अध्यापकों की आम सहमति के आधार पर ही राजस्व टीम द्वारा निशानदेही की गयी थी। प्रबंधक श्री मिश्र का कहना है कि मुझे अफसोस हो रहा है कि आम सहमति के बाद भी मुझे बदनाम किया जा रहा है। जबकि मैने अपने निजी खर्चे से अपनी ही खतौनी से रास्ता भी माडल स्कूल पर पहुंचने के लिए बनवा दिया है।

# सर्दी से बचाव हेतु लायन्स क्लब जौनपुर मेन ने जरूरतमंदों को किया रजाई वितरण

**जौनपुर।** लायन्स क्लब जौनपुर मेन द्वारा स्वर्गीय सायमा ख़ान की स्मृति में जरूरतमंद और बेसहारा लोगो को कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाते हुए रजाई वितरित किया गया। भंडारी रेलवे स्टेशन के निकट शकील अहमद के कैम्प कार्यालय पर आयोजित रजाई वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीएटी एरिया लीडर डा क्षितिज शर्मा व पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दिनेश टंडन व लायन्स सदस्यों ने अपने हाथो से लगभग 150 ज़रूरतमंद लोगों को रजाई प्रदान किया गया। इस अवसर पर डा क्षितिज शर्मा ने कहा कि सायमा खान की स्मृति में बढ़ती ठंड से लोगों को बचाने व राहत पहुंचाते हुए जरुरतमंदों के चेहरों पर खुशियां लाने का एक बेहतर प्रयास है। इस तरह के कार्य में भागीदारी निभाने से मन को शांति मिलती है। दिनेश टंडन ने लायन्स क्लब जौनपुर मेन की सराहना करते हुए कहा कि दीन दुखियों की सेवा करना ही बहब पुण्य का काम है। ठंड से राहत दिलाने में रजाई बहुत सहायक होगी। संस्थाध्यक्ष संजय केडिया ने लोगों का स्वागत करते हुए बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से ग़रीब, बेसहारा व ज़रूरतमंद लोगो को चिन्हित कर उन्हें रजाई प्रदान की जा रही है। इधर कंबल मिलने के बाद लाभुक काफी खुश दिखे उन्होंने कहा इससे इन्हे काफी राहत महसूस हो रही हैं। कम्बल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। संयोजक शकील अहमद ने लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान के मण्डल चेयरमैन सै मो मुस्तफा, कोषाध्यक्ष राम कुमार साहू, डा मदन मोहन वर्मा, राकेश श्रीवास्तव, सोमेश्वर केसरवानी, परमजीत सिंह, लखन श्रीवास्तव, मदन गोपाल गुप्ता, नीलू सेठ, अरूण त्रिपाठी, राहुल सिंह उपस्थित रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आपरेटरों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

## एक लाख से अधिक किसानों की हो चुकी है फार्मर रजिस्ट्री,अन्य योजनाएं होगी सुविधा जनक

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एग्री स्टैक योजनान्तर्गत कराए जा रहे किसान कार्ड (फार्मर रजिस्ट्री) में जनपद के उत्कृष्ट कार्य करने वाले आपरेटरों को सम्मानित किया गया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में शामिल इंद्रेश कुमार वर्मा, शिव दयाल रघुवंशी, जय प्रकाश, आकाश गुप्ता, स्वपनिल मौर्य, देवेन्द्र, पंकज, विवेक सिंह, स्वामीनाथ, सूर्यदीप सिंह,संघर्ष कुमार, विद्यासागर यादव, मौसिम अली, मतीन अहमद, सुधीर सिंह,अजय बहादुर, आशीष कुमार, बृजेश गुप्ता, प्रमेश कुमार को जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र द्वारा अंगवस्त्रम एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आगे भी सर्वाधिक फार्मर रजिस्ट्री करने वाले आपरेटरों को अंगवस्त्रम एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा तथा उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। एग्री स्टैक में लगी टीम द्वारा पूर्ण मनोयोग से कार्य करने से जनपद की प्रदेश में अब छठवीं रैंक है। सर्वाधिक फार्मर रजिस्ट्रेशन में जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान पर है तथा जनपद में अब तक एक लाख से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य हो चुका है। जिसके लिए प्रदेश से बधाई मिल रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि किसान सम्मान निधि योजना के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य कर दिया गया है, इसलिए किसानों को अगली क़िस्त प्राप्त करने हेतु अतिशीघ्र गाँवो में लगने वाले शिविरों में या नजदीकी सीएससी सेंटर अथवा स्वयं भी एप द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते है। उन्होंने कहा कि किसान को किसी भी तरह का ऋण लेने के लिए बार-बार राजस्व रिकॉर्ड देना पड़ता है किसान रजिस्ट्री होने पर उसके नंबर को संबंधित ऐप पर डालकर उसकी पूर्ण



विवरण देखा जा सकेगा इससे किसान कल्याण की योजनाएं बनाने तथा उनके क्रियान्वयन में आसानी होगी। साथ ही लाभार्थियों के सत्यापन, कृषि उत्पादन के विपणन और अन्य विपणन संबंधी मामलों में सहूलियत होगी। पीएम किसान सम्मान निधि भुगतान, फसली ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, आपदा के दौरान किसानों को क्षतिपूर्ति देने के लिए किसानों का चयन करने आदि में आसानी होगी।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर पवन कुमार सिंह, एसडीएम केराकत सुनील कुमार भारती, उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय, तहसीलदार महेंद्र सिंह, उप परियोजना निदेशक आत्मा/जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर रमेश चंद्र यादव, जिला प्रबन्धक सीएससी अनुराग सिंह सहित अन्य अधिकारीगण कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# महिला थाने के सामने घर में महिला को मारी गोली, पति से चल रहा विवाद

**सुल्तानपुर।** महिला थाने के सामने एक मकान में अकेली महिला को बदमाशों ने गोली मार दी और फरार हो गए। मोहल्लेवाले घायल महिला को लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। महिला के गले में गोली लगी है। फिलहाल वो खतरे के बाहर है। एसपी ने हॉस्पिटल पहुंचकर महिला का हाल जाना है। घटना कोतवाली नगर के करौंदिया मोहल्ले की है।



दरअसल घायल महिला रजिया बेगम पत्नी शमीम बेग मूल रूप से बल्दीराय थानाक्षेत्र के वल्लीपुर गांव की रहने वाली है। वो शहर स्थित करौंदिया मोहल्ले में एक घर पर किराए पर बेटे के साथ रहती है। महिला के बेटे फहीम मिर्जा ने बताया कि वो दुकान पर था। उसे सूचना मिली कि किसी ने मां को गोली मार दी है। हम भागकर घर पहुंचे और मोहल्ले वालों के साथ मिलकर मां को लेकर अस्पताल पहुंचे। गोली मां के गले में लगी है। डॉक्टर ने महिला का प्राथमिक उपचार कर उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। एसपी सोमेन बर्मा ने अस्पताल पहुंचकर महिला का हाल जाना। उन्होंने बताया कि महिला की हालत स्थिर है। उसको बेहतर इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। शुरुआती जांच में पारिवारिक विवाद सामने आ रहा है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह ने बताया कि घायल महिला का पति से लगभग 5 साल से विवाद चल रहा है। घरेलू हिंसा का मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। तहरीर मिलने मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## न्यूज डायरी

## बढ़ती ठंड में बाजारों में नही जले अलाव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** विकास खंड बहरिया क्षेत्र के बाजारों में अभी तक प्रशासन की ओर से कहीं भी अलाव नही जलाये गये हैं । बाजारों या चौराहों पर दुकानदार इधर-उधर से अलाव की व्यवस्था कर लेते हैं लेकिन राहगीरों के लिये अलाव न जलने के कारण इस कोहरा और ठंड में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है । इस सम्बंध में नायब तहसीलदार नवल किशोर ने बताया कि हमने अपने क्षेत्र के सभी कानूनगो और लेखपालों को आदेशित किया है कि ठंड से बचाव के लिये अपने-अपने क्षेत्र के बाजारों में अलाव की व्यवस्था करे । जिस क्षेत्र में अभी तक अलाव नही जले हैं वहां की मैं जांच करुंगा ।

## पछुआं हवाओं से लुढ़का तापमान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** दो दिनों से चल रही पछुआं हवाएं तथा बीच-बीच में हो रही बूदा बांदी से तापमान लुढ़ककर 21 डिग्री पर आ गया। ठंडी हवाओं ने जनजीवन पर बुरा प्रभाव डाला। बुजुर्गों और बच्चों पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। जगह-जगह लोग आग के सहारे दिन बिता रहे हैं। कुछ क्षणों हेतु सूरज ने अपना दर्शन दिया अन्यथा बीच में बादलों ने घेरा बना रखा था। इस शीतलहर से छोटे बच्चों पशु पक्षियों पर बुरा असर पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में ना तो कहीं अलाव दिखाई दे रहा है ना ही प्रधानगण, विधायक आदि द्वारा कोई व्यवस्था कराई गई है।

## पिकअप ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** बीती रात रमेश कुमार पुत्र राम अभिलाष निवासी ग्राम फतेहगंज तारडीह थाना थरवई प्रयागराज मोटर साइकिल द्वारा रात्रि 10 बजे सिकंदरा सोरांव रोड पर ढोकरी के पास तेज रफ्तार पिकअप जो सिकंदरा की ओर से आ रही थी और फूलपुर की ओर जा रही थी। बाइक सवार रमेश कुमार को रौंद दिया।

जिससे मौके पर ही रमेश कुमार की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर फूलपुर थाने के उप निरीक्षक बिंद्रेश यादव एवं अनूप पटेल ने पहुंचकर पंचनामा भरने के बाद शव को मोर्चरी हाउस प्रयागराज भेज दिया तथा मृतक के परिजनों को सूचित किया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को थाना पर भिजवाया गया। तहरीर पर दुर्घटना का मुकदमा थाने में दर्ज कर लिया गया।

## घनघोर कोहरे में सड़को पर रेंगती रही गाड़ियां

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया।** विकास खंड बहरिया क्षेत्र में शनिवार को दिन भर बूंदा-बादी के साथ बरसात होने के कारण रविवार को दोपर तक छाया रहा घनघोर कोहरा । कोहरे के चलते सड़को पर गाड़ियां रेंगती नजर आयी । वही बढ़ती ठंड और घने कोहरे के चलते सड़कों पर राहगीरों का आना-जाना दूभर हो गया है । कोहरा और ठंड से बाजारों में छाया रहा संन्नाटा।

## कादीपुर बैंक के पास दो लोग सड़क हादसे में घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर स्थित स्टेट बैंक के पास बाइक सवार दो लोग सड़क पर गिर पड़े हैं और घायल हो गए हैं हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जानकारी मिलने के बाद परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं जानकारी के मुताबिक कुमार तिवारी और आदित्य कुमार दोनों लोग अलग-अलग बाइक से जा रहे थे और जैसे ही दोनों बाइक सवार भारतीय स्टेट बैंक कादीपुर के पास पहुंचे हैं दोनों बाइक सवार आपस में टकरा गए हैं जिससे दोनों बाइक सवार वाहन समेत सड़क पर गिर पड़े हैं और घायल हो गए हैं घायलों को एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है

## अन्ना मवेशियों से परेशान किसानों ने बनाई गोशाला

**नरैनी।** अन्ना गोवंश को जंगली बताकर अपना पल्ला झाड़ने वाले स्थानीय प्रशासन की बात को किसानों ने गलत साबित करते हुए खुद ही गौशाला बना डाली और गोवंशों को संरक्षित करने का काम किया। मंगलवार को गुढा कला और सढ़ा ग्राम पंचायत क्षेत्र के किसानों ने अपनी फसल बचाने के लिए 40 अन्ना गोवंश को सूखे पड़े गर्रेही अमृत सरोवर में कैद कर दिया था। किसानों ने बताया कि ग्राम प्रधान और सचिव आदि का कहना है कि उक्त गोवंश जंगली हो गए हैं। लोगो के हाथ नहीं आते, घेरने का प्रयास करते हैं तो हमलावर हो जाते हैं। किसानों ने कहा कि स्थानीय अधिकारी यही जानकारी जिले में बैठे आला अधिकारियों को देकर गुमराह कर रहे हैं। किसानों ने मिलकर अस्थाई गोशाला बनाने का निर्णय लिया था। तार बाड़ी लगाकर अस्थाई गोशाला बनकर तैयार हो गई थी, तब किसानों ने अमृत सरोवर में कैद 40 गोवंश को निकालकर अस्थाई गोशाला में शिफ्ट कर दिया। क्षेत्रीय किसान प्रेमचन्द्र यादव, भानु प्रताप सिंह, अशोक सिंह, नत्थू राजपूत, धरमपाल आदि ने बताया कि अभी खाने के लिए पुआल दे रहे हैं। निजी बोरवेल से पानी की व्यवस्था की गई हैं। बताया कि कोई गोवंश को बाहर न निकल दे, इसलिए रात में 10 किसान गोशाला की निगरानी करते हैं। गोवंश के 15 दिनों के चारा भूसा की जुम्मेदारी सढ़ा गांव के पूर्व ग्राम प्रधान जयपाल सिंह राजपूत संभाल रहे है। किसानों और ग्राम पंचायत के जुम्मेदारो के बीच चल रहे मतभेद का खामियाजा बेजुबान गोवंश भुगत रहे हैं मौसम खराब है दो दिनों से हल्की बरसात होने के कारण ठिठुरन भरी ठंड पड़ रही हैं किसानों की बनाई अस्थाई गोशाला में छप्पर न होने के कारण गोवंश खुले आसमान के नीचे रात गुजार रहे हैं।गौर तलब है कि ब्लाक क्षेत्र के गुढा कला, सढ़ा,और बरुआ कालिंजर गांव के मध्य बसे बुलाकीपुर ,देवहाई, गर्रेही,मलिक पुर, बिज्जू पुरवा आदि गांवो में बीते एक पखवारा से अन्ना गोवंश की धमचौकी से किसान परेशान थे। सढ़ा और गुढा कला गांवो में सरकार की अस्थाई गोशाला संचालित है लेकिन गोशाला संचालक इन गोवंश को ले जाने के लिए तैयार नही थे।

## कार की टक्कर से युवक घायल

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के डाडिन पुरवा निवासी वीरू 22 पुत्र जयशंकर रविवार की दोपहर किसी काम से कालू कुआं आया था। वह बाइक खड़ी करने के बाद सड़क पार करके पानी पीने जा रहा था। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।स्वास्थ्य शिविर में एक सैकड़ा से अधिक मरीजों का हुआ उपचार- नरैनी विधायक ओममणि ने फीता काटकर किया शिविर का शुभारंभकालिंजर। निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में एक सैकड़ा से अधिक मरीजों का उपचार किया गया। इसके साथ ही दवाओं का वितरण किया गया। चिकित्सकों ने शिविर में आने वाले मरीजों को चिकित्सीय सलाह दी। क्षेत्रीय विधायक ओममणि वर्मा ने शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। शिविर का संचालन डॉक्टर श्याम सिंह बीएमएस आयुर्वेद चिकित्सा नरैनी ने किया। चिकित्सा शिविर पर तंबाकू गुटखा शराब किसी प्रकार के नशा के रोगियों व बच्चों के मानसिक विकार की जांच व उपचार आईटी हर्निया अपेंडिक्स हाइड्रोसील पाइल्स फिशर थायराइड पेट के रोगों नेत्र परीक्षण मोतियाबिंद के रोगियों को चिन्हित किया गया। आयुर्वेदिक चिकित्सक द्वारा आयुर्वेदिक औषधियां से समस्त रोगों की दवाई निशुल्क वितरण की गई, जिस पर डॉक्टर एसपी गुप्ता एस नेत्र सर्जन डॉक्टर आलोक गुप्ता एमडी मानसिक रोग डॉक्टर प्रतीक्षा गुप्ता एमबीबीएस द्वारा आने वाले रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए दवा का वितरण किया। यह शिविर गायत्री परिवार शाखा बांदा के द्वारा प्रायोजित किया गया है, जिसमें कालिंजर के सुप्रसिद्ध व्यापारी रामेश्वर गुप्ता उर्फ राजू वीरेंद्र त्रिवेदी शीलू राज कोमल कुशवाहा राम भवन कुशवाहा समेत तमाम लोग मौजूद रहे। शिविर में मरीजों को निशुल्क उपचार और दवाएं मिलीं, तो ग्रामीणों ने ऐसे शिविरों के आयोजन की सराहना की।

# पुस्तक मेले में लेखक व कवियों का जमावड़ा, समापन आज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस स्थित एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज में आयोजित दस दिवसीय प्रयागराज पुस्तक मेला 2024 सफलता के साथ संपन्न हो रहा है। पाठ्य पुस्तकों के साथ धार्मिक, वेद, विज्ञान, साहित्य, और अन्य विषयों पर आधारित 80 स्टॉल लगाए गए हैं। विशेष रूप से बच्चों के लिए बुक वाला प्रयागराज, फ्यूचर सॉल्यूशन प्रयागराज, और रितेश बुक एजेंसी जैसे स्टॉलों पर हिंदी-अंग्रेजी साहित्य की व्यापक मांग देखी गई।

मेले में फूड बॉक्स फाउंडेशन द्वारा शहद, नमकीन, और फ्रेम की बिक्री आकर्षण का केंद्र रही। वहीं, अगरबत्ती, धूपबत्ती, और कंठी माला के स्टॉल भी लोकप्रिय रहे। इस कार्यक्रम में मिस्बाह इलाहाबादी, राजेंद्र मिश्रा, गीता सिंह, जीवनी यादव, रुस्तम साबरी, मखदूम पुरी इलाहाबादी, शिवाजी यादव, और खुर्शीद जैसे प्रख्यात कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### समापन समारोह आज

**प्रयागराज।** फोर्सन बुक्स और बुक वाला द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस मेले का समापन समारोह 30 दिसंबर को सायं 4 बजे होगा। समापन के अवसर पर साहित्य, संस्कृति, और शिक्षा के इस अनूठे आयोजन के अंतर्गत कवि सम्मेलन, मुशायरा, और बज्म-ए-शाम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अजीत कुमार सिंह, सचिव, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. भावना शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, टीबी सप्रू जिला चिकित्सालय, उपस्थित रहेंगी।

## पाच साल बाद ठग के खिलाफ मुकदमा

**प्रयागराज।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश पर पांच साल बाद धूमनगंज थाने में रविवार को लाखों रुपये ठगी का मामला दर्ज हुआ। याचिकाकर्ता ने जीआईपीएफ के निदेशक संजय भाटी पर करीब 40 लाख रुपये ठगी करने का आरोप लगाया है। इसके अलावा तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व धूमनगंज थानाध्यक्ष को भी कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। झलवा निवासी उमाकांत कुशवाहा की तहरीर के मुताबिक, गौतमबुद्ध नगर (ग्रेटर नोएडा) निवासी संजय भाटी ने गर्वित इनोवेटिव प्रमोटर्स लिमिटेड की स्थापना कर 2017 में बाइक टैक्सी के नाम पर निवेश पर लाभ देने की शुरुआत की थी। प्रति बाइक 62100 रुपये निवेश पर 9765 रुपये मासिक किस्त के रूप में लाभ देने का वादा किया था। उमाकांत कुशवाहा ने जनवरी 2018 में पांच बाइक टैक्सी के लिए तीन लाख साढ़े दस हजार रुपये निवेश किया। वहीं प्रयागराज, भदोही, देवरिया व कटनी मध्य प्रदेश के लगभग 17 परिचित लोगों का भी तकरीबन 40 लाख रुपये निवेश करवाया था, लेकिन वर्ष 2019 तक निवेशकों को लाभ की धनराशि नहीं मिली। 12 फरवरी 2019 को कंपनी का ग्रेटर नोएडा ऑफिस बंद कर भागने की जानकारी होने पर दर्जनों निवेशकों ने पहुंचकर प्रदर्शन किया। संजय भाटी ने विधिक कार्रवाई से बचने के लिए सीजेएम गौतमबुद्ध नगर में आत्मसमर्पण कर दिया। निवेशकों ने 27 जुलाई 2019 को थानाध्यक्ष धूमनगंज को शिकायत पत्र देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। तत्कालीन एसएसपी को भी प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन मुकदमा नहीं दर्ज हुआ।

# आंबेडकर मूर्ति को लेकर दो पक्षों में विवाद




**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के कोड़ापुर गांव में नई आंबेडकर मूर्ति को लेकर दो पक्षों में विवाद खड़ा हो गया जिसके चलते इंस्पेकर फूलपुर प्रवीण कुमार गौतम ने मौके पर पहुंच कर दोनों पक्षों के बीच मामले को समझौता कराते हुए किसी तरह से मामले को शांत कराया। फूलपुर थाना क्षेत्र के कोड़ा पुर गांव में चकबंदी चल रही है जिसमें ग्रामीणों की मांग पर चकबंदी द्वारा बाबा साहब आंबेडकर पार्क के लिए चार विश्वा भूमि सुरक्षित कर दी लेकिन उक्त भूमि मुस्लिम समुदाय के चक में होने के कारण काश्तकार ने आपत्ति दर्ज कराते हुए उक्त भूमि को कही अन्यत्र कराए जाने की मांग को लेकर मुकदमा दाखिल किया है जिसकी सुनवाई चल रही है उक्त अंबेडकर पार्क में आने जाने के लिए कोई रास्ता भी नहीं है। इसी बीच दलित समुदाय के लोगों ने रविवार को उक्त अंबेडकर पार्क में बाबा साहब आंबेडकर की मूर्ति स्थापित कर दिया जिससे दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया मामला थाने तक पहुंचा तो पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी थाना प्रभारी फूलपुर को दिया जिसे गंभीरता से लेते हुए खुद थाना प्रभारी फूलपुर प्रवीण कुमार गौतम घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों के बीच बात चीत करके किसी तरह से समझौता कराते हुए कहा कि किसी भी महापुरुष की मूर्ति स्थापित करने के लिए प्रशासन का आदेश लेना जरूरी होता है बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश पर कोई नई मूर्ति स्थापित नहीं की जा सकती है फिल हाल यह समझौता हुआ कि उक्त भूमि किसी रास्ते से लगकर सुरक्षित किया जाय उक्त भूमि स्थानांतरित होने पर उक्त मूर्ति को अन्यत्र जगह स्थानांतरित कर दिया जाएगा जिस पर दोनों पक्षों ने लिखा पढ़ी करके मामले को शांत कर दिया।

# बजरंग फीनिक्स ने पीएसपीएल का खिताब जीता

### गौरव बेस्ट बॉलर और मैन ऑफ दि टूर्नामेंट, जय बेस्ट बैटर




**प्रयागराज।** बजरंग फीनिक्स ने डेंटल जोन सिंध फाइटर्स को 16 रन से हराकर प्रयागराज सिंधी प्रीमियर लीग (पीएसपीएल) के खिताब पर कब्ज़ा जमाया।

दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर रविवार को खेले गए फाइनल मैच में बजरंग फीनिक्स ने 10 ओवर में 3 विकेट पर 74 रन (शैलेंद्र वाटवानी 39, मोहित राय चंदानी 15, जतिन, वंश और यश एक-एक विकेट) बनाये।

जवाब में डेंटल जोन सिंध फाइटर्स की टीम 10 ओवर में 58 रन (विनीत बहरानी 17, मोहित राय चंदानी 4/20, ईशान मध्यान व गौरव मध्यान एक-एक विकेट) ही बना सकी। मैच में खुर्शीद अहमद व मोहम्मद नबी अंपायर और आशीष भारतीय स्कोरर रहे। इससे पूर्व पहले सेमीफाइनल में सिंध फाइटर्स ने मील्स ऑन व्हील्स को और दूसरे सेमीफाइनल में बजरंग फीनिक्स ने सिंधी लायंस को हराया।

मैच के बाद सिंधी समाज के गणमान्य अतिथियों ने पुरस्कार बांटे। जय वाधवानी को बेस्ट बैटर और गौरव मध्यान को बेस्ट बॉलर और मैन ऑफ दि टूर्नामेंट चुना गया।

प्रयागराज सिंधी यूथ एसोसिएशन (पीएसवाईए) के सदस्यों ऋषि केशवानी, अनिमेष लखमानी, शैलेंद्र वाटवानी, प्रतीक अहलानी, हिमांशु अंदानी, तुषार आहूजा और मनोज बसंतानी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन निखिल मलंग ने किया।

फाइनल मैच के दौरान आईजी प्रयागराज रेंज प्रेम कुमार गौतम, पूर्व आईजी केपी सिंह, दौलत हुसैन कॉलेज के प्रधानाचार्य जमीलुर्रमान, मोहम्मद रिज़वान, जय पाल दास लखवानी, गणेश माधवानी, जितेंद्र आहूजा, विनोज आहूजा, नवीन चावला, इंदर मध्यान, गोपाल दास आहूजा आदि मौजूद रहे।

# उत्सव में शिल्पकारो की उम्मीद पर लगे चार चांद

**प्रयागराज।** महाकुंभ के अवसर पर, इन्डेक्ष्ट-सी, गुजरात सरकार द्वारा शिल्प हाट, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज मे लगे गुजरात हस्तशिल्प उत्सव मे शिल्पकारो की कलाकृतियों की प्रदर्शन एवं बिक्री का आयोजन किया गया। साथ ही मे उत्सव के प्रथम 3 दिन गुजरात के प्रसिद्ध राश-गरबोने नगरवासियों का मन मोह लिया और दर्शक कलाकारों के संग मंच पे गरबे के रंग में रंग कर झुम उठे थे। यह उत्सव मे लगातार 10 दिनो तक गुजरात की हथकरघा और हस्तशिल्प कलाकृतियों के विशेष संग्रह से गृह सजावट ओर आदि सामान से शिल्पहाट छाया रहा। महाकुंभ के अवसर पर गुजरात के शिल्पकार प्रयागराज में अच्छी बिक्री की उम्मीद लेके आये हुए थे। प्रयागराज नगरजनो ने गुजरात की कला व कारीगरी की कद्र कर उनसे विभिन्न वस्तुओं की दिल खोल के खरीदारी कर सब का मन जीत लिया। मेले मे उपस्थित आफिस सुप्रीटेंडेंट किरण पटेल ने बताया की रू.65 लाख से ज्यादा की बिक्री कर शिल्पकारोने अच्छी आमदनी की है।



गौर करनेवाली बात है कि इस उत्सव का आयोजन आर.एस. प्रजापति, सीनियर ओफिसर (पी.पी.) और आर एस शाह, मैनेजर (कलास-1) के द्वारा एन. डी. परमार जी.ए.एस., एज्युकीटिव डायरेक्टरश्री के दिशा-निर्देश से किया गया। उत्सव की सफलता के लिए प्रवीण सोलंकी आईएएस, चेयरमेन, इन्डेक्ष्ट-सी एवं सेक्रेटरीश्री एवं कमिश्नरश्री, कॉटेज एंड रूरल इंडस्ट्री ने आयोजकों, शिल्पकार ओर मेलेसे जुडे सभी लोगो की सराहना की।

# साहिल की पारी से देव स्पोर्ट्स क्लब जीता

**प्रयागराज।** साहिल अशरफ के अर्धशतक (79 नाबाद, 64 गेंद, 10 चौके, दो छक्के) के दम पर देव स्पोर्ट्स क्लब ने रामबाबू पाल क्लब को 83 रन से हराकर देव स्पोर्ट्स अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए।

डी स्पोर्ट्स अकादमी गोहरी, न्यू शांतिपूरम मैदान पर रविवार को खेले गए मैच में देव स्पोर्ट्स क्लब ने 30 ओवर में 9 विकेट पर 206 रन (साहिल अशरफ 79 नाबाद, शोभित केसरवानी 36, विशाल 22, राधा पांडेय 4/34, आदित्य मिश्र 2/25)



बनाकर रामबाबू पाल क्लब को 26.3 ओवर में 123 रन (हसी सिंह 27, खुशी सिंह 24, सनी 2/12, तेजस तिवारी 2/13, विराट सिंह 2/18, साहिल अशरफ 1/16) पर समेट दिया।

## पढ़ाई के साथ बच्चों को खेल कूद बहुत ही जरूरी- प्रमोद सिंह पटेल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** विधानसभा प्रतापपुर क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव में याकूबपुर, महुआ कोठी गांव निवासी पूर्व विधायक जंग बहादुर सिंह पटेल की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को पूर्व विधायक के बेटे कांग्रेस नेता प्रमोद सिंह पटेल पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ने फीता काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल कूद बहुत ही जरूरी है। क्योंकि खेलकूद से बच्चों का स्वास्थ्य ठीक रहता है। आगे उन्होंने कहा कि इंसान का स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी दौलत होती है। तत्पश्चात उद्घाटन मैच दरियापट्टी और जलालपुर गांव के बीच खेला गया। कांटे के मुकाबले में दरियापट्टी की टीम पहले खेलते हुए 87 रन बनाए। जिसमें हसीब ने 29 रन का योगदान दिया। जवाब में खेलते हुए जलालपुर की पूरी टीम 84 रन बनाकर ऑल आउट हो गई गयी। चार रन से दरिया पट्टी की टीम विजय घोषित हुई।

## करैलाबाग की जर्जर सड़क और बक्शी पुल की बदहाली से राहगीर परेशान

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 की तैयारियों के बीच करैलाबाग क्षेत्र की उपेक्षा स्थानीय नागरिकों के लिए मुसीबत बन गई है। हिंदू चौराहा से बक्शी पुल तक जाने वाली सड़क की हालत बेहद जर्जर है। गड्ढों और दरारों से भरी यह सड़क वाहन चालकों और राहगीरों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है।

बक्शी पुल के शुरुआती हिस्से की सड़क धंस चुकी है और पुल की शुरुवाती साइड वॉल कई वर्षों से ध्वस्त है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यह सड़क प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधीन है, लेकिन मरम्मत को लेकर विभाग की उदासीनता बनी हुई है। इसके अलावा, करैली क्षेत्र की अन्य सड़कों पर पैचवर्क के बावजूद स्थिति संतोषजनक नहीं है। स्थानीय लोग प्रशासन से अपील कर रहे हैं कि सड़क और पुल की मरम्मत जल्द से जल्द कराई जाए, ताकि आने-जाने में सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। संबंधित विभागों से इस गंभीर समस्या पर ध्यान देने की उम्मीद है।



# अवाना आलमपुर, कौशाम्बी में आयोजित हुआ 'मन की बात' कार्यक्रम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा (कौशाम्बी)।** विकाश खंड कौशाम्बी के अवाना आलमपुर गांव में रविवार को %मन की बात% कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो संबोधन को सामूहिक रूप से सुनने और उस पर चर्चा करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व संसद विनोद सोनकर व विशिष्ट अतिथि मऊ मानिकपुर विधायक प्रतिनिधि विकास द्विवेदी उर्फ पिंटू महराज रहे । कार्यक्रम मन की बात के समाप्त होते ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वजन मापन किट वितरण किया साथ ही स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मौजूद लोगों को कैंप लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्थानीय जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लोगों ने बड़े उत्साह के साथ %मन की बात% कार्यक्रम को सुना और प्रधानमंत्री द्वारा देशहित में प्रस्तुत किए गए विचारों पर चर्चा की।

इस दौरान प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने, युवाओं को प्रेरित करने और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम के बाद उपस्थित लोगों ने इन मुद्दों पर अपने विचार साझा किए और प्रधानमंत्री की अपील पर अमल करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय प्रशासन और ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया, जिसमें बच्चों और महिलाओं की विशेष भागीदारी रही। ग्रामीणों ने इसे एक प्रेरणादायक पहल बताते हुए कहा कि %मन की बात% के माध्यम से सरकार और जनता के बीच संवाद की एक अनूठी परंपरा स्थापित हुई है।इस आयोजन ने गांव में सामूहिकता की भावना को मजबूत किया और लोगों को देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ,मंडल महा मंत्री संजय शुक्ला, शिवम् सिंह इंद्र वीर यादव,ग्राम प्रधान राम सिंह प्रजापति ,भटवारिया प्रधान चंद्र नारायण लोधी डॉ बीपी सिंह,साथ साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## केसरवानी वैश्य फेडरेशन के जिलाध्यक्ष बने सुशील केसरवानी उर्फ गोलू



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी (कौशांबी)-** रविवार को मूरतगंज में स्थित विश्वनाथ डिग्री कॉलेज में हुए अखिल भारतीय केशरवानी वैश्य फेडरेशन कार्यक्रम में सर्वसम्मति से

सुशील कुमार को राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा जिलाध्यक्ष कौशांबी चुना गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं जिले के कैलाश चंद्र केसरवानी एवं सुभाष चंद केसरवानी सहित जिले के केसरवानी समाज के सैकड़ों लोग आमंत्रित थे। जिलाध्यक्ष चुने जाने के बाद सुशील केसरवानी उर्फ गोलू ने कहा की समाज के लोगों ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका वह बखूबी निर्वहन करेंगे साथ ही उन्होंने समाज को एकजुट कर समाज के उत्थान का काम करेंगे । सुशील केसरवानी को समाज का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देने वालो का तांता लगा रहा ।